डाक संस्करण
www.facebook.com\rashtriyasahara https://twitter.com/SaharaRashtriya www..rashtriyasahara.com

राष्ट्रीय सहारा

राष्ट्रीयता ■ कर्तव्य ■ समर्पण

■ गोरखपुर ■ नई दिल्ली ■ लखनऊ ■ पटना ■ कानपुर ■ देहरादून ■ वाराणसी से प्रकाशित

गोरखपुर
बुधवार ● 24 सितम्बर ● 2025
14 पृष्ठ, मूल्य ₹ 6.00

दीपिका ने बता दी कल्कि एडी 2898 के सीक्वल से बाहर होने की 'सच्चाई'

पेज-14

शारदीय नवरात्र

तृतीय चन्द्रघण्टा

पिण्डजप्रवरारूढा चण्डकोपास्त्रकैर्युता।
प्रसादं तनुते मह्यं चन्द्रघण्टेति विश्रुता।।

मां दुर्गाजी की तीसरी शक्ति का नाम 'चन्द्रघण्टा' है। नवरात्र उपासना में तीसरे दिन इन्हीं के विग्रह का पूजन-आराधन किया जाता है। इनका यह स्वरूप परम शान्तिदायक और कल्याणकारी है। इनके मस्तक में घण्टे के आकार का अर्धचन्द्र है, इसी कारण से इन्हें चन्द्रघण्टा देवी कहा जाता है। इनके शरीर का रंग स्वर्ण के समान चमकीला है। इनके दस हाथ हैं। इनके दसों हाथों में खड्ग आदि शस्त्र तथा बाण आदि अस्त्र विभूषित हैं। इनका वाहन सिंह है। नवरात्र की दुर्गा उपासना में तीसरे दिन की पूजा का अत्यधिक महत्व है। इस दिन साधक का मन 'मणिपूर' चक्र में प्रविष्ट होता है। मां चन्द्रघण्टा की कृपा से उसे अलौकिक वस्तुओं के दर्शन होते हैं। मां चन्द्रघण्टा की कृपा से साधक के समस्त पाप और बाधाएं विनष्ट हो जाती हैं। इनकी आराधना सद्यः फलदायी है। हमें निरन्तर उनके पवित्र विग्रह को ध्यान में रखते हुए साधना की ओर अग्रसर होने का प्रयत्न करना चाहिए। उनका ध्यान हमारे इहलोक और परलोक दोनों के लिए परमकल्याणकारी और सद्गति को देने वाला है।

स्वदेशी से ही साकार होगी आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना : सीएम योगी

■ कहा, दीपावली से पहले एक सप्ताह का लगे स्वदेशी मेला

लखनऊ एसएनबी)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनपदों में स्वदेशी मेले लगाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि इसमें एमएसएमई विभाग सहयोग करेगा। दीपावली के पहले हर जनपद में 10 से 18 अक्टूबर के बीच एक सप्ताह तक ओडीओपी व स्थानीय उत्पादों का मेला लगे। इससे स्थानीय उद्यमियों व व्यापारियों को बहुत लाभ होता है और लोग विदेशी उत्पाद खरीदने से भी बचते हैं। सीएम ने कहा कि 2017 में दीपोत्सव के आयोजन में 51 हजार दीप अयोध्या मंडल में नहीं मिल पाए थे। इस बार भी दीपोत्सव में रिकॉर्डतोड़ दीप प्रज्ज्वलित होंगे और यह मिट्टी व गाय के गोबर से बनेंगे। लोकल लोगों को तैयार करना होगा। उन्होंने कहा कि स्वदेशी केवल नारा नहीं है और न ही यह खादी वस्त्रों तक सीमित है। भाजपा नेतृत्व की सरकार देश में सुई से लेकर समुद्री मालवाहक जहाजों और फाउंटेन पेन से लेकर एरोप्लेन का निर्माण कर रही है।

सीएम योगी ने यहां लोक निर्माण विभाग के सभागार में मंगलवार को आत्मनिर्भर भारत स्वदेशी संकल्प विषयक प्रदेश स्तरीय कार्यशाला को संबोधित किया। इसका आयोजन भाजपा संगठन की ओर से किया गया था। सीएम ने कहा कि 25 से 29 सितंबर तक ग्रेटर नोएडा में यूपीआईटीएस का आयोजन होगा। 25 को इसके तीसरे चरण का शुभारंभ सुबह 9.30 बजे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे। यह स्वदेशी और आत्मनिर्भर का सबसे अच्छा मॉडल है। यूपी के अंदर बने उत्पाद को केवल शोकेस ही नहीं किया जाएगा, बल्कि उसे बड़ा भी मंच मिलेगा। 500 विदेशी समेत पूरे देश से व्यापारी भी खरीदारी करने आ रहे हैं। दिल्ली, नोएडा, ग्रेनो, यमुना अथॉरिटी समेत आसपास के सभी होटल फुल हो चुके हैं। पिछले साल चार दिन में 2200 करोड़ की बिक्री हुई थी। इस सफलतम आयोजन से यूपी के कारीगरों, उद्यमियों व हस्तशिल्पियों को प्लेटफॉर्म मिलता है। सभी से अनुरोध किया कि एक दिन आईटीएस का अवलोकन करें।

अदालतें 'रिकवरी एजेंट' नहीं : SC

कहा, वसूली के लिए दर्ज नहीं करा सकते आपराधिक मामला

■ किसी विवाद में पक्षकारों द्वारा दीवानी विवादों को आपराधिक मामलों में बदल देने की प्रवृत्ति की निंदा की

नई दिल्ली (एसएनबी)। उच्चतम न्यायालय ने कहा है कि अदालतें वसूली (रिकवरी) एजेंट के रूप में कार्य नहीं कर सकतीं तथा उसने किसी विवाद में पक्षकारों द्वारा दीवानी विवादों को आपराधिक मामलों में बदल देने की प्रवृत्ति की निंदा की। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति एन. कोटिश्वर सिंह की पीठ कहा कि बकाया राशि की वसूली के लिए गिरफ्तारी की धमकी का इस्तेमाल नहीं किया जा सकता है। यह हालिया प्रवृत्ति बन गई है कि पक्षकार धन की वसूली के लिए आपराधिक मामले दर्ज कराते हैं, जबकि यह पूरी तरह से दिवानी विवाद होता है।

उच्चतम न्यायालय ने ये टिप्पणियां सोमवार को उत्तर प्रदेश से जुड़े एक आपराधिक मामले में कीं, जहां धन की वसूली के विवाद में एक व्यक्ति पर अपहरण के आरोप लगाए गए थे। उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल केएम नटराज ने कहा कि इस तरह की शिकायतों में वृद्धि हुई है। उन्होंने तर्क दिया कि ऐसे मामलों में पुलिस बीच में फंस जाती है क्योंकि यदि वह संज्ञेय अपराध का मामला होते हुए भी प्राथमिकी दर्ज नहीं करती तो अदालत उसे फटकार लगाती है, और यदि दर्ज करती है तो पक्षपात का आरोप लगाया जाता है और यह कहा जाता है कि पुलिस ने विधिक प्रक्रिया का पालन नहीं किया।

उन्होंने कहा कि आमतौर पर इन शिकायतों में धन की वसूली के विवाद को आपराधिक मामले का रूप दे दिया जाता है। न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने कहा कि अदालत पुलिस की दुविधा को समझती है और यह भी उल्लेख किया कि यदि संज्ञेय अपराध के आरोप वाले मामलों में प्राथमिकी दर्ज नहीं की जाती तो पुलिस को उच्चतम न्यायालय के 2013 के ललिता कुमारी फैसले का पालन न करने के लिए फटकार लगाई जाती है। पीठ ने पुलिस को सलाह दी कि किसी व्यक्ति की गिरफ्तारी से पहले वह अपने विवेक का इस्तेमाल करके यह देखे कि मामला दीवानी है या आपराधिक। अदालत ने कहा कि इस तरह आपराधिक कानून का दुरुपयोग न्यायिक प्रणाली के लिए गंभीर खतरा बन रहा है।

न्यायिक भर्ती के लिए 3 साल की वकालत जरूरी नहीं

■ मप्र हाईकोर्ट का आदेश निरस्त

नई दिल्ली (एसएनबी)। सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को मध्यप्रदेश हाईकोर्ट के उस फैसले को निरस्त कर दिया, जिसमें दीवानी जज के पद के लिए तीन साल की वकालत अनिवार्य कर दी गई थी। न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा और न्यायमूर्ति अतुल एस चंदुरकर की पीठ ने मध्यप्रदेश हाईकोर्ट द्वारा अपनी खंडपीठ के फैसले को चुनौती देने वाली अपील स्वीकार कर ली। हाईकोर्ट की ओर से पेश हुए अधिवक्ता अश्विनी कुमार दुबे ने दलील दी कि पुनर्परीक्षा 'असंवैधानिक और अव्यावहारिक' है तथा इससे मुकदमों की बाढ़ आ जाएगी।

संक्षिप्त खबरें

मंजूरी न मिलने पर अयोध्या मस्जिद योजना खारिज

अयोध्या। अयोध्या विकास प्राधिकरण ने सरकारी विभागों से अनापत्ति प्रमाणपत्र न मिलने का हवाला देते हुए यहां धन्नीपुर गांव में मस्जिद निर्माण योजना को खारिज कर दिया है। यह भूमि सुप्रीमकोर्ट के फैसले के अनुरूप राज्य सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड को आवंटित की गई थी। आरटीआई के जवाब में बताया गया कि मस्जिद ट्रस्ट ने 23 जून 2021 को आवेदन दिया था जिसे लोक निर्माण, प्रदूषण नियंत्रण, नागरिक उड्डयन, सिचाई, राजस्व, नगरनिगम व अग्निशमन सेवाओं सहित अन्य विभागों से अनापत्ति प्रमाणपत्र न मिलने के कारण खारिज कर दिया गया। (विवरण पेज 10)

सट्टेबाजी ऐप मामले में ईडी के समक्ष पेश हुए युवराज

नई दिल्ली। भारत के पूर्व स्टार क्रिकेटर युवराज सिह आनलाइन सट्टेबाजी ऐप 'वनन्बेट' से जुड़े धन शोधन के मामले में पूछताछ के लिये ईडी के समक्ष मंगलवार को पेश हुए । सफेद टीशर्ट और जींस पहने 43 वर्ष के युवराज एजेंसी के दफ्तर पहुंचे। एजेंसी ने इस हरफनमौला से पूछताछ की और धन शोधन निरोधक अधिनियम के तहत उनके बयान दर्ज किये।

पूनम पांडे को मंदोदरी के किरदार से हटाया

नई दिल्ली। दिल्ली में लव कुश रामलीला कमेटी ने कुछ वर्गो के विरोध के बाद, इस साल की रामलीला में मंदोदरी की भूमिका निभाने से अभिनेत्री पूनम पांडे को हटाने का फैसला किया है। कमेटी के अध्यक्ष अर्जुन कुमार ने यहां 'कॉन्स्टिट्यूशनल क्लब ऑफ इंडिया' में कहा, ''किसी कलाकार का मूल्यांकन उसके काम से होना चाहिए, न कि उसके अतीत से। जनभावना को ध्यान में रखते हुए निर्णय की समीक्षा की गई।

सत्येन्द्र जैन की 7.44 करोड़ की संपत्ति कुर्क

नई दिल्ली (एसएनबी)। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कहा कि उसने धन शोधन जांच के तहत आम आदमी पार्टी (आप) नेता एवं दिल्ली के पूर्व मंत्री सत्येंद्र जैन के लाभकारी स्वामित्व व नियंत्रण वाली कंपनियों की करीब 7.44 करोड़ मूल्य की संपत्तियां कुर्क की है।

संघीय जांच एजेंसी ने एक बयान में कहा कि उसने अचल संपत्तियों को कुर्क करने के लिए 15 सितंबर को धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत एक अनंतिम आदेश जारी किया है। यह जांच जैन, उनकी पत्नी पूनम जैन और अन्य के खिलाफ बेनामी संपत्ति रखने के एक कथित मामले और आय से अधिक संपत्ति रखने के एक अलग मामले से संबंधित है।

दो साल बाद जेल से रिहा हुए आजम खान

सीतापुर (एसएनबी)। समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता और उत्तर प्रदेश के पूर्व मंत्री आजम खान मंगलवार को करीब दो साल बाद सीतापुर जिला कारागार से रिहा हो गए। सीतापुर जिला कारागार के अधीक्षक सुरेश कुमार सिंह ने इसकी पुष्टि की है। खान काला चश्मा पहने हुए कार की अगली सीट पर बैठकर जेल से बाहर आए। पार्टी समर्थकों के साथ आजम के बड़े बेटे अदीब सुबह से ही सीतापुर जिला कारागार के बाहर उनका स्वागत करने के लिए मौजूद थे। सोमवार शाम को खान के लिए रिहाई आदेश जारी किया गया, जिसमें उन्हें अपने खिलाफ दर्ज सभी मामलों में ज़मानत मिल गई।

मोहनलाल को फाल्के, शाहरुख-मैसी को बेस्ट एक्टर अवार्ड

■ रानी मुखर्जी को मिला बेस्ट एक्ट्रेस का सम्मान

71वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार

नई दिल्ली (एसएनबी)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने राजधानी में मंगलवार को आयोजित एक समारोह में 71वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार से मलयालय सिनेमा के अप्रतिम कलाकार मोहनलाल को अति प्रतिष्ठित दादा साहेब फाल्के अवार्ड से सम्मानित किया।

इस अवसर पर अभिनेता शाहरुख खान को सर्वश्रेष्ठ अभिनेता, रानी मुखर्जी को सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री को भी राष्ट्रीय पुरस्कार दिया गया। शाहरुख खान ने इस अवार्ड का साझा विक्रांत मैसी के साथ किया। शाहरुख को यह पुरस्कार उनकी फिल्म जवान के लिए तो मैसी को 12वीं फेल के लिए दिया गया। रानी मुखर्जी को मिसेज चैटर्जी वर्सेज नॉर्वे फिल्म के सर्वश्रेष्ठ आंका गया। समारोह में सर्वश्रेष्ठ हिंदी फिल्म का पुरस्कार कटहल-ए जैकफ्रूट मिस्ट्री को मिला। यह फिल्म कटहल के चोरी होने और उसकी बरामदगी के बहाने व्यंग्य भरे स्वर में समाज की पड़ताल करती है, जबकि सर्वश्रेष्ठ फीचर फिल्म का पुरस्कार 12वीं फेल को दिया गया। इस फिल्म में गांव के एक सीधे- साधे और बेहद गरीब छात्र के कड़ी मेहनत के बाद भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारी के लिए चुने जाने की वास्तविक घटना को फिल्माया गया है।

आज भोपाल स्थित स्मार्ट सिटी पार्क में शारदीय नवरात्र के प्रथम दिवस के पावन अवसर पर शक्तिरूपी कन्याओं और बहनों के साथ पौधारोपण किया। मां जगदम्बा से यही प्रार्थना है कि हमारी समस्त बहन-बेटियों के जीवन में सुख, शांति व आनंद की अविराम वर्षा होती रहे।
-शिवराजसिंह चौहान@ChouhanShivraj

मतदेय स्थलों पर वोटरों की संख्या व सुविधा का रखें ध्यान : रिणवा

लखनऊ (एसएनबी)। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने कहा कि मतदेय स्थल बनाते समय मतदाताओं की संख्या, सुविधा आदि का ध्यान रखा जाए। किसी भी मतदाता के पते से मतदेय स्थल 16 किलोमीटर से ज्यादा दूर न हो। मतदेय स्थल वार मतदाता सूची बनाई जाएगी। नये सिरे से मतदाता सूची, मतदेय स्थल और इसके भाग बनाये जाएंगे। उन्होंने मंगलवार को योजना भवन के सभाकक्ष में विधान परिषद की 05 स्नातक व 06 शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों (ईआरओ) अर्थात लखनऊ, मेरठ, वाराणसी, आगरा, झांसी, गोरखपुर व बरेली के मण्डलायुक्तों के साथ बैठक कर उन्हें प्रशिक्षण दिया।

■ विधान परिषद की रिक्त हो रही 11 सीटों की मतदाता सूची की तैयारी व निर्वाचन के सम्बन्ध में दिया गया प्रशिक्षण

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि विधान परिषद की रिक्त हो रही सीटों के लिए मतदाता सूची को मतदाताओं की फोटो लगाकर शुद्ध बनाना है। मतदाता बनने के लिए पहली बार स्नातक के लिए फार्म-18 तथा शिक्षक के लिए फार्म 19 में आवेदन करने के लिए ऑनलाइन पोर्टल की भी व्यवस्था की जा रही है। 01 नवम्बर 2025 अर्हता तिथि से खण्ड स्नातक के लिए मतदाता को 03 वर्ष पहले स्नातक होना चाहिए तथा खण्ड शिक्षक के लिए मतदाता को पिछले 06 वर्षों में कम से कम 03 वर्ष माध्यमिक स्तर या ऊपर के संस्थानों में शिक्षण कार्य किया हो वह निर्वाचक नामावली में अर्ह होंगे। उन्होंने कहा कि मतदाता बनने के लिए व्यक्तिगत रूप से या डाक द्वारा या किसी राजनैतिक दल, बीएलए, आरडब्लू द्वारा ज्यादा संख्या में भेजे गये आवेदन पत्रों को शामिल नहीं किया जाएगा। साक्ष्य के रूप में प्रस्तुत प्रमाण पत्रों का सत्यापन अवश्य करवाया जाए। मतदाता बनने के लिए प्रस्तुत किये गये दस्तावेजों, साक्ष्यों को सुरक्षित रखा जाए। सभी पात्र मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में सम्मिलित हो व आवेदन पत्रों की गोपनीयता बरकरार रखी जाए।

उन्होंने कहा कि अगले वर्ष 06 दिसम्बर 2026 को विधान परिषद के इन 11 सदस्यों का कार्यकाल समाप्त होने से इन सभी निर्वाचन क्षेत्रों में मतदाता सूची का पुनरीक्षण कराया जा रहा है जिसके लिए 30 सितम्बर को सार्वजनिक नोटिस जारी होगी। 15 अक्टूबर को समाचार पत्रों में नोटिस का प्रथम पुनर्प्रकाशन तथा 25 अक्टूबर को द्वितीय पुनर्प्रकाशन, 06 नवम्बर को आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि तथा 25 नवम्बर को आलेख्य प्रकाशन होगा। 25 नवम्बर से 10 दिसम्बर तक दावे और आपत्तियां ली जाएंगी। 25 दिसम्बर तक दावे और आपत्तियों का निस्तारण किया जायेगा तथा 30 दिसम्बर को निर्वाचक नामावलियों का अंतिम प्रकाशन किया जायेगा। उन्होंने बताया कि विधान परिषद की 05 स्नातक निर्वाचन क्षेत्रों में लखनऊ, वाराणसी, आगरा, मेरठ, इलाहाबाद-झांसी सीटें तथा 06 शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों में लखनऊ, वाराणसी, आगरा, मेरठ, बरेली-मुरादाबाद एवं गोरखपुर-फैजाबाद सीटें आती हैं। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश विधान परिषद में 100 सदस्य हैं। इसमें राज्यपाल द्वारा मनोनीत 10 सदस्य, विधानसभा सदस्यों द्वारा चयनित 38 सदस्य, लोकल बाडीज द्वारा चयनित 36 सदस्य, स्नातक क्षेत्र के 08 सदस्य एवं शिक्षक क्षेत्र के भी 08 सदस्य होते हैं। स्नातक क्षेत्र के शेष 03 सदस्यों तथा शिक्षक क्षेत्र के शेष 02 सदस्यों का कार्यकाल 02 फरवरी 2029 को समाप्त होगा।

निष्पक्षता से किया जाए मतदाता सूची का विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण

लखनऊ। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने कहा कि विस की मतदाता सूची को लेकर शुरू होने वाले विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर) में निष्पक्षता का पूरा ध्यान दिया जाए। उन्होंने सभी मण्डलायुक्तों को आगामी प्रगाढ़ पुनरीक्षण के सम्बन्ध में अवगत कराते हुए विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के दृष्टिगत वर्ष 2003 की निर्वाचक नामावली को वर्ष 2025 की निर्वाचक नामावली के साथ मैपिंग किये जाने से सम्बन्धित प्रक्रिया तथा बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर गणना प्रपत्र वितरित करने, भरने में सहयोग करने, एकत्रित करने, मतदाताओं का सत्यापन तथा उसे बीएलओ ऐप पर अपलोड करने के सम्बन्ध में अवगत कराया। प्रशिक्षण में पुनरीक्षण अवधि में रोल आब्जर्वर की भूमिका, दावे और आपत्तियों से सम्बन्धित प्राप्त फार्मों की सुपरचेकिंग के सम्बन्ध में भी अवगत कराया गया तथा पुनरीक्षण अवधि में रोल आब्जर्वर के भ्रमण से सम्बन्धित चेकलिस्ट की प्रति भी उपलब्ध करायी गयी। आयोग द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम में समस्त मण्डलायुक्त निर्वाचक नामावलियों के पुनरीक्षण में रोल आब्जर्वर नामित किये जाते हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने सोशल मीडिया में मतदाता सूची एवं चुनाव के सम्बन्ध में गलत, भ्रामक तथ्य देने या नियम विरुद्ध सूचनाएं फैलाने के सम्बन्ध में सभी मण्डलायुक्त, जिला निर्वाचन अधिकारी एवं बीएलओ को अपने सोशल मीडिया एकाउन्ट को सक्रिय रखने और ऐसी सूचनाओं का तत्काल साक्ष्य के साथ खंडन करने को कहा। मतदाता सूची को शुद्ध एवं समावेशी बनाने के लिए सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों, समस्त निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों, प्रत्येक जनपद से एक एईआरओ तथा एक बीएलओ को मास्टर ट्रेनर के रूप में प्रशिक्षित किया गया है जो अपने जनपद में 30 सितम्बर तक अन्य समस्त एईआरओ तथा बीएलओ को प्रशिक्षण प्रदान करेंगे।

चना खाने से आधा दर्जन बच्चे बीमार

गौर (बस्ती)(एसएनबी)। दुर्गा पंडाल में चना खाने से एक गांव के आधा दर्जन बच्चे बीमार हो गए । बच्चों को उल्टी दस्त के चलते सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गौर पहुंचाया गया जहां प्राथमिक इलाज के उपरांत दो बच्चों को ओपेक कैली हस्पिटल के लिए रेफर कर दिया गया।

मंगलवार की रात करीब आठ बजे गौर थाना क्षेत्र के गोनहा गांव के दुर्गा पंडाल में तरैनी गांव निवासी चना भूजा बेचने बाले शिवकुमार ने गांव के आधा दर्जन बच्चों को मुफ्त में चना खिला दिया जिसके चलते अनमोल(8) प्रिया (13) पुत्री बुधिराम, अंश (10) पुत्र परमानंद, लक्ष्य (8) पुत्र परमानंद, अंस (10) पुत्र जगदंबा, अनुराग(8) पुत्र चंद्रपाल, अमित (12) पुत्र चंद्रपाल, कार्तिक (6) पुत्र ठाकुर प्रसाद पेट दर्द और उल्टी से पीड़ित हो गए। बीमारों को परिजनों द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गौर पहुंचाया गया जहां प्राथमिक उपचार की उपरांत अंश और लक्ष्य को कैली हस्पिटल बस्ती के लिए रेफर कर दिया गया।

■ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गौर प्राथमिक उपचार के बाद दो बच्चे ओपेक कैली हस्पिटल रेफर

नेपाल में भूस्खलन से नारायनगढ़-मुगलिंग मार्ग बाधित सड़क मार्ग से कटा संपर्क

नौतनवा(एसएनबी)। नेपाल प्रशासन ने काठमांडू मार्ग पर मुगलिंग और नारायण घाट में लगातार हो रहे भूस्खलन को लेकर एक एडवाइजरी जारी किया है जिसमे यात्रियों से यात्रा पर निकलने से पहले मौसम और सड़क की स्थिति की जानकारी लेने की अपील की गई है। तीन दिनों के बाद सोमवार की सुबह से उक्त मार्ग पर आवागमन शुरू हुआ था लेकिन मंगलवार दोपहर 1 बजे से टुइनखोला में लगातार भूस्खलन और चट्टानों के गिरने के कारण नारायणगढ़-मुगिलन मार्ग फिर से अवरुद्ध हो गया है।

■ सरकार ने जारी की चेतावनी, हालात की जानकारी के बाद ही करें यात्रा

भरतपुर के संभागीय सड़क कार्यालय के सूचना अधिकारी इंजीनियर कृष्ण आचार्य ने बताया कि चट्टान गिरने के बाद काम शुरू नहीं हो सका। उन्होंने बताया कि भूस्खलन भले ही बड़ा न हो लेकिन चट्टानों को रोका नही जा सका, इसलिए उसे साफ करना संभव नहीं था। दोपहर 3.45 बजे तक लगातार चट्टानें गिरती रहीं। उन्होंने कहा कि अगर चट्टानें गिरना बंद हो गईं और काम शुरू हो गया, तो आधे घंटे में मार्ग साफ हो जाएगा। इसी तरह धादिङ जिले के बेनीघाट रोराङ गाउँपालिका- स्थित जवाङखोला (बाँदरे मोड़) में मंगलवार को भूस्खलन के कारण नागढुंगा-मुगिलन सड़क अवरुद्ध हो गई थी। इससे सड़क के दोनों ओर लंबा जाम लग गया और यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा।

भूस्खलन के कारण आवागमन पूरी तरह बंद हो गया था, जिससे काठमांडू आने-जाने वाले सैकड़ों वाहन फँस गए। यात्रियों को कई घंटों तक इंतजार करना पड़ा। स्थिति को देखते हुए सड़क विभाग ने वैकल्पिक मार्गो के उपयोग की सलाह दी थी।लगभग 10 घंटे की कड़ी मेहनत के बाद अधिकारियों ने मलबा हटाकर सड़क को फिर से दोनों ओर से यातायात के लिए खोल दिया है। चितवन के प्रमुख जिलाधिकारी गणेश आर्यल ने वैकल्पिक मार्ग अपनाने की अपील की है।

विधायक निधि की दूसरी किस्त को दी गयी स्वीकृति

लखनऊ (एसएनबी)। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य द्वारा विधान मण्डल क्षेत्र विकास निधि (विधायक निधि) की द्वितीय किस्त के रूप में 12अरब 55 करोड़ रुपये की धनराशि को स्वीकृति प्रदान की गयी है। द्वितीय किस्त के रूप में प्रति सदस्य को विकास कार्यो के लिए 2.50 करोड़ की धनराशि दी जा रही है।

■ प्रति सदस्य को विकास कार्यो के लिए 2.50 करोड़ की धनराशि दी जा रही

उप मुख्यमंत्री द्वारा विधान मण्डल क्षेत्र विकास निधि के लिए वर्ष 2025-26 में विधान सभा के 403 सदस्यों के लिए 100750 लाख रुपये (दस अरब सात करोड़ पचास लाख जीएसटी सहित) की धनराशि तथा विधान परिषद के 100 में से 99 सदस्यों के लिए 24750 लाख रुपये (दो अरब सैंतालीस करोड़ पच्चास लाख मात्र जीएसटी सहित) की धनराशि स्वीकृति की गयी है। विधान परिषद में एक सीट रिक्त चल रही है। इस तरह विधान मण्डल के कुल 502 सदस्यों को वित्तीय वर्ष 2025-26 की द्वितीय किश्त के रूप में 2.50 करोड़ रुपये (जीएसटी सहित) की दर से कुल 125500 लाख रुपये जीएसटी सहित (बारह अरब पचपन करोड़) की धनराशि अवमुक्त किया जाने का अनुमोदन प्रदान किया गया है।

उप मुख्यमंत्री ने ग्राम्य विकास विभाग के सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिये हैं कि स्वीकृत धनराशि का व्यय विधान मण्डल क्षेत्र विकास निधि के मार्गदर्शी सिद्धांतों में उल्लिखित व्यवस्था व प्रावधानों तथा इस निमित्त समय-समय पर जारी शासनादेशों के अनुसार ही किया जाय। विधान मण्डल क्षेत्र विकास निधि के अन्तर्गत कराये जाने वाले कार्यो की गुणवत्ता सुनिश्चित किये जाने की कार्यवाही का दायित्व सम्बन्धित मुख्य विकास अधिकारी का होगा। सम्बन्धित जनपद के मुख्य विकास अधिकारी द्वारा स्वीकृत की जा रही धनराशि की जानकारी तथा शासनादेश की प्रति अपने-अपने जनपद से सम्बन्धित विधान सभा व विधान परिषद सदस्यों को एक सप्ताह के अन्दर उपलब्ध करायी जायेगी। आहरित की जाने वाली धनराशि सम्बन्धित डीआरडीए के डिपाजिट खाते में स्थानांतरित की जायेगी एवं इस डिपाजिट खाते से इसका व्यय विधान मण्डल क्षेत्र विकास निधि के मार्गदर्शी सिद्धांतों के अनुसार किया जायेगा।

सपा सरकार बनते ही झूठे मुकदमे होंगे खत्म

लखनऊ। सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मंगलवार को आजम खान की रिहाई और उनके बसपा में जाने की अटकलों के बीच भाजपा पर सीधा निशाना साधा। उन्होंने कहा कि प्रदेश में सपा सरकार बनते ही आजम खान पर लगाए गए तमाम झूठे मुकदमे वापस होंगे। अखिलेश ने भाजपा पर आरोप लगाया कि रामपुर का विधायक और एक ऐसा अधिकारी जिसे बार-बार एक्सटेंशन दिया जा रहा है, वे लोग मिलकर अन्याय कर रहे हैं। लेकिन यह ज्यादा दिन नहीं चलेगा। आज हम सबके लिए खुशी का दिन है, आने वाले वक्त में आजम को न्याय मिलेगा और सारे केस खत्म होंगे। बसपा में आजम की संभावित एंट्री के सवाल पर अखिलेश ने कहा कि वह सपा के संस्थापक नेताजी और हम सबके साथ खड़े हैं। समाजवादी पार्टी कोई आज से नहीं, न जाने कब से बीजेपी से लड़ रही है। आजम बसपा में नहीं जाएंगे, वे समाजवादी धारा का हिस्सा है। जाति आधारित आरक्षण और इलाहाबाद हाईकोर्ट के आदेश पर अखिलेश ने भाजपा पर हमला बोलते हुए कहा कि आज सरकार ने स्वजातीय लोगों को हर जगह बैठा रखा है।

■ आजम की रिहाई और बसपा में जाने की अटकलों पर सपा का पलटवार

5000 साल पुराने जख्म आज भी भरे नहीं। बाबा साहेब आंबेडकर जातिगत भेदभाव के शिकार हुए थे। डा. लोहिया हमेशा कहते थे कि जाति तोड़ो, तभी समाज की व्यवस्था बनेगी, लेकिन भाजपा जाति के नाम पर समाज को बांट रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा आज पीडीए से घबराई हुई है और जातीय समीकरण बिगड़ने से बौखलाई हुई है। अखिलेश ने सवाल दागा कि सरकार जाति के नाम पर भावनाओं को तोड़ना चाहती है। क्या जाति के आधार पर घर या मंदिर धुलवाए जाएंगे? यह भाजपा का असली चेहरा है।

आज़म खान हमेशा सपा के साथ रहेंगे

लखनऊ। सपा के कद्दावर नेता और संस्थापक सदस्य आज़म खान की सीतापुर जेल से रिहाई के बाद उनके बसपा में शामिल होने की अटकलों को सपा महासचिव शिवपाल सिंह यादव ने सिरे से खारिज कर दिया है। शिवपाल ने मंगलवार को झांसी में कहा कि यह सब महज़ अफवाह है, आज़म खान हमेशा से सपा के साथ रहे है और आगे भी रहेंगे। हाईकोर्ट और अधीनस्थ अदालत से जमानत मिलने के बाद आज़म खान सीतापुर जेल से बाहर आए। उनकी रिहाई के तुरंत बाद शिवपाल यादव ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि आज़म खान के किसी भी पार्टी में शामिल होने का सवाल ही नहीं है। सपा और उसका नेतृत्व हमेशा उनके साथ खड़ा रहा है और खड़ा रहेगा। उन्हें फर्जी मामलों में फंसाया गया था और हम सभी जानते है कि इसके पीछे कौन था। शिवपाल यादव ने बताया कि वह जल्द ही आज़म खान से मुलाकात करेंगे। इस बीच सपा सांसद हरेंद्र मलिक और विधायक इकबाल महमूद ने भी आज़म खान के बसपा में जाने की अटकलों को निराधार बताया। हरेंद्र मलिक ने कहा कि आज़म खान पार्टी के संस्थापक सदस्य और बड़े नेता है, जबकि इकबाल महमूद ने कहा कि अल्लाह का शुक्र है कि आज़म खान रिहा हुए है। प्रदेश के समाजवादियों के चेहरे पर खुशी है और अखिलेश यादव बेहद प्रसन्न है।

जमानत मिली है न कि दोषमुक्त हुए हैं : भाजपा

लखनऊ। भाजपा ने मंगलवार को कहा कि समाजवादी पार्टी (सपा) नेता आजम खान के लिये अभी भी जेल के दरवाजे खुले हुए है। पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता राकेश त्रिपाठी ने तंज करते हुए कहा कि आजम ख़ान कोई सत्याग्रह करके जेल नहीं गए थे। उन पर कई तरह के गंभीर आरोप लगे है। इन आरोपों में जमानत लेने में उनको 23 महीने लग गए। अभी भी वो पूरी तरह से दोषमुक्त नहीं हुए है। जमानत पर रिहा हुए है। भविष्य में जेल के दरवाजे उनके लिए खुले हुए है। उन्होंने कहा कि आजम ने पद का दुरुपयोग करते हुए सरकारी और निजी संपत्तियों पर कब्जा किया। सत्ता के रसूख का इस्तेमाल कर जो कारनामे किये है, उसकी कीमत उनको चुकानी पड़ेगी। बकरे की मां कब तक खैर मनाएगी। यह उत्सव मनाने का समय नहीं है क्योंकि वह जल्द ही जेल की सलाख़ों के पीछे होंगे। श्री त्रिपाठी ने कहा, आजम ख़ान के ख़िलाफ़ जो मामले दर्ज है वो साधारण नहीं है । इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि जमानत लेने में उनको 23 महीने लग गए। आजम के जेल जाने के बाद ख़ुद अखिलेश यादव और सपा ने उनका साथ छोड़ दिया था। इस बात को भी आजम बखूबी जानते है।

आजम पर लगे आरोप आगे भी होंगे साबित

लखनऊ। भाजपा सरकार पर पुलिस का राजनीतिक इस्तेमाल कर विपक्षी दलों को फंसाने के समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव के बयान पर पलटवार करते हुये उत्तर प्रदेश के कैबिनेट मंत्री अनिल राजभर ने कहा कि आजम खान पर लगे आरोप आगे साबित भी होंगे। मंगलवार को प्रदेश सरकार के श्रम मंत्री अनिल राजभर ने कहा सभी लोग जानते है कि न्यायालय के दरवाजे हमेशा सभी के लिए खुले रहते है। अगर बिना आधार के पुलिस ने कार्रवाई की होती तो आखिर समाजवादी पार्टी के नेता को इतने लंबे समय तक जेल में क्यों रहना पड़ता। न्यायालय भी सरकार को कटघरे में खड़ा करने का प्रयास करता। राजभर ने कहा कि अगर सरकार ने झूठे मुकदमे में फंसाया है, तो समाजवादी पार्टी अब तक क्या कर रही थी। अब तक क्यों नहीं छुड़ा लिया। यह सिर्फ वोट के लिए इस तरह की बयानबाजी की जा रही है, जो कहीं से भी उचित नहीं है। बहुत लंबी कार्यवाही हुई है।

यूपी के लोकायुक्त व उप लोकायुक्त के खिलाफ एसएलपी दायर

लखनऊ। आजाद अधिकार सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व आईपीएस अधिकारी रहे अमिताभ ठाकुर ने यूपी के लोकायुक्त रिटायर जस्टिस संजय मिश्रा और एक उप लोकायुक्त के खिलाफ उच्चतम न्यायालय में एसएलपी दायर की है। यह एसएलपी निर्धारित अवधि से अधिक अवधि तक अपने पद पर बने रहने के संबंध में उच्च न्यायालय के लखनऊ बेंच द्वारा याचिका खारिज करने के बाद दायर की गई है। याचिका में अमिताभ ठाकुर ने कहा है कि जिस समय इन लोकायुक्त और उप आयुक्त की नियुक्ति की गई थी। उस समय उप्र लोकायुक्त तथा उप लोकायुक्त एक्ट की धारा 5 के अनुसार लोकायुक्त तथा उप लोकायुक्त का कार्यकाल 8 वर्ष का था। जबकि यूपी के लोकायुक्त जस्टिस संजय मिश्रा पिछले 9.5 वर्षो से इस पद पर है और उप लोकायुक्त शंभू सिंह यादव भी नौ वर्ष से पद पर है। लोकायुक्त की नियुक्ति 31 जनवरी 2016 को हुई थी।

भाजपा के 'जीएसटी बचत उत्सव' में बवाल, पथराव में कई घायल

कटरा बाजार/गोण्डा (एसएनबी)। भाजपा के बचत उत्सव कार्यक्रम को उस समय ग्रहण लग गया, जब भाजपा विधायक बावन सिंह व कटरा बाजार ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि भवानी भीख शुक्ल के समर्थक आपस में भिड़ गये। बात कहासुनी से शुरू हुई। कुछ ही देर में पूरा परिसर अखाड़ा बन गया। लोग एक-दूसरे को ईंट लेकर दौड़ाने लगे। अफरा-तफरी मची। ईंट चलने से आधा दर्जन लोग घायल हुए हैं, जबकि इससे अधिक लोगों को चोटें आयीं हैं। ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि के पुत्र भी इस हमले में घायल हुआ है। दोपहर बाद आयोजित इस कार्यक्रम में हुआ बवाल देर शाम तक चलता रहा। दोनों तरफ से भाजपा के ही नेताओं ने मोर्चा संभाला और एक-दूसरे पर आरोपों की बयानबाजी शुरू कर दी। पूरे घटनाक्रम का सोशल मीडिया पर उफान मचा रहा। भाजपा ही नहीं बल्कि अन्य दलों के नेता भी इस प्रकरण पर बयानबाजी करते दिखे।

■ बचत उत्सव कार्यक्रम के दौरान कटरा विधायक बावन सिंह व ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि भवानी भीख शुक्ल के समर्थकों के बीच मारपीट, कई घायल

सूचना पर पहुंचे अपर पुलिस अधीक्षक राधेश्याम राय ने दोनों पक्षों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन दोनों पक्ष अपनी बात को लेकर अड़े रहे। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और दोनों पक्षों के खिलाफ कार्रवाई की बात कही है। स्थानीय लोगों में इस घटना को लेकर तनाव का माहौल है। एसओ राजेश सिंह ने बताया कि भारी फोर्स तैनात कर दी गयी है, तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज करने की कार्रवाई की जायेगी।

ओम प्रकाश राजभर के स्वास्थ्य में सुधार, कई मंत्री पहुंचे अस्पताल

लखनऊ (एसएनबी)। मेदांता अस्पताल में प्रदेश के कैबिनेट मंत्री और सुभासपा अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर तबीयत बिगड़ने पर भर्ती कराया गया था। माइनर स्ट्रोक की शिकायत पर भर्ती ओमप्रकाश राजभर के स्वास्थ्य में तेजी से सुधार हो रहा है। उनके भर्ती होने की सूचना पाकर अस्पताल में सरकार के कई मंत्रियों ने पहुंच कर उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है।

मंगलवार को अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर राजभर के शुभचिंतकों को पोस्ट करते हुए उनके बेटे व पार्टी के राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव अरविंद राजभर ने लिखा कि मंत्री का इलाज वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. राकेश मिश्रा की देखरेख में चल रहा है। विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम लगातार उनकी स्वास्थ्य स्थिति की निगरानी कर रही है। सुखद समाचार है कि उनके स्वास्थ्य में बहुत ही तेजी से सुधार हो रहा है। अरविंद राजभर ने सभी देशवासियों, पार्टी कार्यकर्ताओं और शुभचिंतकों से अपील की है कि वे माननीय के शीघ्र पूर्ण स्वस्थ होने की प्रार्थना करें।

स्वच्छता सेवा पखवाड़ा-2025 के तहत राजभवन स्थित नाले की हुई साफ-सफाई

लखनऊ। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल की प्रेरणा एवं मार्गदर्शन में 'स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा' के अंतर्गत मंगलवार को सातवें दिन राजभवन के समीप स्थित नाले एवं आसपास के क्षेत्र की सफाई की गई। अभियान में राजभवन के अधिकारीगण, कार्मिक एवं सफाईकर्मी सक्रिय रूप से सम्मिलित हुए। प्रवेश द्वार संख्या-1 के पास स्थित नाले की गहन सफाई कर वहां के आस-पास की जगह को स्वच्छ बनाया गया तथा उपस्थितजनों को स्वच्छता बनाए रखने का संदेश दिया गया।

वर्गीकृत

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा उत्तर प्रदेश बोर्ड हाईस्कूल वर्ष 2000 अनुक्रमांक 0264593 व इण्टरमीडिएट वर्ष 2002 अनुक्रमांक 0540195 का अंकपत्र सहप्रमाण पत्र वास्तव में खो गया है। **पन्नेलाल यादव पुत्र रामजी यादव ग्राम व पोस्ट जंगलरसूलपुर न.-2 तहसील चौरीचौरा गोरखपुर मो.न. 9041362817**
PR.3329

मेरा हाईस्कूल वर्ष 2016 अनुक्रमांक 4078344 का अंकपत्र व सह प्रमाण पत्र कहीं खो गया है। **अशोक कुमार पुत्र महेश प्रसाद, छोटी ब्योरी वार्ड नं. 17, गोला बाजार, गोरखपुर।**
PR.2803

मेरा हाईस्कूल वर्ष 2019अनुक्रमांक 212712108 का अंकपत्र सह मूल प्रमाण पत्र वास्तव में खो गया है। **रूबी पुत्री रमेश प्रजापति ग्राम-पिड़ारीपूर्वी पोस्ट-मोलनापुर जिला-संतकबीरनगर।**
PR.2240

सूचना

सर्व साधारण को सूचित करता हूं कि मैं अपने दो पुत्रों में से छोटे पुत्र अंकित गुप्ता व उसकी पत्नी अंजू को अपने चल अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। अंकित गुप्ता अपने पत्नी के प्रभाव में आकर अक्सर मुझसे व मेरे परिवार से लड़ाई झगड़ा करता रहता है। जिसके कारण मुझे व मेरे परिवार को रुसवाई एवं बदनामी का सामना करना पड़ता है। अंकित गुप्ता का व्यवहार भी ठीक नहीं है। वह घर से भी अलग रहता है। यदि वह भविष्य में कोई कृत्य व लेनदेन करता है तो वह स्वयं जिम्मेदार होगा। उसका मुझसे व मेरे परिवार से कोई वास्ता सरोकार नहीं है। शिवबालक पुत्र मुरलीराम वार्ड नम्बर दो आजाद नगर (खीरामंडी), थाना-डुमरियागंज, तहसील-डुमरियागंज, जनपद-सिद्धार्थनगर।
PR.1859

आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति के साथ जीवन जीने की कला है : दयालु

लखनऊ (एसएनबी)। राजधानी के टुड़ियागंज स्थित राजकीय आयुर्वेदिक कॉलेज एवं चिकित्सालय का सभागार मंगलवार को उस समय आयुर्वेदमय हो गया, जब यहां 10वें राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस के अवसर पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रदेश के आयुष राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) एवं खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन (एमओएस) डॉ. दयाशंकर मिश्र 'दयालु' ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया और उपस्थित जनसमूह को आयुर्वेद के महत्व से अवगत कराया।

आयुष मंत्री ने कहा कि आयुर्वेद भारत की प्राचीनतम चिकित्सा पद्धति है, जिसका अर्थ है 'आयुषो वेद' अर्थात जीवन का विज्ञान। उन्होंने कहा कि आयुर्वेद केवल रोगों के उपचार तक सीमित नहीं है, बल्कि यह संतुलित, स्वस्थ और दीर्घायु जीवन जीने की कला है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे आधुनिक जीवनशैली में आहार-विहार के बदलाव अपनाएं, मौसमी भोजन का सेवन करें और मोटे अनाजों को अपने आहार का हिस्सा बनाएं। उन्होंने बताया कि पूर्व में राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस धनतेरस के अवसर पर मनाया जाता था, परंतु तिथि प्रतिवर्ष बदलने के कारण समारोह के आयोजन में व्यावहारिक कठिनाइयां आती थीं। इसी को ध्यान में रखते हुए आयुष मंत्रालय ने वर्ष 2025 से हर वर्ष 23 सितम्बर को राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस मनाने का निर्णय लिया है। यह दिन इसलिए भी खास है क्योंकि इस दिन दिन और रात बराबर होते है, जो वैज्ञानिक एवं प्रतीकात्मक दृष्टि से उपयुक्त है। इस वर्ष की थीम 'आयुर्वेद जन-जन के लिए, आयुर्वेद पृथ्वी के कल्याण के लिए' रखी गई। इस अवसर पर मंत्री ने 'आयुष देवशा' पत्रिका का विमोचन किया और कार्यक्रमों की श्रृंखला में आयोजित वाद-विवाद प्रतियोगिता, पोस्टर प्रतियोगिता तथा आयुर्वेद आहार प्रतियोगिता के विजेताओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

■ राजकीय आयुर्वेदिक महाविद्यालय एवं चिकित्सालय में धूमधाम से मनाया गया 10वां राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस
■ डॉ. दयाशंकर मिश्र 'दयालु' ने दी स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की सलाह
■ कहा-आयुर्वेद जन-जन के लिए, आयुर्वेद पृथ्वी के कल्याण के लिए

विशेषज्ञों ने रखे विचार : प्रमुख सचिव आयुष रंजन कुमार ने कहा कि आज के दिन को अवसर के रूप में लेकर हमें आयुर्वेद को जन-जन तक पहुंचाने के गंभीर प्रयास करने होंगे। आयुर्वेद के माध्यम से रोग से स्वास्थ्य की संस्कृति विकसित की जा सकती है, जिससे रुग्णता और मृत्यु की दर में कमी आ सकती है।

महानिदेशक एवं निदेशक आयुर्वेद चैत्रा वी के ने कहा कि शरीर और जगत में पंचमहाभूत का सामंजस्य स्थापित करना ही स्वास्थ्य की कुंजी है। राष्ट्रीय आयुष मिशन की निदेशक सुश्री निशा अनंत ने चिकित्सा पर्यटन में आयुष क्षेत्र की संभावनाओं पर प्रकाश डाला और कहा कि प्रदेश में अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान खोलने के प्रयास किए जा रहे हैं। विशेष सचिव आयुष हरिकेश चौरसिया ने कहा कि जैसे आज दिन और रात बराबर है, वैसे ही मनुष्य और प्रकृति के बीच संतुलन बनाए रखना जरूरी है।

बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं रहे उपस्थित : इस अवसर पर निदेशक होम्योपैथिक डॉ. पीके सिंह, यूनानी निदेशक प्रो. जमाल अख्तर, राजकीय आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य प्रो. डी.के. मौर्या, चिकित्सालय प्रभारी डॉ. धमेन्द्र सहित वरिष्ठ चिकित्साधिकारी, विशिष्ट अतिथि तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। कार्यक्रम स्थल पर लगे आयुर्वेद, यूनानी और होम्योपैथी के स्टॉल भी आकर्षण का केंद्र बने रहे।

निर्माणाधीन परियोजनाओं को शीघ्र करें पूर्ण : डीएम

महराजगंज(एसएनबी)। जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा द्वारा कलेक्ट्रेट सभागार में जल जीवन मिशन के तहत संचालित निर्माण परियोजनाओं की समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने बैठक में अधिशासी अभियंता जल निगम से संचालित परियोजनाओं की जानकारी ली। अधिशासी अभियंता जल निगम ने बताया कि फेजसस में जेएमसी की कुल 341 परियोजनाएं हैं जिनके तहत 446 ग्राम पंचायतें आच्छादित हैं। इसी प्रकार फेजससस में कोया की 205 परियोजनाएं हैं जिनसे 345 ग्राम पंचायतें आच्छादित हैं, जबकि रिथविक की 174 परियोजनाएं हैं और उनसे 302 ग्राम पंचायतें आच्छादित हैं।जिलाधिकारी ने तीनों कार्यदाई संस्थाओं से ट्यूब वेल, ओएचटी, पंप हाउस निर्माण सहित अन्य बिंदुओं पर हुई प्रगति की जानकारी लेते हुए निर्देशित किया कि निर्माणाधीन परियोजनाओं की प्रगति में तेजी लाते हुए उन्हें पूर्ण करें।

■ बैठक

बैठक लेते जिलाधिकारी। फोटो : एसएनबी

जिलाधिकारी श्री शर्मा ने रिथविक कोया की प्रगति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए आधा प्रतिशत एलडी चार्ज लगाने का निर्देश दिया। चेतावनी देते हुए कहा कि प्रगति में अपेक्षित सुधार न होने ब्लैक लिस्टिंग की कार्यवाही की जाएगी। जिलाधिकारी ने विभिन्न परियोजनाओं में अगले एक माह का लक्ष्य निर्धारित करते हुए तीनों एजेंसियों को लक्ष्य के अनुसार कार्य को पूर्ण करने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने पूर्ण हो चुकी टंकियों की सेफ्टी आडिट आईआईटी या एमएनआईटी के विशेषज्ञों से कराने का निर्देश दिया। उन्होंने ड्रिलिंग, हाइड्रो टेस्टिंग, बाउंड्री वाल और सड़क अनुरक्षण आदि कार्यो को तेज करने हेतु भी तीनों एजेंसियों को निर्देशित किया। मुख्य विकास अधिकारी अनुराज जैन ने कहा कि पूर्ण परियोजनाओं में जल्द से जल्द नियमित जलापूर्ति सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया। बैठक में एक्सईएन जल निगम आतिफ हुसैन, सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

क्षेत्रों को चिह्नित करते हुए प्रचलित सब्जियों/फलों को करें प्रोत्साहित

महराजगंज । जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने एकीत बागवानी विकास मिशन के क्रियान्वयन की समीक्षा की।जिलाधिकारी ने एकीत मिशन के अंतर्गत चयनित सब्जियोंध्फलों व अन्य षि उत्पादों को क्लस्टर बनाकर प्रोत्साहित करने का निर्देश दिया। साथ ही कहा कि जनपद में विभिन्न क्षेत्रों को चिन्हित करते हुए वहां प्रचलित सब्जियोंध्फलों आदि को प्रोत्साहित करें। इसके लिए किसानों को प्रोत्साहित करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी श्री शर्मा ने कहा कि षि विभाग और अन्यहितधारकों से समन्वय कर मिशन को प्रभावी तरीके से लागू करें जिलाधिकारी ने किसानों ध्उत्पादकों की उचित आय को सुनिश्चित करने के लिए कार्ययोजना बनाकर कार्य करने का निर्देश दिया। उन्होंने मिशन के तहत वनटांगिया गांवों में सब्जियों की खेती को प्रोत्साहित करने और जंगल के निकट मधुमक्खी पालन जैसे उद्यमों को आगे बढ़ाने का निर्देश दिया। उन्होने कहा कि जहां भी उचित और व्यवहारिक हो वहां किसानों के लिए पर्याप्त आय और इनकी सहायता को सुनिश्चित करने के लिए एन डी डी बी के सहकारी माडल को प्रोत्साहित करने का निर्देश दिया।जिलाधिकारी ने कहा कि मिशन के विषय में व्यापक जागरूकता फैलाएं और अधिक से अधिक किसानों को जागरूक करें ताकि मिशन के वास्तविक लक्ष्यों को प्राप्त किया जा सके। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अनुराज जैन, डीएफओ निरंजन सुर्वे राजेंद्र, पीडी रामदरश चौधरी, जिला उद्यान अधिकारी संजय कुमार रस्तोगी सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

गांधी जयंती पर महिला सशक्तिकरण, ग्राम स्वराज, गांधी जी के आदर्शों पर आयोजित करें विभिन्न कार्यक्रम

महराजगंज। गांधी जयंती के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन के संदर्भ में जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा की अध्यक्षता में जिलास्तरीय समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में हुई।जिलाधिकारी ने सभी विभागों को 2 अक्टूबर को धूमधाम से आयोजित करने का निर्देश दिया। साथ ही कहा कि गांधी जयंती के अवसर पर महिला सशक्तिकरण, ग्राम स्वराज, गांधी जी के आदर्शों पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन करें। जिलाधिकारी श्री शर्मा ने कहा कि कार्यालयों में विशेष स्वच्छता अभियान चलाएं। कस्तूरबा बालिका विद्यालयों में मिशन शक्ति को लेकर विशेष कार्यक्रमों को आयोजित करने का निर्देश दिया। उन्होंने समस्त जनपद में भी स्वच्छता अभियान चलाने और उसको विभिन्न पोर्टलों और सोशल मीडिया प्लेटफर्म पर अपडेट करने का निर्देश दिया, ताकि अन्य लोगों को भी प्रेरित किया जा सके। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अनुराज जैन, डीएफओ निरंजन सुर्वे राजेंद्र, एडीएम (विध्रा) डा प्रशांत कुमार, एडीएम (न्यायिक) नवनीत गोयल सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

भाजपाइयों ने मनाया बचत उत्सव

महराजगंज (एसएनबी)। नेक्स्ट जेन जी एस टी रिफार्म के इस अभियान में भाजपाइयों ने बचत उत्सव मनाया। सदर विधायक जय मंगल कन्नौजिया के नेतृत्व में पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष कृष्ण गोपाल जायसवाल, पशुपति नाथ त्रिपाठी, नगर अध्यक्ष भाजपा आकाश श्रीवास्तव, रमेश वर्मा, महेंद्र निगम सभासद, विष्णु मधेशिया, सनत पांडेय व राकेश अग्रहरी ने व्यापारियों से संपर्क किया। घटी जीएसटी मिला उपहार धन्यवाद मोदी सरकार के नारे लगाते हुए नगर के सक्सेना तिराहे पर कारोबारियों एवं ग्राहकों से मिले और बातचीत कर जीएसटी सुधारों पर उनकी प्रतिक्रिया जानी।

इस मौके पर विधायक ने लोगों से अपील की कि मोदी सरकार द्वारा घटाई गई जीएसटी का लाभ ग्राहकों तक पहुंचाया जाए और स्वदेशी उत्पादों को प्रोत्साहित करने के लिए प्रतिष्ठानों पर गर्व से कहो यह स्वदेशी है का स्टीकर लगा कर गुलाब का फूल दिया। विधायक ने कहा कि जी एस टी की घटी दरों का लाभ ग्राहकों को मिलेगा तो कारोबार और सुदृढ़ होगा और रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। आम जन को रोजमर्रा के आवश्यक वस्तुओं के दरों में कमी आएगी तो आम जन की क्रय क्षमता भी बढ़ेगी। मोदी सरकार का यह कदम गरीब युवा ,अन्नदाता, नारी शक्ति ,व्यापारी और मध्यम उद्योग को सशक्त बनाते हुए आत्म निर्भर भारत के संकल्प का मार्ग प्रशस्त करेगा।

स्टीकर लगाते विधायक व अन्य। फोटो : एसएनबी

महाराज अग्रसेन की जयंती पर नन्हीं प्रतिभाएं सम्मानित

सिसवा बाजार (एसएनबी)। स्थानीय नगर के श्रीश्याम मंदिर में महाराज अग्रसेन की 5149वीं जयंती का आयोजन किया गया। इस दौरान नन्ही प्रतिभाओं को समानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों ने महाराज अग्रसेन के चित्र पर पुष्पार्चन कर और दीप जलाकर किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हाटा के पूर्व विधायक पवन केडिया ने महाराज अग्रसेन के एक ईंट और एक रुपए के सिद्धांत की चर्चा की।

उन्होंने बताया कि अग्रोहा नरेश ने तंत्रीय शासन के विकल्प के रूप में एक नई व्यवस्था स्थापित की। विशिष्ट अतिथि पवन कुमार रूंगटा ने महाराज अग्रसेन के जीवन से जुड़ी एक रोचक घटना साझा की। उन्होंने बताया कि महाराज ने अपनी पत्नी माधवी के साथ भारत भ्रमण किया जहां शेर और भेड़िए के बच्चे एक साथ खेलते दिखे, वहीं अग्रोहा राज्य की स्थापना की गई। महाराज अग्रसेन ने अपने राज्य में कृषि, व्यापार, उद्योग और गौपालन को बढ़ावा दिया। साथ ही नैतिक मूल्यों की स्थापना पर विशेष ध्यान दिया। इस अवसर पर नृत्य, कला व शिक्षा के क्षेत्र में राष्ट्रीय व प्रदेश स्तर पर सम्मान प्राप्त कर चुकी नन्ही प्रतिभा सांची अग्रवाल, पार्थिव अग्रवाल , सान्वी भालोटिया व इनके अभिभावकों सहित मारवाड़ी समाज के बरिष्ठ सदस्य अवकाश प्राप्त शिक्षक मुरारी अग्रवाल गौशाला के पशु चिकित्सक रंजन मौर्या को स्मृति चिन्ह आदि देकर समानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन दिनेश अग्रवाल ने किया। इस अवसर पर बाबूलाल अग्रवाल, प्रिंस जायसवाल, संत कुमार जालान, लक्ष्मण तुलस्यान, हरिराम भालोटिया, रजनीश केडिया, सुरेश रूंगटा, नरेंद्र भालोटिया, मुकेश बंका, राजेश अग्रवाल, ड. मनीष गोंड, जयप्रकाश भालोटिया, राजेश सरावगी, रमेश सरावगी, विजय अग्रवाल व निरंजन अग्रवाल समेत अग्रवाल समाज के लोग मौजूद रहे।

सम्मानित बच्ची व अन्य। फोटो : एसएनबी

संचारी रोगों पर नियंत्रण के लिए चलेगा विशेष अभियान

महराजगंज (एसएनबी)। जिले में संचारी रोगों पर नियंत्रण के लिए 11 विभाग मिलकर जंग लड़ेंगे। इसके अभी से तैयारियां तेज कर दी गयी हैं। संबंधित विभागों को जिम्मेदारियां सौंपी जा रही है। पांच से 31अक्टूबर तक संचारी रोग नियंत्रण तो 11 से 31 अक्टूबर तक दस्तक अभियान चलेगा। यह जानकारी मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. श्रीकांत शुक्ला ने दी। साथ ही बताया कि उक्त अभियान को सफल बनाने के लिए अभी से तैयारियां तेज कर दी गयी हैं। संबंधित विभागों और अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी जा रही है। अभियान में लगे सभी विभागों से समय से माइक्रोप्लान तैयार कर लेने के लिए कहा गया है।

■ पांच से 31 अक्टूबर तक मनाया जाएगा विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान, 11 से 31 तक चलेगा दस्तक अभियान

सीएमओ श्री शुक्ला ने कहा कि अभियान के दौरान साफ सफाई, जन जागरूकता एवं निरोधात्मक कार्यवाही की जाएगी। लोगों को संचारी रोगों से बचाव के लिए तौर तरीका बताया जाएगा। गंदगी से दूर रहने, स्वच्छता अपनाने, स्वच्छ पेयजल का सेवन करने, शौचालय का प्रयोग करने, बुखार आने पर चिकित्सक से सम्पर्क करने के लिए प्रेरित किया जाएगा। सीएमओ ने कहा कि अभियान को सफल बनाने के लिए माइक्रोप्लान तैयार कर लिया जाए। प्रथम पंक्ति के वर्करों को प्रशिक्षित करते हुए जिम्मेदारियां सौप दी जायं।

डिप्टी सीएमओ डा. केपी सिंह ने बताया कि जो बीमारी एक मरीज से दूसरे स्वस्थ व्यक्ति में दूषित भोजन, जल या संपर्क या जानवरों से फैलती है उसे संचारी रोग कहते हैं। इसमें प्रमुख रूप डेंगू, मलेरिया, फाइलेरिया, कालाजार, चिकनगुनिया, क्षय एवं कुष्ठ रोग आदि हैं। इन्हीं बीमारियों को नियंत्रित करने के लिए विशेष संचारी रोग नियंत्रण माह अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान में स्वास्थ्य विभाग एक नोडल के रूप में काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि बुखार के रोगियों की सूची, आईएलआई रोगियों की सूची, क्षय रोग के लक्षण वाले व्यक्तियों की सूची, कुष्ठ रोग, फाइलेरिया एवं कालाजार रोगों के लक्षण वाले व्यक्तियों की सूची तथा कुपोषित बच्चों की सूची तैयार करना दस्तक अभियान के विशेष कार्यहोंगे।

समस्याओं पर हुई चर्चा

■ कार्यशाला

महराजगंज (एसएनबी)। विशेष किशोर पुलिस इकाई की समन्वय बैठक की कार्यशाला का आयोजन स्थानीय पुलिस लाइन के सभागार में किया गया। इसमें पुलिस विभाग के जनपदीय नोडल अधिकारी क्षेत्राधिकारी सदर जय प्रकाश तिवारी के अध्यक्षता में गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यशाला में जनपद के समस्त थानों पर नियुक्त बाल कल्याण अधिकारी यूनिसेफ तथा अन्य बंधित समस्त विभाग के अधिकारी कर्मचारी प्रतिभाग किये। इस मौके पर मानव तस्करी,बाल तस्करी,बाल भिक्षावृत्ति तथा बाल विवाह अपराध नियंत्रण के संबंध में चर्चा की गयी।

उक्त समीक्षा बैठक में महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन उत्तर प्रदेश लखनऊ द्वारा जारी अनुसंधान एवं थानों पर नियुक्त बाल कल्याण पुलिस अधिकारी के समक्ष आ रही समस्या एवं सुझावों, पीड़ितों के अश्वासन, बाल गुमशुदा, बाल श्रम, नशा मुक्त अभियान, बाल विवाह, बाल भिक्षावृत्ति की रोकथाम, लैंगिक समानता, नारी शक्ति किशोर न्याय अधिनियम 2015 मे हुए नवीनतम संशोधन पक्सो एक्ट के अभियोग पंजीकृत होने के 24 घंटे के अंदर सीडब्ल्यूसी को सूचित करना, पाक्सो के मामले में फार्म एवं बी को पुलिस द्वारा भरकर संबंधित को समय से भेजा जाना, बाल कल्याण अधिकारी के कर्तव्य का पालन, जेज़े एक्ट के अंतर्गत सामाजिक पृष्ठभूमि, किशोर न्याय बोर्ड में पुलिस अधिकारियों रिमांड लेने के लिए सादे वस्त्रों में आना, जेज़े एक्ट की धारा 24 तथा पाक्सो एक्ट से संबंधित अभियुक्तों की उच्च न्यायालय से प्राप्त बेल नोटिस को बाल कल्याण समिति एवं वादी /पीड़िता को समय से उपलब्ध कराने के संबंध में विस्तृत रूप से चर्चा की गई एवं जागरूकता अभियान चलाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में संयुक्त निदेशक अभियोजन, जिला प्रोबेशन अधिकारी अध्यक्ष/सदस्य, बाल कल्याण समिती, विधि सहपरिविक्षा अधिकारी, श्रम प्रवर्तन अधिकारी, जिला बाल संरक्षण अधिकारी, प्रभारी वन स्टाप सेन्टर, मानव सेवा संस्थान, यूनिसेफ जनपद गोरखपुर, प्रभारी जीआरपी आनन्दनगर, चाइल्ड लाईन, निदेशक सर्वहितकारी सेवाश्रम, प्लान इंडिया महराजगंज शामिल हुए।

संक्षिप्त खबरें

मजिस्ट्रियल जांच 26 को

महराजगंज (एसएनबी)। अपर उप जिलाधिकारी सदर प्रेम शंकर पांडेय ने बताया कि 19 सितम्बर 2025 को लगभग प्रातः 8:30 बजे ग्राम अगया थाना भिटौली, तहसील सदर, जनपद महराजगंज में महराजगंज-गोरखपुर मार्ग पर अगया पुल के निकट तीन रोडवेज बसों क्रमशः गाड़ी संख्या यूपी 56 बीटी 2412, गाड़ी संख्या यूपी 78 एचएन 3840 एवं गाड़ी संख्या यूपी 53 एफटी 6360 की आपस में टक्कर हो जाने के कारण 29 यात्री घायल हो गये। इसकी जांच दुर्घटना की विस्तृत मजिस्ट्रियल जांच अपर उप जिलाधिकारी सदर द्वारा की जा रही है। उपरोक्तके सम्बन्ध में किसी व्यक्ति को तथ्यों से सम्बन्धित जानकारी हो तो अपर उप जिलाधिकारी सदर कार्यालय में 26 सितम्बर को प्रातः 10 बजे उपस्थित होकर तथ्यों के सम्बन्ध में अपने साक्ष्य/फोटोग्राफ/वीडियो अथवा मौखिक बयान दे सकता है। अभिषेक पाण्डेय-महराजगंज।

स्ट्रीट फूड वेंडरों को किया गया प्रशिक्षित

महराजगंज (एसएनबी)। जिला शहरी आजीविका अभिकरण द्वारा आयोजित लोक कल्याण मेले के अंतर्गत मंगलवारको खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की तरफ से नगर पंचायत सभागार परतावल में 29 एवं नगर पंचायत पनियरा में 25 स्ट्रीट फूड वेंडर को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में प्रतिभाग करने वाले खाद्य कारोबारियों /वेंडर को व्यक्तिगत स्वच्छता, साफ - सफाई, खाद्य निर्माण के समय बरती जाने वाली सावधानियां एवं रख -रखाव की महत्वपूर्ण जानकारियां दी गयीं। साथ ही खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अनूसूची- 4 मे वर्णित प्रविधानों का पालन करने का निर्देश दिए गए। इस दौरान मौके पर एफएसडब्लू वैन पर खाद्य पदार्थो की जांच कर वेंडर को जांच परिणाम से अवगत कराया गया तथा मिलावटी खाद्य पदार्थो की जांच की घरेलू विधियों की जानकारी देकर जागरूक किया गया। 22 सितंबर को नगर पालिका महराजगंज और नगर पंचायत घुघली के स्ट्रीट वेंडरों को प्रशिक्षित किया गया था। कार्यक्रम मे खाद्य सुरक्षा अधिकारी हंसराज प्रसाद एवं पवन कुमार गौड़ एवं नगर पालिका के कर्मचारी उपस्थित रहे। आगामी 24 सितम्बर को नगर पंचायत आनंद नगर एवं वृजमनगंज में 215 सितम्बर को नगर पंचायत नौतनवा एवं सोनौली तथा 26 सितम्बरको नगर पंचायत सिसवा एवं निचलौल में प्रशिक्षण का आयोजन किया जायेगा।

न्यायालय ने थानाध्यक्ष कोठीभार का वेतन रोका

महराजगंज (एसएनबी)। थानाध्यक्ष कोठीभार का वेतन बाधित करने का आदेश प्रधान न्यायाधीश पारिवारिक न्यायालय रविनाथ ने पुलिस अधीक्षक को पारित किया है। आदेश का अनुपालन न करने पर प्रधान न्यायाधीश पारिवारिक न्यायालय द्वारा आदेश पारित किया गया है। पत्रावली से मिली जानकारी के अनुसार पारिवारिक न्यायालय में विचाराधीन एक ईजरा वाद में न्यायालय ने प्रतिवादी के विरुद्ध गैर जमानती वारंट जारी किया था। मुकदमे के तारीख पेशी तक उस गैर जमानती वारंट का अनुपालन न होने पर न्यायालय ने 8 अगस्त 2025 को थानाध्यक्ष कोठीभार को आदेश किया कि 22 सितंबर 2025 को न्यायालय समक्ष स्वयं उपस्थित होकर उक्त गैर जमानती वारंट के अनुपालन न होने के संदर्भ में आख्या प्रस्तुत करें। परंतु थानाध्यक्ष कोठीभार 25 सितंबर 2025 को भी न्यायालय समक्ष उपस्थित नहीं हुए और न ही आख्या प्रस्तुत किये। उक्त ईजरा वाद के अभिलेखीय साक्ष्यों व अधिवक्ता राकेश पाण्डेय की दलीलों को सुनने के बाद प्रधान न्यायाधीश रविनाथ ने पुलिस अधीक्षक को थानाध्यक्ष कोठीभार का वेतन बाधित करने का आदेश पारित किया है।

बच्चों को फल दूध न देने वाले 6 प्रधान चिह्नित

महराजगंज (एसएनबी)। जनपद के परिषदीयो विद्यालयों में बच्चों को स्वस्थ रखने के लिए दिए जाने वाले फल और दूध को कुछ प्रधान गटक लिए रहे हैं। इस मामले में जिले में छह प्रधानों को चिह्नित किया गया है। जिन्होंने बच्चों को फल और दूध का वितरण नहीं कराया है। आईवीआरएस से मामला पकड़ में आने के बाद जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी रिद्धी पांडेय ने इन प्रधानों के खिलाफ कार्रवाई के लिए जिला पंचायत राज अधिकारी को पत्र भेजा है। मध्याह्न भोजन योजना के तहत बच्चों का कुपोषण दूर करके हष्टपुष्ट बनाने के लिए फल व दूध दिए जाने का प्रावधान किया गया है। लेकिन आईवीआरएस में यह सामने आया है कि एक सितंबर से 20 सितंतर के बीच छह विद्यालयों पर दूध और फल का वितरण नहीं किया गया है। इसमें लक्ष्मीपुर ब्लाक के उच्च प्राथमिक विद्यालय अचलगढ़, लक्ष्मीपुर ब्लाक के ही प्राथमिक विद्यालय रानीपुर, मिठौरा ब्लाक के उच्च प्राथमिक विद्यालय सिंदुरिया, पनियरा ब्लाक के प्राथमिक विद्यालय पिपराखुर्द, नौतनवा ब्लाक के प्राथमिक विद्यालय परसा और सिसवा ब्लाक के प्राथमिक विद्यालय मथनिया पर फल और दूध का वितरण नहीं किया गया है।

भक्ति गीतों की धुनों पर पूरी रात झूमते रहे श्रद्धालु

बृजमनगंज (एसएनबी)। शारदीय नवरात्र में पूर्वांचल की प्रसिद्ध शक्तिपीठ माता आद्रवनवासिनी लेहडा देवी मंदिर परिसर में प्रसिद्ध भक्ति गीत गायक नंदू मिश्रा के जागरण कार्यक्रम में तमाम भक्ति गीतों की धुनो पर पूरी रात श्रद्धालु झूमते रहे और लोगों ने जागरण का जमकर आनंद उठाया। नवरात्र में लेहड़ा मंदिर पर इस समय विभिन्न जनपदों से श्रद्धालुओं की भारी भीड़ मां के दर्शन पूजन हेतु पहुंच रही है नवरात्र के प्रथम दिन प्रसिद्ध भक्ति गीत गायक नंदू मिश्रा का जागरण कार्यक्रम मंदिर परिसर में आयोजित किया गया जिसमें कलाकारों द्वारा एक से बढ़कर एक भक्ति गीत प्रस्तुत किए गए जिसने श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया लेहरा मंदिर के महंथ देवी दत्त पांडे वरिष्ठ पुजारी बाबा हरिशचंद्र पांडे ओमप्रकाश पांडे उप प्रबंधक भूपेंद्र पांडे समेत सभी पुजारी को जागरण में सम्मानित किया गया हाथों में नारियल चुनरी प्रसाद के रूप में लेकर श्रद्धालु लंबी कतारो में लगे रहे और पूरा मंदिर परिसर मां के जयकारों से गूजायमान रहा कुल मिलाकर इस समय लेहडा मंदिर की रौनक देखते ही बन रही है और विभिन्न जनपदों से श्रद्धालुओं का आगमन जारी है।

यातायात पुलिस ने लोगों को किया जागरूक

महराजगंज (एसएनबी)। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में यातायात जागरुकता बढ़ाने के लिए यातायात पुलिस ने जागरूकता अभियान कर लोगों को जागरुक किया। मंगलवार को सोमेन्द्र मीना के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ के मार्गदर्शन में प्रभारी यातायात ने मय टीम जनपद में लोगों को यातायात जागरूकता के नियमों के बारें में जागरूक किया गया। यातायात पुलिस ने एआरएम रोडवेज की उपस्थिति में आपरेशन कार-ओ-बार के क्रम में सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने केलिए बस स्टैंड पर रोडवेज के चालकों को ब्रिथ एनालाइजर लगाकर शराब की चेकिंग की। साथ ही निर्देशित किया गया कि शराब तथा अन्य मादक पदार्थो का सेवन कर वाहन न चलाएं तथा सदैव यातायात नियमों का पालन करें।

घर मे फंदे से लटका मिला युवक का शव

पनियरा (एसएनबी)। स्थानीय थाना क्षेत्र के ग्राम सभा महुअवां शुक्ल में मंगलवार की सुबह दीपक वर्मा का शव उसी के घर में एक कमरे में फंदे से लटका मिला। किसी ने मामले की सूचना पुलिस को दे दी। सूचना पर पनियरा पुलिस व फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंच कर जांच - पड़ताल करने के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। लगभग 24 वर्षीय दीपक वर्मा पुत्र सोनू वर्माघर मे ही सोया था। मंगलवार की सुबह जब रूम के बाहर नहीं निकला तो परिजन उसे जगाने गए तो न तो दरवाजा खुला और न ही कोई जवाब मिला। तब परिजन रूम में लगे एक जंगले से झांक कर देखे तो वह फंदे से लटका हुआ था। आनन - फानन में दरवाजे को तोड़ कर परिजन अंदर घुसे और उसके शव को नीचे उतारा। रोने की आवाज सुन कर आस-पास के लोग इकट्ठा हो गए। अपने दो भाई व एक बहन में मृतक सबसे बड़ा था। छोटा भाई गोलू व बहन ज्योति है। मृतक इलाहाबाद चौराहे पर एक शराब की भट्टी के पास चिखने की दुकान लगाता था जिससे वह परिवार का भरण-पोषण करता था । लगभग 5 महीने पूर्व मई में उसकी शादी हुई थी। लगभग एक हफ्ते पूर्व उसकी पत्नी करिश्मा अपने मायके गई थी । सूचना मिलने पर पत्नी के साथ परिवार के अन्य सदस्य भी पहुंचे। सभी का रो - रो कर बुरा हाल था। थानाध्यक्ष पनियरा आशीष कुमार सिंह ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। मामले की जांच - पड़ताल की जा रही है।

विक्षिप्त महिला को बच्चा चोर समझ बांधकर पीटा

कोल्हुई बाजार(एसएनबी)। थाना कोल्हुई क्षेत्र के गोरखपुर सोनौली नेशनल हाईवे पर स्थित पिपरा परसौनी गांव में आज जमकर हंगामा व बवाल हुआ है। बताया जा रहा है कि एक विक्षिप्त महिला को चोर समझ कर लोगों ने रस्सी से बांध दिया और फिर उसकी बेरहमी से पिटाई कर दिया है। यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। मामले को पुलिस अधीक्षक महाराजगंज में गंभीरता से लिया है। उक्त प्रकरण में पांच नामजद व कई अज्ञात पर मुकदमा दर्ज किया गया है। जबकि दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। आज एक विक्षिप्त महिला पिपरा परसौनी गांव में पहुंची। बताया जा रहा है कि एक घर में घुसने का प्रयास किया। इस दौरान लोगों ने बच्चा चोर समझ कर महिला को पकड़ दिया। धीरे-धीरे मौके पर काफी भीड़ जुट गई। लोगों ने महिला को रस्सी से बांध दिया है और बेरहमी से पिटाई कर घायल कर दिया है। महिला घायल हो गई है। जिसको लेकर जमकर बवाल तथा हंगामा हुआ है। इस मामले का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। बताया जा रहा है कि इस मामले को पुलिस अधीक्षक महाराजगंज में गंभीरता से संज्ञान में लिया है। एक तरफ जहां लोगों ने बच्चा चोर समझ कर महिला को बुरी तरह पीट दिया है वहीं रस्सी से बांधकर पिटाई करने का मामला पूरा चर्चा में है। इस मामले में पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार किया है। इस सम्बन्ध में एसओ कोल्हुई ने बताया कि विक्षिप्त महिला को रस्सी से बांधकर बेरहमी से पीटा गया है। उन्होंने बताया कि इस मामले में आनंद किशोर तथा गरीलाल गुप्ता को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने ने बताया कि पांच नामजद तथा कई अज्ञात पर मुकदमा दर्ज किया गया है।

स्कूल से घर लौट रहे छात्र को घेरकर पीटा, घायल

निचलौल (एसएनबी)। स्थानीय थाना क्षेत्र के ग्रामसभा ढेसो निवासी एक छात्र को मंगलवार की शाम पढ़ाई के बाद घर लौटने के दौरान नगर के चमनगंज पुल के पास पहले से घात लगाए बैठे कुछ आरोपियों ने उसे घेर लिया और पंच से हमला कर घायल कर दिया। अचानक हुए हमले से छात्र गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे स्थानीय लोगों ने घायल छात्र को निजी वाहन से सीएचसी निचलौल पहुंचाया। जहां उसका उपचार चल रहा है। अभिषेक भारती पुत्र अर्जुन निवासी ढेसो निचलौल कस्बा सटे मसीह सेवाश्रम स्कूल में इंटर का छात्र है। मंगलवार की शाम को पढ़ाई कर घर वापस लौट रहा था। अभी वह चमनगंज नहर पुल से आगे जंगल की तरफ बढ़ा था। इसी दौरान पहले से घट लगाकर बैठे कुछ युवकों ने उसे रोककर उसे मारने पीटने लगे। अभी छात्र कुछ समझ पाता उसके पहले ही युवकों ने उसे पंच से मारकर घायल कर दिया। हमले के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। मौके पर जुटे लोगों ने घायल छात्र को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। थाना प्रभारी निरीक्षक अखिलेश वर्मा ने कहा कि घटना की जानकारी मिली है। तहरीर मिलने के बाद जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

छात्रा से छेड़खानी के मामले में मुकदमा

महराजगंज (एसएनबी) । थाना क्षेत्र कोतवाली के नगर चौकी अंतर्गत नगर के एक महाविद्यालय से पढ़कर घर जा रही बीए प्रथम वर्ष की छात्रा के साथ सुबह एक युवक ने छेड़खानी की। छात्रा के विरोध करने पर आरोपी ने उस पर तेजाब फेंकने की धमकी दी। पीड़िता की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने आरोपी अमीरूद्दीन के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। स्थानीय महाविद्यालय में बीए प्रथम वर्ष की छात्रा पढ़ने आई थी। घर जाते समय वह बाहर निकली, तो गेट पर एक युवक उसका हाथ पकड़ने लगा। छात्रा ने जब इसका विरोध किया तो उसने उसे थप्पड़ मारा। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल की। पीड़ित छात्रा ने कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि आरोपित युवक से उसका कोई रिश्ता नहीं है। वह उसे परेशान कर रहा है और तेजाब फेंककर मारने की धमकी दे रहा है। प्रभारी निरीक्षक कोतवाली निर्भय सिंह ने बताया कि आरोपी अमीरूद्दीन के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है।

इंडियन बैंक Indian Bank
इलाहाबाद ALLAHABAD
G20 आज़ादी का अमृत महोत्सव वसुधैव कुटुम्बकम् ONE EARTH • ONE FAMILY • ONE FUTURE
अंचल कार्यालय–गोरखपुर
प्रथम तल, प्रशान्त टावर,
ट्रांसपोर्ट नगर,गोरखपुर–273016
फोन : 0551–2202564, 2201724

अचल सम्पत्ति के कब्जे की सूचना

वित्तिय अस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन तथा (प्रतिभूति) हित का प्रवर्तन अधिनियम 2002 के अन्तर्गत एवं प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 9 के साथ पठित धारा 13 (12) में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए प्राधिकृत अधिकारी द्वारा खाते के सामने उल्लिखित तिथियों को डिमांड नोटिस जारी किया गया, जिसमें उक्त नोटिस की प्राप्ति के 60 दिनों के भीतर बकाया चुकता कर देने की मांग की गई थी। ऋणी द्वारा राशि चुकता न कर पाने पर एतद्द्वारा व आम जनता को सूचित किया जाता है कि प्राधिकृत अधिकारी ने उपरोक्त नियम के नियम 8 एवं 9 के साथ पठित अधिनियम की धारा 13 (4) के अन्तर्गत उसे प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए निम्नलिखित सम्पत्ति का कब्जा उनके सामने उल्लिखित तिथियों को ले लिया है।

शाखा का नाम/खाते का नाम/ऋणी/जमानतदार	बंधक सम्पत्ति का विवरण
शाखा: आनंदनगर, **जिला–** महराजगंज **ऋणी: श्री रोशन लाल** पुत्र स्व. हरिराम, **पता:** वार्ड नंबर 3, विकास नगर, आनंदनगर, महराजगंज – 273155 **ऋणी/बंधककर्ता : श्रीमती रंजना देवी** पत्नी रोशन लाल, **पता:** वार्ड नंबर 3, विकास नगर, आनंदनगर, महाराजगंज – 273155 **जमानतदार: श्री लालधर** पुत्र बदरी, **पता:** ग्राम एवं पोस्ट– राम नगर, थाना एवं तहसील– फरेंदा, जिला– महाराजगंज– 273155	संपत्ति के सभी भाग व खंड श्रीमती रंजना देवी पत्नी श्री रोशन लाल के नाम, अराजी संख्या–175 मि, ग्राम आनंदनगर/रुद्रपुर सेखुई, तप्पा–लेहड़ा, परगना–हवेली, तहसील–फरेंदा, जिला–महाराजगंज, क्षेत्रफल 79.33 वर्ग मीटर, रजिस्टर्ड सब–रजिस्ट्रार फरेंदा, जिला–महाराजगंज (उत्तर प्रदेश) बिक्री विलेख संख्या –723, बहि संख्या–1, खंड संख्या–1396, पृष्ठ संख्या–209 से 244, दिनांक 15.04.2011. **चौहद्दी : पूरब :** परस लाल का खेत **पश्चिम :** खड़ंजा रोड, **उत्तर :** मुकीर की भूमि, **दक्षिण :** परस लाल का खेत

डिमांड नोटिस की तिथि	कब्जे की तिथि	बकाया धनराशि
30.06.2025	18.09.2025	रू. 1,12,254/– + ब्याज एवं अन्य चार्ज

दिनांक : 24.09.2025 स्थान : गोरखपुर प्राधिकृत अधिकारी, इण्डियन बैंक

संक्षिप्त खबरें

विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम का प्रशिक्षण

मोहनापुर (एसएनबी)। ब्लाक सभागार लक्ष्मीपुर में विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर बीएलओ (मतदाता सूची सुधारक) प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। जिसमें एसडीएम नौतनवा ने उपस्थित बीएलओ को इस अभियान की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि पूरे राज्य में यह व्यापक अभियान चलाया जा रहा है। लक्ष्मीपुर ब्लाक में कुल 96 ग्राम पंचायत है। वोटर लिस्ट को सुधारने के लिए सभी मे बीएलओ लगाये गए हैं। एसडीएम नवीन कुमार ने बताया कि प्रत्येक बीएलओ को अपने निर्धारित क्षेत्र में जाकर घर-घर दौरा करना होगा। सही ढंग से फर्म भरने में सहायता करेंगे। प्रत्येक मतदाता को आवश्यक जानकारी के साथ स्व-स्वयं सत्यापित प्रपत्र देना होगा। बीएलओ को फर्म की एक प्रति अपने पास रखनी होगी, जबकि पावती रसीद आवेदक को सौंपनी होगी। बीएलओ को बताया कि मतदाता पहले से भरे हुए गणना फर्म को अनलाइन डाउनलोड कर सकते हैं और भरे हुए फर्म तथा आवश्यक दस्तावेजों को अनलाइन माध्यम से अपलोड करना होगा। इस अवसर पर खण्ड विकास अधिकारी मृतुन्जय यादव, एडीओ पंचायत दिनेश पाठक, प्रमोद यादव, बृजेश यादव, विवेक पटेल, रजनीश मिश्रा, रामसजीवन आदि उपस्थित रहे।

नये सदस्य बनाने को लेकर कैम्प का आयोजन

आनंदनगर (एसएनबी)। विकास खंड फरेंदा में अन्तरराष्ट्रीय सहकारिता विभाग द्वारा नये सदस्य बनाने को लेकर सहकारिता विभाग महराजगंज द्वारा एक कैम्प का आयोजन मंगलवार को आयोजित किया गया। आयोजित कैम्प के जरिए एडीसीओ सहकारिता ने बहुतायत किसानों व ग्रामप्रधानों को प्रेरित किया और कहा कि किसानों को नये सदस्य बनने के लिए आप लोग प्रेरित करें जिससे किसानों को अपने नजदीकी समितियों से आसानी से खाद बीज उपलब्ध हो सके। सदस्य बनने पर उर्वरक कार्ड जारी किए जायेगे।नये सदस्य बनने के लिए आधार कार्ड व मौबाइल नम्बर जरुरी है इस कार्ड के बनने पर सरलता से अल्पकालीन ऋण भी उपलब्ध होगा। नये सदस्य बनने के लिए 226 रुपये शुल्क जमा करना होगा। अन्तर्राष्ट्रीय सहकारिता के द्वारा आयोजित सहकारिता महासदसयता कैम्प 12 सितम्बर से 12अक्टूबर तक चलाया जायेगा। इस दौरान जिला सहकारी बैंक लिमिटेड फरेंदा के प्रवन्धक अजय सिंह, एसडीओ विशाल सिंह, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि साधुशरण प्रसाद, व मनोज कुमार सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

जल वायु परिवर्तन पर वाद विवाद प्रतियोगिता संपन्न

आनंदनगर(एसएनबी)। डायट द्वारा प्रस्तावित मासिक प्रतियोगिता के अंतर्गत ब्लक स्तरीय वाद विवाद प्रतियोगिता जलवायु परिवर्तन पर कंपोजिट विद्यालय महदेवा बुजुर्ग पर संपन्न कराई गई। इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी फरेंदा एवं नगर पंचायत आनन्दनगर अध्यक्ष प्रतिनिधि राजेश

जायसवाल का सानिध्य प्राप्त हुआ। जलवायु परिवर्तन विषय पर पक्ष में कुमारी रागिनी कंपोजिट विद्यालय झावा कोर्ट से प्रथम । सच्चिदानंद कंपोजिट विद्यालय फरेंदा खुर्द से द्वितीय और दिव्यांशी प्राथमिक विद्यालय बनकटी से तृतीय स्थान प्राप्त किया । जबकि विपक्ष में बोलते हुए अनुपमा कंपोजिट विद्यालय फरेंदा खुर्द प्रथम स्थान । आलोक कुमार जूनियर हाई स्कूल रामनगर द्वितीय स्थान । और अंश कंपोजिट विद्यालय मथुरा नगर तृतीय स्थान प्राप्त किया । इस अवसर पर जज के रूप में वरिष्ठ एआरपी डक्टर कैलाश नाथ मौर्य,राधेश्याम गुप्ता व चंदन सिंह मौजूद थे। कार्यक्रम का संयोजन समन्वयन विज्ञान एआरपी कुशवेंद्र कुशवाहा के द्वारा किया गया । जबकि इस कार्यक्रम की व्यवस्था कंपोजिट विद्यालय महादेवा बुजुर्ग के प्रधानाध्यापिका अपर्णा शुक्ला और वहां के वरिष्ठ शिक्षक संकुल अवधेश सिंह के द्वारा किया गया। इस मौके पर शिक्षक डक्टर बृज बल्लभ मिश्र, दीपचंद पाल, प्रमोद यादव, नीरज कुमार प्रजापति, प्रदीप चंद खरवार,पंकज पाण्डेय, अजय कुशवाहा, धूलिका, प्रियंका वर्मा, शालिनी सिंह व सुनीता सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।

अर्धसैनिक बल ने किया फ्लैग मार्च

सिसवा बाजार(एसएनबी)। स्थानीय नगर में दुर्गा पूजा, दिपावली व छठवां पूजा सुरक्षा के दृष्टिगत अर्धसैनिक बल व स्थानीय पुलिस के जवानों ने नगर के प्रमुख मार्गो पर फ्लैगमार्च कर नगर में शांति व्यवस्था का अहसास कराया। इस मार्च में कोठीभार थाना प्रभारी निरीक्षक धर्मेन्द्र कुमार सिंह , सिसवा पुलिस चौकी प्रभारी उमाभारती सरोज के साथ थाना, पुलिस चौकी पुलिस कर्मी व अर्धसैनिक बल के जवान शामिल रहे।

निशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित

सिन्दुरिया (एसएनबी)। विकास खण्ड मिठौरा परिसर में मंगलवार को 10 वां आयुर्वेद दिवस के अवसर पर होम्योपैथ और आयुर्वेद निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान शिविर में 100 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। ब्लाक परिसर में चल रहे

शिविर का खंड विकास अधिकारी राहुल सागर ने निरीक्षण कर दवाओं केबारेमेंजानकारी प्राप्त किये। स्वास्थ्य परीक्षण कराने आये मरीजों से बात कर संतुष्ट नजर आये। इस अवसर पर डा. आशीष कुमार, अशोक कुमार, सदानंद, हीरा प्रसाद गुप्त, रमाशंकर यादव आदि स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित रहे।

खेल मैदान का किया गया निरीक्षण

निचलौल (एसएनबी)। आगामी अक्टूबर माह में राष्ट्रीय इंटरमीडिएट कलेज बाली में होने वाली जिला स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता की तैयारियों को लेकर मंगलवार को जिला विद्यालय निरीक्षक प्रदीप कुमार शर्मा के निर्देश पर कीड़ांगन का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने प्रतियोगिता को सफल बनाने के लिए संबंधित अधिकारियों एवं शिक्षकों के साथ विचार-विमर्श किया। निरीक्षण के दौरान शारीरिक शिक्षा शिक्षक अरविंद राय, सरदार पटेल इंटर कलेज लक्ष्मीपुर के शारीरिक शिक्षक अमरेश कुमार श्रीवास्तव तथा जिला खेल सचिव अजय कुमार श्रीवास्तव मौजूद रहे। जिला विद्यालय निरीक्षक ने खेल मैदान की व्यवस्था, खिलाड़ियों के आवागमन तथा प्रतियोगिता आयोजन से संबंधित बिंदुओं की समीक्षा की। साथ ही उन्होंने विद्यालय प्रबंधन को समय रहते समुचित तैयारी पूरी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रतियोगिता में जिलेभर से प्रतिभागी छात्र-छात्राएं हिस्सा लेंगे। उनके लिए मूलभूत सुविधाओं से संबंधित स्थानों का भी निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि खेल भावना और अनुशासन को सर्वोपरि रखते हुए प्रतियोगिता का संचालन किया जाएगा।

आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को किया गया जागरूक

सिन्दुरिया(एसएनबी)। विकास खण्ड मिठौरा के सभागार मंगलवार को स्वस्थ नारी सशक्त परिवार के सेवा पखवाडा 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक आयोजित 16 दिवसीय कार्यक्रम के तहत जेंडर स्पेसलिस्ट संजा देवी हब फर एम्पावरमेंट आफ वीमेन द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को जागरूक किया गया। इस दौरान उन्होंने उद्देश्य नारी सुरक्षा, सम्मान एवं स्वालम्बन पर चर्चा की। साथ ही बेटा और बेटियों के मध्य लिंग के आधार पर किये जाने वाले भेदभाव, उसके दुष्प्रभाव एवं उनकी शिक्षा पर बातचीत की गयी। उन्होंने साथ ही बाल विवाह होने के कारण बच्चों में होने वाले शारिरिक एवं मानसिक दुष्परिणाम के बारे में चर्चा करके जानकारी साझा की। कार्यक्रम में आंगनबाड़ी संघ की जिलाध्यक्ष छाया भारती, संरक्षक परवेज आलम, ब्लाक अध्यक्ष आयेशा बेगम , पूनम, मनोरमा, पुष्पा व मीरा सहित तमाम आंगनबाड़ी कार्यकत्री मौजूद रहीं।

होम्योपैथ व आयुर्वेद पद्धति के प्रति लोगों का बढ़ा झुकाव : जयमंगल

महराजगंज (एसएनबी)। जिला संयुक्त चिकित्सालय परिसर मेंमं गलवार को दसवें आयुर्वेद दिवस का आयोजन किया गया। आयुर्वेद दिवस का शुभारम्भ सदर विधायक जयमंगल कन्नौजिया ने मुख्य विकास अधिकारी अनुराज अधिक से अधिक लोगों में दवा वितरण का निर्देश दिया। इससे पूर्व विधायक और मुख्य विकास अधिकारी नेदीप प्रज्वलित किया और भगवान श्री धन्वंतरि जी के चित्र पर माल्यार्पण किया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए जिला

दसवें आयुर्वेद दिवस का शुभारंभ करते सदर विधायक जय मंगल कनौजिया । फोटो : एसएनबी

जैन के साथ फीता काटकर किया। उद्घाटन के पश्चात विधायक ने परिसर में पौधरोपण भी किया। साथ ही आयुर्वेद एवं होम्योपैथी पद्धति पर विस्तारपूर्वक चर्चा करते हुए कहा कि कोरोना काल में होम्योपैथ एवं आयुर्वेद पद्धति के प्रति लोगों का झुकाव बढ़ा था। आयुर्वेद चिकित्सा को अपनाते हुए काफी संख्या में लोगों ने इसका लाभ उठाया।

उन्होंने आयुर्वेद पद्धति को अपनाये जाने पर जोर देते हुए कहा कि तमाम औषधीय पौधे हमारे जीवन का हिस्सा हैं। इस अवसर पर विधायक श्री कन्नौजिय ा होम्योपैथी व आयुर्वेदिक विभाग द्वारा निःशुल्क आयोजित चिकित्सा शिविर का अवलोकन किया तथा उपस्थित स्टाफ को होमियोपैथी अधिकारी डा. आरक़े. द्विवेदी ने आयुर्वेद और होमियोपैथी चिकित्सा पद्धति की विशेषताओं के विषय में अवगत कराया। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी बी.एन. कन्नौजिया, डी.सी. एनआरएलएम मो. जाकिर, क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डा. हरिंद्र जयसवाल , डा. विपिन चन्द्र, होम्योपैथिक प्रभारी चिकित्साधिकारी डा. प्रतिभा रानी, डा. इसरार खान, डा. सन्तोष पटेल व कौशल किशोर यादव सहित अधिक संख्या में लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी हरिंद्र प्रसाद जैसवार नेआभार प्रकट करते हुए समापन की घोषणा की।

नारी शक्ति को प्रोत्साहित करना समाज के विकास के लिए महत्वपूर्ण : नपं अध्यक्ष

बृजमनगंज (एसएनबी)। नगर पंचायत बृजमनगंज के कोल्हुई रोड स्थित नगर अध्यक्ष कार्यालय पर नारी शक्ति सशक्तिकरण सम्मान समारोह का आयोजन किया गया इस कार्यक्रम का नेतृत्व नगर पंचायत अध्यक्ष राकेश जायसवाल ने किया कार्यक्रम में शाहाबाद की पूर्व महिला ग्राम प्रधान रही ज्योति जयसवाल ने अयोध्या में आयोजित ब्यूटी कन्टेस्ट में कस्बे की ब्यूटीशियन प्रियंका जायसवाल के बेहतरीन प्रदर्शन पर उन्हें सम्मानित किया गया कार्यक्रम की मुख्य अतिथि नगर अध्यक्ष राकेश जयसवाल की पत्नी ज्योति जयसवाल (पूर्व प्रधान शाहाबाद) का स्वागत उपस्थित महिलाओं ने फूलों की माला पहनकर किया

महिलाओं के लिए प्रेरणा एवं मार्गदर्शक की मिसाल बनी नगर पंचायत वार्ड नंबर 7 निवासी प्रियंका जायसवाल पत्नी गौरव जयसवाल जिन्हें हाल ही में अयोध्या में आयोजित ब्यूटी कन्टैक्ट में प्रतिभाग करते हुए टीवी सीरियल अभिनेत्री जोधा अकबर फेम परिधि शर्मा द्वारा बेस्ट सेलिब्रिटी अवार्ड शो 2025 का ताज पहनाया गया स ऐसी नगर का गौरव बढ़ाने वाली प्रतिभावान प्रियंका जायसवाल को मुख्य अतिथि ज्योति जयसवाल ने शाल ओढ़ाकार तथा नगर पंचायत अध्यक्ष राकेश ने स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया स अध्यक्ष राकेश जायसवाल ने कहा कि नारी शक्ति को प्रोत्साहित करना समाज के विकास के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। यह कार्यक्रम महिलाओं को उनकी क्षमता का एहसास कराने और उन्हें समाज में अपनी जगह मजबूत करने का अवसर देगा।महिलाएं समाज की रीढ़ हैं। उनका सशक्तिकरण न केवल परिवार बल्कि पूरे समाज को मजबूत बनाता है। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि पूर्व महिला ग्राम प्रधान ज्योति जयसवाल ने कहा कि यह कार्यक्रम उनके योगदान को सम्मानित करने और उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करने का एक प्रयास है।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा नेत्री कुसुम प्रजापति, पूजा जायसवाल सभासद अंजू चौधरी, सभासद कांति देवी सभासद सुशीला देवी सभासद गायत्री देवी, सभासद जेपी गौड़, सभासद शिव प्रसाद चौरसिया, सभासद झीनक विश्वकर्मा, सभासद धर्मेंद्र चौरसिया, सभासद प्रद्युमन सिंह, मनोज जायसवाल, जितेंद्र कुमार,रवि यादव, काजू कनौजिया, झीनक चौधरी,रानी देवी, राजेस्वरी, बेचन भारती,अमरनाथ, मुन्नू दुबे, मोनू बाबा, दीपक विश्वकर्मा समेत तमाम लोग उपस्थित रहे।

एसपी ने किया कोल्हुई थाना व नदी घाटों का निरीक्षण

कोल्हुई बाजार(एसएनबी)। उपनगर कोल्हूई बाजार में स्थित आज कोल्हुई थाने पर पुलिस अधीक्षक महाराजगंज पहुंचें। इस दौरान एसपी ने औचक निरीक्षण किया। एसपी ने साइबर से संबंधित जानकारियां लेते हुए आवश्यक निर्देश दिए हैं। साथ ही दुर्गा पूजा त्यौहार

एसपी ने किया निरीक्षण। फोटो : एसएनबी

शांतिपूर्ण ढंग से मनाने के लिए पुलिस को सहयोग करने का निर्देश दिया है। साथ मूर्ति विसर्जन को लेकर नदी घाटों पर पहुँच कर जायजा लिया है। जबकि थाना परिसर की सफाई को देखकर एसओ कोल्हुई गौरव कनौजिया का सराहना किया।

मिली जानकारी के अनुसार आज पुलिस अधीक्षक महाराजगंज अचानक को कोल्हुई थाने पर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने औचक निरीक्षण किया। साथ ही थाने पर बैठक कर साइबर से संबंधित जानकारियां लेते हुए पुलिसकर्मियों को आवश्यक निर्देश दिए हैं। एसपी ने थाने का निरीक्षण किया है। इस दौरान एसपी ने दुर्गा पूजा त्यौहार पर पुलिस को चौकस रहने के लिए निर्देशित किया है। एसपी ने कहा कि दुर्गा पूजा पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से मनाने के लिए पुलिसकर्मी अपने-अपने क्षेत्र में पूरी तरह से सक्रिय रहे। उन्होंने कहा कि कोई भी सूचना आ रही है तो तत्काल मौके पर पहुंचकर शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए सहयोग करें। जबकि निरीक्षण के बाद एसपी लोटन स्थित घोंघी नदी पर पहुँचकर मूर्ति विसर्जन को लेकर जायजा लेते हुए पुलिस को आवश्यक निर्देश दिया है। जबकि एसपी ने कोल्हुई थाने की साफ सफाई व अन्य व्यवस्था को देकर एसओ कोल्हुई का सराहना किया है।इस दौरान एसओ कोल्हुई गौरव कनौजिया, उपनिरीक्षक जनार्दन चौधरी, उप निरीक्षक अंजनी कुमार, एसआई राजीव सिंह, एसआई जयराम, उपनिरीक्षक आदर्श, उपनिरीक्षक हरीश, उपनिरीक्षक जयराम, उपनिरीक्षक शाहनवाज हुसैन, सिपाही राजू यादव समेत थाने के तमाम पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

ऐतिहासिक होगा संघ शताब्दी वर्ष

चिउटहां (एसएनबी)। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष की तैयारियों को लेकर एस.एस. इंटर कलेज करमही में सोमवार को कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई। इसमें सिसवा विधानसभा क्षेत्र के निचलौल, सिसवा व मिठौरा ब्लक के वरिष्ठ कार्यकर्ता और स्वयंसेवक बड़ी संख्या में शामिल हुए।

बैठक के मुख्य वक्ता सह विभाग प्रचारक अजीत जी ने कहा कि संघ का शताब्दी वर्ष ऐतिहासिक होगा। प्रत्येक न्याय पंचायत स्तर पर वृहद आयोजन होंगे। संघ की वैचारिक धारा समाज के हर वर्ग तक पहुँचे, यही हमारा लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि इस अवसर पर बड़े स्तर पर प्रबुद्धजन सम्मेलन, युवाओं के लिए शारीरिक एवं बौद्धिक प्रतियोगिताएं, सेवा कार्य और सांस्तिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।अजीत जी ने संघ परिवार के सौ वर्षो के संघर्ष और उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए जिम्मेदारियों का बंटवारा किया। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आग्रह किया कि वे गांव-गांव जाकर समाज को जोड़ने में सक्रिय भूमिका निभाएं। बैठक में जिला कार्यवाह शिवचरण, भाजपा नेता अजय कुमार श्रीवास्तव, संतोष सिंह, जिला शारीरिक प्रमुख रणजीत, दुर्गा अग्रहरि, शैलेष पाण्डेय, रणधीर सिंह, नागेंद्र मल्ल, राजन पटेल, गिरधारी गुप्ता, दीपक पाण्डेय, छोटे लाल पटेल, कैलाश यादव,अभिषेक पाण्डेय, अभिषेक सिंह सहित बड़ी संख्या में स्वयंसेवक मौजूद रहे।

योजनाओं का प्रमाण पत्र हुआ वितरित

सिन्दुरिया (एसएनबी)। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मिठौरा में मंगलवार को स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के तहत सिसवा विधायक प्रेम सागर पटेल द्वारा सरकार के द्वारा संचालित योजनाओं का प्रमाण पत्र वितरित किया गया। इस अवसर पर किशोरा देवी, वेनी माधव, अशरफी, राम प्रसाद, प्रभावती देवी, जोगेंद्र को आयुष्मान कार्ड का प्रमाण पत्र दिया गया। इसी प्रकार सुधा देवी को आभा कार्ड दिया गया। साथ ही रेखा देवी, गुड़िया, फुला देवी, अनवर अली, युवराज को पोषण पोटली दिया गया।

कार्यक्रम के दौरान मंचाशीन विधायक व अन्य। फोटो : एसएनबी

विधायक प्रेम सागर पटेल ने कहा सरकार की मंशा है सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक मिले। आँगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने पोषण संबंधित प्रदर्शनी भी लगायी थी। कार्यक्रम का संचालन सीएमओ डा. श्रीकांत शुक्ला ने किया। इस अवसर पर सीएचसी अधीक्षक मनोज कुशवाहा, सीडीपीओ राजेंद्र कुमार, अखिलेश, गुप्त, अवनीश पटेल,करुणेश वर्मा, नवनीत उपाध्याय, विजय प्रताप सिंह, मधुसूदन निगम सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

घर मे घुसकर महिला से मारपीट, चार पर केस

कोल्हुई बाजार(एसएनबी)। थाना कोल्हुई क्षेत्र के बाँधा में मामुली बात को लेकर घर मे घुसकर मारपीट होने का मामला प्रकाश में आया है। इस मामले में महिला घायल हुई है। उक्त प्रकरण में महिला की तहरीर पर पुलिस ने चार लोगों के विरुद्ध धारा 333, 115(2), 352, 351(3) के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

ग्राम बाँधा थाना कोल्हुई की रहने वाली राधिका देवी घर पर अकेली थी। महिला की तहरीर के अनुसार उसी दौरान रामकेश आदि लोग घर पर पहुंच गए और मामूली बात को लेकर मारपीट पर आमादा हो गए। जिसको लेकर विवाद काफी बढ़ गया। महिला का आरोप है कि उक्त लोगों द्वारा घर में घुसकर मारा पीटा गया है और घायल कर दिया गया है। इस घटना में महिला को घायलावस्था में उपचार के लिए भेजा गया हैं। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुँच गयी। उक्त प्रकरण में महिला ने कोल्हुई थाने में तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई हैं। इस सम्बन्ध में एसओ कोल्हुई गौरव कनौजिया ने बताया कि महिला की तहरीर पर रामकेश समेत चार लोगों के विरुद्ध मारपीट का मुकदमा दर्ज किया गया है। इस मामले की जांच किया जा रहा है।

सोशल मीडिया पर अभद्र टिप्पणी करने वाला गिरफ्तार

बस्ती (एसएनबी)। सोशल मीडिया पर अभद्र टिप्पणी करने व सामाजिक माहौल खराब करने वाले अभियुक्त को थाना नगर पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया। जिसे संबंधित न्यायालय में भेजने की कार्यवाही किया गया है। थाना नगर पुलिस द्वारा सोशल मीडिया (इंस्टाग्राम) पर नवरात्रि त्योहार पर अभद्र टिप्पणी करने व सामाजिक माहौल बिगाडने वाले अभियुक्त नीरज पुत्र वीरेन्द्र उर्फ गामा निवासी पिपरा गौतम थाना नगर के विरुद्ध थाना नगर पर धारा 353 (3) बीएनएस व 67 आईटी एक्ट के तहत मुकदमा पंजीत किया गया तथा अभियुक्त को गिरफ्तार कर अग्रिम आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थानाध्यक्ष नगर विश्वमोहन राय, उप निरीक्षक मोहम्मद मुस्तफा, मुख्य आरक्षी कुंवरबहादुर यादव, आरक्षी साहब कुमार थाना नगर शामिल रहे।

छात्राओं के कला प्रदर्शन का सशक्त मंच है मिशन शक्ति

सिन्दुरिया (एसएनबी)। उत्तर प्रदेश शासन तथा जिला विद्यालय निरीक्षक प्रदीप कुमार शर्मा के आदेश के अनुपालन के क्रम में मिशन शक्ति के अंतर्गत चौक बाजार स्थित दिग्विजय नाथ इंटरमीडिएट कालेज में शक्ति मंच की स्थापना के साथ ही छात्राओं द्वारा विविध कार्यक्रम आयोजित किये गये । कार्यक्रम के अंतर्गत फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन अत्यंत ही आकर्षक रहा छात्राओं ने नारी शक्ति के विविध रूपों का रोल प्ले किया, जिसमें पुलिस सेवा के अंतर्गत आंचल और अनामिका, झांसी की रानी बनी रागिनी और खुशी, खिलाड़ी के रूप में माधुरी और रोशनी,

अधिवक्ता के रूप में ज्योति और प्रिया, चिकित्सा के रूप में अनुप्रिया तथा अंजलि, अध्यापिका के रूप में निधि तथा महिमा, सरस्वती माता के रूप में शोभा, दुर्गा जी के रूप में प्रतिभा मद्धेशिया तथा भारत माता के रूप में जय लक्ष्मी चौधरी ने शानदार रोल प्ले किया। कार्यक्रम का संयोजन पूनम सिंह एवं सविता सिंह तथा संचालन ड. राकेश कुमार तिवारी द्वारा किया गया। प्रधानाचार्य डा. हरिन्द्र यादव ने कहा कि मिशन शक्ति छात्राओं के सशक्तीकरण हेतु बहुत बड़ा मंच है। इसके माध्यम से छात्राओं में अपने कला को निखारने का अवसर प्रदान होता है। इस अवसर पर आकाश राव विनोद कुमार विमल सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

एएसपी ने बालिकाओं को सिखाया सुरक्षा के गुर

परतावल (एसएनबी)। स्थानीय कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में अपर पुलिस अधीक्षक महराजगंज सिद्धार्थ जी द्वारा महिलाओंध्बालिकाओं के सुरक्षार्थ व स्वालंबन हेतु चलाये जा रहे मिशन शक्ति अभियान (फेज-5.0) के तहत जागरुक करने के साथ ही महिला संबंधित समस्याओं के निस्तारण कराने के संबंध में आयोजन कर जागरुक किया गया । उन्होंने बताया कि पुलिस द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं के साथ जुड़ कर उन्हें सशक्त एवं सुरक्षित वातावरण देने का प्रयास किया जा रहा है । महिलाओं को विभिन्न उपयोगी हेल्पलाइन नम्बरों, शासन द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं, मिशन शक्ति केन्द्र व कानूनी प्रावधानों की जानकारी दिया। बालिकाओं को विभिन्न हेल्पलाइन नंबर- वूमेन पवर लाइन-1090, पुलिस आपातकालीन सेवा-112, एम्बुलेंस सेवा-108, चाइल्ड लाइन-1098, स्वास्थ्य सेवा-

102, महिला हेल्पलाइन-181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन-1076 तथा सार्थक और सकारात्मक चर्चा कर गुड टच, बैड टच के बारे में, घरेलू हिंसा के बारे में, साइबर अपराधों के बारें में साइबर हेल्पलाइन-1930 आदि सहित कानूनी प्रावधानों एवं उनके अधिकारों इत्यादि के बारें में चर्चा करते हुए शासन द्वारा चलायी जा रही विभिन्न सरकारी योजनाओं के विषय में जानकारी देते हुए जागरूक किया गया। साथ ही थाना स्थानीय पर नवस्थापित मिशन शक्ति केन्द्र का कार्य, उददेश्य, उपलब्ध करायी जाने वाली सेवाओं के सम्बन्ध में जानकारी दी गयी । इस दौरान अशोक सिंह,महिला मिशन शक्ति प्रभारी सारिका,थानाध्यक्ष शयमदेउरवा अभिषेक सिंह, वार्डन सर्वदा तिवारी ,पूनम तिवारी सहित हास्टल की तमाम बालिकाएं मौजूद थी।

नेपाल : भारी मात्रा में नशीले पदार्थो के साथ दो गिरफ्तार

सोनौली (एसएनबी)। भारत नेपाल सीमा से सटे रूपनदेही जिले की पुलिस व नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो ने सूचना के बाद प्रतिबंधित नशीली दवाओं के साथ दो युवकों को गिरफ्तार किया है। मंगलवार की शाम मादक प्रदार्थ रूपनदेही जिले की पुलिस को सूचना मिली कि भारत से अबैध प्रतिबंधित नशीले इंजेक्शन की खेप लायी जा रही है। जिसके आधार पर नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो शाखा कार्यालय भैरहवा और क्षेत्रीय पुलिस कार्यालय बेथरी की एक संयुक्त पुलिस टीम ने मोटरसाइकिल चालक को संलिप्त होने के संदेह में अक्षय कुमार , 23, निवासी भिलरहवा, वार्ड क्रमांक 2, भिलरहवा, और सवार, गुलाब 22, निवासी लू 10 पा 5841 को गिरफ्तार किया। रोककर जाँच करने पर, डायजेपाम इंजेक्शन 50 एम्पुल, ब्यूप्रेनर्फिन इंजेक्शन 50 एम्पुल और प्रोमेथाजिन इंजेक्शन 50 एम्पुल सहित कुल 150 एम्पुल जब्त किए गए और आगे की आवश्यक जाँच की गई। पुलिस डीएसपी सूचना अधिकारी सूरज कार्की ने बताया कि दोनो युवको के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही किया जा रहा है।

रस्सी में बांध कर युवक को पीटने का वीडियो वायरल

गांगी बाजार (एसएनबी)। पनियरा थाना क्षेत्र के एक गांव में पुरानी रंजिश के कारण युवक को रस्सी में बांध कर मारने - पीटने का एक वीडियो मंगलवार को खूब तेजी से सोशल मीडिया पर वायरल हुआ । वीडियो 1 मिनट 8 सेकेंड का है वीडियो देखने से लग रहा है कि घटना रात्रि के समय का है । वायरल वीडियो में कुछ लोग हाथों में टार्च लिए हैं और कुछ लोग बारी - बारी से युवक मारते हुए दिखाई दे रहे हैं । चर्चा तो यह भी है कि युवक को इतना मारा गया कि उसकी शर्ट ही फट गई वह बिना शर्ट के दिखाई दे रहा है । मंगलवार को वायरल वीडियो की चर्चा खूब तेजी से फैली और रात्रि तक वह वीडियो मीडियाकर्मियों तक भी पहुंच गया । हलाकि राष्ट्रीय सहारा इस बात की पुष्टि नही करता कि वह वीडियो कहा का है अथवा उक्त वीडियो में सच्चाई कितनी है लेकिन वीडियो वायरल होने के बाद युवक को बेरहमी से पीटता देख लोग सहम जा रहे थे । घटना के सम्बन्ध में बताया गया कि रामकुमार पुत्र नागेंद्र निषाद ग्राम सौरहा टोला रवेलिया थाना पनियरा ने तहरीर देकर आरोप लगाया है कि पुरानी रंजिश में उसे स्कार्पियो सवार लोगो ने रात्रि में उसे उठा लिया और अपने चिन्हित स्थान पर लेजाकर चोर - चोर कह कर मारने लगे । वायरल वीडियो में कितनी सच्चाई है और कारण क्या है यह तो पुलिस जांच का विषय है । मामले में थानाध्यक्ष पनियरा आशीष कुमार सिंह से पूछा गया तो उन्होंने बताया कि उक्त प्रकरण में नामजद तीन लोगों के खिलाफ रामसिंह ग्राम सौरहा , संदीप पाल निवासी भवानीपुर व हरिओम पाल निवासी भवानीपुर टोला के खिलाफ धारा भारतीय न्याय सहिंता (बीएमएस 2023) की धारा 115 (2) , 352 , 251 (2) व 304 (2) के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और मामले की जांच - पड़ताल की जा रही है ।

नवरात्रि व दुर्गा पूजा में किया उपद्रव तो जाएंगे जेल : डीएम

- तेज आवाज व अश्लील गीत बजाया तो दर्ज होगा मुकदमा
- सड़क व फुटपाथों पर हुए अतिक्रमण को हटाने के निर्देश
- सादे वर्दी में भी भीड़ वाले स्थानों पर निगाह रखेंगे जवान : एसपी
- बढ़नी कस्बे में भी पैदल गश्त कर स्थिति का लिया जायजा

बानगंगा(एसएनबी)। नवरात्रि पर्व पर लोगों को सुरक्षा का भरोसा दिलाने के लिए जिलाधिकारी डा. राजा गणपति आर एवं पुलिस अधीक्षक अभिषेक महाजन ने पुलिस जवानों के साथ मंगलवार को नगर पंचायत शोहरतगढ़ में फुट मार्च किया और नगर के सुरक्षा प्रबंधों की जानकारी ली।

जिलाधिकारी (सिद्धार्थनगर) डा. राजा गणपति आर ने शोहरतगढ वासियों को सुरक्षा का भरोसा दिलाते हुए कहा कि आप सभी नवरात्रि व दशहरा पर्व को शांतिपूर्ण ढंग व उल्लास के साथ मनाएं।किसी ने उपद्रव व माहौल को खराब करने की कोशिश की तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए उसे जेल भेजा जाएगा।किसी को भी कानून के साथ खिलवाड़ करने नहीं दिया जाएगा।भारत माता चौक व नगर में अतिक्रमण की अवस्था को देख नाराजगी जाहिर करते हुए उसे तत्काल हटाने का आदेश दिया। उन्होंने कहा कि मेन रोड व सड़क की पटरियों पर हुए अतिक्रमण को तत्काल हटवाये ताकि राहगीरों को आने जाने में किसी प्रकार का दिक्कत का न होने पाए।पुलिस अधीक्षक डा. अभिषेक महाजन ने कहा कि नवरात्र पर्व को सकुशल व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए पुलिस ने पूरी तैयारी कर ली है। पुलिस जवान सादे वर्दी में भी भ्रमण करते रहेंगे।सभी थाना प्रभारियों को सख्त निर्देश दिया गया कि पंडाल के आस-पास व भीड़भाड़ वाले स्थलों पर विशेष नजर रखें।उन्होंने सभी नगर वासियों से कहा कि अफवाहों पर ध्यान नहीं देंगे व छोटी-छोटी बातों पर विवाद नहीं करेंगे तो अच्छा रहेगा।किसी संदिग्ध व आपराधिक तत्वों के लोग दिखाई देने पर पुलिस को तत्काल सूचित करें।

शोहरतगढ कस्बे में पैदल मार्च कर स्थिति का जायजा लेते डीएम व एसपी। फोटो : एसएनबी

उक्त पैदल मार्च में जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक के साथ एएसपी प्रशांत कुमार प्रसाद, नपं अध्यक्ष प्रतिनिधि रवि अग्रवाल,एसडीएम विवेकानंद मिश्रा, शोहरतगढ़ थाना प्रभारी संतोष कुमार तिवारी,निरीक्षक सुभाष यादव, उनि सुधीर त्रिपाठी, सुरेश यादव,चंद्रदेव पाण्डेय सहित भारी संख्या में पुलिस के जवान मौजूद रहे।सीमाई कस्बा बढ़नी में भी दोनों अधिकारियों ने दल बल के साथ पैदल गश्त किया और मातहतों को जरूरी निर्देश दिया।

लटकती मिली लाश

गोल्हौरा (एसएनबी)। थाना क्षेत्र के मऊ टोला धुसिया में एक विवाहिता की फंदे से लटकती लाश मिली है। मायके वालों ने उसके ससुरालियों पर जान से मारने का आरोप लगाया है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु जिला अस्पताल भेज दिया है। घटना बीती 22/23 सितम्बर की रात्रि की है। उक्त गांव निवासी हरिश्चंद्र पुत्र लालमन निषाद की शादी थाना क्षेत्र के ही गोठवा घाट टोला हड़हा निवासी विक्रम की पुत्री मंजू से हुई थी। मंजू का शव मंगलवार की सुबह उसके कमरे में छत की कुंडी में गमछे के फंदे से लटकता मिला। उसके पति हरिश्चंद्र की लिखित सूचना पर मुकामी थाने की पुलिस ने इत्तफा किया। मामला दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया है। मृतका मंजू की मां विन्द्रावती पत्नी विक्रम ने पुलिस को तहरीर देकर कहा है कि बेटी मंजू के पति, सास व जेठानी उसे मार पीटकर घर से निकाल चुके थे। उक्त बावत थाना प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार गुप्ता ने कहा कि शव को पोस्टमार्टम हेतु भेजा गया है। प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का ही लग रहा है।

किशोरी का खैरा गांव के पोखरी में मिली लाश

बानगंगा(एसएनबी)। कठेला समय माता थाना क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम पंचायत खैरा गांव के दक्षिण दिशा में स्थित पोखरी में मंगलवार को एक लड़की की ग्रामीणों ने लाश देखी। जिसकी सूचना ग्रामीणों ने पुलिस को दी। ग्रामीणों की सूचना पर कठेला समय माता थाना की पुलिस मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए सिद्धार्थनगर भेजकर जांच में जुट गई। कठेला समय माता थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत खैरा बाजार गांव की 15 वर्षीय आंचल पुत्री चन्द्रशेखर निवासी जो सोमवार दोपहर से गायब थी। परिजनों द्वारा ढूंढा जा रहा था जिसका शव मंगलवार को पोखरी में मिली है। इस सम्बन्ध में कठेला समय माता थानाध्यक्ष अभय सिंह ने बताया कि खैरा निवासिनी किशोरी का पोखरी में शव मिला है शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सिद्धार्थ नगर भेज दिया गया है।

महिला को नशीला पदार्थ सुंघाकर बेहोश कर चोरी करने का आरोप

डुमरियागंज। डुमरियागंज कस्बे में सोमवार देर रात एक घर में चोरी की कोशिश का मामला सामने आया है। इस दौरान चोरों ने कथित तौर पर घर की एक महिला को नशीला पदार्थ सुंघाकर बेहोश कर दिया। पीड़िता के परिजन ने इसकी सूचना पुलिस को दी है। कस्बे के निवासी गौतम अग्रहरि ने बताया कि तड़के करीब 3रू30 बजे उनके घर में कुछ हलचल हुई। जब उन्होंने अपने छोटे भाई की पत्नी के कमरे में जाकर देखा, तो पाया कि कमरे का दरवाजा खुला है और वह बेहोश पड़ी हैं। कमरे में रखी अलमारी का ताला भी टूटा हुआ था और उसमें से कुछ गहने व नकदी गायब थी। परिवार का आरोप है कि चोरों ने महिला को कोई नशीला पदार्थ सुंघाया था, जिसके कारण वह बेहोश हो गईं।घटना की जानकारी मिलते ही गौतम अग्रहरि ने तुरंत डायल 112 पर पुलिस को सूचना दी। इसके बाद, बेहोश महिला को इलाज के लिए एक निजी अस्पताल ले जाया गया। डक्टरों ने जाँच के बाद बताया कि महिला पर नशीले पदार्थ का असर धीरे-धीरे खुद ही खत्म हो जाएगा और उन्हें किसी विशेष दवा की जरूरत नहीं है।पीड़ित परिवार ने इस मामले में पुलिस से सख्त कार्रवाई की मांग की है। वहीं, इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक श्री प्रकाश यादव ने बताया कि मामला उनके संज्ञान में है। उन्होंने कहा कि प्रथम ष्टया यह घटना संदिग्ध लग रही है, और पुलिस सभी पहलुओं की गंभीरता से जांच कर रही है।

युवक ने किशोरी को भगाया, केस

चेतिया (एसएनबी)। मिश्रौलिया थाना व स्थानीय चौकी क्षेत्र के एक गांव से गैर समुदाय के युवक ने एक किशोरी को बहला फुसलाकर भगा लिया है। किशोरी की मां की तहरीर पर मुकामी थाने की पुलिस ने केस दर्जकर सरगर्मी से छानबीन शुरू कर दिया है। मिश्रौलिया थाना क्षेत्र के ग्राम सुकरौली निवासिनी पीड़िता की मां ने पुलिस को दिए तहरीर में कहा है कि उसकी 17 वर्ष 8 माह की पुत्री को मुमताज पुत्र मोहम्मद मुस्तकीम बहला फुसलाकर भगा ले गया है। जिस पर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। उक्त बावत थानाध्यक्ष बृजेश सिंह ने कहा कि मामला पंजीकृत कर लिया गया है।

दुकान में पानी भरने से लाखों का नुकसान

सिद्धार्थ नगर(एसएनबी)। नपं कपिलवस्तु के बर्ड पुर में स्थित मेसर्स जयंत्री प्रसाद जायसवाल आयरन डीलर के दुकान गोदाम में बरसात का पानी भर जाने से लाखों का नुकसान हो गया है।18/19 को हुई बरसात के कारण दुकान में पानी भर गया, जिसके कारण दुकान में रखा सामान पानी में डूब जाने से कई लाख रुपया का नुकसान हो गया।दुकान मालिक प्रेम चंद्र जायसवाल द्वारा समान की सुरक्षा के लिए दुकान से पानी निकलवाया जा रहा है।

...और शिवांगी बन गई बीईओ

सिद्धार्थनगर /बांसी(एसएनबी)। मिठवल ब्लाक के अन्तर्गत संचालित उच्च प्राथमिक विद्यालय बाजारडीह की मेधावी छात्रा कुमारी शिवांगी मौर्या को एक दिन के लिए खंड शिक्षा अधिकारी बनाकर सभी बेटियों को पढ़ने और बढ़ने हेतु अभिप्रेरित किया गया। खंड शिक्षा अधिकारी मिठवल धर्मेन्द्र कुमार पाल ने शिवांगी को मिशन शक्ति के अन्तर्गत अपनी कुर्सी पर बैठाकर सम्मानित करते हुए कहा कि पढ़-लिखकर सभी बेटियाँ अपने परिवार,समाज और देश का नाम रोशन कर सकती हैं। मिशन शक्ति का उद्देश्य बेटियों और महिलाओं में सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के प्रति जागरूकता विकसित करना है। इसी क्रम में सदर ब्लाक के कंपोजिट स्कूल लमतिहवा में अध्ययनरत कक्षा 8 की छात्रा गीतिका को एक दिन के लिए प्रधानाध्यापक पद का दायित्व दिया गया। झंडेनगर, नौगढ़, ष्णानगर,लुचुइया तथा सनई खुर्द आदि अन्यघ विद्यालयों में भी मिशन शक्ति के अन्तर्गत छात्राओं को विभिन्न जिम्मेदारियां सौंपकर मिशन शक्ति के प्रति जागरूक किया गया।

अंजली चौधरी एक दिन के लिए बनी प्रधानाध्यापक

बिस्कोहर (एसएनबी)। मिशन शक्ति फेज 5.0 के द्वितीय दिन मंगलवार को नगर पंचायत बिस्कोहर के वार्ड श्यामा प्रसाद मुखर्जी नगर स्थित कम्पोजिट विद्यालय कोहड़ौरा में कक्षा - सात की छात्रा अंजली चौधरी को एक दिन के लिए प्रधानाध्यापक बनाया गया।प्रार्थना सभा के पश्चात विद्यालय के प्रधानाध्यापक गोपेश दूबे ने विधिवत अंजली चौधरी को प्रधानाध्यापक का कार्यभार ग्रहण करवाया एवं समस्त चार्ज हस्तांतरित किया। कार्यभार ग्रहण करने के उपरांत अंजली चौधरी ने समस्त अध्यापकों, रसोइयों, और छात्र छात्राओं की उपस्थिति का अवलोकन किया। तत्पश्चात सभी शिक्षकों को समय सारिणी के अनुसार शिक्षण कार्य करने का निर्देश दिया। किचन में जाकर मध्यान्ह भोजन के लिए उपलब्ध सामग्री का निरीक्षण किया एवं रसोइयों को स्वच्छता से एवं गुणवत्तापूर्ण भोजन तैयार करने को कहा। पुस्तकालय एवं खेलकूद सामग्री के रखरखाव का मीना मंच के सदस्यों को सुझाव दिया। इको क्लब के सदस्यों से विद्यालय की स्वच्छता एवं हरे भरे विद्यालय परिवेश को बनाए रखने की कार्ययोजना पर चर्चा की। सभी कक्षाओं में जाकर छात्र एवं छात्राओं से उनकी समस्याओं के बारे में जानकारी प्राप्त किया।

बाढ़ पीड़ितों को विधायक ने दी राहत सामग्री

सिद्धार्थ नगर(एसएनबी)। सदर विधायक श्यामधनी राही ने कपिलवस्तु विधानसभा क्षेत्र के बाढ़ प्रभावित ग्राम सभा संगलदीप में जाकर बाढ़ पीड़ितों से मुलाकात कर उनका कुशलक्षेम जाना तथा प्रभावित परिवारों में बाढ़ राहत सामग्री वितरित किया।

श्री राही ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि संकट की इस घड़ी में प्रधानमंत्री एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री के नेतृत्व में सरकार बाढ़ प्रभावितों की हर संभव मदद के लिए पूर्णतया प्रतिबद्ध है। पीड़ित परिवारों को यह विश्वास दिलाया गया कि किसी को भी इस आपदा में अकेला नहीं छोड़ा जाएगा तथा राहत एवं आवश्यक सहायता सरकार द्वारा प्रत्येक प्रभावित परिवार के द्वार तक पहुँचाई जाएगी। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी कल्याण मौर्य, लेखपाल योगेंद्र सिंह, ग्राम प्रधान अंबिका यादव बूथ अध्यक्ष भाजपा राम मूरत, बूथ उपाध्यक्ष अशोक संजय यादव समर, रंगी सर्वेश, राजू साहनी सहित गांव की देव तुल्य जनता जर्नादन उपस्थित रहे।

रामलीला का हुआ शुभारंभ

भनवापुर (एसएनबी)। विकासखंड भगवानपुर के गोपिया गांव मे दस दिवसीय रामलीला कार्यक्रम का शुभारंभ सोमवार की रात किया गया। प्रथम रात्रि स्थानीय कलाकारों द्वारा भगवान शिव की भव्य झांकी से रामलीला का शुभारंभ किया गया।ब्रह्मदेव मंदिर पर स्वतंत्र जन सेवा समिति एवं दुर्गा पूजा समिति के तत्वावधान में आयोजित श्रीरामलीला में कलाकारों द्वारा दिखाया गया कि नारद जी तपस्या करने बैठ जाते हैं, जिसके कारण राजा इंद्र का सिंहासन हिलने लगता है। इंद्र जी नारद जी की तपस्या भंग करने के लिए अपने सेवकों और परियों को भेजते हैं।लेकिन कोई भी नारद जी की तपस्या को भंग नहीं कर पाता है।तब अंत में कामदेव नारद जी की तपस्या को भंग करने के लिए जाते हैं। लेकिन वह भी तपस्या भंग नहीं कर पाते हैं।इसी बात का नारद जी को घमंड हो जाता है और वह बारी-बारी से भगवान ब्रह्मा, विष्णु और शंकर जी से कहते हैं कि हमने कामदेव को जीत लिया है। भगवान विष्णु उनके घमंड को दूर करने के लिए नारद जी के कहने पर हरि अर्थात बंदर का स्वरूप दे देते हैं, जैसे ही नारद जी उसे रूप को लेकर राजा शील निधि की पुत्री के स्वयंवर में पहुंचते हैं वहां उनका उपहास होने लगता है। और इस तरह नारद जी का घमंड चूर-चूर हो जाता है। इस दौरान सुशील पांडेय,मनीष पांडेय, लवकुश यादव,विजय यादव,शिव कुमार गुप्ता,मन बाबू चौरसिया, कल्लू गुप्ता, जगदीश पाण्डेय आदि मौजूद रहे।

नवरात्र में जगमग हुआ चौराहा

गोल्हौरा (एसएनबी)। बांसी तहसील व ब्लाक क्षेत्र के जिगनिहवा (मझवन खुर्द) चौराहे व गांव को समाजसेवी मोनू जायसवाल ने नवरात्र में 30 हाई मैक्स 50 वाट, 30 एलईडी बल्ब 20 वाट व तीन हाई मैक्स 120 वाट का लगवाकर रोशनी से जगमग कर दिया है। जिसकी गांव, चौराहा ही नही बल्कि पूरे क्षेत्र के लोग खूब सराहना कर रहे हैं। जो कार्य ग्राम पंचायत से लगायत संसद तक के जनप्रतिनियों के मद से होना था, वह कार्य मोनू जायसवाल ने स्वयं के धन से कर दिखाया है। बीते एक माह से चोरी की घटनाओं के लेकर ग्रामीण गांव व चौराहे पर लाइट लगवाने के लिए लोग जनप्रतिनिायों से कह रहे थे, जिसे न होता देख मोनू ने यह कार्य किया है। फिलहाल जो भी हो मोनू ने कहा कि इसी तरह अपने सामर्थ्य के अनुसार निःस्वार्थ भाव से समाज सेवा करता रहूंगा।

बाल व किशोर श्रम के विरुद्ध डीटीएफ का चला अभियान

सिद्धार्थनगर(एसएनबी)। अलीगढ़वा, बर्डपुर एवं नौगढ़ में बाल एवं किशोर श्रम के विरुद्ध अभियान चलाकर 12 किशोर श्रमिकों को चिन्हांकित कर 11 नियोजकों राजेश किराना अलीगढ़वा, हलीम भाई किराना स्टोर अलीगढ़वा, अफसार कलेक्शन अलीगढ़वा, चांद कास्मेटिक अलीगढ़वा, किराना स्टोर अलीगढ़वा, अमन स्वीट्स एंड बेकर्स अलीगढ़वा, वेल्डिंग वर्क्स अलीगढ़वा, जीशान गारमेंट्स अलीगढ़वा, हाजी असलम कास्मेटिक अलीगढ़वा, चौरसिया ट्रेडर्स उसका रोड नौगढ़ एवं बिस्मिल्लाह मुरादाबादी चिकन बिरयानी बर्डपुर को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। श्रम प्रवर्तन अधिकारी उज्ज्वल त्रिपाठी ने बताया कि जिलाधिकारी के निर्देश पर जनपद में बाल एवं किशोर श्रम के विरुद्ध अभियान चलाया जा रहा है। जिसके क्रम में 12 किशोर श्रमिकों को चिन्हांकित कर 11 नियोजकों को कारण बताओ नोटिस जारी की गई है। उन्होंने बताया कि बाल एवं किशोर श्रम के विरुद्ध लगातार अभियान चलाकर नियोजकों के विरुद्ध कार्यवाही की जा रही है। अभियान में मुख्य रूप से श्रम प्रवर्तन अधिकारी उज्ज्वल त्रिपाठी, वरिष्ठ सहायक गौरी दत्त तिवारी, एएचटीयू उपनिरीक्षक लक्ष्मण प्रसाद, आरक्षी आशुतोष सिंह शामिल रहे।

बी.ए. एलएल.बी. की काउंसलिंग 25 से

कपिलवस्तु(एसएनबी)। सिविवि में बी.ए. एलएल.बी. पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु काउंसलिंग की प्रक्रिया 25 सितम्बर से प्रारंभ हो रही है। विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर 15 सितम्बर तक जिन विद्यार्थियों ने आवेदन किया है, उनका प्रवेश काउंसलिंग के माध्यम से किया जाएगा।विद्यार्थियों एवं अभिभावकों की मांग को देखते हुए आवेदन पंजीकरण हेतु पोर्टल पुनः खोला गया है। यह पोर्टल 30 सितम्बर तक खुला रहेगा। जो अभ्यर्थी 30 सितम्बर तक पंजीकरण कर लेंगे, उनकी मेरिट सूची 30 सितम्बर के बाद जारी की जाएगी तथा उनके प्रवेश भी काउंसलिंग प्रक्रिया के माध्यम से कराए जाएंगे। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलसचिव दीनानाथ यादव, बी.ए. एलएल.बी. पाठ्यक्रम की संयोजक डा. नीता यादव सहित विश्वविद्यालय के शिक्षकगण उपस्थित रहे।

शोहरतगढ़ में दुर्गा पूजा संचालन समिति का हुआ गठन

बानगंगा(एसएनबी)। आदर्श नगर पंचायत शोहरतगढ़ कस्बा में एक बार फिर शोहरतगढ़ दुर्गा पूजा संचालन समिति के पदाधिकारियों के चयन को लेकर प्रशासनिक अधिकारियों के उपस्थिति में काफी गहमा गहमी के बीच मंगलवार की सायंकाल श्रीराम जानकी मंदिर परिसर शोहरतगढ़ में एक बैठक आयोजित की गई।बैठक में सर्वसम्मति से दुर्गा पूजा संचालन समिति का गठन किया गया जिसमें अध्यक्ष- सतीश मित्तल, उपाध्यक्ष -जयप्रकाश वर्मा, महामंत्री- किशोरी लाल गुप्ता को चुना गया।गठित संचालन समिति के सदस्य नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि रवि अग्रवाल ने कहा कि हम सभी को आपस में मिल जुलकर एक दूसरे की भावनाओं का आदर करते हुए आसुरी शक्तियों का विनाश करने वाली मां जगत जननी के नवरात्र पर्व को सकुशल संपन्न कराने में सभी नगरवासी अपना योगदान दे ताकि शोहरतगढ़ की शोहरत बरकार रहें।

शिवपूजन की हत्या बेटी व दामाद ने संपति की लालच में किया

घटना को अंजाम देने वाले बेटी व दामाद गिरफ्तार

सिद्धार्थ नगर(एसएनबी)। जिले के खेसरहा थाना व सर्विलांस टीम के हाथ एक बड़ी सफलता हाथ लगी है।पुलिस टीम ने खेसरहा थानाक्षेत्र के ग्राम गेंगटा के पास खेत में एक वृद्ध की हत्या किए जाने की घटना का सफल अनावरण करते हुये घटना मे संलिप्त 2 अभियुक्तों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल किया है।वृद्ध की हत्या किसी और ने नहीं बल्कि उसकी बेटी और दामाद ने संपति की लालच में किया था।

पुलिस लाइन स्थित सभागार में पत्रकारों से वार्ता करते हुए एएसपी प्रशांत कुमार ने बताया कि 19/20 की रात्रि में थाना खेसरहा क्षेत्रान्तर्गत ग्राम गेंगटा के पास खेत मे शिवपूजन लोधी पुत्र झिंगुर निवासी कोटिया पाण्डेय थाना खेसरहा जनपद सिद्धार्थनगर की अज्ञात व्यक्तियो द्वारा निर्मम हत्या कर दी गयी थी । घटनास्थल पर फोरेन्सिक टीम सिद्धार्थनगर व सर्विलांस सेल टीम के सहयोग से साक्ष्य संकलन करते हुए उक्त मृतक के शव को कब्जा पुलिस लेकर पंचायतनामा/ पोस्टमार्टम की कार्यवाही करायी गयी थी । इस सूचना पर उच्चाधिकारी गणों द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण किया गया।घटना का खुलासा करने के लिए विदेश टीम का गठन किया गया।

गठित की गई टीम द्वारा उच्चकोटि की पतारसी, सुरागरसी करते हुये वैज्ञानिकध्इलेक्ट्रनिक साक्ष्यों का संकलन किया गया, साक्ष्यों के आधार पर घटना कारित करने वाले प्रकाश मे आये अभियुक्त मनोज पुत्र ब्रम्हा व कविता पत्नी मनोज निवासीगण कोटिया पाण्डेय थाना खेसरहा जनपद सिद्धार्थनगर को ग्राम कुडज़ा से गिरफ्तार कर लिया गया तथा जब कडाई से पूछताछ किया गया तो अपना जुर्म स्वीकार करते हुए सम्पत्ति न मिलने व मृतक द्वारा पुनः दुसरी पत्नी लाने की आशंका के कारण हत्या करना बताये तथा अभियुक्तो की निशानदेही पर घटना मे प्रयुक्त आला कत्ल अभियुक्त का जूता व पत्थर बरामद करते हुये उक्त सनसनीखेज घटना का सफल अनावरण किया गया ।

जानकारी देते एएसपी। फोटो : एसएनबी

अपर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि पकड़े गए अभियुक्त कविता व मनोज द्वारा पूछताछ में बताया कि मृतक शिवपूजन पुत्र झींगुर निवासी कोटिया पाण्डेय मेरे पिता व मेरे ससुर थे । मृतक शिवपूजन की पत्नी सुराती देवी मृतक से शादी के समय कविता को अपनी गोद मे लेकर आयी थी मृतक को पुत्री कविता के अलावा दुसरी पुत्री सरिता उम्र करीब 11 वर्ष जो मृतक से पैदा हुई थी जो अर्धविक्षिप्त है तथा बोल नही पाती है । सुराती देवी की मृत्यु करीब 1 वर्ष पहले हो चुकी है । अभियुक्तगण द्वारा बताया गया कि मृतक शिवपूजन अपनी सम्पत्ति अपने पुत्री कविता व दामाद मनोज को नही देना चाहता था व दुसरी महिला लाने की फिराक मे था तथा ग्राम कोटिया पाण्डेय मे स्थित मकान व जमीन बेचना चाहते थे । कविता व मनोज मृतक शिवपूजन के पास खेत मे जहा शिवपूजन अपने मचान पर रहकर खेत की रखवाली व सब्जी की खेती करते थे ।19/20 की रात्रि समय करीब 9 बजे रात को पहुचकर जमीन न बेचने व दुसरी महिला न लाने के संबंध मे बातचीत करने लगे तथा अपने पिता की सेवा व देखभाल की जिम्मेदारी अपने ऊपर लेने की बात करने लगे परन्तु मृतक शिवपूजन नाराज होकर कविता व मनोज को डांट कर भगाते हुए गांव के मकान बेचने व दुसरी महिला लाने की जिद करने लगा । इसी बात से नाराज होकर अभियुक्तगण मृतक की पुत्री कविता व दामाद मनोज द्वारा मृतक शिवपूजन की हत्या कर दी गई । ताकि सम्पत्ति का वारिसान कविता हो जाये और मृतक की संपत्ति का पुत्री व दामाद उपभोग कर सके ।अभियुक्त को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में अनुप कुमार मिश्र थानाध्यक्ष खेसरहा,हरेन्द्र चौहान प्रभारी सर्विलांस जनपद सिद्धार्थनगर , उप निरीक्षक राघवेन्द्र प्रताप यादव थाना खेसरहा जनपद सिद्धार्थनगर, मुख्य आरक्षी जनार्दन, विवेक, कांस्टेबल पुष्पेन्द्र , अभिनन्दन, संजीव धर्मेन्द्र कुमार, चन्दन सिंह, मुख्य आरक्षी ज्योति तिवारी शामिल रही।

दीनानाथ बने सिविवि के परीक्षा नियंत्रक

कपिलवस्तु(एसएनबी)। सिविवि में शासन द्वारा जारी आदेश के क्रम में विभिन्न विश्वविद्यालयों में कुलसचिव एवं परीक्षा नियंत्रकों की नियुक्ति की गई है। इसी क्रम में सिविवि में उप कुलसचिव पद पर कार्यरत एवं वर्तमान में कुलसचिव के दायित्व का अतिरिक्तप्रभार संभाल रहे दीनानाथ यादव को पदोन्नति के माध्यम से विविका परीक्षा नियंत्रक नियुक्त किया गया है। उन्होंने अपना पदभार ग्रहण किया है।

कुलपति प्रो. कविता शाह ने उन्हें पदभार ग्रहण कराया तथा कहा कि परीक्षा नियंत्रक का दायित्व अत्यंत महत्वपूर्ण है। परीक्षा नियंत्रक पद रिक्तरहने से जो कठिनाई उत्पन्न हो रही थी, वह अब दूर हो सकेगी और परीक्षा व मूल्यांकन कार्य और अधिक सुचारू रूप से संचालित होंगे।

नई जिम्मेदारी प्राप्त करने पर दीनानाथ यादव ने कहा कि मैं इस दायित्व को सिविवि के विद्यार्थियों के हित की दृष्टि से पूरी निष्ठा और संवेदना के साथ अपने दायित्व निभाऊँगा। परीक्षा और परिणाम की प्रक्रिया समयबद्ध एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने हेतु मेरा सतत प्रयास रहेगा।इस अवसर पर विश्वविद्यालय के आइक्यूएसी निदेशक, समस्त अधिष्ठाता, विभागाध्यक्ष, शिक्षकगण एवं कर्मचारीगण और परीक्षा समिति के सदस्यों ने यादव को बधाई एवं शुभकामनाएँ प्रेषित कीं। यह जानकारी सूचना एवं जनसंपर्क कार्यालय, सिविवि द्वारा जारी की गई है।

आईसीएआर की गलत नीतियों को लेकर धरना प्रदर्शन

डुमरियागंज (एसएनबी)। अखिल भारतीय कृषि विज्ञान केन्द्र एवं एक्रिप फोरम के आवास पर देश के सभी कृषि विज्ञान केंद्रों पर कृषि वैज्ञानिकों ने अपनी मांगों को लेकर शांतिपूर्ण ढंग से विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। कृषि विज्ञान केन्द्र सोहना के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डॉ. ओमप्रकाश के नेतृत्व में केन्द्र के सभी वैज्ञानिक एवं कर्मचारियों ने धरना प्रर्दशन किया। इस दौरान डॉ. ओम प्रकाश ने बताया कि भारत एक कृषि प्रधान देश है जिसकी लगभग 60 प्रतिशत से अधिक आबादी प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से कृषि पर निर्भर है। कृषि को उन्नत बनाने के लिए सरकार द्वारा 1974 में तमिलनाडु कृषि विश्वविद्यालय के अंतर्गत प्रथम कृषि विज्ञान केंद्र की स्थापना पांडुचेरी में की गई। कृषि विज्ञान केंद्र का कृषि में योगदान देखते हुए देश के प्रत्येक जिले में एक कृषि विज्ञान केंद्र की स्थापना की गई और कुछ बड़े जनपदों में दो कृषि विज्ञान केंद्र की स्थापना की गई, जिनकी संख्या वर्तमान में 731 है। कृषि विज्ञान केन्द्रों का 100 प्रतिशत वित्त पोषण भारत सरकार द्वारा भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के माध्यम से करता है। 731 कृषि विज्ञान केंद्रों में लगभग केवल नौ प्रतिशत (66) कृषि विज्ञान केन्द्र भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के अंतर्गत संचालित हैं। इसके अलावा लगभग 91 प्रतिशत (665) कृषि विज्ञान केंद्र राज्य कृषि विश्वविद्यालयों एवं गैर सरकारी संगठनो के अंतर्गत संचालित है। देश के सभी कृषि विज्ञान केन्द्रों के मिशन, मैंडेट एवं कार्य एक समान है लेकिन भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद अपने कृषि विज्ञान केन्द्रों के कर्मचारियों को समय से प्रोमोशन, पेंशन, ग्रैट्यूटी आदि सभी सुविधाएं दे रहे हैं, लेकिन गैर आईसीएआर कृषि विज्ञान केन्द्रों को भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद समय से प्रमोशन, पेंशन एवं ग्रैट्युटी आदि जैसी आवश्यक सुविधाओं से केन्द्रों के कर्मचारियों को वंचित रख कर उनको प्रताड़ित किया जा रहा है। आईसीएआर अपने कृषि विज्ञान केन्द्रों के कर्मचारियों को सभी लाभ दे रहा है और उसी काम के लिए गैर आईसीएआर कृषि विज्ञान केंद्रों के कर्मचारियों को सभी लाभों से वंचित करना संविधान सम्मत नहीं है। क्योंकि समान कार्य के लिए समान वेतन के नियम का उल्लंघन हो रहा है। इस दौरान डा. प्रदीप कुमार, डा. प्रवीण कुमार मिश्र, डा. सर्वजीत, डा. शेष नारायण सिंह, डा. प्रवेश कुमार देहाती, डा. मार्कडेय सिंह आदि मौजूद रहे।

आदिशक्ति मां जोगमाया की महिमा अपरंपार

जोगिया (एसएनबी)। मां जोगमाया के मंदिर पर आए आपकी सारी मनोकामना पूर्ण होगी ऐसा माता जी की महिमा है। मां जोगमाया मंदिर जनपद मुख्यालय सिद्धार्थनगर के दक्षिण बूढ़ी राप्ती नदी के समीप जोगिया गांव में स्थित है ।वर्तमान में जोगिया चौराहे से पूरब एक किलोमीटर पर मां का ऐतिहासिक मंदिर है। जोगिया गांव के कुछ बुजुर्ग बताते हैं कि देखा तो नहीं परंतु अपने बुजुर्गो से हम लोगों ने भी सुना है की गांव के ही लोकेश कर पाठक जी जो बड़े ही तपस्वी व्यक्ति थे उन्हीं के द्वारा विंध्याचल से माँ की मूर्ति लाई गई थी ,जो आज जहां पर मंदिर स्थित है वहीं पर रखकर पूजा अर्चना की जा रही थी ।जिसे बाद में बांसी नरेश द्वारा इस स्थल पर विशाल मंदिर का निर्माण कर मां की मूर्ति स्थापित की गई ।जिसकी पूजा का दायित्व जोगिया निवासी कर पाठक परिवार को दी गई जो परंपरा आज भी चली आ रही है। लोगों का विश्वास है तथा मां जोगमाया की पा भी है कि जो भी इस मंदिर पर अपनी मनोकामना पूर्ण हेतु आया वह खाली हाथ नहीं गया। मंदिर के प्रांगण में सोमवार और शुक्रवार के दिन विशेष रूप से कढ़ाई चढ़ा कर उनकी पूजा अर्चना की जाती है ।तथा आसपास के एवं दूर दराज के काफी लोग अपने बच्चों के मुंडन संस्कार करने हेतु भी मंदिर पर आते हैं । नवरात्र के दिनों में यहां भक्तों की काफी भीड़ होती है तथा कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर मंदिर प्रांगण पर विशाल मेला लगता है। मंदिर के प्रांगण में सारी सुविधाएं है । धर्मशाला , अतिथि गृह, आदि ।आजकल मंदिर पर आने के लिए काफी सुविधाजनक सड़क का निर्माण भी हो गया है अब सीधे जोगिया चौराहे से नहर की पटरी मार्ग से होते हुए मंदिर आराम से पहुंच सकते हैं सवारी की भी कोई दिक्कत नहीं है आपको ई रिक्शा हर समय मौजूद मिलता है ।

राजकीय आयुर्वेद दिवस पर हुआ निःशुल्क दवा वितरण

डुमरियागंज(एसएनबी)। राजकीय युनानी अस्पताल बिथरिया से संबद्ध डुमरियागंज क्षेत्र के ग्राम बहेरिया में निःशुल्क दवा वितरण शिविर लगाया गया। शिविर में 153 लोग लाभान्वित हुए।प्रभारी चिकित्साधिकारी डा लालमणि व योग प्रशिक्षक वेद प्रकाश पाण्डेय ने कहा कि आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धति से इलाज बहुत कारगर माना जाता है। इस दौरान फर्मासिस्ट मोहम्मद रफीक, प्रधान संघ अध्यक्ष दिलीप पाण्डेय, मनोज गौतम, चिनमुन यादव, जुग्गी लाल गौतम, ज्ञानदास आदि मौजूद रहे।

खुनियांव प्रतिनिधि के अनुसार स्थानीय विकास खण्ड सभागार में दसवें राजकीय आयुर्वेद दिवस पर आयुर्वेदिक अस्पताल राजपुर के तत्वावधान में रोगियों को दवा के साथ योग क्रिया भी कराई जा रही है। प्रभारी चिकित्साधिकारी मीनू सोनी ने बताया कि रोगियों के स्वास्थ्य में सुधार और उपचार प्रक्रिया को बेहतर बनाने के लिए योग अत्यंत आवश्यक है। मंगलवार को खुनियांव ब्लाक सभागार में लगभग 124 मरीजों को योग क्रिया की जानकारी के साथ ही दवा का वितरण किया गया है।

ADMISSION OPEN
BCA
MCA MBA
PGDCA B.Sc.(IT)
BBA पॉलीटेक्निक
B.A.,M.A.,B.Com.,M.Com.,B.Sc.,M.Sc.
Contact :-
IIEIT
☎ : 0551-2203245
Hariom Nagar (Gate No.-1) Civil Lines, Gorakhpur
M : 9936187530, 9415066633, 8090673671

डुमरियागंज सर्किल में चोरी की घटनाओं से दहशत

डुमरियागंज (एसएनबी)। डुमरियागंज सर्किल क्षेत्र में लगातार हो रही चोरी की वारदातों ने ग्रामीणों में दहशत का माहौल बना दिया है। चोरों का आतंक इस कदर बढ़ गया है कि लोग अब अपनी और अपने घर की सुरक्षा के लिए रात-रात भर जागकर पहरेदारी करने को मजबूर हैं। कुछ समय के लिए चोरी की घटनाओं में कमी आने से लोग थोड़ा शांत हो गए थे, लेकिन एक बार फिर हुई चोरी की वारदात ने ग्रामीणों की रातों की नींद उड़ा दी है।

मिली जानकारी के अनुसार सोमवार और मंगलवार की दरमियानी रात को चोरों ने हल्लौर गांव में आने का शोर हुआ। गांव वालों ने भागते हुए लोगों को देखा भी लेकिन कुछ ही देर बाद अंधेरे में ओझल हो गए। इस घटना ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि चोर बेखौफ होकर अपनी वारदातों को अंजाम दे रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि पुलिस की गश्त पर्याप्त नहीं है, जिसके कारण चोरों को आसानी हो रही है। इस घटना के बाद से ग्रामीण और भी सतर्क हो गए हैं।ग्रामीणों का कहना है कि वे इस समस्या को लेकर कई बार पुलिस से शिकायत कर चुके हैं, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो रही है। उन्होंने प्रशासन से इस मामले में तत्काल हस्तक्षेप करने और क्षेत्र में पुलिस गश्त बढ़ाने की मांग की है, ताकि लोग सुरक्षित महसूस कर सकें। ग्रामीणों ने यह भी कहा कि अगर यही हाल रहा तो वे अपने घरों में चैन से नहीं सो पाएंगे।चोरी की इस ताजा घटना ने लोगों को फिर से संगठित होकर रात में पहरा देने के लिए मजबूर कर दिया है। ग्रामीण लाठी-डंडे लेकर टोलियों में बंटकर अपने-अपने मोहल्लों और गलियों की निगरानी कर रहे हैं। यह स्थिति न केवल ग्रामीणों के लिए चिंताजनक है, बल्कि प्रशासन के लिए भी एक बड़ी चुनौती है।

हल्लौर में लगा कांग्रेस का हस्ताक्षर कैम्प

कांग्रेस का वोट चोर गद्दी छोड़ अभियान के तहत पार्टी के स्थानीय इकाई के लोगों ने लगाया शिविर

बेंवा (एसएनबी)। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर पूरे देश में चलाए जा रहे श्वोट चोर गद्दी छोड़ अभियान के तहत, कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने डुमरियागंज तहसील क्षेत्र के हल्लौर गांव में एक हस्ताक्षर कैम्प का आयोजन किया। इस अभियान का उद्देश्य वोट चोरी के खिलाफ लोगों को जागरूक करना और इस समस्या को चुनाव आयोग के संज्ञान में लाना है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष काजी सुहेल अहमद की अगुवाई में आयोजित इस कैम्प में सैकड़ों लोगों ने हस्ताक्षर कर अपना समर्थन दिया। मंगलवार को आयोजित शिविर में जिला अध्यक्ष कांग्रेस कमेटी काजी सुहेल अहमद ने उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए कहा की हस्ताक्षर अभियान के तहत एकत्रित किए गए परिपत्रों को उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के माध्यम से भारत निर्वाचन आयोग को भेजा जाएगा। उन्होंने ने कहा, हमारा लोकतंत्र प्रत्येक वोट की शक्ति पर आधारित है। लेकिन आज यह नींव ही खतरे में है। जिला अध्यक्ष लगाया कि विभिन्न विधानसभाओं में लाखों वास्तविक मतदाताओं के नाम सूची से गायब हैं, जबकि लाखों फर्जी नाम दर्ज किए गए हैं।सुहेल अहमद ने आगे बताया कि कांग्रेस पार्टी 15 अक्टूबर तक पूरे देश में पाँच करोड़ लोगों से हस्ताक्षर कराने का लक्ष्य लेकर चल रही है। उन्होंने कहा, ष्हम इन हस्ताक्षरों को भारत निर्वाचन आयोग को सौंपकर उनसे इस वोट चोरी को रोकने की मांग करेंगे। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि एक स्वस्थ लोकतंत्र के लिए पारदर्शी और निष्पक्ष चुनाव प्रक्रिया अत्यंत आवश्यक है। अभियान के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने लोगों को मतदाता सूचियों में अनियमितताओं के बारे में जानकारी दी और उन्हें अपने मताधिकार के महत्व के प्रति जागरूक किया। इस कार्यक्रम में जिला महासचिव आसिफ रिज्वी, कोषाध्यक्ष रियाज मनिहार, ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश चौबे, और अकबर अली सहित कई प्रमुख कार्यकर्ता मौजूद थे। इनके अलावा, मेंहदी रिज्वी, नौशाद एडवोकेट, राम नरेश, हाशिम कुरैशी, दीपू वाल्मीकि, शिवपूजन, अनवर मेंहदी, सलमान, और राजू जैसे अन्य कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे।

हस्ताक्षर कैंप में भाग लेते लोग। फोटो : एसएनबी

संक्षिप्त खबरें

त्योहार को लेकर पुलिस ने की चौकीदारों के साथ की बैठक

पथरा बाजार (एसएनबी)। क्षेत्र में चल रहे त्योहार दुर्गा पूजा व दशहरा के दृष्टिगत स्थानीय थाना पर ग्राम चौकीदार के साथ पीस कमेटी की बैठक संपन्न हुई। क्षेत्राधिकारी डुमरियागंज बृजेश कुमार वर्मा के निर्देशन व थानाध्यक्ष अमित कुमार की उपस्थिति में स्थानीय थाना पर नवरात्रि तथा दशहरा त्योहार के दृष्टिगत ग्राम प्रहरियों के साथ पीस कमेटी की बैठक संपन्न हुई। बैठक में क्षेत्र के ग्राम चौकीदारों से त्यौहार को शांतिपूर्ण व सौहार्दपूर्वक मनाये जाने में पूर्ण सहयोग की अपील की गयी। बैठक में मौजूद सभी चौकीदार से त्यौहार के दृष्टिगत शासन द्वारा प्राप्त गाइडलाइन की जानकारी दी गयी। सभी सदस्यों को उनके जिम्मेदारियों से अवगत कराया गया।

नवरात्र में फल विक्रेताओं की चांदी

डुमरियागंज (एसएनबी)। इस नवरात्र में फल विक्रेताओं की चांदी सी हो जाती है। केला, सेब, अनार आदि फलों के दाम स्थानीय तहसील मुख्यालय सहित क्षेत्र के बाजारों, सार्वजनिक स्थानों पर आसमान छूने लगे हैं। व्रत रखने वाले लोगों के आवश्यकताओं का फायदा उठाते हुए फलों के दामों में बेतहाशा वृद्धि करके फल विक्रेता मालामाल होने की कोशिश में लग गये हैं। क्योंकि नवरात्र व्रत धारण करने वाले को फलों का ही सेवन करना पड़ता है। फल व्यवसायी भली भांति जानते हैं कि दाम चाहे जितना बढ़ा दिया जाय फल खरीदना लोगों के लिए मजबूरी है। जिसका फायदा उठाने से यह दुकानदार नहीं चूक रहे हैं। प्रशासन से इस ओर ध्यान दिये जाने की नागरिकों ने मांग की है।

शांतिपूर्ण तरीके से मनायें दुर्गा पूजा व विजयदशमी

बिस्कोहर (एसएनबी)। चौकी बिस्कोहर पर थानाध्यक्ष त्रिलोकपुर रामदेव के अगुवाई में पीस कमेटी की बैठक की गई। जिसमें नगर पंचायत बिस्कोहर तथा क्षेत्र के दुर्गा पूजा सीमित कार्य कर्ता गण मौजूद रहे। थानाध्यक्ष ने सभी को शान्ति पूर्वक मनाने के लिए अपील करते हुए कहा कि कोई व्यक्ति किसी प्रकार का दुर्गा पूजा में उत्पात मचाने का प्रयास करता है तो तत्काल प्रभाव से चौकी प्रभारी को सूचना दें। ताकि मौके पर पहुंचे सके। कोई संदिग्ध व्यक्ति दिखाई दे तो तत्काल सूचना दें। आपस में भाई चारा का गंगा जामुनी तहजीब कायम रखें और संदेश समाज में अच्छी तरह जाए। इस मौके पर थानाध्यक्ष रामदेव, चौकी प्रभारी वशिष्ठ नारायण श्रीवास्तव, इंद्रजीत सिंह, नगर के भीम सोनी , ननकन पांडेय, शिवम त्रिपाठी, राजा, संतोष कुमार जायसवाल, अमरेश कुमार पासवान आदि लोग मौजूद रहे।

लंपी बीमारी से पशुपालक चिंतित

उसका बाजार(एसएनबी)। लंपी वायरस एक गंभीर बीमारी है। जो क्षेत्र के गांव में पशुओं में तेजी से फैल रहा है। ब्लक क्षेत्र के चनरैया गांव में कई पशु इस बीमारी से ग्रसित हो चुके हैं। राजकीय पशु चिकित्सालय उसका बाजार पर तैनात पशुचिकित्सा अधिकारी ड अनिमेष मिश्र ने बताया कि इस बीमारी में सबसे पहले पशुओं की त्वचा पर चकत्ते और गांठें उभर आती हैं। लंपी वायरस से बचाव और उपचार के लिए कई महत्वपूर्ण उपाय हैं। इस वायरस से प्रभावित पशुओं को स्वस्थ पशुओं से अलग रखना और पशुधन क्षेत्रों में नियमित रूप से कीटाणुनाशक का छिड़काव करना आवश्यक है। इसके अतिरिक्तपशुओं को मक्खी, मच्छर, और जूं से बचाने के लिए भी उपाय करने चाहिए।बीमार पशुओं को स्वस्थ पशुओं से अलग रखना संक्रमण के प्रसार को रोकने का एक महत्वपूर्ण प्रयास है।लंपी वायरस के खिलाफ टीकाकरण एक प्रभावी रोकथाम उपाय है। उन्होंने यह भी बताया कि राजकीय पशु चिकित्सालय उसका बाजार को 13 सितंबर को लंपी वायरस से बचाव हेतु 700 टीका प्राप्त हुआ था। जिसमें 350 डोज गौशाला में तथा 350 डोज लक्ष्नपुर, केवटलिया, खैरा, सुगही, मदनपुर, महुलानी, चूरीहारी में लगाया गया है। 23 सितंबर को और टीका मिलने की उम्मीद है। ज्ञातव्य हो कि लंपी वायरस से प्रभावित गांव चनरैया विकास खंड उसका बाजार अंतर्गत स्थित है परन्तु राजकीय पशु चिकित्सालय सोहास के कार्य क्षेत्र के अंतर्गत है।

पांच दिवसीय एकीकृत प्रशिक्षण संपन्न

सिद्धार्थनगर(एसएनबी)। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान बांसी के सभागार में परिषदीय प्राथमिक शिक्षकों का चल रहा एकीत प्रशिक्षण श्श्सम्पूर्णश्श के प्रथम बैच का समापन मंगलवार को हुआ। इसमें शिक्षकों को प्रशिक्षण में मिली जानकारी विद्यालयों तक पहुंचाने के लिए प्रेरित किया गया। प्रभारी प्राचार्य लालजी कुमार पांडेय ने कहा कि प्रशिक्षण में मिली नवीन शिक्षण पद्धतियों की जानकारी विद्यालय में लागू करें। डायट प्राचार्य उमेश त्रिपाठी के निर्देशन में संचालित इस प्रशिक्षण में सन्दर्भदाता के रूप में डायट प्रवक्ता मंजुला यादव, महेंद्र कुमार यादव , पंकज कुमार व अनिल कुमार बिंद ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस दौरान मो. युनुस, सतीश कुमार धवन, धर्मेंद्र कुमार, अनुराग कुमार श्रीवास्तव ड प्रतिभा सिंह, अंजना वर्मा व फुरकान अहमद उपस्थित रहे।

समय से पूर्ण करें मतदाता पुनरीक्षण कार्य : एसडीएम

खुनियांव (एसएनबी) ।निर्धारित समय सीमा के अंदर सभी बी एल ओ मतदाता पुनरीक्षण का कार्य अवश्य पूर्ण करें।सभी पर्यवेक्षक तथा बूथ लेवल अधिकारी गम्भीरता से अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करें।घर -घर जाकर सर्वे करके भौतिक सत्यापन करने के बाद ही नए मतदाताओं का नाम जोड़ने व मृतकों का नाम काटने का कार्य किया जाय। उक्त जानकारी उपजिलाधिकारी इटवा कुणाल ने खुनियांव ब्लाक सभागार में आयोजित पर्यवेक्षक एवं बूथ लेवल अधिकारियों की बैठक में दिया है।उन्होंने बताया कि त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए मतदाता सूची तैयार करने का कार्य चल रहा है।यह कार्य बहुत ही महत्वपूर्ण है।पूरी पारदर्शिता के साथ मतदाता सूची तैयार किया जाना चाहिए।संकलित सूची में परिवर्धन तथा विलोपन रजिस्टर पर अंकित जरूर करते रहें।इसकी जानकारी समय से ब्लाक पर दिया जाना आवश्यक है। किसी प्रकार की कठिनाई होने पर मुझसे मिलकर समस्या का समाधान करा सकते हैं। इस बैठक में भारी संख्या में बीएलओ तथा पर्यवेक्षक उपस्थित रहे।

ईओ ने दिया सफाई का निर्देश

उसका बाजार(एसएनबी)। नवरात्र पर्व पर धार्मिक स्थलों पर सफाई व्यवस्था दुरुस्त रखे। यह निर्देश नगर क्षेत्र में सफाई व्यवस्था का जायजा लेने पहुँचे ईओ अभिनव श्रीवास्तव ने दिया है। उन्होंने कहा कि नगर क्षेत्र के मंदिरों, दुर्गा पंडालों के पास साफ सफाई व्यवस्था चुस्त दुरुस्त रखे । किसी तरह की खामी मिलने पर सम्बंधित के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी।

जनपदीय कबड्डी प्रतियोगिता आयोजित

जोगिया(एसएनबी) ।महात्मा गौतम बुद्ध उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जोगिया में आज जनपदीय बालक बालिका कबड्डी खेल प्रतियोगिता का आयोजन हुआ इस अवसर पर प्रतियोगिता का उद्घाटन प्रभारी जिला विद्यालय निरीक्षक दयाशंकर यादव ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन कर शुभारंभ किया विद्यालय के प्रधानाचार्य बृजेश कुमार द्विवेदी ने आए हुए अतिथियों का माल्यार्पण और बैज लगाकर स्वागत किया इस आयोजन में जिले की कल 29 टीमों ने प्रतिभाग किया। प्रभारी जिला विद्यालय निरीक्षक दयाशंकर यादव ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और अपने संबोधन में उन्होंने छात्र-छात्राओं को टीम भावना से प्रतिस्पर्धा के साथ अपने खेल कौशल के द्वारा जिले का नाम राष्ट्रीय फलक पर ले जाने की शुभकामना दिया है।इस अवसर पर प्रधानाचार्य,जनता इण्टर कालेज बनियाडीह के आलोक त्रिपाठी,श्री सिंहेश्वरी इण्टर कलेज तेतरी बाजार के प्रधानाचार्य विनय अनमोल,मुस्लिम इण्टर कलेज के प्रधानाचार्य तारिक अहमद, प्रधानाचार्य श्री दुर्गा जी पटेश्वरी इंटर कलेज पटनी जंगल डा शेष नारायण पाण्डेय,तिलक इंटरमीडिएट कलेज बांसी के प्रधानाचार्य ड धर्मेन्द्र मिश्रा ,जय किसान इंटर कलेज सकतपुर सनई के प्रधानाचार्य जयराम यादव , ब्रजेश्वरी इण्टर कालेज के प्रधानाचार्य उपेन्द्र मौर्य, जनता इण्टर कलेज असिधवा के प्रधानाचार्य सुनील कुमार रंजन ,विद्यालय के प्रबंधक प्रतिनिधि रामसेवक साहनी ,विद्यालय के शिक्षक श्री पंकज कुमार द्विवेदी ,श्याम सुंदर मल्ल, अरुण लाल श्रीवास्तव जुगल किशोर मिश्रा ,अंगद प्रसाद सोनाली देवी, शिक्षणेत्तर कर्मचारी लिपिक दिनेश धर द्विवेदी, दुर्गेश, राजन कुमार गौड़, मुनीराम लोधी, शीतल प्रसाद मिश्र ,विशाल पाठक , क्रीड़ा सचिव दौलत बाबू गुप्ता,स्पर्श वर्मा,सुनील चौरसिया ,चंद्रभान मौर्य, आशीष दयाल,बेबी मिश्रा,अमरजीत,रीता यादव,विमलेश कुमारी ,राकेश चौधरी,जिला व्यायाम शिक्षक उपेंद्र उपाध्याय राजकुमार यादव,सत्य प्रकाश,सत्येंद्र गुप्त,माहेश्वरी कर पाठक सेवा निवृत्त व्यायाम शिक्षक जीशान खलील ,राजेंद्र प्रसाद नागेंद्र सिंह केशरी नंदन आदि उपस्थित रहे।

वैदिक मंत्रोच्चार के साथ खुला माँ दुर्गा का पट

सोहास बाजार। क्षेत्र में माँ दुर्गा जी की प्रतिमा पंडालों में स्थापित किया जा रहा है।इसके बाद वैदिक मंत्रोच्चार के साथ माता जी का पट खोला जा रहा है। शारदीय नवरात्र शुरू होते ही क्षेत्र के सोहास, गनेरा, महदेवा बाजार, सेखुईयाँ, सेमरहवा, उँन्चाहरिया, अमवा,धौरीकुइया, बसहवा, तेनुहवा, फुलवरिया खुर्द, फुलवरिया कला,जगदीश पुर ग्रांट आदि स्थानों पर भक्तगण पांडाल को सजा रहे हैं।बहुत से जगह माता जी को स्थापित कर विधि विधान से पट खोल कर पूजा अर्चना किया जा रहा है।नवरात्र में विभिन्न मंदिरों में भक्तों की भीड़ शुरू हो गई है।इस अवसर पर संपूर्णानंद पांडेय, जगराम गौतम सोहित गुप्ता, वार्ड नं 40 से जिला पंचायत सदस्य पद के भावी प्रत्याशी मनोज कुमार गुप्ता, इंद्र कुमार जायसवाल, राजू मौर्य, विनोद गुप्ता, प्रमोद गुप्ता, बिना जायसवाल, प्रकाश गुप्ता, गुलाब गुप्ता,विंध्याचल,जितेंद्र गुप्ता, दीपक लोधी, उपेंद्र जायसवाल, प्रिंस पांडेय, अविनाश पांडे, सच्चिदानंद पांडे, रामप्रीत गुप्ता, ओमप्रकाश गुप्त,अनील गुप्त, प्रभुनाथ यादव, पप्पू लोधी,प्रियंका वर्मा,रजनी वर्मा,मोनी,गुंजा देवी सहित लोगों का सहयोग सराहनीय रहा है।

बेंवा सीएचसी में मासिक समीक्षा बैठक, स्वास्थ्य सेवाओं पर जोर

बेंवा (एसएनबी)। डुमरियागंज तहसील क्षेत्र के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेंवा में मंगलवार को अधीक्षक डा. विकास चौधरी की अध्यक्षता में एक मासिक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में सभी एएनएम ने भाग लिया और स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण बिंदुओं पर गहन समीक्षा की गई।

अधीक्षक डा. चौधरी ने सभी स्वास्थ्य कर्मियों को अपनी जिम्मेदारियों को पूरी निष्ठा के साथ निभाने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि जमीनी स्तर पर स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार लाना हमारी प्राथमिकता है। बैठक में स्वास्थ्य नारी सशक्तिकरण परिवार अभियान 17 सितंबर से 2 अक्टूबर 2025, ट्रिपल ए की बैठक और आयुष्मान भारत हेल्थ अकाउंट आभा आईडी बनाने जैसे विषयों पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए।
इसके अतिरिक्त, एनसीडी स्क्रीनिंग, एचबीएनसी, एचबीवाईसी और एएनसी पंजीकरण की रिपोर्ट में सुधार लाने पर भी जोर दिया गया। डा. चौधरी ने एमडीएसआर और सीडीएसआर की रिपोर्ट को गंभीरता से लेने और वीएचएनडी के दौरान सभी आवश्यक जांचें सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। बैठक में टीबी मुक्त अभियान और परिवार नियोजन कार्यक्रमों को और अधिक प्रभावी बनाने पर भी चर्चा हुई। अधीक्षक ने सभी संबंधित कर्मियों को निर्देश दिया कि वे अगली समीक्षा बैठक में इन सभी विषयों पर सुधारात्मक रिपोर्ट प्रस्तुत करें।इस बैठक में वीरेंद्र यादव बीसीपीएम, राजेश कुमार एलटी, शोएब अख्तर बीएमसी यूनिसेफ, दरकशा यूनिसेफ मोहम्मद शाकिब एआरओ, संतोष कुमार त्रिपाठी, फील्ड मनिटर, तथा एएनएम प्रीति चौरसिया, किस्मती, प्रमिला, सायरा खातून और पूनम सहित कई अन्य स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित रहे।

डुमरियागंज का मंदिर चौराहा अब होगा और सुंदर

डुमरियागंज। डुमरियागंज नगर पंचायत का मंदिर चौराहा जल्द ही एक नए और आकर्षक रूप में नजर आएगा। यह पहल व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष सुगंध अग्रहरि के प्रयासों से शुरू हुई है। उन्होंने इस संबंध में जिलाधिकारी राजा गणपति आर से मुलाकात कर चौराहे के सौंदर्यीकरण का अनुरोध किया था। जिलाधिकारी ने तुरंत इस पर संज्ञान लेते हुए मंगलवार को अधिशासी अधिकारी सचिन पटेल को मौके का मुआयना करने का निर्देश दिया। निर्देश के बाद, ईओ सचिन पटेल ने पूरे मंदिर चौराहे का पैदल चलकर गहन निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पाया कि चौराहे पर कई जगहों पर सड़कें खराब और गड्ढों से भरी हुई हैं। उन्होंने तत्काल इन गड्ढों को आरसीसी से बनवाने का निर्देश दिया। इसके साथ ही, उन्होंने चौराहे के चारों ओर मौजूद सभी बिजली के खंभों पर लाइटिंग और तिरंगा लगाने का काम तुरंत शुरू करने के लिए भी कहा।ईओ ने यह भी सुनिश्चित किया कि सड़क के किनारे पीडब्ल्यूडी के सहयोग से इंटरलाकिंग टाइल्स लगाई जाएं ताकि पूरे चौराहे का स्वरूप बेहतर हो सके। उन्होंने बताया कि यात्रियों और राहगीरों के आराम के लिए चौराहे पर 10 से 12 कुर्सियों की व्यवस्था भी की जाएगी।व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष सुगंध अग्रहरि ने इस पहल के लिए जिलाधिकारी राजा गणपति आर और ईओ सचिन पटेल का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह काम न केवल चौराहे की खूबसूरती बढ़ाएगा, बल्कि यहां आने-जाने वाले लोगों को भी सुविधा मिलेगी। इस कदम से व्यापार मंडल में खुशी का माहौल है।

विधि विधान से करें दुर्गासप्तशती का पाठ

डुमरियागंज (एसएनबी)। शारदीय देवी नवरात्र में पूजन के साथ यज्ञ हवनादि की सुगन्ध से वातावरण पवित्र व भक्तमय हो जाता है। नवरात्र को नई रात्रि का शुरुआत भी कहा जाता है। बसन्तीय नवरात्र का तो अलग ही महत्व है। क्योंकि प्रतिपदा के दिन से नये संवतसर की शुरुआत होती है। वैसे नवरात्र चार महीनों में होते हैं। पहला चैत्र नवरात्र जिसे बसन्तीय नवरात्र कहा जाता है। दूसरा अषाढ़ महीने के शुक्लपक्ष प्रतिपदा से माना जाता है। तीसरा शारदीय नवरात्र आश्विन महीने के शुक्ल पक्ष प्रतिपदा से आरम्भ होता है तो चौथा माघ शुक्लपक्ष प्रतिपदा से माना जाता है। लेकिन सबसे ज्यादा प्रत्यक्ष रूप में चैत्र महीने का बसन्तीय नवरात्र व आश्विन महीने का शारदीय नवरात्र है। जबकि अन्य दोनों नवरात्र अप्रत्यक्ष रूप से माने जाते हैं। बसन्तीय नवरात्र के प्रतिपदा के दिन भगवान श्रीराम ने लंका पर चढ़ाई करने से पहले पूजन अर्चन किया था। तो वहीं शारदीय नवरात्र के विजय दशमी के दिन उन्होंने रावण का वध किया था। दोनों नवरात्रों में देवी उपासना का विशेष महत्व है। इस अवसर पर जो भी सच्चे मन से देवी का आराधना करता है। उसे उसका फल अवश्य मिलता है। तमाम लोगों के द्वारा जहां ब्राह्मणों से देवी स्थानों पर दुर्गा सप्तशती का पाठ कराया जाता है तो वहीं कुछ लोग स्वयं दुर्गा सप्तशती का पाठ करते हैं। पाठ करने की विधि को देखा जाये तो 'शारदा तिलक' में उल्लेख है कि यह पाठ सर्वमान्य के लिए बहुत ही उपयोगी है। जिसका सूत्र है पाठो ऽयं बलकारः इसमें प का अर्थ एक है। क्योंकि पफबभम में प प्रथम अक्षर है। इसलिए प को एक कहा गया है। पाठो ऽयं बलकारः का कुल योग 13 होता है इसलिए दुर्गा सप्तशती पाठ करने वालों को पहले दिन कवच, अर्गला, कीलक, रात्रि सूक्ति, नवारण मंत्र का जाप करना चाहिए। दूसरे दिन से 8वें दिन तक सात दिन में कुल दुर्गा सप्तशती के 13 अध्याय के पाठ पूरे करने चाहिए। जिसमें देखा जाये तो पाठक को दूसरे दिन पहला अध्याय, तीसरे दिन दूसरा और तीसरा अध्याय, चौथे दिन चौथा अध्याय, 5वे दिन 5वां, 6वां व सातवा अध्याय 6वे दिन 8वां, नवां व 10वां अध्याय, सातवें दिन 11वां अध्याय, 8वें दिन 12वां व 13वां अध्याय का पाठ कर 13 अध्याय पूरा करना चाहिए। 9वें दिन देवी सूक्ति, न्यास, सिद्धकुंजिका स्त्रोत का पाठ करते हुए नवारण मंत्र का जाप करने के बाद हवन करना चाहिए। इससे नवरात्र में दुर्गा सप्तशती पाठ का पूर्ण रूप से फल लोगों को मिलता है। दुर्गा सप्तशती में कहा गया है कि सिद्धकुंजिका स्त्रोत का पाठ करने से ही पूरे दुर्गा सप्तशती पाठ का लाभ मिलता है। फिर भी दुर्गा सप्तशती पाठ करने वालों के लिए उपरोक्त विधियां बताई गयीं हैं।

मनोकामनाएं पूरी करती है वटवासिनी महाकाली गालापुर

शारदीय नवरात्रि पर विशेष

डुमरियागंज (एसएनबी)। सिद्धार्थनगर जनपद ही नहीं, प्रदेश व देश के लाखों लोगों के धार्मिक आस्था का प्रतीक है, वटवासिनी महाकाली स्थान गालापुर। इस स्थान के बारे में बताया जाता है कि इस स्थान से कभी कोई खाली हाथ नहीं लौटा है। बशर्ते सच्ची श्रद्धा भक्ति से वह अपनी मुरादें पूरी करने के लिए मां से प्रार्थना करे तो मां उसकी मनोकामना अवश्य पूरी करतीं हैं। डुमरियागंज तहसील मुख्यालय से 10 किमी. दूर उत्तरी छोर पर वटवासिनी महाकाली स्थान स्थित है। जो श्रद्धा भक्ति का प्रतीक है। इस स्थान के बारे में ऐसी किवदंतियां हैं कि आज से लगभग 2 हजार वर्ष पूर्व में कलहंश वंशज (क्षत्रीय) के राजा केशरी सिंह शाकद्वीपीय ब्राह्मणों से गोण्डा जनपद के खोरहश नामक स्थान से महाकाली जी को मंगाये तो उस समय यहां जंगल था। इसके पूर्व की कहानी इस प्रकार है कलहंश के क्षत्रीय जो जंग में काफी वीर माने जाते थे। गुजरात से चलकर गोण्डा जनपद में आये। उस समय गोण्डा में मुस्लिम शासक था साथ ही उसी मुस्लिम शासक का एक भाई खोरहश में था। कलहंश के क्षत्रियों से उसका युद्ध हुआ जिसमें दोनों शासक मारे गये। दोनों के मारे जाने के बाद इन क्षत्रियों ने यहां अपना राज्य स्थापित कर लिया। दोनों जगहों पर राज्य करने के बाद ये लोग पूरब दिशा की ओर चलते हुए लटेरा गांव के पास आये, उस समय यह क्षेत्र स्वतंत्र था। यहां पर इन क्षत्रियों में सबसे बड़े केशरी सिंह ने महल बनवाकर यहां पर शासन करना शुरुकर दिया, वह एक न्यायी राजा माने जाते रहे। चूंकि इनके खानदान की अधिष्ठात्री महाकाली जी ही थी, लेकिन वे यहां नहीं थी। उनकी कमी उनको खटक रही थी। एक दिन वे अपने शाकद्वीपीय वंश के पुरोहितों जिन्हें साथ में लाकर गालापुर में बसाये थे को बुलाकर कहे कि महा काली जीके बिना मन नहीं लगता। आपलोग खोरहश की जंगलों में जाकर महाकाली जी को प्रसन्न करके यहां लाए। राजा केशरी सिंह के वचनों को सुनकर पुराहितों ने कहा कि महाराज आप चिंता न करें हम महाकाली जी को अवश्य लायेंगे। ऐसा आश्वासन देकर पुरोहित खोरहश की ओर चल पड़े कई दिन पैदल चलने के बाद वे लोग खोरहश के जंगल में पहुंचे, और वहां महाकाली जी को प्रसन्न करने के लिए तपस्या करने लगे। तपस्या करते हुए बिना अन्न जल के 6 माह बीत गया। यहां तक की पुरोहितों का शरीर दीमकों का बसेरा भी बन चुका था। 6 माह बीत जाने के बाद महाकाली जी प्रसन्न होकर साक्षात रूप में प्रकट हुई। महाकाली जी के सामने आते ही पुरोहितों का शरीर जो दीमको का बसेरा बन चुका था पूर्व की भांति हो गया। जब पुरोहितों ने महाकाली जी को सामने देखा तो वे मां की चरणों पर गिर पड़े। मां उन्हें उठा कर हृदय से लगाती हुई बोली की मैं तुम पर प्रसन्न हूं क्या चाहते हो। वर मांगो मैं वर दूंगी तब पुरोहितों ने कहा कि मां हम आप के अनन्य भक्त हैं आप को हम अपने साथ ले जाने के लिए आये हैं। तब मां ने कहा कि मैं तैयार हूं ले चलों। तब पुरोहितों ने कहा कि हमे कैसे विश्वास हो की आप मेरे साथ चल रही हैं। तब मां ने कहा कि तुम्हारे पीछे जो अरण्ड (मदार) का पेड़ है उखाड़ कर सिर पर रख लो एक बात याद रहे कि जहां पीछे मुड़कर देखोंगे तो मैं वहां रुक जाउंगी। मां के वचनों का पालन करते हुए पुरोहितों ने अरण्ड को उखाड़ कर सिर पर रख करकर चल दिया और राजा केशरी सिंह के महल के पीछे रुक गये। वहां से राज्य भवन में संदेश भेजवाया कि महाकाली जी को ले आये हैं, कहां स्थापित करें, राजा कुछ आदेश देते कि कुछ चुगुलखोर किस्म के लोगों ने राजा से कहा कि महाराज सिर पर अरण्ड का पेड़ रख कर कह रहे हैं कि इसमें महाकाली जी हैं। इस पर राजा क्रोधित होकर दूतों से संदेश भेजवाया कि जहां है वहीं रख दें। इस बात पर पुरोहित भी नाराज होकर मुड़कर मां का पूजन करते हुए सिर से अरण्ड का पेड़ उतार कर रख दिये। जैसे ही पेड़ का स्पर्श भूमि से हुआ तो एक भयंकर आवाज के साथ पृथ्वी फट गयी और अरण्ड का पेड़ पृथ्वी में समाहित हो गया और तुरन्त एक सुन्दर वटवृक्ष (बरगद) बाहर निकला जो आज भी स्थित है। पृथ्वी फटने की आवाज इतनी तेज थी की राजा केशरी सिंह चक्कर खा कर अपने सिंहासन से नीचे गिर गये और वहां से नंगे पाव दौड़ते हुए उस स्थान पर आकर मां से व पुरोहितों से क्षमायाचना करने लगे। तभी मां के द्वारा आकाशवाणी की गयी कि राजा केशरी सिंह तुमने हमारे व हमारे भक्त पुरोहितों का अपमान किया है इस लिए तुम्हारा विनाश होगा। तब राजा ने क्षमा याचना की। पुरोहितों ने कहा कि मां महाराज को क्षमा कर दें। तब मां ने कहा कि मेरा श्राप मिथ्या नहीं होगा। लेकिन इतना जरूर है कि इनके वंशजों के लोगों को 14 पुश्त बीतने के बाद शोरतगढ़ राज्य का शासन मिल जायेगा। कुछ ही दिनों बाद मां का श्राप सत्य हुआ युद्ध में उतरौला के शासक ने सिंगारजोत के पास छल से राजा केशरी सिंह को मार दिया। सारा महल धराशायी हो गया। इनके वंशज के लोग चौखड़ा गांव में थे। जिन्हें 14 पुश्त बीतने के बाद शोहरतगढ़ का राज्य मिला। तब से मां का स्थान उसी जगह पर स्थित है सिर्फ वटवृक्ष के रूप में। आज भी शोरतगढ़ स्टेट के योगेन्द्र प्रताप सिंह इस स्थान की देख रेख करते हैं। वे इस स्थान के सर्वराकार भी है। उन्होंने शाकद्वीपीय वंश के ही ठाकुर प्रसाद मिश्र को स्थान का व्यवस्थापक बनाया है । दोनों नवरात्रों में शोरतगढ़ स्टेट के उत्तराधिकारी राजा योगेन्द्र प्रताप सिंह (बाबा साहब) यहां आकर मां का पूजन अर्चन करते हैं। ऐसा कहा जाता है कि नवरात्र में जो भी व्यक्ति यहां दर्शन करता है और श्रद्धा भक्ति से मनौती मांगता है उसकी मुरादें अवश्य मां पूरी करती हैं। यहां जो लोग ''सर्वाबाधा विर्निमुक्तों धनधान्य सुतांविता मनुष्येनमत प्रसादेन भविष्यति न संशय'' से सम्पुट पाठ व दुर्गा सप्तशती का पाठ कराते हैं उनकी सभी मुरादें पूरी होती हैं। चौखड़ा से स्थान की दूरी 4 किमी. हैं। उत्तर प्रदेश सरकार ने पर्यटन क्षेत्र को बढ़ावा देते हुए उक्त स्थान को रामयण सर्किट से जोड़ दिया है। पिछले बसंतीय नवरात्र में एक लाख 27 हजार दीपों से मातारानी का दीपोत्सव कार्यक्रम मनाया गया था। इस बार शारदीय नवरात्र में एक लाख 25 हजार दीपों से मातारानी का स्थान सजाया जायेगा तथा श्रवण सुलतानपुरी अपने भक्ति गीतों से जागरण करेंगे। इस बारे में स्थान के व्यवस्थापक ठाकुर प्रसाद मिश्र ने बताया कि स्थान के सर्वराकार राजा योगेन्द्र प्रताप सिंह तथा पूर्व विधायक राघवेन्द्र प्रताप सिंह के अलावा आम जनमानस द्वारा दीपों का प्रज्जवलन किया जायेगा। जिसकी सारी तैयारियां पूरी हो चुकी हैं।

वटवासिनी महाकाली स्थान गालापुर।

राशिफल/पंचांग

बुधवार, 24 सितम्बर, 2025

पं. कृष्ण गोपाल मिश्र



दैनिक सूर्योदय : दिल्ली-प्रातः 06:10, काशी-प्रातः 05:47, कानपुर-प्रातः 05:58, पटना-प्रातः 05:38, देहरादून-प्रातः 06:07, गोरखपुर-प्रातः 05:45, लखनऊ-प्रातः 05:55 बजे। **दैनिक सूर्यास्त :** दिल्ली-सायं 06:15, काशी-सायं 05:52, कानपुर-सायं 06:02, पटना-सायं 05:43, देहरादून-सायं 06:11, गोरखपुर-सायं 05:50, लखनऊ-सायं 06:00 बजे। **दैनिक चंद्रोदय :** दिल्ली-प्रातः 08:13, काशी-प्रातः 08:38, कानपुर-प्रातः 07:57, पटना-प्रातः 07:36, देहरादून-प्रातः 08:12, गोरखपुर-प्रातः 07:45, लखनऊ-प्रातः 07:55। **दैनिक चंद्रास्त :** दिल्ली-रात्रि 07:26, काशी-रात्रि 07:07, कानपुर-रात्रि 07:16, पटना-सायं 06:58, देहरादून-रात्रि 07:20, गोरखपुर-रात्रि 07:04, लखनऊ-रात्रि 07:13 बजे। राहुकाल 12:00 बजे से 13:30 बजे। राष्ट्रीय अश्विन 02, शक् संवत् 1947। अश्विन शुक्ल तृतीया, संवत् 2082, सौर (कन्या) अश्विन मास की 08, प्रविष्टें। हिजरी रवि उस्सानी 01, हिजरी 1447 (मुस्लिम)। शरद ऋतु। अश्विन शुक्ल पक्ष तृतीया अर्द्धरात्रियोत्तर 05:50 बजे तक, तदन्तर तृतीया तिथि ही उदित रहेगी। चित्रा नक्षत्र अप. 04:17 बजे तक, तदन्तर स्वाती नक्षत्र शुरु। ऐन्द्र योग रात्रि 09:03 बजे तक, तदन्तर वैधृति योग शुरु। चन्द्रमा पूरा दिन-रात तुला राशि में प्रवेश करेगा। हिजरी रवि उस्सानी 4 माह शुरु।

-- दैनिक राशिफल --

मेष : रोजगार में लाभ के नये साधन सुलभ होंगे। समय का लाभ उठाते हुए कार्यक्षेत्र में अनवरत् परिश्रम की आवश्यकता है। जीवन साथी के स्वास्थ्य पर ध्यान दें। घरेलू समस्याएं आपको थोड़ा चिंतित करेंगी।

बृषभ : निराशा त्याग मन को आशावादी विचारों से सिंचित करें। कुछ कठिनाइयों से मन में नकारात्मक विचार स्थान पायेंगे। कुछ भावनात्मक संबंधों को लेकर परेशान होंगे। घर में खुशहाल वातावरण रहेगा।

मिथुन : पुरानी समस्याओं को हल कर सुख की अनुभूति करेंगे। सगे-संबंधों में मधुर वाणी का प्रयोग करें। निरर्थक दूसरों की आलोचना न करें। अत्याधिक कार्यो की व्यस्तता से मन परेशान होगा।

कर्क : नैतिक जिम्मेदारियों में आपकी सजगता काबिले तारीफ होगी। अच्छी भावनात्मक अभिव्यक्ति से निकट संबंधों में आपकी अच्छी छवि बनेगी। किसी महत्वपूर्ण कार्य की तैयारी हेतु तत्पर रहेंगे।

सिंह : महत्वपूर्ण कार्यो के प्रति आलस्य न करें। शिक्षा-प्रतियोगिता में समुचित प्रयत्न की आवश्यकता है। कार्यक्षेत्र में परिश्रम के लिए मन चिंतित होगा। परिजनों से भावनात्मक स्नेह प्राप्त होगा।

कन्या : किसी नये कार्य की सार्थकता के लिए मन प्रयत्नशील होगा। जीवन साथी के स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। आवेश में किये कार्य से हानि संभव। बहुत सारे अवरोधित कार्यो के हल होने के आसार बनेंगे।

तुला : कार्यक्षेत्र में अपनी बौद्धिक क्षमता का लाभ उठाएंगे। जीविका में कार्यकुशलता का जौहर बिखेरेंगे। महत्वपूर्ण क्षेत्रों में उच्च स्तरीय लोगों का सहयोग प्राप्त होगा। महत्वपूर्ण क्षेत्र में संबंधों का सहयोग प्राप्त होगा।

वृश्चिक : किसी नये कार्य में मन केंद्रित होगा। शिक्षा-प्रतियोगिता में समुचित परिश्रम के लिए तत्पर होंगे। हर बात को लेकर मन को संजीदा न होने दें। भावनाओं से उद्वेलित मन से गलतियां स्वाभाविक हैं।

धनु : निकट संबंधों में किसी की कटु वाणी मन को दुखित कर सकती है। कुछ नई जिम्मेदारियां अपनी पूर्ति हेतु मन पर दबाव बनाएंगी। दूसरों की प्रगति से मन में ईर्ष्या एवं हीनता न पैदा होने दें।

मकर : किसी महत्वपूर्ण कार्य में धनाभाव अवरोधक होगा। जीवन में आ रही कठिनाइयों से मन में हीन भावना न लायें बल्कि अपनी क्षमताओं पर भरोसा रखें। प्रियजनों के सहयोग से समस्याएं हल होंगी।

कुंभ : आर्थिक समृद्धि और प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। कार्यकुशलता व अच्छी बौद्धिक क्षमता से जीविका क्षेत्र सफलता अर्जित करेंगे। व्यवहार कुशलता से सामाजिक मान-मर्यादा में वृद्धि होगी।

मीन : पूर्वाग्रहवश मन में सगे-संबंधों के प्रति नकारात्मकता न पालें। राजनीतिज्ञों की क्रियाशीलता बढ़ेगी। किसी नये रिश्ते के प्रति प्रगाढ़ता बढ़ेगी। अच्छी आशाएं आप में क्रियाशीलता बढ़ाएंगी।

कुरुक्षेत्र में सिख म्यूजियम का निर्माण इस प्रकार किया जाए कि वह सिख इतिहास, संस्कृति और गुरुओं के योगदान की सम्पूर्ण झलक प्रस्तुत करे। —— नायब सिंह सैनी, मुख्यमंत्री, हरियाणा

गोरखपुर। बुधवार • 24 सितम्बर • 2025
राष्ट्रीय सहारा | www.rashtriyasahara.com |

पिता का हत्यारा बेटा गिरफ्तार

अहिरौली राजा (कुशीनगर) (एसएनबी)। कसया थाना क्षेत्र के ग्राम चिरगोड़ा धूसी में रविवार की देर रात एक बेटे ने अपने ही पिता और सौतेली मां पर जानलेवा हमला कर दिया था जिसमें पिता की मौत हो गई तथा सौतेली मां गम्भीर रूप से घायल हो गई। सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने शव को कब्जे में लेते हुए आरोपी को मौके से ही हिरासत में लेकर विधिक कार्रवाई में जुट गई। सीओ कसया भी मौके पर पहुंच कर घटना का जायजा लिये।

■ पिता की तीसरी शादी करने से बेटा था नाराज, सौतेली मां भी गम्भीर

मिली जानकारी के अनुसार क्षेत्र के गांव चिरगोड़ा धूसी निवासी ईश्वर यादव (55वर्ष) की पहली पत्नी से दो बेटे विवेक (30 वर्ष) और सत्येंद्र यादव (24 वर्ष) है। एक बेटी भी थी जिसकी शादी के कुछ दिन बाद ही ससुराल में ही संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। बड़ा बेटा विवेक शादी हो जाने के बाद अपने पत्नी और बच्चों को लेकर कहीं बाहर रहता है। दूसरा बेटा सत्येन्द्र भी बाहर रह कर कमाता है। ईश्वर यादव अपने पहली पत्नी की मौत हो जाने के बाद दूसरी शादी भी किये लेकिन वह भी कुछ दिनों के बाद ही घर छोड़कर कहीं और चली गई। जिसके बाद ईश्वर यादव ने तीसरी शादी रामकोला थाना क्षेत्र के टेकुआटार टोला हरिहर पट्टी निवासी छद्दू महतो की पुत्री अंजली के साथ किया और उसके साथ रहने लगे। तभी से घर में पारिवारिक अनबन चलने लगा। छोटा बेटा सत्येंद्र करीब एक हफ्ता पहले बाहर से कमाकर घर आया था। पिता पुत्र में तीसरी शादी के लेकर अनबन चल रहा था। रविवार की देर रात उसी बात को लेकर विवाद बढ़ गया और नोंकझोंक होते-होते मारपीट शुरू हो गयी। गुस्से में सत्येंद्र ने अपने पिता पर लोहे के राड और धारदार हथियार से हमला कर दिया। जिससे ईश्वर यादव लहूलुहान होकर गिर गए और मौके पर ही उनकी मौत हो गई। बीच-बचाव में आयी तीसरी पत्नी अंजली को भी चोटें आई। घटना की सूचना पर स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची जांच पड़ताल करते हुए शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया तथा अंजली का इलाज जिला अस्पताल रविन्द्र नगर में चल रहा है। वही मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी को गांव के दूसरे टोले से गिरफ्तार कर लिया। मृतक ईश्वर यादव दो भाइयों में छोटे थे। वह मजदूरी पर ट्रैक्टर चला कर अपना जीवन यापन करते थे।

मृतक ईश्वर यादव (फाइल फोटा) व घटना का खुलासा करते अपर पुलिस अधीक्षक कुशीनगर।

इस सम्बन्ध में कसया थाना प्रभारी ने बताया कि तहरीर मिली है। मुल्जिम को गिरफ्तार कर लिया गया है तथा उसके विरूद्ध मुकदमा अपराध संख्या 605/25 अन्तर्गत धारा 103 (1)/109 बीएनएस पंजीकृत कर लिया गया है। आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त लोहे का राड व चाकू भी बरामद कर लिया गया है। गिरफ्तार करने वाली टीम में वरिष्ठ उपनिरीक्षक कसया प्रविन्द्र राय, सिपाही उमेश सिंह व उमाशंकर यादव शामिल हैं। दोपहर बाद घटना का पूरा खुलासा भी अपर पुलिस अधीक्षक निवेश कटियार ने मीडिया के सामने कर दिया।

महिला सशक्तिकरण समाज की प्रगति का आधार : प्रो. विनीता पाठक

गोरखपुर (एसएनबी)। दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय में महिला सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन के लिए समर्पित 'मिशन शक्ति-5.0' के अंतर्गत 'महिला सशक्तिकरण विषय पर मनोविज्ञान विभाग में निबंध प्रतियोगिता' का आयोजन किया गया।

■ डीडीयू में मिशन शक्ति के अंतर्गत निबंध प्रतियोगिता का आयोजन

कार्यक्रम की नोडल अधिकारी प्रो. विनीता पाठक ने अपने उद्बोधन में कहा कि महिला सशक्तिकरण समाज की प्रगति का आधार है। उन्होंने छात्र-छात्राओं को प्रेरित करते हुए यह बताया कि 'सशक्त महिला ही सशक्त राष्ट्र की निर्माता होती है। उन्होंने मिशन शक्ति 5.0 की गतिविधियों और विश्वविद्यालय स्तर पर चल रहे प्रयासों पर विस्तार से प्रकाश डाला। मनोविज्ञान विभागाध्यक्ष प्रो. धनंजय ने कार्यक्रम की उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए इसे समय की आवश्यकता बताया। प्रो. अनुभूति दुबे एवं डा. विस्मिता पालीवाल ने महिला सशक्तिकरण की आवश्यकता और प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। टीम के सदस्य डा. अमित उपाध्याय, डा. पूर्णिमा मिश्रा एवं डा. फरोजन भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे और प्रतिभागियों को प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम में 200 से अधिक छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया तथा अपने विचारों के माध्यम से महिला सशक्तिकरण को समाज की उन्नति का आधार बताया।

एमएमएमयूटी को टीसीएस ने दिया 'प्राथमिकता संस्थान' का दर्जा

गोरखपुर (एसएनबी)। मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (एमएमएमयूटी), गोरखपुर को देश की अग्रणी आईटी कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) ने 'टीसीएस प्राथमिकता संस्थान' (टीसीएस प्रायोरिटी इंस्टीट्यूशन) का प्रतिष्ठित दर्जा प्रदान किया है। यह मान्यता वर्तमान शैक्षणिक वर्ष से प्रभावी होगी।

■ कैंपस प्लेसमेंट में एमएमएमयूटी को मिलेगी प्राथमिकता

टीसीएस ने जुलाई 2025 में विश्वविद्यालय का दौरा कर शिक्षण-प्रशिक्षण, शोध, प्लेसमेंट, संसाधनों और प्रबंधन की स्थिति का आकलन किया था। मूल्यांकन प्रक्रिया में सफलता प्राप्त करने के बाद विश्वविद्यालय को यह दर्जा दिया गया। इस उपलब्धि से एमएमएमयूटी को टीसीएस की कैंपस भर्ती प्रक्रिया में प्राथमिकता मिलेगी। टीसीएस की एकेडमिक एलायंस ग्रुप और टैलेंट एक्विजीशन ग्रुप के साथ बौद्धिक सहयोग और भागीदारी भी बढ़ेगी। विश्वविद्यालय के ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट सेल के अध्यक्ष प्रो. वी. के. द्विवेदी ने कहा कि यह उपलब्धि छात्रों, शिक्षकों और प्रबंधन के सामूहिक प्रयास का परिणाम है। इससे विद्यार्थियों को अधिक पैकेज वाली नौकरियों में अवसर मिलेंगे और अन्य बड़ी कंपनियों का भी प्लेसमेंट हेतु रुझान बढ़ेगा।

टीसीएस और एमएमएमयूटी का सहयोग दीर्घकालिक और परस्पर लाभकारी : प्रो. सैनी

कुलपति प्रो. जे. पी. सैनी ने इस सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह दर्जा संस्थान की गुणवत्ता और प्रतिबद्धता का प्रमाण है। उन्होंने विश्वास जताया कि टीसीएस और एमएमएमयूटी का सहयोग दीर्घकालिक और परस्पर लाभकारी होगा।

एमएमएमयूटी में बनेगा प्रदेश का सबसे बड़ा वातानुकूलित पुरुष छात्रावास

गोरखपुर(एसएनबी)। मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (एमएमएमयूटी) में छात्रों के लिए आधुनिक सुविधाओं से लैस नया छात्रावास बनने जा रहा है। मंगलवार को कुलपति प्रो. जे.पी. सैनी ने मंत्रोच्चार के बीच हवन-पूजन कर विधिवत भूमि पूजन कर निर्माण कार्य का शुभारंभ किया।

■ कुलपति ने भूमिपूजन कर निर्माण कार्य का किया शुभारंभ
■ 47.97 करोड़ रूपए की लागत से होगा निर्माण
■ चार मंजिला इमारत में सभी सुविधाएं होंगी मौजूद

करीब 47.97 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाला यह छात्रावास पूरी तरह वातानुकूलित होगा और 528 छात्रों की क्षमता वाला होगा। यह परिसर का आठवां और अब तक का सबसे बड़ा पुरुष छात्रावास होगा। लगभग 14 हजार वर्गमीटर क्षेत्र में बन रहा यह चार मंजिला भवन एनबीसी मानकों के अनुरूप तैयार होगा, जिसमें अग्नि सुरक्षा उपकरणों के साथ जिम, मेस, वाशिंग एरिया, लिफ्ट जैसी आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध होंगी।

इस अवसर पर कुलसचिव सी.पी. प्रियदर्शी, अधिष्ठाता आर.डी. पटेल, प्रो. जीउत सिंह, प्रो. जय प्रकाश, प्रो. राकेश कुमार, प्रो. डीएस सिंह, प्रो. एसपी सिंह, प्रो. प्रभाकर तिवारी, प्रो. एके मिश्र, प्रो. बीके पाण्डेय,

एमएमएमयूटी में छात्रावास का भूमिपूजन करते कुलपति प्रो. जेपी सैनी।

डॉ. मदन चंद्र मौर्य. डॉ. अभिजीत मिश्र, सहित कई शिक्षक एवं कार्यदायी संस्था कंस्ट्रक्शन एंड डिजाइन सर्विसेज (उत्तर प्रदेश जल निगम) के अभियंता व अधिकारी मौजूद रहे। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इसी वर्ष 7 अप्रैल को इस छात्रावास के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया था। निर्माण के लिए कंस्ट्रक्शन एंड डिजाइन सर्विसेज (उत्तर प्रदेश जलनिगम) को कार्यदायी संस्था नामित किया गया था। विश्वविद्यालय में फिलहाल सात पुरुष छात्रावास हैं, नया छात्रावास टैगोर भवन के समीप खाली भूमि पर बनेगा।

जल्द ही छात्राओं के छात्रावास का भी निर्माण होगा: प्रो. जेपी सैनी

कुलपति प्रो. सैनी ने कहा कि नया छात्रावास छात्रों को बेहतर और सुरक्षित आवासीय सुविधाएं देगा तथा शैक्षणिक और व्यक्तिगत विकास के लिए अनुकूल वातावरण प्रदान करेगा। उन्होंने बताया कि बालिकाओं के लिए भी वातानुकूलित छात्रावास निर्माण की दिशा में पावरग्रिड से समझौता हो चुका है और जल्द ही उसका निर्माण कार्य भी शुरू होगा।

कोई नगमा गुनगुनाना अच्छा लगा, तेरा रूठना मनाना अच्छा लगा

गोरखपुर (एसएनबी)। महाप्रबन्धक उदय बोरवणकर के मुख्य आतिथ्य में रेलवे प्रेक्षागृह, गोरखपुर में 23 सितम्बर को राजभाषा सप्ताह के अन्तिम दिन कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसका शुभारम्भ महाप्रबन्धक बोरवणकर ने दीप प्रज्ज्वलित कर एवं माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। इस अवसर पर अपर महाप्रबन्धक विनोद कुमार शुक्ल, प्रमुख विभागाध्यक्ष, वरिष्ठ अधिकारी, कर्मचारी एवं काव्यप्रेमी उपस्थित थे।

महाप्रबन्धक श्री बोरवणकर ने कहा कि हिन्दी दिवस न केवल हिन्दी अपितु समस्त भारतीय भाषाओं का दिवस है और देश की गौरवशाली परम्परा का परिचायक भी है। राजभाषा हिन्दी के प्रचार-प्रसार में रेल विभाग की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। हम भारतीय संविधान के अनुच्छेद 351 का समादर करते हैं और रेलवे अपने प्रत्येक कार्यक्षेत्र में राजभाषा हिन्दी के प्रयोग-प्रसार के लिये निरंतर सजग हैं। यह कवि सम्मेलन इसी का एक महत्वपूर्ण कड़ी है। उन्होंने कहा कि गोरक्षनगरी की अपनी अलग साहित्यिक एवं सांस्कृतिक गरिमा रही है। इस कवि सम्मेलन में साहित्य के विविध रसों के कवियों को सुनने का अवसर प्राप्त हुआ। स्वागत करते हुये मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं प्रमुख मुख्य इंजीनियर संजय सिंहल ने कहा कि राजभाषा विभाग के तवावधान में आज यह कवि सम्मेलन आयोजित किया गया है। ऐसे आयोजनों से कर्मचारियों में राजभाषा हिन्दी में कार्य करने के प्रति जागरूकता बढ़ेगी।

■ राजभाषा सप्ताह के अंतिम दिन कवियों ने महाप्रबंधक की उपस्थिति में बांधा समा
■ रेलवे प्रेक्षागृह में आयोजित हुआ कार्यक्रम

एक से बढ़कर एक रचनाएं कवियों ने कीं प्रस्तुत

मेरठ से पधारी कवयित्री डॉ. शुभम त्यागी ने माँ सरस्वती की वन्दना-''मान करूँ सम्मान करूँ माँ, चरणों का तेरे ध्यान करूँ माँ'' से कवि सम्मेलन आरम्भ किया। उन्होंने अपनी रचना ''कोई नगमा गुनगुनाना अच्छा लगा, तेरा रूठना मनाना अच्छा लगा'' हम तो चले आये तेरी एक मुस्कराहट पर, तेरे शहर में आना अच्छा लगा'' प्रस्तुत किया जिसे सभी ने सराहा। प्रतापगढ़ से पधारी श्रृंगार रस की कवयित्री सुश्री प्रीती पाण्डेय ने अपनी कविता- ''मन की सरहद में घूम लेती हूँ, इन हवाओं में घूम लेती हूँ याद जब भी तुम्हारी आती है, मैं तिरंगे को चूम लेती हूँ'' से सभी का मन मोह लिया। बलिया से आये कवि डा0 अरूण पाण्डेय ने मंच का संचालन करते हुये अपना काव्य रचना इस प्रकार प्रस्तुत किया ''फलक पर लाख तारे हों सितारा एक होता है, नजर को बांध दे ऐसा नजारा एक होता है'' गाथायें फरिश्ते भी सुनाकर गर्व करते हों, लालों का लाल लाखों में भगत सिंह एक होता है। ने लोगों में देशप्रेम के प्रति जोश भर दिया। लखनऊसे आईं कवयित्री सुश्री सरिता सिंह ने अपनी काव्य रचना में कहा कि ''सभल कर खेलना दिल से कहीं ये टूट न जाय, जो हमसे प्यार करते हैं कहीं रूठ वे न जांय। जख्म इतना ही देना यार, जितना हील हो जाय, जो हमसे दर्द को बांटे वो साथी छूट न जाय'' वाराणसी से पधारे हास्य कवि डा0 नागेश शांडिल्य ने प्राथमिक विद्यालय में पढ़ाने के फायदे बताते हुये कहा कि- ''हम अपनी पूरी जिनी सुरक्षित गुजार सकते हैं, क्योंकि ये नन्हे बच्चे हमें कभी नहीं मार सकते हैं'' मऊसे आये श्री पंकज प्रखर ने अपनी रचना प्रस्तुत करते हुये कहा कि ''कुछ मनचलों व काफिरों से भारत शर्मिन्दा है, भूल न जाना वीर हमीद भी जिन्दा है'' हास्य कवि श्री दमदार बनारसी ने अपनी कविता से उपस्थित श्रोताओं को हंसा दिया। उप मुख्य राजभाषा अधिकारी मो. याकूब शेख ने सभी अतिथियों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया तथा वरिष्ठ अनुवादक/प्रभारी राजभाषा विभाग अनामिका सिंह ने कवि सम्मेलन का समन्वय किया।

रेल संरक्षा आयुक्त 26 को करेंगे तिहरी व दोहरी रेल लाइन का निरीक्षण

गोरखपुर (एसएनबी)। संरक्षित, सुरक्षित एवं यात्रियों के मांग के अनुरूप ट्रेनों का सुगम परिचालन हेतु भारतीय रेल पर इन्फ्रास्ट्रर का विकास, विस्तार एवं सुढ़ीकरण का कार्य तीव गति से किया जा रहा है। इसी क्रम में, गोरखपुर जं.-डोमिनगढ़ तीसरी लाइन तथा गोरखपुर-नकहा जंगल दोहरीकरण की कमीशनिंग के परिप्रेक्ष्य में नान-इंटरलाक कार्य प्रगति पर है। रेल संरक्षा आयुक्त, उत्तर पूर्व सर्किल द्वारा इस परियोजना का 26 सितम्बर को निरीक्षण किया जायेगा।

गोरखपुर जं.-डोमिनगढ़ तीसरी लाइन निर्माण के अन्तर्गत किये जा रहे नन-इंटरलॉक कार्य के परिप्रेक्ष्य में ब्लक के दौरान लखनऊमंडल के विभिन्न स्टेशनों एवं खंडों पर विभिन्न कार्य सम्पादित किये गये, जिससे समय के साथ ही साथ ट्रेनों के संचलन को प्रभावित होने से बचाया जा सके। इस दौरान समपारों, प्वाइंट्स, आई.पी.एस., के.एल.सी.आर., एक्सल काउंटर, ब्लक इंस्ट्रूमेंट्स, सिगनल, एसएम पैनल तथा ट्रैक का अनुरक्षण किया गया। स्टेशनों के ईएलडी फल्ट का रेक्टिफिकेशन, स्टेशनों के पैनल टेस्टिंग, प्वाइंट को बदलने का कार्य, केबल ज्वाइंट, ब्लॉक खंडों में केबल तथा स्टेशनों के सिगनलिंग केबल के मेजरिंग का कार्य किया गया। इसके अतिरिक्तरेल/स्लीपर की लोडिंगध्अनलोडिंग की गई। कट कनेक्शन, टर्न आउट एवं ट्रैक की टैम्पिंग की गई। साथ ही 23 सितम्बर, 2025 को गोरखपुर जं. स्टेशन के प्लेटफर्म संख्या 5ध्6 एवं 7/8 के मध्य फुट ओवर ब्रिज (एफ.ओ.बी.) का डिस्मेंटल किया गया, जिसमें 4 स्पैन एवं 3 स्तम्भों का डिस्मेंटल एवं डिलन्चिंग किया गया। इस कार्य को सफलतापूर्वक सम्पन्न कराने हेतु 2 अदद 140 टी बी.डी. क्रेन, 2 अदद बी.एफ.आर. सेट (4 बीएफआर संरचना के साथ) एवं 2 टावर वैगन का उपयोग किया गया। गोरखपुर जं.-डोमिनगढ़ तीसरी लाइन तथा गोरखपुर-नकहा जंगल दोहरीकरण एवं गोरखपुर जं. स्टेशन के फुट ओवर ब्रिज (एफ.ओ.बी.) के डिस्मेंटल कार्य में लगभग 250 विभागीय और संविदा कर्मचारी कार्यरत हैं। सभी कार्यो को निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप निष्पादित किया जा रहा है। तीसरी लाइन तथा दोहरीकरण निर्माण परियोजना का कार्य पूरा हो जाने से लाइन क्षमता में वृद्धि होगी तथा मांग के अनुरूप अधिक संख्या में ट्रेनें तीव गति से चलाई जा सकेंगी। यात्री ट्रेनों का संचलन और अधिक सुचारू रूप से होगा तथा ट्रेनों के समय पालन में सुधार होगा, जिससे यात्रियों के यात्रा समय में बचत होगी। इसके साथ ही इस रेल खंड पर चलने वाली मालगाड़ियों के संचलन समय में भी कमी आयेगी, जो व्यापारियों/उद्यमियों के लिये काफी उपयोगी सिद्ध होगा।

ईंट से हमले में ई-रिक्शा चालक की मौत

कप्तानगंज (एसएनबी)। कस्वे के सुभाष चौक के निकट आज एक ई रिक्सा चालक की ईंट मार कर एक ब्यक्ति द्वारा हत्या कर दिए जाने का सनसनीखेज मामला प्रकाश में आया है। हत्या आरोपी की दिमागी हालत ठीक नही बताई जा रही है।

सूचना के मुताबिक कप्तानगंज थाना क्षेत्र के नरायणपुर निवासी डब्लू गुप्ता पुत्र रामभवन गुप्ता कस्वे व आस पास क्षेत्र में ई रिक्सा चलाकर जीवकोपार्जन करते थे।इस क्रम में सवारी लेकर नगर के सुभाष चौक पहुचे।जहां उनका सामना भोला निवासी चकबंदी चौक से हो गया। अर्द्धविक्षिप्त बताए जा रहे भोला ने उक्त रिक्सा चालक को अचानक गाली देते हुए ईट से हमला कर घायल कर दिया। स्थानीय लोग घायल ईरिक्शा चालक को इलाज के लिए ले गए, लेकिन उसी दौरान मौत हो गई। पुलिस ने मृतक का शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है, वहीं आरोपी को पकड़कर घटना के कारणों का छानबीन स्थानीय पुलिस कर रही है। घटना की सूचना पर अपर पुलिस अधीक्षक निवेश कटियार व सीओ कुंदन सिंह ने मौके का मुआयना किया और जांच पड़ताल की।

वोटर आवेदन छह नवम्बर तक

गोरखपुर (एसएनबी)। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व/ उप जिला निर्वाचन अधिकारी विनीत कुमार सिंह की अध्यक्षता में मंगलवार को पर्यटन भवन स्थित कलेक्ट्रेट सभागार में उत्तर प्रदेश विधान परिषद के गोरखपुर फैजाबाद खंड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र की नामावलियों के पुनरीक्षण एवं मतदान केंद्र निर्धारण के संबंध में राजनीतिक पार्टियों एवं शिक्षक संघ के प्रतिनिधियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई।

गोरखपुर-फैजाबाद खंड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र

■ नामावलियों के पुनरीक्षण एवं मतदान केंद्र निर्धारण के संबंध में प्रशासन की राजनीतिक पार्टियों व शिक्षक प्रतिनिधियों के साथ हुई बैठक

बैठक में सभी शिक्षक संघ के प्रतिनिधियों ने एक स्वच्छ, स्पष्ट एवं पारदर्शी निर्वाचक नामावली को तैयार करने के संबंध में अपने अपने सुझाव दिए। इस दौरान अपर जिलाधिकारी ने सभी प्रतिनिधियों को आश्वस्त किया कि निर्वाचन आयोग द्वारा जारी गाइडलाइन एवं अन्य निर्देश का पालन करते हुए निर्वाचक नामावली तैयार की जाएगी। बैठक में प्रतिनिधियों ने शिक्षक निर्वाचन हेतु अधिक मतदान केंद्र बनाने का भी आग्रह किया। बैठक में सभी प्रतिनिधियों ने अपील करते हुए अपर जिलाधिकारी ने कहा आयोग द्वारा जारी समय सीमा के अंदर सभी अर्ह शिक्षकों को निर्वाचक नामावली में नाम दर्ज कराने हेतु जागरूक करें। बैठक में सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी को अवगत कराया कि नामावलियों के पुनरीक्षण का कार्यक्रम 30 सितम्बर से प्रारम्भ होगा। निर्वाचक नामावलियों में फार्म 18 या 19 में आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि 6 नवम्बर 2025 है।

निर्वाचक नामावलियों का आलेख्य प्रकाशन 25 नवम्बर 2025 को होगा। प्रकाशित नामावलियों में दावे और आपत्तियां दाखिल करने की तिथि 25 नवम्बर से 10 दिसम्बर 2025 तक रहेगी। प्राप्त दावे और आपत्तियों का निस्तारण करके अनुपूरक सूची 25 दिसम्बर 2025 को मुद्रित की जायेगी। निर्वाचक नामावलियो का अंतिम प्रकाशन 30 दिसम्बर 2025 को किया जायेगा। बैठक में शिक्षक संघ के प्रतिनिधियों के साथ संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

प्रेमी ने विवाहिता को चाकू मारा, खुद को भी किया घायल

कसया (एसएनबी)। थाना क्षेत्र अंतर्गत नगर पालिका परिषद कुशीनगर के वार्ड संख्या 15 वीर सावरकर नगर में एक प्रेमी ने विवाहित प्रेमिका पर प्राणघातक हमला कर घायल कर दिया और खुद पर प्रहार कर अपने को जख्मी कर लिया। मंगलवार को वार्ड निवासिनी 32 वर्षीय महिला अपने घर काम कर रही थी। उसी समय 35 वर्षीय कन्हैया कुमार तिवारी पुत्र नागेंद्र निवासी अमया थाना कटया, जिला गोपालगंज, बिहार आ पहुंचा और उस पर हमला कर दिया। जिससे उसके हाथ जख्मी हो गए तथा खुद अपने दाहिने हाथ पर चाकू से वार कर लिया। उधर खून से लथपथ महिला तत्काल भागकर नजदीकी हाइवे पुलिस चौकी पहुंची और चीखते हुए अपने साथ घटी घटना की जानकारी दी। मौके पर चौकी प्रभारी और पुलिस ने दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कसया इलाज के लिए भेजा। इस सम्बंध में प्रभारी थानाध्यक्ष प्रविंद्र राय ने बताया कि महिला और युवक दोनों घायल हैं।

पत्नी के ब्रह्मभोज के दिन पति की मौत

रुद्रपुर (एसएनबी)। मंगलवार को सड़क हादसे में रिटायर्ड हेड कांस्टेबल की मौत हो गई। रुद्रपुर कोतवाली क्षेत्र के शिवपुर के गणेशपुर टोला निवासी रामाश्रय यादव (75) की पत्नी का निधन 15 दिन पहले हुआ था। मंगलवार को पत्नी का ब्रह्म भोज था। पूजा-पाठ और ब्राह्मण भोज के बाद पिंडदान के लिए नदी जाते समय यह हादसा हुआ। रामाश्रय के बेटे सत्यदेव यादव बाइक चला रहे थे। मझना नाला के पास सामने से आ रही पिकअप वैन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। घायल पिता-पुत्र को जिला अस्पताल, देवरिया मेडिकल कलेज ले जाया गया। डक्टरों ने रामाश्रय यादव को मृत घोषित कर दिया। सत्यदेव की हालत गंभीर है और उनका इलाज जारी है। सदर कोतवाली पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पिकअप चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस वाहन की तलाश कर रही है। घर में मातम का माहौल है। पत्नी के निधन के 15 दिन बाद ब्रह्मभोज के दिन ही पति की मौत से परिवार और ग्रामीण स्तब्ध हैं।

स्वयंसेवकों ने अनाथालय का किया भ्रमण

गोरखपुर (एसएनबी)। सेवा पखवाड़ा के अवसर पर दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना, महात्मा गांधी इकाई के स्वयंसेवकों ने मंगलवार को एशियन सहयोगी संस्था अनाथालय का भ्रमण किया। इस कार्यक्रम के माध्यम से छात्रों को यह संदेश दिया गया कि समाज के कमजोर वर्गो की सेवा करना हर नागरिक का नैतिक दायित्व है। भ्रमण कार्यक्रम समाजशास्त्र विभाग के डॉ. पवन कुमार एवं इकाई के मुख्य समन्वयक डॉ. सत्यपाल सिंह की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर स्वयंसेवकों ने शून्य से पाँच वर्ष तक की आयु के बच्चों से संवाद किया। बच्चों की मासूम प्रस्तुतियों और सरल भावनाओं ने उपस्थित सभी को भावुक कर दिया। कई स्वयंसेवक बच्चों की परिस्थितियों को देखकर अपने आँसू रोक नहीं पाए।

पांच हजार वर्ष पुरानी हानिरहित चिकित्सा पद्धति है आयुर्वेद : प्रधानाचार्य

भटहट (एसएनबी)। 10वां अन्तर्राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस पर महायोगी गुरु गोरखनाथ आयुष विश्वविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि व बीआरडी मेडिकल कालेज के प्रधानाचार्य/डीन रामकुमार ने धन्वंतरि के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए कहा कि भारत की पारंपरिक आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धति हानिरहित और पांच हजार वर्ष पूरानी है। लेकिन उतनी विकसित नहीं हो पाई जितना होना चाहिए। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री बहुत पहले से आयुर्वेद प्रेमी हैं। गुजरात के मुख्यमंत्री रहते हुए जामनगर स्थित आयुर्वेदिक विश्वविद्यालय में निरंतर जाया करते थे। प्रधानमंत्री बनने के बाद पारंपरिक चिकित्सा पद्धति को बढ़ावा देने के लिए आयुर्वेदिक विश्वविद्यालय का स्थापना किए। उन्हीं के मार्ग दर्शन में सीएम योगी ने इस आयुष विश्वविद्यालय का सपना साकार किया। उन्होंने कहा कि हमें अपना जीवन सफल बनाने के लिए जो जिस पद्धति से जुड़ा हैं उसमें तन-मन धन से समाहित हो कर उसी से प्यार करे और उसके लिए जीये। उन्होंने कहा कि इस आयुष विश्वविद्यालय का भविष्य स्वर्णिम है।

■ आयुष विश्वविद्यालय में दसवीं आयुर्वेद दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

कार्यक्रम में कुलपति डा के रामचन्द्र रेड्डी ने अन्तर्राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस की बधाई देते कहा कि एक जुलाई को राष्ट्रपति महोदया द्वारा विश्वविद्यालय का लोकार्पण करने के बाद यहां निरंतर कार्य प्रगति पर है। ओपीडी में प्रतिदिन 11 सौ रोगियों का पंजीकरण होता है। परिसर में 7 हजार विभिन्न दुर्लभ औषधीय पौधा लगाया जा चुका है।

फार्मेसी लाइसेंस प्राप्त करने के साथ अश्वगंधा चूर्ण, विभितकीय चूर्ण और मधुमेहारी चूर्ण आदि औषधीय द्रव्यों का उत्पादन आरम्भ हो गया है।उन्होंने बताया कि पहले आयुर्वेद दिवस धनतेरस के दिन धन्वंतरि जयंती के अवसर पर मनाया जाता था। लेकिन आयुष मंत्रालय ने 23 सितंबर को अन्तर्राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस के रुप में मनाने का निर्णय लिया है। जिसका मुख्य कारण यह है कि 23 सितंबर को पूरे विश्व में दिन और रात 12 - 12 घंटे का होता है। कुलपति ने कहा कि आयुर्वेद दिवस का मुख्य उद्देश्य यह है कि हम अपने आहार में बदलाव करके मधुमेह जैसी गंभीर बिमारियों को रोक सकते हैं। इसके अलावा भी आहार में दलाव करके बहुत सारी बिमारियों को नियंत्रित में किया जा सकता है। इस विषय पर केन्द्रीय आयुष मंत्रालय द्वारा गहन अध्ययन और शोध कराया जा रहा है। जिसमें इस आयुष विश्वविद्यालय के प्रतिनिधि के रुप में, मैं भी कार्य कर रहा हुं। उन्होंने कहा कि दिल्ली आयुष मंत्रालय में आज आयुष विवि का नाम मर्यादा से लिया जाता है। सबकी निगाहें और ध्यान इस ओर आकर्षित है। हम सबको एक जुट हो कर विश्वस्तरीय विश्वविद्यालय बनाने के लिए चिकित्सा क्षेत्र में पठन पाठन की दृष्टिकोण से अनोखा विश्वविद्यालय बनाने के लिए संकल्प के साथ कार्य करने की जरुरत है।

कार्यक्रम को रमाकांत द्विवेदी ने संबोधित करते आयुर्वेद दिवस के थीम, लोगों और ग्रह के लिए आयुर्वेद, पर विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम में कुलसचिव अजीत कुमार जयसवाल, परिक्षा नियंत्रक मनीष राय, ओपीडी प्रभारी डा अनुप श्रीवास्तव, डा लक्ष्मी अगिहोत्री, डा रामाकांत द्विवेदी, विनय कुमार सिंह, डा मनोरमा, डा मनोज चौरसिया, डा निरजा जैन, डा अबरार आलम आदि लोग उपस्थित रहे।

जीवन जीने की सम्पूर्ण शैली है आयुर्वेद चिकित्सा

नंदानगर (एसएनबी)। आयुर्वेद दिवस के अवसर पर मंगलवार को अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के आयुष भवन में एक लोकोपयोगी जन-जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य मरीजों और उनके परिजनों को यह बताना था कि आयुर्वेद जन-जन के लिए , धरती के लिए है। इस दौरान आयुर्वेद की उपयोगिता और उसके सतत् जीवनशैली से जुड़ाव के बारे में जागरूक किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि मेजर जनरल डॉ. विभा दत्ता, कार्यकारी निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक एम्स द्वारा औषधीय पौधों की प्रदर्शनी देखने से हुई। इसके बाद भगवान धन्वंतरि के चित्र पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर डॉ. तेजस पटेल ने अतिथियों का स्वागत किया।मुख्य संबोधन में डॉ. विभा दत्ता ने कहा कि आयुर्वेद केवल चिकित्सा पद्धति नही है, बल्कि जीवन जीने की सम्पूर्ण शैली है। उन्होंने बताया कि आज की भाग-दौड भरी जीवनशैली और मधुमेह, उच्च रक्तचाप, मोटापा जैसी बिमारियों के बढ़ते प्रकोप में आयुर्वेद की प्रासंगिकता और भी बढ़ जाती है। उन्होंने मरीजों और उनके परिजनों से आग्रह किया कि वे स्वस्थ जीवन के लिए छोटे- छोटे कदम उठाएँजैसे समय पर सोना-जागना, संतुलित आहार लेना, योग-प्राणायाम करना और प्रति के अनुरूप जीवनशैली अपनाना। कार्यक्रम के अंत में डॉ. पल्लवी ने सभी अतिथियों और प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के अंत में डॉ. पल्लवी ने सभी अतिथियों और प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

■ आयुर्वेद दिवस पर एम्स आयुष भवन में जन-जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

राष्ट्रीय सहारा

गोरखपुर • बुधवार • 24 सितम्बर • 2025

www.rashtriyasahara.com

अनमोल वचन

नजरिया एक छोटी सी चीज है, जो बड़ा अंतर डालती है।

-विंस्टन चर्चिल

जाति से मुक्ति का मार्ग

अगर यह प्रयास गंभीर है और इसका अनुपालन भी उतनी ही गंभीरता से होने वाला है, तो इसकी दिल खोल कर प्रशंसा की जानी चाहिए। उत्तर प्रदेश सरकार ने पुलिस रिकॉर्ड और सार्वजनिक नोटिसों से सभी जातिगत संदर्भों को तत्काल हटाने का आदेश दिया है। वाहनों पर जाति-आधारित स्टिकर लगवाने या नारे लिखवाने वालों पर भी मोटर वाहन अधिनियम के तहत जुर्माना लगाने का आदेश दिया गया है। हालांकि यह कार्रवाई स्वतः स्फूर्त होने की बजाय इलाहाबाद हाई कोर्ट के रोष से बचने के लिए की गई है। सभी जिला प्रशासन और पुलिस अधिकारियों को इस बाबत निर्देश दे दिए गए हैं। इसका उद्देश्य जाति-आधारित भेदभाव खत्म करना है। कार्यवाहक



मुख्य सचिव दीपक कुमार ने निर्देश दिया है कि आरोपियों की जाति पुलिस रजिस्टरों, केस विवरण, गिरफ्तारी दस्तावेज या पुलिस थानों के नोटिस बोर्ड पर दर्ज नहीं की जानी चाहिए। यह निर्देश हाई कोर्ट के आदेश के अनुपालन में जारी किया गया है, और तत्काल प्रभाव से लागू है। आदेश देख कर लगता है कि जैसे उत्तर प्रदेश को जातियों के जंजाल से मुक्ति मिलने ही वाली है। अधिकारियों को कस्बों और गांवों में ऐसे बोर्ड या संकेत हटाने के लिए भी कहा गया है, जो जातिगत पहचान का महिमामंडन करते हैं, या क्षेत्र या जाति विशेष से संबंधित बताते हैं। राज्य में राजनीतिक उद्देश्यों वाली जाति-आधारित रैलियों और सार्वजनिक कार्यक्रमों पर प्रतिबंध लगा दिया गया है, जबकि जातिगत गौरव या घृणा को बढ़ावा देने वाली सोशल मीडिया सामग्री पर कड़ी नजर रखी जाएगी। प्रवीण छेत्री बनाम उत्तर प्रदेश राज्य और अन्य के मामले में हाई कोर्ट ने पुलिस को आरोपी व्यक्तियों की जाति का उल्लेख नहीं करने का निर्देश दिया था और राज्य को सार्वजनिक और डिजिटल माध्यमों में जाति का महिमामंडन रोकने का निर्देश दिया। सवाल है कि क्या आदेश का अनुपालन संभव हो पाएगा? हजारों सालों से यूपी ही नहीं, पूरे देश में जातिगत भेदभाव का कीड़ा लगा हुआ है। नाम से पहले 'जाति' पूछने की मानसिकता का क्या होगा? आज भी कथित ऊंची जातियों के गांवों में कोई 'छोटी जात' वाला कुर्सी पर नहीं बैठ सकता। इन लोगों का शादियों में घोड़ी चढ़ना आज भी भारी पुलिस सुरक्षा के बिना संभव नहीं है। इस आदेश के अनुपालन के लिए भारी जोर-जबरदस्ती देखने को मिलने वाली है। यह बुराई इतने गहरे पैठ चुकी है कि लोग पिट कर भी गौरवान्वित महसूस करेंगे।

जेल या कब्रगाह

दिल्ली हाई कोर्ट में आतंकवादी मोहम्मद अफजल गुरु व मोहम्मद मकबूल भट्ट की कब्रों को तिहाड़ जेल परिसर से हटाने का निर्देश देने संबंधी याचिका दी गई है। दोनों आतंकवादियों को मृत्युदंड की सजा के चलते यहां फांसी दी गई थी। उनकी पार्थिव देह आवश्यकतानुसार किसी गुप्त जगह स्थानांतरित करने की मांग की गई है ताकि आतंकवाद का महिमामंडन व जेल परिसर का दुरुपयोग रोका जा सके। राज्य-नियंत्रित जेल के भीतर इन कब्रों को अवैध, असंवैधानिक व सार्वजनिक हित के खिलाफ बताया गया है। याचिका के अनुसार चरमपंथी तत्व तिहाड़ को कट्टरपंथी तीर्थस्थल के तौर पर प्रयोग कर रहे हैं। कब्रों का अस्तित्व दिल्ली जेल नियम, 2018 के प्रावधानों का उल्लंघन करता है जो फांसी दिए कैदियों के शवों से इस तरह

निपटने का आदेश देता है कि उनका महिमामंडन रोका जा सके और जेल अनुशासन सुनिश्चत हो। सार्वजनिक व्यवस्था भी बनी रहे। भट्ट को 1984 में फांसी दी गई थी जबकि अफजल को 2001 में संसद पर हमले की जिहादी साजिश रचने का दोषी सिद्ध होने के बाद फरवरी, 2013 में फांसी की सजा दी गई थी। भारतीय गणतंत्र अपनी परंपराओं व सार्वजनिक अपेक्षाओं का सम्मान करता है। मगर देश की संप्रभुता पर हमला करने, साजिशें रचने और आतंकवादी संगठनों की मदद करने वाले दोषियों के प्रति किसी भी तरह की संवेदनाएं रखना घातक हो सकता है। देश का कानून, उचित प्रक्रिया और न्याय व्यवस्था शांति स्थापित करने और अपने नागरिकों को सुरक्षा देने के प्रति कर्त्तव्यनिष्ठ है। मानवीय आधार पर दोषियों, कैदियों, अपराधियों, सबको उनके अधिकारों का प्रयोग करने दिया जाता है। मगर देश में अशांति या आतंक फैलाने वालों का मृत्योपरांत महिमामंडन रोकना भी सरकार का जिम्मा है। 9/11 के मुख्य दोषी आतंकवादी ओसामा बिन लादेन की हत्या के बाद अमेरिकी सेना ने उसकी लाश को समुद्र की गहराइयों में दफनाया था ताकि उसकी कब्र का प्रयोग भविष्य में तीर्थस्थल के रूप न किया जा सके। बेहतर हो कि भट्ट और अफजल की कब्रों को भी ऐसे किसी अंजान स्थान पर स्थानांतरित किया जाए जिसकी खबर किसी को न हो। हालांकि यह उनके परिवार के लिए बेहद दुखद होगा मगर आतंकवादियों या देश विरोधी साजिशों में शामिल होने वालों के लिए भयावह भी साबित हो सकता है। जेल परिसर की चाहरदिवारें कैदियों या दोषियों के लिए काफी हैं, उन्हें कब्रगाह में न तब्दील किया जाए।

विमर्श/सोनम लववंशी

वंशवाद और लोकतंत्र

सच है कि भारतीय लोकतंत्र दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है, लेकिन वंशवाद की परंपरा इसकी आत्मा को खोखला करती जा रही है। यह परंपरा किसी एक राजनीतिक दल या क्षेत्र तक सीमित नहीं है, बल्कि पूरे राजनीतिक परिदृश्य में फैली हुई है। एक ओर लोकतंत्र अवसर की समानता और प्रतिनिधित्व की विविधता का वादा करता है, तो दूसरी ओर वंशवाद की बेल आम जन को हाशिये पर धकेलते हुए सत्ता को चुनिंदा घरानों के इर्द-गिर्द केंद्रित कर देती है। एडीआर (एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स) की हालिया रिपोर्ट इस सच्चाई को और स्पष्ट करती है। देश के 5,204 मौजूदा सांसदों, विधायकों और विधान परिषद सदस्यों का विश्लेषण करने पर तथ्य सामने आया कि इनमें से 1,107 यानी करीब 21 प्रतिशत प्रतिनिधि ऐसे हैं, जिनकी राजनीतिक पृष्ठभूमि वंशवादी है। चिंताजनक पहलू यह है कि लोक सभा में इनकी हिस्सेदारी 31 प्रतिशत तक पहुंच जाती है। इसका अर्थ यह है कि हर तीसरा सांसद राजनीतिक परिवार से आता है। अगर दलों की बात करें तो इसके 32 प्रतिशत नेता राजनीतिक परिवारों से आते हैं। दूसरी ओर, भाजपा, जो अक्सर वंशवाद के खिलाफ आवाज बुलंद करती है, के भी 18 प्रतिशत प्रतिनिधि वंशवादी पृष्ठभूमि से आते हैं। वामपंथी दलों में यह आंकड़ा 8 प्रतिशत है।

लोकतंत्र की आत्मा समान अवसर और समान अधिकार पर आधारित है। संविधान ने आश्वासन दिया है कि हर नागरिक को राजनीति में भाग लेने और सत्ता तक पहुंचने का अवसर मिलेगा। लेकिन जब राजनीति पर वंशवाद का कब्जा बढ़ता है तो यह अवसर केवल चुनिंदा परिवारों तक सीमित हो जाता है। आम युवाओं या नये चेहरों के लिए राजनीति में प्रवेश की राह ओर भी कठिन हो जाती है। यह भी विचारणीय है कि वंशवाद वर्तमान ही नहीं, बल्कि भविष्य को भी प्रभावित करता है। जब अगली पीढ़ी के सामने राजनीति का रास्ता पहले से तय हो, तो वे सत्ता को संघर्ष की बजाय विरासत मानने लगते हैं। यह लोकतंत्र को स्थायी नुकसान पहुंचाने वाली प्रवृत्ति है। लोकतंत्र का वास्तविक अर्थ तभी साकार होगा जब राजनीति हर नागरिक के लिए खुला मंच बने, न कि कुछ परिवारों की निजी जागीर।

जन तक पहुंचती स्वास्थ्य सेवा

सामयिक

डॉ. देवी प्रसाद शेट्टी

मोदी सरकार में भारत की स्वास्थ्य नीतियां केवल कल्याण तक सीमित नहीं रहीं। अब इन्हें 'विकसित भारत 2047' की रणनीति का मुख्य हिस्सा माना जाता है। मोदी सरकार ने स्वास्थ्य को खर्च नहीं, बल्कि निवेश की तरह देखा है। इन योजनाओं ने साबित किया है कि अच्छा स्वास्थ्य शासन मजबूत आर्थिक नीति भी है। इससे बीमारियों का बोझ घटता है, परिवारों की बचत सुरक्षित रहती है, और मानव पूंजी को बढ़ावा मिलता है, जो सतत विकास का असली इंजन है।

मोदी जी की स्वास्थ्य क्षेत्र में रुचि गुजरात के मुख्यमंत्री के दिनों से ही है। उस दौर में उन्होंने समय पर उपचार और सुलभ सेवाओं पर जोर दिया। 108 आपातकालीन एंबुलेंस सेवा ने गांव और शहर, दोनों जगह लोगों को तुरंत चिकित्सा सहायता पहुंचाई जिससे मृत्यु दर और बीमारी के कारण काम से अनुपस्थिति कम हुई। पोषण कार्यक्रम के जरिए आदिवासी और ग्रामीण बच्चों में पोषण की कमी को दूर करने का भी प्रयास हुआ, जिससे पढ़ाई और सीखने की क्षमता की नींव मजबूत हुई। इन शुरु आती प्रयासों ने एक बड़ा सिद्धांत स्पष्ट किया कि बीमारी की रोकथाम पर किया गया निवेश उत्पादकता और समृद्धि, दोनों में लाभ देता है। राष्ट्रीय नेतृत्व संभालने के बाद मोदी जी ने इन अनुभवों को पूरे देश में बड़े पैमाने पर लागू किया। 2018 में लॉन्च की गई आयुष्मान भारत योजना दुनिया की सबसे बड़ी सरकारी स्वास्थ्य बीमा योजना बन गई है, जो 55 करोड़ से अधिक आर्थिक रूप से कमजोर नागरिकों को सुरक्षा देती है।

2018 में शुरू पोषण अभियान गर्भवती महिलाओं, स्तनपान कराने वाली माताओं और छोटे बच्चों में कुपोषण को दूर करने पर केंद्रित है। जनऔषधि केंद्रों ने दवाओं को सस्ता और सुलभ बना कर बड़ी राहत दी है। देश भर में 16,900 से अधिक केंद्र सस्ती जेनेरिक दवाएं उपलब्ध करा रहे हैं। इनसे घरों के खर्च में बचत होती है और लोग दवाओं पर खर्च होने वाले पैसे को खाने, बच्चों की पढ़ाई या छोटे व्यवसाय में लगा सकते हैं। स्वच्छ भारत मिशन को अक्सर सफाई अभियान माना जाता है, लेकिन यह उतना ही बड़ा जन-स्वास्थ्य आंदोलन भी है। देश भर के गांवों और शहरों में करोड़ों शौचालय बनाए गए, जिससे खुले में शौच की समस्या में कमी आई। इसके कारण पानी से होने वाली बीमारियां घटीं और हर साल लगभग 60,00070,000 शिशुओं की जान बच रही है। महिला-केंद्रित बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ जैसी योजनाओं ने लिंग अनुपात को बेहतर किया और लड़कियों की शिक्षा को बढ़ावा दिया जबकि डिजिटल हेल्थ टूल्स और आयुष्मान भारत आरोग्य मंदिर गांव-गांव तक जांच ऑनलाइन परामर्श और इलेक्ट्रॉनिक स्वास्थ्य रिकॉर्ड जैसी सुविधाएं

पहुंचा रहे हैं। इन सभी प्रयासों ने मिल कर ऐसा माहौल बनाया है जहां नागरिक अधिक स्वस्थ हैं, परिवारों की बचत सुरक्षित रहती है, और कार्यबल अधिक विश्वसनीय और कुशल बनता है। यूनिसेफ के अनुसार, स्वच्छ भारत मिशन से हर ग्रामीण परिवार को सालाना लगभग 50,000 रुपये की बचत होती है।

इन सुधारों के पीछे की आर्थिक सोच बेहद महत्त्वपूर्ण है। पहले भारत में स्वास्थ्य पर जेब से खर्च बहुत अधिक था। 2013-14 में यह कुल खर्च का 64% था लेकिन 2021-22 तक घट कर 39% रह गया। यह बदलाव मुख्य रूप से बीमा योजनाओं, सस्ती दवाओं और स्वच्छता सुधारों के कारण संभव हुआ। बीमारियों पर कम निजी खर्च का मतलब है परिवारों की अधिक बचत, ज्यादा उपभोग और औपचारिक वित्तीय तंत्र में बेहतर भागीदारी। स्वच्छ पेयजल, बेहतर शौचालय और मां-बच्चे का पोषण जैसे रोकथाम संबंधी उपाय भी वही लाभ देते हैं जिन्हें अर्थशास्त्री 'बाहरी प्रभाव' कहते हैं यानी ऐसे लाभ जो प्रत्यक्ष प्राप्तकर्ता से आगे तक पहुंचते हैं। कम बीमार पड़ने से किसान, मजदूर और दफ्तर के कर्मचारी नियमित रूप से काम पर जाते हैं। जो बच्चे कुपोषण और थकावट से बचते हैं, वे स्कूल में बेहतर प्रदर्शन करते हैं। बड़े होकर अधिक कमाई वाले वयस्क बनते हैं। यहां तक कि शहरों के नियोक्ताओं को भी फायदा होता है क्योंकि स्वस्थ प्रवासी मजदूरों से काम में स्थिरता रहती है। आयुष्मान भारत योजना के तहत बीमा कवरेज ने निजी क्षेत्र के निवेशकों भी बढ़ावा दिया है। अब अस्पताल, लैब और स्टार्ट-अप्स उन जिलों में भी काम शुरू कर रहे हैं, जिन्हें पहले नजरअंदाज किया जाता था क्योंकि वहां मरीजों की क्रय शक्ति कम थी। इस तरह, सरकारी वित्तीय सहयोग बीज पूंजी की तरह काम कर रहा है, जिससे स्वास्थ्य उद्यमिता की नई लहर उठ रही है, जो रोजगार पैदा कर रही है और सेवाओं की पहुंच भी गहरी कर रही है।

2014 के बाद से भारत के स्वास्थ्य क्षेत्र में हुआ परिवर्तन दिखाता है कि सरकार किस तरह सही नीतियों के जरिए समानता और आर्थिक प्रगति, दोनों हासिल कर सकती है। प्रधानमंत्री मोदी ने स्वास्थ्य को दान या कल्याण की जगह उत्पादकता का स्तंभ मान कर इसकी परिभाषा बदल दी है। जिन परिवारों को पहले बीमारी और कर्ज के चक्र में फंसना पड़ता था, वे अब अपनी आय बचा रहे हैं, बच्चों को शिक्षित कर रहे हैं, और औपचारिक बाजार का हिस्सा बन रहे हैं। मैं विशेष रूप से मोदी जी को चिकित्सा शिक्षा सुधार के लिए बधाई देना चाहता हूं क्योंकि यह सबसे कठिन सुधारों में से एक है। जहां हमें 60 साल में 387 मेडिकल कॉलेज बनाने में लगे वहीं पिछले 10 साल में इनकी संख्या बढ़ कर 780 हो गई है। इसी तरह 2014 में डॉक्टरों के लिए 28,500 पीजी सीटें थीं, जो अब बढ़ कर 75,092 हो गई हैं।

भारत हर साल 1,18,000 से अधिक डॉक्टर तैयार करता है, जो दुनिया में सबसे ज्यादा है। डॉक्टर, नर्स और पैरा-मेडिकल स्टाफ स्वास्थ्य सेवाओं की रीढ़ हैं, और भारत आज न सिर्फअपने लिए, बल्कि दुनिया के लिए कुशल स्वास्थ्यकर्मी बल तैयार कर रहा है। जैसे-जैसे भारत 2047 की ओर बढ़ रहा है, इन सुधारों के लाभ और बढ़ेंगे-लोगों की औसत आयु बढ़ेगी, आय में वृद्धि होगी। समावेशी और रोकथाम आधारित स्वास्थ्य सेवाएं राष्ट्रीय शक्ति की रीढ़ और आर्थिक बदलाव का महत्त्वपूर्ण उपकरण बन चुकी हैं।

(डॉ. शेट्टी, नारायणा हेल्थ के संस्थापक, अध्यक्ष और वरिष्ठ परामर्शदाता कार्डियक सर्जन हैं। उन्हें 2012 में पद्म भूषण और 2014 में आर्थिक एवं व्यवसाय नवाचार से संबंधित निक्केई एशिया पुरस्कार से सम्मानित किया गया। लेख में विचार निजी हैं)

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक बड़ा सिद्धांत मूर्ताकार कर दिया है कि बीमारी की रोकथाम पर किया गया निवेश उत्पादकता और समृद्धि, दोनों में लाभ देता है। राष्ट्रीय नेतृत्व संभालने के बाद मोदी जी ने इन अनुभवों को पूरे देश में बड़े पैमाने पर लागू किया। 2018 में लॉन्च की गई आयुष्मान भारत योजना दुनिया की सबसे बड़ी सरकारी स्वास्थ्य बीमा योजना बन गई है, जो 55 करोड़ से अधिक आर्थिक रूप से कमजोर नागरिकों को सुरक्षा देती है

संतरे के छिलकों में सेहत का खजाना

- संतरे का मीठा और रसीला स्वाद हर किसी को पसंद आता है, लेकिन खाने के बाद जो हिस्सा सबसे पहले कूड़ेदान में फेंका जाता है, वो है छिलका। जिस छिलके को आम तौर पर लोग बेकार समझ कर फेंक देते हैं, वो असल में आयुर्वेद और विज्ञान की नजर में सेहत का खजाना है
- अमेरिका की नेशनल लाइब्रेरी ऑफ मेडिसिन के मुताबिक, संतरे के छिलके में विटामिन सी की मात्रा बहुत ज्यादा होती है, जो हमारे शरीर की इम्यूनिटी को बढ़ाती है। संतरे के छिलके में पाए जाने वाले फ्लैवोनॉइड्स और एंटीऑक्सिडेंट्स हमारे दिल की सेहत के लिए भी बहुत फायदेमंद हैं
- इसका पाउडर दांतों के लिए लाभकारी है। इसको दांतों पर हल्के से रगड़ने से दांत सफेद होते हैं, और सांस की दुर्गंध दूर होती है

(मीडिया इनपुट्स)

अमेरिका में 60 फीसद डॉक्टर भारत से हैं-अमेरिका में सर्वाधिक विदेश-प्रशिक्षित डॉक्टर। इसके बावजूद अमेरिका के छोटे शहरों में डॉक्टरों की काफी कमी है। इसलिए व्हाइट हाउस एच-1बी संबंधी आदेश में ढिलाई का रुख दिखा रहा है ताकि अपने तईं डॉक्टरों समेत विदेशी पेशेवरों की कुछ श्रेणियों में छूट दे सके।

ब्रह्म चेलानी, सामरिक विशेषज्ञ
@Chellaney

शोधार्थियों को प्रोत्साहन की कमी

मुद्दा **प्रमोद भार्गव**

पक्षियों के पंख अपने आप में संपूर्ण रूप में विकसित होते हैं, लेकिन हवा के बिना कोई भी पक्षी उड़ान नहीं भर सकता। यही स्थिति भारत में नवाचारी प्रयोगधर्मियों के साथ रही है। उनमें कल्पनाशील असीम क्षमताएं हैं, लेकिन कल्पनाओं को आकार देने के लिए प्रोत्साहन एवं वातावरण नहीं मिल पाता है। हालांकि 11 साल से सत्तारूढ़ मोदी सरकार ने इस वातावरण के निर्माण में अकल्पनीय काम किया है, किंतु अब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के अनर्गल फैसलों के चलते जरूरी हो गया है कि हम अपने उच्च शिक्षण संस्थानों में अध्यनरत विद्यार्थियों की मौलिक सोच को शोध की दिशा में प्रेरित करें।

हाल में ट्रंप ने नासा और नेशनल साइंस फाउंडेशन जैसे शोध विकास संस्थानों के बजट में 50 प्रतिशत से ज्यादा की कटौती कर दी है। एच-1बी वीजा की शुल्क में आवेदन के लिए एक लाख डॉलर यानी करीब 86 लाख रुपये के अतिरिक्त भुगतान करने की शर्त लगा दी है। इस किस्म के वीजा के सबसे ज्यादा लाभार्थी वे दक्ष युवा भारतीय हैं, जो अमेरिका की आईटी कंपनियों में नौकरी के इच्छुक रहते हैं। ट्रंप भविष्य में ऐसे और कानूनी उपाय कर सकते हैं, जिनसे युवा उद्यमियों को अवसर मिलने में कमी आए। अतएव भारत को ऐसे कल्पनाशील शोधार्थियों को बढ़ावा देना जरूरी है, जिनमें नवाचारी प्रतिभा है। हालांकि नासा और नेशनल फाउंडेशन के बजट में कटौती के बाद यूरोप ने 'चूज यूरोप फॉर साइंस' थीम पर मई-2025 में बैठक कर दुनिया के शोधार्थियों के लिए अपने संस्थानों के द्वार खोल दिए हैं। फ्रांस और भारत ने बजट बढ़ा दिया है। चीन पूर्व से ही स्कूल स्तर पर छात्रों की मौलिक सोच एवं नूतन आविष्कार की संभावनाओं की पहचान कर छात्रों को अनुसंधान की दिशा में उन्मुक्त करने लग गया है। भारत ने नेशनल रिसर्च फाउंडेशन बना कर एक लाख करोड़ की धनराशि आवंटित की है जिससे शोध की सोच को आविष्कार के रूप में साकार किया जा सके।

दरअसल, हमारी अब तक दिक्कत यह रही है कि हम खुद न अपने आविष्कारकों को प्रोत्साहित नहीं करते हैं, और न ही उन्हें मान्यता देते हैं। इन प्रतिभाओं के साथ हमारा व्यवहार भी कमोबेश उपहासपूर्ण अभद्र रहता है। हालांकि अब निरंतर ऐसी प्रामाणिक सूचनाएं मीडिया में आ रही हैं,

जिनसे निश्चित होता है कि प्राचीन भारत विज्ञान की दृष्टि से अत्यंत समृद्धशाली था। संस्कृत ग्रंथों से यही ज्ञान अंग्रेजी, फारसी और अरबी भाषाओं में अनूदित होकर पश्चिम पहुंचा और वहां के कल्पनाशील जिज्ञासुओं ने भारतीय सिद्धांतों को वैज्ञानिक रूप में ढाल कर अनेक आविष्कार व सिद्धांत गढ़ कर पेटेंट करा लिए। इनमें से ज्यादातर पश्चिमी वैज्ञानिक उच्च शिक्षित नहीं थे।

आविष्कारक शोधार्थी को जिज्ञासु एवं कल्पनाशील होना जरूरी है। कोई शोधार्थी कितना भी शिक्षित क्यों न हो, कल्पना बिना मौलिक या नूतन आविष्कार नहीं कर सकता। शिक्षा संस्थानों से विद्यार्थी जो शिक्षा ग्रहण करते हैं, उसकी एक सीमा होती है। वह उतना ही बताती-सिखाती है, जितना हो चुका है। आविष्कार कल्पना की वह श्रृंखला है, जो हो चुके से आगे की अर्थात कुछ नितांत नूतन करने की जिज्ञासा को आधार-तल देती है। जब लब्ध-प्रतिष्ठित वैज्ञानिकों की जीवन-गाथाओं को पढ़ते हैं, तो पता चलता है कि न तो वे उच्च शिक्षित थे, न ही वैज्ञानिक संस्थानों में काम करते थे और न ही उनके इर्द-गिर्द विज्ञान-सम्मत परिवेश ही था। उन्हें प्रयोग करने के लिए प्रयोगशालाएं भी उपलब्ध नहीं थीं। गोया, हम कह सकते हैं कि मौलिक प्रतिभा जिज्ञासु के अवचेतन में कहीं छिपी होती है। इसे पहचान कर गुणीजन या शिक्षक प्रोत्साहित कर कल्पना को पंख देने का माहौल दें तो भारत की ग्रामीण धरती से अनेक वैज्ञानिक-आविष्कारक निकल सकते हैं। इस दिशा में एक अच्छी पहल आईआईटी, मद्रास में 'सोच का पाठ' पढ़ाने के पाठ्यक्रम शुरू करने के साथ की है। यदि शिक्षक विद्यार्थी के अवचेतन में पैठ बनाए बैठे इस कल्पनाशील सोच को पहचानने में सफल होते हैं, तो इस पाठ्यक्रम की सार्थकता निकट भविष्य में सिद्ध हो जाएगी।

दुनिया में वैज्ञानिक और अभियंता पैदा करने की दृष्टि से भारत का तीसरा स्थान है। भारतीय शोधार्थियों का वैश्विक प्रतिशत 2 हैं, चर्चित शोध-पत्रों की प्रस्तुति में हमारा योगदान 2.4 प्रतिशत है। प्रसन्नता की बात है कि 29 प्रौद्योगिकी संपन्न देशों में भारत का स्थान पांचवा है। भारत ने उस प्रत्येक परिस्थिति को चुनौती और अवसर माना जो दूसरे देशों ने हमारे सामने पेश की। रूस ने भारत को अंतरिक्ष मिसाइल प्रक्षेपण से जुड़े क्रायोजनिक इंजन की तकनीक देने से मना कर दिया था। तब एपीजे अब्दुल कलाम ने इसे देशज संसाधनों से विकसित किया और आज हम अंतरिक्ष में प्रमुख वैश्विक शक्ति हैं। इसी तरह 1987 में अमेरिका ने हमें सुपर कंप्यूटर देने से मना कर दिया था। तब भौतिक शास्त्री विजय पांडुरंग भटकर ने इस स्थिति को चुनौती माना और भारत का पहला सुपर कंप्यूटर परम स्वयं की मेधा से विकसित किया। अतएव ट्रंप के अवरोधों को हमें अवसर के रूप में देखने की जरूरत है।

(लेख में विचार निजी हैं)

समाज **श्रीराम शर्मा आचार्य**



हममें से हर व्यक्ति अपने को समाज का अविच्छिन्न अंग माने। सामूहिक उत्थान-पतन पर विश्वास करे। एक नाव में बैठे लोग जिस तरह एक साथ डूबते या पार होते हैं, वैसी ही मान्यता अपनी रहे। स्वार्थ-परमार्थ को परस्पर गूंथ दें। परमार्थ को स्वार्थ समझें और स्वार्थ सिद्धि की बात कभी ध्यान में आए तो वह संकीर्ण नहीं उदात्त एवं व्यापक हो। मिल-जुल कर काम करने और मिल-बांट कर खाने की आदत डाली जाए। मनुष्यों के बीच सज्जनता, सद्भावना एवं उदार सहयोग की परंपरा चले। दान विपत्ति एवं पिछड़ेपन से ग्रस्त लोगों को पैरों पर खड़े होने तक दिया जाए। साधारणतया मुफ्त में खाना-खिलाना अनैतिक समझा जाए। इसमें पारिवारिक-सामाजिक प्रीति भोजों का जहां औचित्य हो, वहां अपवाद रूप से छूट रहे। भिक्षावृत्ति पनपने न दी जाए। दहेज, मृतक भोज, सदावर्त धर्मशाला आदि दान, जो मात्र प्रसन्न करने भर के लिए-दिए जाते हैं और उस उदारता के लाभ समर्थ लोग उठाते हैं, अनुपयुक्त मान कर रोके जाएं। हर क्षेत्र का पिछड़ापन दूर करने के लिए उदार श्रमदान और धनदान को अधिकाधिक प्रोत्साहित किया जाए। किसी मान्यता या प्रचलन को शाश्वत या सत्य न माना जाए, उन्हें परिस्थितियों के कारण बना समझा जाए। उनमें जितना औचित्य, न्याय और विवेक जुड़ा हो उतना ग्राह्य और जो अनुपयुक्त होते हुए भी परंपरा के नाम पर गले बंधा हो, उसे उतार फेंका जाए। समय-समय पर इस क्षेत्र का पर्यवेक्षण होते रहना चाहिए और जो असामयिक, अनुपयोगी हो उसे बदल देना चाहिए। इस दृष्टि से लिंग भेद, जाति भेद के नाम पर चलने वाली विषमता सर्वथा अग्राह्य समझी जाए। सहकारिता का प्रचलन हर क्षेत्र में किया जाए। अलग- अलग पड़ने की अपेक्षा सम्मिलित प्रयत्नों और संस्थानों को महत्त्व दिया जाए। संयुक्त परिवार से लेकर संयुक्त राष्ट्र, संयुक्त विश्व को लक्ष्य बना कर चला जाए। विश्व परिवार का आदर्श कार्यान्वित करने का ठीक समय यही है। सभी प्रकार के विलगाव निरस्त किए जाएं। व्यक्ति की सुविधा की तुलना में समाज व्यवस्था को वरिष्ठता मिले। प्रशंसा ऐसे ही प्रयत्नों की हो जिन्हें सर्वोपयोगी कहा जाए। व्यक्तिगत समृद्धि, प्रगति एवं विशिष्टता को श्रेय न मिले।

रीडर्स मेल

जीएसटी के नाम पर बाजीगरी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राष्ट्र के नाम संबोधन में जनता से कहा है कि जीएसटी उत्सव मनाएं। कमाल की राजनीति के साथ, देश की जनता को मूर्ख बनाने की अजीबोगरीब बाजीगरी चल रही है। मोदी जी ऐसा कह रहे हैं जैसे यह जीएसटी आठ साल पहले नेहरू जी या इंदिरा गांधी जी ने देश की जनता पर थोपा था, उन्होंने 8 साल बाद दरें कम कर देश व जनता पर अहसान कर दिया है। उन्होंने ही जेब काटने वाले जीएसटी को थोप कर छोटे, मझौल व्यापारी व्यवसायी के साथ-साथ जनता की कमर तोड़ने में कसर नहीं छोड़ी। काफी विरोध व अनुनय-विनय के बाद भी सरकार के कानों में जूं तक नहीं रेंग रही थी। चाटुकार मीडिया पहले भी, अब भी इसके फायदे बताकर, अपनी पत्रकारिता पर बट्टा ही लगवा रहा था/है। जीएसटी के नाम पर काफी मात्रा में धन लूटा गया, अब 'सौ चूहे खाकर, बिल्ली हज को चली' कहावत ही चरितार्थ हो रही है। जनता को अब अपनी जागरूकता से सवाल करना चाहिए तथा ये चतुर सुजान, जो वोट व सत्ता के लिए कुछ भी कर सकते हैं। उनके छलावे में नहीं आना चाहिए।

हेमा हरि उपाध्याय, 'अक्षत', खाचरोद, उज्जैन

आयुर्वेद को बढ़ावा जरूरी

भारत की आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति दुनिया की प्राचीनतम चिकित्सा पद्धति है। प्राचीन काल में सभी तरह के रोगों और शल्य चिकित्सा आयुर्वेद द्वारा ही संपन्न होता था। आजादी के उपरांत सरकारी उपेक्षा की वजह से आयुर्वेद अपने ही देश में पराया हो गया। धीरे-धीरे लोग आयुर्वेद से दूर होते चले गए और एलोपैथ से जुड़ते चले गए। कोरोना काल में अन्य देशों की तुलना में भारत में कोरोना महामारी से मानव क्षरण कम हुआ था, उसकी वजह भारतीयों की मबजूत रोग प्रतिरोधी क्षमता है। भारत के हर घर में मसालों के रूप में हल्दी, गोलकी, अदरख आदि का इस्तेमाल किया जाता है। भारत जैसे विशाल आबादी वाले देश में आयुर्वेद को बढ़ावा देना अनिवार्य है क्योंकि एलोपैथ की महंगी स्वास्थ्य सेवाएं आम जनता की पहुंच से बाहर है।

हिमांशु शेखर, गयाजी

स्वदेशी से हमारा पुराना नाता

यह पत्र 'आत्मनिर्भरता का संबल' से संबंधित है। स्वदेशी आंदोलन का भारत से आजादी के समय से पुराना नाता है। प्रधानमंत्री मोदी का आत्मनिर्भरता पर एक बार फिर बल देना बिल्कुल उचित है क्योंकि अगर हम त्योहारों पर भारतीय उपहार और वस्तुएं खरीदें तो न केवल भारतीय अर्थव्यवस्था को बल देते हैं, बल्कि अपनी संस्कृति को भी जीवित रखते हैं। इसके अतिरिक्त हम जब भी अपने दैनिक जीवन में उपयोग में आने वाले सामान लेने से पहले यह देखने कि क्या यह स्वदेशी है या नहीं और अपनी सोच में परिवर्तन लेकर आएं तो देश में बड़ा परिवर्तन आ सकता है। आत्मनिर्भर बनाने के रास्ते में बड़ी अड़चने भी हैं, जिनको की सरकार को दूर करना होगा। आज की तारीख में भारत लगभग 900 बिलियन डॉलर का निर्यात हर वर्ष करता है और भारत निर्यात प्रधान देश है तो सरकार को चाहिए कि हर छोटी-बड़ी वस्तु देश में ही निर्मित करने के लिए जो भी उपकरण, औजार और तकनीक की आवश्यकता है वह भारत में उपलब्ध होनी चाहिए। दूसरे देशों पर हमारी निर्भरता पखवाड़े में समाप्त नहीं होगी इसके लिए सालों की कड़ी मेहनत की जरूरत है।

बाल गोविंद, नोएडा

letter.editorsahara@gmail.com

राष्ट्रीय सहारा — राष्ट्रीयता • कर्तव्य • समर्पण

वर्ष-26 , अंक 238

सहारा इण्डिया मास कम्युनिकेशन के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक जिया कादरी द्वारा राष्ट्रीय सहारा काम्पलेक्स, पार्क रोड, गोरखपुर में मुद्रित तथा प्रकाशित। । वरिष्ठ स्थानीय संपादक -पीयूष बंका। स्थानीय संपादक-दीप्त भानु डे *।
गोरखपुर कार्यालय- पी.बी.एक्स- 0551-2202362, 63, 64, फैक्स- 0551-2202365

आर.एन.आई.सं.यू.पी.ए.आई.एन./2000/1707

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन तथा कानूनी मामलों के लिए उत्तरदायी

हमें गर्व है हम भारतीय हैं

किसानों की जमीनों पर कब्जा करना चाहती है सरकार। —— राकेश टिकैत, भाकियू के राष्ट्रीय प्रवक्ता

मुफ्ती शहाबुद्दीन ने दी आजम खान को नयी पार्टी बनाने की सलाह, अखिलेश पर कसा तंज

लखनऊ। बरेली की विश्व प्रसिद्ध दरगाह आला हजरत से सम्बद्ध आल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना मुफ्ती शहाबुद्दीन रज़वी बरेलवी ने वरिष्ठ सपा नेता मोहम्मद आज़म ख़ान की रिहाई पर खुशी जताई, साथ ही सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव पर ग़म और नाराज़गी भी जाहिर की। आज़म ख़ां ने रामपुर और प्रदेश के विकास में अहम योगदान दिया और सपा को खून-पसीने से सींचा, मगर मुश्किल घड़ी में अखिलेश यादव ने उनका साथ नहीं दिया।

पूर्वोत्तर रेलवे
ई-निविदा सूचना
निम्नलिखित कार्यो के लिये "खुली" निविदा वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/सा० पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से आमंत्रित की जाती है:–
क्रम सं.-1, निविदा सं.: वमंविइ-लजं०-29-2025, कार्य का विवरण: कटरा स्टेशन पर रिमॉडलिंग के तहत इंटरलॉकिंग के प्रावधान, आरपीएफ चौकी का निर्माण, कटरा स्टेशन पर 20 बिस्तरों वाले आरपीएफ बैरक का प्रावधान, बढ़नी में 03 स्टेबलिंग लाइन का प्रावधान, जगतबेला में डाउन विस्तारित लूप पाइन का प्रावधान और विभिन्न रेलवे स्टेशनों के 10 पीपी शेल्टर का विस्तार/प्रावधान कुल 20 बे के लिये विद्युत कार्य। अनुमानित लागत:₹ 74,69,276.13, बयाना राशि: ₹ 1,49,400/-, निविदा मूल्य: ₹ 0.00, कार्य सम्पादन की अवधि: 06 माह। **क्रम सं.-2,** निविदा सं.: वमंविइ-लजं०-32-2025, कार्य का विवरण: मैलानी स्टेशन पर एचएस–एसपीएआरटी के लिये बुनियादी सुविधाओं का निर्माण, लखीमपुर में आरपीएफ बंदीगृह (पुरूष और महिला) की वायरिंग, एमएलएन में 20 बेड का आरपीएफ बैरक और दुधवा, बीआरके, एमएलएन, मिहींपुरवा और जीकेपी रेलवे स्टेशन पर डीप ट्यूबवेल का प्रावधान। अनुमानित लागत: ₹ 83,38,560.25, बयाना राशि: ₹ 1,66,800/-, निविदा मूल्य: ₹ 0.00, कार्य सम्पादन की अवधि: 06 माह। **क्रम सं.-3,** निविदा सं.: वमंविइ-लजं०-33-2025, कार्य का विवरण: इलेक्ट्रिक लोको की होमिंग के लिये डीजल शेड में सुविधाओं का विस्तार, एलजेएन डिवीजन के जीडी, जीकेपी, जीकेसी, बीएसटी, जेईए, जीडी, बीयूडब्ल्यू, जीटीएनआर, एसटीपी, बीएलपी, एमएलएन और एसयूबीआर स्टेशन पर पाथवे लाइटिंग सुविधाओं और पोर्टा केबिन का प्रावधान। अनुमानित लागत: ₹ 99,67,305.23, बयाना राशि: ₹ 1,99,400/-, निविदा मूल्य: ₹ 0.00, कार्य सम्पादन की अवधि: 06 माह। **क्रम सं.-4,** निविदा सं.: वमंविइ-लजं०-34-2025, कार्य का विवरण: लोको शेड गोण्डा में स्टोर डिपो के बुनियादी ढांचे में सुधार, ईएलएस जीकेपी में इलेक्ट्रिकल और नेट सुविधा की स्थापना के साथ स्टोर बिल्डिंग, स्टॉकिंग वार्ड का प्रावधान, बीयूडब्ल्यू, टीकेयूआर, एसडीएएम, बीएनवाई और एनटीवी स्टेशन पर शंटिंग कार्य और क्रू स्टाफ के आवागमन के लिये मार्ग का प्रावधान और जेईए में गहरे ट्यूबवेल का प्रावधान। अनुमानित लागत: ₹ 87,91,782.86, बयाना राशि: ₹ 1,75,800/-, निविदा मूल्य: ₹ 0.00, कार्य सम्पादन की अवधि: 06 माह।
• उक्त निविदा बन्द होने की अंतिम तिथि व समय: 15-10-2025 को 15:00 बजे।
नोट:- इस निविदा के विरूद्ध मैनुअल आफर स्वीकार नहीं किया जायेगा। ऐसे प्राप्त मैनुअल आफर को उपेक्षित कर दिया जायेगा। विस्तृत विवरण व निविदा जमा करने हेतु कृपया भारतीय रेलवे की वेबसाइट *http://www.ireps.gov.in* को देखें।
वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/सामान्य
मुजाधि/विद्युत–142 लखनऊ
गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।

कोलकाता : बारिश से जनजीवन ठप,10 की मौत

कोलकाता (भाषा)। कोलकाता में रातभर मूसलाधार बारिश से मंगलवार को जलभराव हो गया जिससे जनजीवन लगभग ठप हो गया है। इस दौरान कम से कम दस लोगों की मौत हो गयी। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने भारी बारिश को "अभूतपूर्व" बताया तथा फरक्का बैराज से गाद न निकालने और निजी बिजली कंपनी सीईएससी की चूक की आलोचना की। साथ ही उन्होंने लोगों से अपनी सुरक्षा के लिए घरों के अंदर रहने की अपील की।

■ सीएम ममता बनर्जी ने कहा, मैंने अपने जीवन में इतनी बारिश कभी नहीं देखी

ममता ने एक बंगाली समाचार चैनल से कहा, "मैंने ऐसी बारिश पहले कभी नहीं देखी। मुझे उन लोगों के लिए बहुत दुख हो रहा है जिन्होंने बादल फटने के कारण अपनी जान गंवाई है। मैंने सुना है कि कम से कम 10 लोगों की मौत हो गई है। इनमें से 9 लोगों की मौत खुले तारों से करंट लगने से हुई है। यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है... उनके परिवारों को सीईएससी द्वारा नौकरी दी जानी चाहिए। मै यह स्पष्ट रूप से कह रही हूं। हम भी हरसंभव मदद करेंगे। रात भर हुई भारी बारिश के कारण कोलकाता में ऐसे वक्त में जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है जब शहर अपने सबसे बड़े त्योहार दुर्गा पूजा की तैयारी कर रहा है, जो इस सप्ताह के अंत में शुरू होगी। बिजली कंपनी को सीधे तौर पर दोषी ठहराते हुए उन्होंने कहा, "बिजली की आपूर्ति सीईएससी द्वारा की जाती है, न कि हमारे द्वारा। यह सुनिश्चित करना उनका कर्तव्य है कि लोगों को इससे परेशानी न हो। वे यहां व्यापार करेंगे, लेकिन

आधुनिकीकरण नहीं करेंगे? उन्हें लोगों को भेजकर इसे ठीक करना चाहिए। यहां तक कि हमारे मकान भी जलमग्न है, हम सब परेशान है। मुझे पूजा पंडालों के लिए भी बहुत बुरा लग रहा है। स्कूलों को छुट्टियां घोषित करने के लिए कहा गया है और कार्यालय जाने वालों को आज और कल घर पर रहने की सलाह दी गई है। ममता ने यह भी बताया कि वह महापौर, मुख्य सचिव और पुलिस के लगातार संपर्क में है। उन्होंने कहा, "फरक्का की ठीक से सफाई नहीं हुई है, इसलिए हर बार जब बारिश होती है, बिहार, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, मुंबई, दिल्ली, हर जगह जलभराव हो जाता है। इस बार बारिश थोड़ी असामान्य है।

कोलकाता के महापौर और राज्य के शहरी विकास मंत्री फिरहाद हाकिम ने बताया कि अब तक हमें शहर में अलग-अलग जगहों पर करंट लगने से चार लोगों की मौत की सूचना मिली है। लेकिन बाद में आधिकारिक तौर पर आठ लोगों की मौत की पुष्टि की गयी। हाकिम ने बताया कि शहर के अधिकांश हिस्सों में जलभराव हो गया है और कोलकाता नगर निगम (केएमसी) की टीम पानी निकालने के लिए चौबीसों घंटे काम कर रही है।

उन्होंने बताया कि केएमसी अधिकारी कड़ी मेहनत कर रहे है लेकिन नहरें और नदियां पानी से लबालब भरी है और हर बार जब पानी निकाला जाता है, तो शहर के अंदर और पानी घुस रहा है। मुख्य सड़कों पर वाहन फंसे रहे, यात्रियों को कई चौराहों पर कमर तक पानी से होकर गुजरना पड़ा तथा ब्लू लाइन के एक लंबे हिस्से पर मेट्रो सेवाएं स्थगित कर दी गई।

रेलवे ने गोरखपुर रूट की निरस्त 11 ट्रेनों को किया बहाल

लखनऊ (एसएनबी)। पूर्वोत्तर रेलवे ने नवरात्र में आवागमन करने वाले मुसाफिरों को असुविधा से बचाने के लिए निरस्त 11 ट्रेनों को बहाल करने का निर्णय लिया गया है। इन ट्रेनों का निरस्तीकरण गोरखपुर-डोमिनगढ़ तीसरी लाइन तथा गोरखपुर-नकहा जंगल दोहरीकरण की कमीशनिंग को लेकर ट्रेनों को निरस्त किया गया था।

पूर्वोत्तर रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने बताया कि यात्रियों को नवरात्र के दौरान कोई दिक्कत न हो, इसके लिए पहले निरस्त की गयी ट्रेनों को बहाल किया गया है। जिन 11 ट्रेनों को बहाल किया गया है, उनमें लखनऊ आवागमन करने वाली कई ट्रेनें शामिल है। 27 सितम्बर को चलने वाली 12555 गोरखपुर-बठिण्डा एक्सप्रेस, 28 सितम्बर को चलने वाली 12556 बठिण्डा-गोरखपुर एक्सप्रेस, 27 सितम्बर को चलने वाली 12571 गोरखपुर-आनन्द विहार टर्मिनल एक्सप्रेस, 28 सितम्बर को चलने वाली 12572 आनन्द विहार टर्मिनल-गोरखपुर एक्सप्रेस, 27 सितम्बर को चलने वाली 22537 गोरखपुर-लोकमान्य तिलक टर्मिनस एक्सप्रेस, 29 सितम्बर को चलने वाली 15017 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-गोरखपुर एक्सप्रेस और लखनऊ जं. एवं पाटलिपुत्र से 27 सितम्बर को चलने वाली 15034/15033 लखनऊ जं.-पाटलिपुत्र-एक्सप्रेस का संचलन बहाल किया गया है। उन्होंने बताया कि कुछ ट्रेनों को आंशिक रूप से बहाल किया गया है। पहले 22 से 26 सितम्बर तक 15009 गोरखपुर-पीलीभीत एक्सप्रेस अब 23 से 27 सितम्बर, 2025 तक गोमती नगर स्टेशन से चलाई जायेगी तथा गोरखपुर-गोमती नगर के मध्य निरस्त रहेगी। इसी क्रम में 23 से 28 सितम्बर, 2025 तक 15010 पीलीभीत-गोरखपुर एक्सप्रेस अब 22 से 26 सितम्बर 2025 तक गोमती नगर स्टेशन पर यात्रा समाप्त करेगी तथा गोमती नगर-गोरखपुर के मध्य निरस्त रहेगी। इसी तरह पहले 22 से 27 सितम्बर तक 15082 गोमती नगर-गोरखपुर एक्सप्रेस अब 23 से 27 सितम्बर, 2025 तक आनन्दनगर स्टेशन पर यात्रा समाप्त करेगी।

पूर्वोत्तर रेलवे
ई-ऑक्शन सूचना
वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-ऑक्शन से सम्बन्धित सूचना।
एडमिन यूनिट/जोन: लखनऊ-पू०उ०रे०-मण्डल-वाणिज्य/पू०उ०रे०, नीलामी सूची सं०/लॉट सं०: MPS-LJND-09-25, नीलामी सूची प्रकाशन तिथि: 22-09-2025 समय 14:18 बजे, नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट): 07-10-2025 समय 10:00 बजे, नीलामी बन्द करने की तिथि व समय: 07-10-2025 समय 11:20 बजे, नीलामी का प्रकार: Close Ended, वेबसाइट विवरण जहाँ पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है: E-Auction Module of *www.ireps.gov.in*
सहायक वाणिज्य प्रबन्धक,
मुजाधि/वाणिज्य–142 लखनऊ
ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें।

पूर्वोत्तर रेलवे
ई–ऑक्शन सूचना
वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–ऑक्शन से संबंधित सूचना। **एडमिन यूनिट/जोन:** लखनऊ–पू०उ०रे०–मण्डल–वाणिज्य/पू०उ०रे०; **नीलामी सूची सं./लॉट सं.:** CatgGMUSMU-9-25; **नीलामी सूची प्रकाशन तिथि:** 22.09.2025 समय 13:34 बजे; **नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट):** 07.10.2025 समय 10:00 बजे; **नीलामी बन्द करने की तिथि व समय:** 07.10.2025 समय 12:30 बजे; **नीलामी का प्रकार:** Close Ended; **वेबसाइट विवरण जहाँ पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है :** E-Auction Module of **www.ireps.gov.in**
सहायक वाणिज्य प्रबंधक
मुजाधि/वा०–141 **लखनऊ**
ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें

पश्चिमी यूपी से मानसून की विदाई की परिस्थितियां अनुकूल, आज पूर्वांचल में बूंदाबांदी के आसार

लखनऊ (एसएनबी)। आगामी 24 घंटों के दौरान पश्चिमी उप्र से दक्षिण-पश्चिम मानसून की वापसी के लिए परिस्थितियां अनुकूल हो गई हैं। मौसम विभाग के अनुसार 14 सितंबर को पश्चिमी राजस्थान से मानसून की वापसी शुरू होने के बाद 16 और 22 सितंबर को यह चरणबद्ध तरीके से पश्चिम भारत के कुछ और हिस्सों से लौट चुका है।

प्रदेश के पश्चिमी और मध्यवर्ती भागों में पिछले तीन-चार दिनों से शुष्क मौसम बना हुआ है। निचले क्षोभमंडल में पछुआ और उत्तर-पश्चिमी हवाओं के चलते यहां आगामी दिनों तक मौसम शुष्क रहने की संभावना है। केवल पूर्वी उत्तर प्रदेश के 1-2 स्थानों पर हल्की बूंदाबांदी या छिटपुट बारिश हो सकती है। इस बीच बंगाल की खाड़ी में बने निम्न दबाव क्षेत्र के असर से तटीय पश्चिम बंगाल, उत्तरी उड़ीसा तट और संलग्न उत्तर-पश्चिमी खाड़ी में मौसम सक्रिय हुआ है। इसके प्रभाव से पूर्वांचल के दक्षिणी और पूर्वी जिलों में 24 सितंबर से कहीं-कहीं बूंदाबांदी और छिटपुट बारिश होने की संभावना है। यह सिस्टम 26 सितंबर तक बुंदेलखंड और प्रदेश के अन्य हिस्सों तक भी असर डाल सकता है।

पूर्वोत्तर रेलवे
ई-निविदा सूचना
निम्नलिखित कार्यो के लिये मुहरबन्द "खुली निविदा" वरिष्ठ मण्डल सिगनल एवं दूरसंचार, इंजीनियर, पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से आमंत्रित की जाती है:–
• **निविदा सूचना संख्या: 39 वर्ष 2025,** कार्य का विवरण: GKP में शेष 03 प्लेटफार्मो (PF No.-5,6 और 7), LJN में 02 प्लेटफार्मो (PF No.-3 और 5) पर कोच गाइडेंस सिस्टम का और प्रवेश द्वार तथा एफओबी पर ट्रेन डिस्प्ले बोर्ड के लिये 2 वर्षो के लिये व्यापक वार्षिक रखरखाव अनुबंध। अनुमानित लागत: ₹ 21,99,339.78, बयाना राशि: ₹ 44,000/-, निविदा प्रपत्र का मूल्य: ₹ 0.00, कार्य समापन अवधि: 24 माह। • **निविदा सूचना संख्या: GS-02 of 2025,** कार्य का विवरण: ऐशबाग द्वितीय प्रवेश, गोमतीनगर और लखनऊ जंक्शन पर पार्सल कार्यालय का निर्माण और आधुनिकीकरण। अनुमानित लागत: ₹ 38,25,096.75, बयाना राशि: ₹ 76,500/-, निविदा प्रपत्र का मूल्य: ₹ 0.00, कार्य समापन अवधि: 120 दिन।
(1) निविदाओं के बन्द होने की अंतिम तिथि एवं समय: 16-10-2025 at 15:00 Hrs.
नोट: इस निविदा के विरूद्ध मैनुअल आफर स्वीकार नहीं किया जायेगा। ऐसे प्राप्त मैनुअल आफर को उपेक्षित कर दिया जायेगा। विस्तृत विवरण व निविदा जमा करने हेतु, कृपया भारतीय रेलवे की वेबसाइट *http://www.ireps.gov.in* को देखें।
मण्डल रेल प्रबन्धक (सिगनल एवं दूरसंचार)
मुजाधि/सिगनल-56 लखनऊ
गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।

बुंदेलखंड के किलों को राज्य सरकार को हस्तांतरित करने का अनुरोध किया

लखनऊ (एसएनबी)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखकर भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) द्वारा संरक्षित बुंदेलखंड क्षेत्र के किलों के विकास के लिए उन्हें राज्य सरकार को हस्तांतरित करने का अनुरोध किया है। एक आधिकारिक बयान में मंगलवार को यह जानकारी दी गई।

बयान के अनुसार, ये किले/स्मारक भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण, संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार के संरक्षण में हैं। इसमें कहा गया कि सीएम योगी ने प्रधानमंत्री से तालबेहट किला (ललितपुर), कालिंजर किला (बांदा), मड़फा (चित्रकूट), बरुआ सागर (झांसी) तथा घाट की सीढ़ियों को भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के प्राचीन स्मारक एवं पुरातात्विक स्थल और अवशेष अधिनियम, 1958 के अंतर्गत राज्य सरकार को हस्तांतरित करने का अनुरोध किया है।

प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह के हवाले से बताया गया कि सीएम ने बुंदेलखंड की भौगोलिक तथा पर्यटन की दृष्टि से महत्वपूर्ण स्थलों का उल्लेख करते हुए पत्र में कहा कि बुंदेलखंड भारत का हृदयस्थल है। पहले इस क्षेत्र को दशार्ण (दस नदियों का क्षेत्र), जेजाकभुक्ति या जुझौती कहा जाता था। उन्होंने कहा कि यह क्षेत्र पाषाण युग से ही मानव गतिविधियों का साक्षी रहा है।

गोरखपुर विकास प्राधिकरण, गोरखपुर
विज्ञापन संख्या: 24, दिनांक: 23-09-2025, अन्तिम तिथि: 22-10-2025
क्रमांक-3 हेतु अन्तिम तिथि: 04-10-2025
ई–निविदा सूचना
उपाध्यक्ष, गोरखपुर विकास प्राधिकरण की ओर से **03** कार्यों की ई–निविदा आमंत्रित की जा रही है, जिसमें क्रमांक-3 के कार्य हेतु विशेषज्ञ फर्मो एवं क्रमांक-1 एवं 2 के कार्य हेतु गोरखपुर विकास प्राधिकरण में पंजीकृत ठेकेदार/फर्मो से ऑनलाइन निविदायें आमंत्रित की जाती है। कार्य से सम्बन्धित निविदा प्रपत्र वेबसाइट ***"http://etender.up.nic.in"*** पर उपलब्ध होगा। वेबसाइट पर उपलब्ध निविदा नोटिस में धरोहर धनराशि, निविदा डालने की तिथि, समय, श्रेणी, कार्य करने की अवधि एवं निविदा लागत तथा निविदा की विस्तृत नियम एवं शर्तो का उल्लेख है।
निविदा प्रपत्र उत्तर प्रदेश इलेक्ट्रानिक कारपोरेशन की वेबसाईट ***"http://etender.up.nic.in"*** पर देखें एवं वहीं पर भरे जायेगें। इच्छुक फर्मो से अनुरोध है कि वे नियमित रूप से उक्त वेबसाईटों को देखते रहें क्योंकि निविदाओं के सम्बन्ध मे कोई बदलाव अथवा अतिरिक्त सूचना वेबसाईट पर ही उपलब्ध करायी जायेगी।
अधीक्षण अभियन्ता

डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान में बढ़ाई जाएंगी सुविधाएं

लखनऊ (एसएनबी)। मुख्य सचिव एसपी गोयल की अध्यक्षता में डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान की शासी निकाय की 41वीं बैठक आयोजित की गई। बैठक में मरीजों के हित में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए, जिनका उद्देश्य स्वास्थ्य सेवाओं को और सुलभ व प्रभावी बनाना है।

■ शासी निकाय की 41वीं बैठक में लिया गया निर्णय
■ 250 से अधिक दवाएं अब वार्ड में मिलेंगी
■ नेत्र रोग विभाग में लगने वाला 50 रुपये का शुल्क समाप्त

बैठक में निर्णय लिया गया कि न स्टेम डेड मरीजों के परिजनों की स्वीकृति उपरांत यदि अंगदान किया जाता है तो उस रोगी के अस्पताल खर्चो का भुगतान अस्पताल द्वारा किया जायेगा। मरीजों के उपचार में देरी से बचने के लिए सामान्य उपयोग की 250 से अधिक औषधियां और कंज्यूमेबल्स वार्ड में ही उपलब्ध कराए जाएंगे, जिसके लिए मरीजों से मामूली हॉस्पिटल रिवॉल्विंग फंड (एचआरएफ) शुल्क लिया जाएगा, जिसमें ये सुविधाएं शामिल होंगी। इससे रोगी का उपचार तत्काल शुरू हो सकेगा। इसके अतिरिक्त नर्सिंग संवर्ग के लिए उच्चतर शिक्षा के अध्ययन अवकाश अधिकतम 2 वर्ष के लिए स्वीकृत किया जायेगा। नेत्र रोग विभाग की ओपीडी में फंडस एग्जामिनेशन और काला मोतिया जांच जैसी सामान्य प्रक्रियाओं के लिए लिया जाने वाला ₹50 शुल्क समाप्त करने का निर्णय लिया गया है। ओपीडी प्रोसीजर्स को रजिस्ट्रेशन शुल्क में ही सम्मिलित मानते हुये ये जांचे निःशुल्क की जाएंगी, जिससे मरीजों का समय बचेगा। बैठक में संस्थान में एनेस्थीसिया सहित अन्य विभागों में पीजी (एमडी/एमएस/डीएम/एमसीएच) की 86 सीटें बढ़ाने के लिए राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (एनएमसी) को प्रस्ताव भेजने की स्वीकृति प्रदान की गई। बैठक में अवगत कराया गया कि दो माह पूर्व सम्पन्न हुये फैकल्टी रिक्रूटमेंट के माध्यम से 165 नये संकाय सदस्यों का चयन पूर्ण कर लिया गया है।

बैठक में प्रमुख सचिव चिकित्सा शिक्षा एवं संस्थान के उपाध्यक्ष अमित कुमार घोष, महानिदेशक चिकित्सा शिक्षा अपर्णा यू., सचिव वित्त समीर वर्मा, अटल बिहारी वाजपेयी मेडिकल यूनिवर्सिटी-लखनऊ के कुलपति संजीव मिश्रा, पूर्व कुलपति उप्र आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय डा. पीके सिंह, महानिदेशक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य रतन पाल सिंह सुमन, संस्थान के निदेशक प्रो. सी.एम. सिंह सहित अन्य अधिकारीगण आदि उपस्थित थे।

उ.प्र. राज्य निर्माण सहकारी संघ लि.
जी–4/5बी, सेक्टर–4, गोमती नगर विस्तार, लखनऊ।
नोटिस सं.–मु.अभि.सी.–142/ई.टे.प्र./टी–400(IX) दिनांक : 23 सितम्बर,2025
ई–निविदा सूचना
उ.प्र. राज्य निर्माण सहकारी संघ लि. द्वारा निम्नलिखित जनपदों में निर्माण कार्यो हेतु ई–टेण्डरिंग के माध्यम से आनलाइन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा से सम्बंधित बिड डाक्यूमेंट, नियम/शर्ते वेबसाइट http://etender.up.nic.in से डाउनलोड की जा सकती है। निविदा से सम्बंधित सूचना विभागीय वेबसाइट www.uprnss.org पर भी देखी जा सकती है :–

क्र. सं.	निविदा नोटिस संख्या	जनपद का नाम	निविदा अपलोड करने की करने की तिथि	कार्य का नाम	निविदा की लागत(रू. लाख में)
1.	405/UPRNSS/E-TENDER/ 2025-26 Date 22-09-2025	सिद्धार्थ नगर	10.09.2025	जनपद सिद्धार्थनगर में बी–पैक्स खेसरहा में गोदाम का निर्माण कार्य।	42.67

मुख्य अभियन्ता

राजस्थान सरकार
कार्यालय अधीक्षक मथुरादास माथुर चिकित्सालय जोधपुर
E-TENDER NOTICE
Online Bids are invited from eligible bidders i.e. Manufacturer/Authorized Distributors/Dealers to provide various Items & Services at Mathura Das Mathur Hospital Jodhpur attached to Dr. S. N. Medical College Jodhpur as per tender terms and conditions. Tenders are to be submitted duly digitally signed in electronic format only on website **http://eproc.rajasthan.gov.in.** The tender documents may be downloaded from above mentioned website. The tender document may also be seen on **http://sppp.rajasthan.gov.in.** The details of the bid are as follows:-
{(E-Tender No: 09(2025-26)}
1. Audiologist & Speech Therapist (Basic-B.Sc. Degree Holder in Speech & Hearing) for Audio logical Services and speech therapy services for 02 Years on Contract Basis
Estimated Cost-19.20 Lac
UBN-**SMC2526SLRC00161**
2. Perfusionist for 02 Years on Contract Basis
Estimated Cost: 18.72.00 Lac
UBN-**SMC2526SLRC00162**
{E-Tender No: 10(2025-26)}
1. Auction of unserviceable store material in Mathura Das Mathur Hospital
Stock Value 521.00 Lakh
UBN-**SMC2526GLOE00163**
Superintendent
Mathura Das Mathur Hospital
Jodhpur
R.O.No. DIPR/C/13658/2025/Date:18.09.2025

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग प्रखण्ड–गोरखपुर
पता – भूतल, विकास भवन, गोरखपुर।
ई–निविदा की प्रेस सूचना द्वितीय आमन्त्रण
पत्रांक–1693/ग्रा0अ0वि0/निविदा पत्रावली/पत्रावली सं0..../अनु0 सहायक/2025–26/दिनांक: 18–09–25
महामहिम श्री राज्यपाल, उ0प्र0 की ओर से अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड गोरखपुर के द्वारा ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग उ0प्र0 में ए.बी.सी एवं डी श्रेणी में कार्य की लागत के सीमा के अनुरूप पंजीकृत निविदादाताओं से ई–टेण्डरिंग के माध्यम से प्रतिशत दर के आधार पर नीचे दर्शाये गये कार्य हेतु में **स्वीकृति/प्रत्याशा** में निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदादाता किसी एक कार्य अथवा सभी कार्यों के लिए निविदा दे सकता है।
1. कार्य से सम्बंधित विवरण निम्नवत् है:–

क्र0 सं0	योजना	जनपद	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (लाख रू0 में)	बिड सिक्योरिटी (लाख रू0 में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य जी0एस0टी0 सहित (रू0 में)	कार्य पूर्ण होने की अवधि वर्षा ऋतु सहित
1	वि0नि0/ 24–25	गोरखपुर/ चौरी–चौरा	वि0ख0–सरदारनगर ग्राम पं0–देवीपुर में माता तरकुलहाँ में सामुदायिक शौचालय का निर्माण।	20.12	0.402	896.00	3 माह
2	वि0नि0/ 24–25	गोरखपुर/ चौरी–चौरा	वि0ख0–सरदारनगर ग्राम पं0–आमकोल में छठ घाट पर सीढी का निर्माण।	20.03	0.401	896.00	3 माह
3	स0स0/ 25–26	गोरखपुर/ पिपरौली	वि0ख0–पिपरौली के ग्रामों की सीमा स्तम्भ (सिहद्दों) के पुर्ननिर्माण/स्थापना/पुर्नस्थापना के सम्बन्ध में ।	11.05	0.221	812.00	3 माह
4	सां0नि0/ 25–26	गोरखपुर/ नगर क्षेत्र	आवासीय भवनों (15 अदद टाईप 1, 12 अदद टाईप–2, 02 अदद टाईप 3, 03 अदद टाईप 03, 05 अदद टाईप–04, 01 अदद गराज) में सिविल रेनोवेशन कार्य के उपरान्त विघुत रिवायरिंग का कार्य।	33.89	0.678	896.00	3 माह
5	सां0नि0/ 25–26	गोरखपुर/ नगर क्षेत्र	दी0द0उ0 गोरखपुर विश्वविधालय गोरखपुर मे 02 अदद वाटर फिल्टर विथ चिलर का निर्माण 1000 लीटर।(चौरी–चौरा शहीद स्मारक व दीक्षा भवन के पास 01–01 अदद)	11.53	0.231	812.00	3 माह

2. वैब साइट पर बिड डाक्यूमेन्ट की उपलब्धता की तिथि–25/09/2025
3. ई–निविदा के माध्यम से निविदा प्राप्ति के लिए अंतिम तिथि एवं समय:–03/10/2025 को अपरान्ह 12:00 बजे।
4. ई–निविदा के माध्यम से निविदा खोलने की तिथि एवं समय:–04/10/2025 को अपरान्ह 12:30 बजे।
5. कॉलम सं0–04 पर अंकित कार्य पर निविदा डालने के लिए ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग में विघुत रजिस्ट्रेशन आवश्यक है।
6. निविदा आमंत्रणकर्ता को आईटीबी के क्लॉज–9 के अनुसार परिशिष्ट/शुद्धि पत्र जारी करने का अधिकार है जो किसी भी समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं किया जायेगा। सभी संभावित निविदादाताओं को सलाह दी जाती है कि वह नियमित रूप से ई–निविदा पोर्टल पर निगरानी रखें।
7.अधिक जानकारी के लिए कृपया वैब साइट http//etender.up.nic.in पर लॉग इन करें तथा बिड डाक्यूमेन्ट को डाउनलोड करें।
अधिशासी अभियन्ता
ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग
प्रखण्ड–गोरखपुर
श्री राज्यपाल, उ.प्र. की ओर से
उ.प्र. : 238016 दिनांक : 22.09.2025
वेबसाइट : www.upgov.nic.in

अवैध रूप से मादक पदार्थों का सेवन व क्रय-विक्रय करने वालों के विरुद्ध करें कठोर कार्रवाई : गोयल

लखनऊ (एसएनबी)। मुख्य सचिव एसपी गोयल की अध्यक्षता में एनकॉर्ड की राज्य स्तरीय समिति की बैठक आयोजित की गई। मुख्य सचिव ने अवैध रूप से मादक पदार्थो का सेवन व क्रय-विक्रय करने वालों के विरूद्ध कठोर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह भी सुनिश्चित किया जाए कि कार्रवाई के उपरांत दूसरे स्थान पर हॉटस्पॉट न बने।

■ मुख्य सचिव की अध्यक्षता में एनकॉर्ड की राज्य स्तरीय समिति की बैठक संपन्न

मुख्य सचिव ने कहा कि प्रदेश में स्कूल, कॉलेज, हॉस्टल और अन्य संवेदनशील क्षेत्रों के आस-पास चिह्नित हॉटस्पॉट के विरुद्ध प्राथमिकता के आधार पर नियमानुसार कार्रवाई करायी जाये। जहां पर हॉटस्पॉट बनने की आशंका है, ऐसे स्थानों पर विशेष निगरानी रखी जाए। उन्होंने जनजागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से नशे के दुष्परिणामों के प्रति लोगों को जागरूक करने पर बल दिया। इसके लिए बड़े स्कूल-कॉलेजों व सिनेमाहाल के बाहर नशे के दुष्परिणामों से संबंधित होर्डिंग्स लगाने के निर्देश दिए। बैठक में पुलिस महानिरीक्षक एएनटीएफ अब्दुल हमीद ने बताया कि वर्ष 2025 में प्रदेश में एनसीबी ने अवैध मादक पदार्थो के विरूद्ध कार्रवाई में अब तक 3623 अभियोग पंजीकृत किए गए और 4944 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया और 38221 किग्रा मादक पदार्थो बरामद किया गया। इसके अतिरिक्त, एएनटीएफ के द्वारा वर्ष 2025 में अब तक 80 अभियोग पंजीकृत किए गए, 223 व्यक्तियों की गिरफ्तारी, 9563.94 किग्रा की बरामदगी की गई, जिसका अनुमानित मूल्य 103 करोड़ 9 लाख 65 हजार रुपये है। जनवरी 2025 के विशेष अभियान में 74,804.28 किलोग्राम मादक पदार्थ का निस्तारण किया गया। बैठक में प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद, एडीजी एसके भगत, आबकारी आयुक्त आदर्श सिंह सहित संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारीगण आदि उपस्थित थे।

निलंबित दो दर्जन जीएसटी अधिकारी बहाली के इंतजार में

लखनऊ (एसएनबी)। उत्तर प्रदेश राज्य कर विभाग में अलग-अलग मामलों में निलंबित होने वाले अधिकारियों की संख्या करीब तीन दर्जन तक पहुंच गयी है, जिसमें करीब दो दर्जन अधिकारियों ने शासन के इस निर्णय को हाईकोर्ट में चुनौती दी, जिस पर सुनवाई करने के बाद कोर्ट ने करीब दो दर्जन अधिकारियों के निलंबन पर स्थगन आदेश दे दिया, जिसमें से मात्र एक राज्य कर अधिकारी जिसने कोर्ट में अवमानना की याचिका लगायी थी, उनको छोड़कर किसी भी अधिकारी को स्थगन आदेश का पालन करते हुए बहाली नही दी गयी है। विधिक जानकारों के अनुसार जब तक विशेष अपील या कोई सक्षम कोर्ट स्थगन आदेश को खारिज नही करती है तब तक स्थगन आदेश मान्य होगा। स्थगन आदेश के बाद भी बहाली न मिलने से परेशान अधिकारी इस मामले में कोर्ट के आदेश की अवमानना की याचिका दायर करने की तैयारी कर चुके हैं। हाईकोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता जो कि सर्विस मैटर के मामलों को देखते हैं उनका कहना है कि कोर्ट के स्थगन आदेश के बाद भी अधिकारियों की बहाली न होना भी एक तरह से राजस्व हानि है। उनका कहना है चूकि निलंबन के दौरान सरकारी सेवक को जीवन यापन के लिए आधा वेतन देय होता है, लेकिन जब कोर्ट ने निलंबन पर ही स्थगन आदेश दे दिया तो अधिकारी की बहाली कराना विभाग के सक्षम अधिकारी की जिम्मेदारी है, ऐसे में जितने दिन तक बहाली नही होती है उतने दिन अधिकारी बिना काम के वेतन लेगें।

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता नलकूप निर्माण खण्ड, गोरखपुर
अल्पकालीन निविदा संख्या–13/अ0अभि0न0ख0गो0/2025–26
ई–टेडरिंग के माध्यम से कराये जाने वाले कार्य की निविदा
महामहिम राज्यपाल, उत्तर प्रदेश की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्नलिखित कार्यो हेतु आनलाईन http:etender.up.nic.inके माध्यम से अल्पकालीन निविदा सिंचाई विभाग में वर्गीकृत श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से दिनांक: 13.10.2025 को अपरान्ह 12:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनॉक: 13.10.2025 को अपरान्ह 03:00 बजे अधिशासी अभियन्ता, नलकूप निर्माण खण्ड,गोरखपुर उ0प्र0 कार्यालय में गठित समिति के समक्ष ऑनलाइन खोली जायेगी। निविदा दिनॉक: 04.10.2025 अपरान्ह 12:00 से दिनॉक: 13.10.2025 अपरान्ह 12:00 बजे तक डाउनलोड/अपलोड की जा सकती है। कार्यालय बन्द होने या छुट्टी होने की दशा में यह बिड अगले कार्यदिवस में उसी समय खोली जायेगी।

क0स0	कार्य का विवरण	मात्रा	कार्य की अनुमानित लागत लाख रू0 में	धरोहर धनराशि हजार रू0 में	कार्य को पूर्ण करने की अवधि	निविदा प्रपत्र का मूल्य+जी0एस0टी0+ स्टेशनरी चार्ज	पंजीकृत श्रेणी
1	2	3	4	5	6	7	8
	Supply and carriage of pea gravel 2.00mm to 3.35 mm size from Lalkuwan to Siddharthnagar store Siddharthnagar Tubewell construction division Gorakhpur including cost of royalty, loading, unloding, and stacking at store. G.S.T. Extra 5%	300 घन मी0	28.49	56,980.00	90 दिवस	300+जी0एस0टी0 नियमानुसार+500.00	"ए" (यांत्रिक) अथवा उच्च

Note- Only online bids will be accepted hence the tenderer has to complete necessary action to participate in e-tendering process.
यह निविदा/बिड सूचना उ0प्र0 सरकार की बेबसाईट http:etender.up.nic.in पर भी उपलब्ध है।
1– यह निविदा सूचना एवं प्रपत्र बेबसाईट http:etender.up.nic.in पर भी उपलब्ध है। निविदा के साथ सिंचाई विभाग की निर्धारित श्रेणी में पंजीकृत प्रमाण–पत्र, जिलाधिकारी द्वारा चरित्र प्रमाण पत्र (IDT-1), हैसियत प्रमाण पत्र (IDT-2), स्वघोषण शपथ पत्र (IDT-3), के समस्त अभिलेखों की स्कैन्ड प्रति (Scanned copy) बेबसाईट पर अपलोड करना अनिवार्य होगा। उक्त अभिलेखों को अपलोड न करने पर निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा।
2– निविदादाता को यू0पी0 इलेक्ट्रानिक्स कारपोरेशन लि0 लखनऊ में ई–टेण्डरिंग हेतु पंजीकृत होना आवश्यक होगा।
3– कार्य तत्कालीक प्रवृत्ति के है तथा निर्धारित अवधि में पूर्ण कराये जाने अनिवार्य है। विलम्ब होने अथवा राजकीय कार्य में बाधा उत्पन्न होने की दशा में पेनाल्टी/बीजक से कटौती तथा पंजीकरण निरस्त करने की कार्यवाही की जा सकती है।
4- Cost of bid Document (Non-refundable: To be deposited in the account of U.P e-tender online Account through e-tender portal by internet Banking only.All concerned please note that bidding process will not move onward if the bid Document's Cost (Tender Fee) is not paid through e-tender portal by internet Banking.
5- Bid Security (EMD):Bid must be accompanied with security of the amount specified for work. Bid security will be deposited in the account of U.P e-tender online Account- through e-tender portal by internet Banking only. All concerned please note that bidding process will not move onward if the bid Bid Security (EMD) is not paid through e-tender portal by internet Banking.No other form of bid Security will be accepated. Uploading of proof of online paymentis not mandatory.
अधिशासी अभियन्ता
नलकूप निर्माण खण्ड,
गोरखपुर
उ.प्र. : 238039 दिनांक : 22.09.2025
वेबसाइट : www.upgov.nic.in

कार्यालय-जिला नगरीय विकास अभिकरण (डूडा), गोरखपुर
-:: ई.-प्रोक्यूरमेन्ट ::-
(निविदा सूचना)
मुख्यमंत्री नगरीय अल्पविकसित व मलिन बस्ती विकास/एस.सी.एस.पी. योजनान्तर्गत कुल 01 अदद निर्माण कार्य की अल्पकालीन ई.-प्रोक्यूरमेन्ट निविदा दिनांक 24-09-2025 को आमंत्रित की जाती है, जिसकी अन्तिम तिथि 04-10-2025 अपराह्न 3:00 बजे तक है। कार्य का विवरण, नियम व शर्ते वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है।
अपर नगर मजिस्ट्रेट-द्वितीय/
परियोजना अधिकारी
डूडा गोरखपुर
पत्रांक : 280/डूडा/2025-26 दिनांक : 23-09-2025

महिला शिकायतकर्ताओं के प्रति त्वरित कार्रवाई करें : डीजीपी

लखनऊ (एसएनबी)। सीएम योगी आदित्यनाथ ने महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वलम्बन को सर्वोच्च प्राथमिकत्ता देते हुए बीते 20 सितम्बर को मिशन शक्ति 5.0 का शुभारम्भ किया। इस अभियान का उद्देश्य महिलाओं और बालिकाओं को भय मुक्त वातावरण, गरिमामयी जीवन और आत्मनिर्भरता की दिशा में सशक्त रूप से आगे बढ़ाना है। पुलिस महानिदेशक राजीव कृष्णा ने मंगलवार को प्रदेश के सभी थानों में मिशन शक्ति केन्द्र की स्थापना के लिए दिशा निर्देश जारी करते हुए कहा कि महिला शिकायतकर्ताओं के प्रति त्वरित कार्रवाई करें।

पुलिस महानिदेशक ने कहा कि महिला शिकायतकर्ताओं के प्रति संवेदनशीलता, तत्परता, प्राथमिकता एवं उनके साथ होने वाली किसी भी घटना के उपरान्त समुचित काउन्सलिंग, सहयोग एवं संरक्षण के साथ ही उपरोक्त कार्यो की जवाबदेही तय करने के उद्देश्यों की पूर्ति के लिए प्रदेश के प्रत्येक थाने के परिसर के अन्दर मिशन शक्ति केन्द्र की स्थापना करें। उन्होंने कहा कि महिलाओं की समस्याओं व शिकायतों पर त्वरित एवं गुणवत्तापरक निस्तारण, पीड़ित महिलाओं की समुचित सहायता एवं उनके विरूद्ध होने वाले अपराधों के प्रभावी पर्यवेक्षण व जवाबदेही के लिए सभी सम्बन्धित कार्यो के निष्पादन का एक नेतृत्व में एकीकरण किये जाने के लिए दिशा निर्देश दिये गये है।

वाराणसी में 'आई लव मोहम्मद' का जुलूस। एक नई मोडस ऑपरेंडी ये देखने में आई है कि जुलूस में माइनर बच्चे भेजे जा रहे है। उन्नाव में भी माइनर बच्चों ने 'आई लव मोहम्मद' जुलूस निकाला था। माइनर होने के कारण उन सभी को पुलिस को छोड़ना पड़ा था।

—— पांचजन्य@epanchjanyac

संक्षिप्त खबरें

गौवंश मांस ले जा रहे वाहन को आग के हवाले किया

बेलागावी। कर्नाटक के ऐनापुर कस्बे में सोमवार रात स्थानीय लोगों ने कथित रूप से गौवंश मांस से लदे एक ट्रक में आग लगा दी, जो तेलंगाना जा रहा था। पुलिस ने बताया, ट्रक रायबाग तालुक के कुदाची से हैदराबाद जा रहा था, जब यह कागवाड़ तालुक के सिद्धेश्वर मंदिर के पास रोका गया और वाहन से गौवंश मांस बरामद हुआ। इसके बाद गुस्साए स्थानीय लोगों ने ट्रक को आग के हवाले कर दिया। बेलागावी अग्निशमन विभाग और उगर शुगर कारखाना के दमकलकर्मी मौके पर पहुंचे लेकिन तब तक ट्रक पूरी तरह जलकर खाक हो चुका था।

ईडी ने भूमि 'घोटाले' के संबंध में झारखंड, दिल्ली में छापे मारे

रांची। ईडी ने मंगलवार को कथित भूमि घोटाले से जुड़े धनशोधन की जांच के तहत झारखंड और दिल्ली में छापे मारे। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया, एजेंसी ने पीएमएलए प्रावधानों के तहत रांची में कम से कम छह और दिल्ली में तीन परिसरों पर छापेमारी की। जिन परिसरों पर छापेमारी की जा रही है, वे मुख्य आरोपी कमलेश कुमार के कथित सहयोगी बीके सिंह और कुछ अन्य व्यक्तियों से जुड़े हैं। यह मामला रांची जिले के कांके ब्लॉक में कथित भूमि घोटाले से संबंधित है, जहां यह दावा किया गया था कि आरोपियों ने सर्किल अधिकारियों के साथ साजिश करके भूमि अभिलेखों में 'जालसाजी' की और उन्हें बेचकर 'अपराध से आय' अर्जित की।

भारत ने 'ग्लोबल साउथ' को समर्थन दिया

न्यूयॉर्क। भारत ने संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) के 80वें वर्षगांठ सत्र के तहत आयोजित उच्च-स्तरीय संवाद में अत्यधिक गर्मी से निपटने के लिए अपने राष्ट्रीय प्रयासों पर प्रकाश डाला, जिसमें 'हीट एक्शन प्लान', अंतिम छोर तक डिजिटल उपकरणों का उपयोग और कम लागत वाले शीतलन समाधानों को बढ़ावा देना शामिल है। विदेश मंत्रालय में सचिव (पश्चिम) सिबी जॉर्ज ने सोमवार को प्रारंभिक चेतावनी और अत्यधिक गर्मी पर उच्च-स्तरीय समाधान संवाद में भाग लिया। विदेश मंत्रालय ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि जॉर्ज ने सत्र को संबोधित करते हुए बढ़ते वैश्विक तापमान से उत्पन्न पर्यावरणीय आपदाओं से निपटने में 'ग्लोबल साउथ' का समर्थन करने के लिए भागीदारों के साथ काम करने की भारत की तत्परता को रेखांकित किया।

प्रेसीडियम स्कूल में छात्रा की मौत का मामला

छात्रा की मां ने स्कूल प्रबंधन पर लगाए गंभीर आरोप

■ पुलिस ने सीसीटीवी से डीवीआर जब्त किया

■ स्टाफ के बयान दर्ज किए

नोएडा (आईएएनएस)। नोएडा के सेक्टर-20 थाना क्षेत्र स्थित प्रेसीडियम स्कूल में 4 सितम्बर को संदिग्ध हालात में छात्रा तनिष्का शर्मा की मौत के मामले ने तूल पकड़ लिया है। मृतका की मां तृप्ता शर्मा ने स्कूल प्रबंधन पर गंभीर आरोप लगा न्याय की गुहार लगाई है। उनका कहना है कि घटना को 15 दिन से अधिक बीत चुके हैं, लेकिन अब तक किसी भी प्रकार की ठोस कार्रवाई नहीं हुई है।

परिजनों के अनुसार चार सितम्बर को तनिष्का स्कूल में शिक्षक दिवस (टीचर्स डे) कार्यक्रम में गई थी। कुछ देर बाद स्कूल प्रबंधन ने मां को फोन कर बताया कि उनकी बेटी बेहोश हो गई है और उसे अस्पताल ले जाया गया है। जब परिजन अस्पताल पहुंचे तो डाक्टरों ने बताया कि बच्ची को 'ब्रॉट डेड' यानी मृत अवस्था में लाया गया था। तृप्ता शर्मा का कहना है कि उन्हें अब तक यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि आखिर बेटी के आखिरी समय में उसके साथ क्या हुआ। उन्होंने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट भी स्पष्ट नहीं है और बिसरा सुरक्षित रखकर जांच के लिए भेजा गया है। तनिष्का की मां का आरोप है कि स्कूल प्रबंधन पूरे मामले में लापरवाही बरत रहा है और सच्चाई छुपाई जा रही है। उन्होंने वीडियो जारी कर मुख्यमंत्री और प्रशासन से अपील की है कि उनकी बेटी को न्याय दिलाया जाए। इस मामले पर प्रेसीडियम स्कूल की प्रिंसिपल मानवता शारदा ने अपना बयान जारी किया है। उन्होंने कहा कि स्कूल जांच में पूरी तरह सहयोग कर रहा है। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज से संबंधित डीवीआर जब्त कर लिया है। स्टाफ के बयान भी दर्ज किए गए हैं। प्रिंसिपल का कहना है कि छात्रा के गिरने और चोट लगने जैसी बात असत्य है, क्योंकि उसके शरीर पर किसी प्रकार के चोट के निशान नहीं पाए गए।

सेक्टर-107 सन वर्ल्ड सोसाइटी में लगी भीषण आग

नोएडा (आईएएनएस)। नोएडा के सेक्टर-107 स्थित सन वर्ल्ड सोसाइटी में अचानक आग लगने से हड़कंप मच गया। देखते ही देखते धुएं का गुबार उठने लगा और आसपास के लोगों में अफरा-तफरी फैल गई। स्थानीय निवासियों ने तत्काल दमकल विभाग और पुलिस को सूचना दी। सूचना पाकर थाना सेक्टर-39 पुलिस और फायर ब्रिगेड की कई गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और राहत व बचाव कार्य शुरू कर दिया। दमकल विभाग ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह काबू पा लिया।

सीएफओ प्रदीप कुमार ने बताया कि घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। आग लगने के वास्तविक कारणों की जांच की जा रही है। यह साफ नहीं हो पाया है कि आग शॉर्ट सर्किट से लगी या किसी अन्य कारण से। घटना के समय सोसाइटी के निवासियों में भय का माहौल बन गया था। लोग अपने-अपने घरों से बाहर निकल आए और कई ने तुरंत इमरजेंसी सीढ़ियों का सहारा लिया।

जिला जज पद के लिए न्यायिक अधिकारियों की पात्रता पर सुनवाई

नई दिल्ली (एसएनबी)। उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को एक महत्वपूर्ण कानूनी प्रश्न पर सुनवाई शुरू की कि क्या उन न्यायिक अधिकारियों को बार के लिए निर्धारित रिक्तियों के तहत जिला न्यायाधीश के रूप में नियुक्त किया जा सकता है, जिन्होंने पीठ में शामिल होने से पहले सात वर्ष तक वकालत कर ली हो।

भारत के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) बीआर गवई और न्यायमूर्ति एमएम सुंदरेश, न्यायमूर्ति अरविंद कुमार, न्यायमूर्ति एससी शर्मा तथा न्यायमूर्ति के विनोद चंद्रन की पांच सदस्यीय संविधान पीठ ने देश भर में न्यायिक भर्ती पर व्यापक प्रभाव डालने वाली 30 याचिकाओं पर सुनवाई शुरू कर दी है।

पीठ जिला न्यायाधीशों की नियुक्ति से संबंधित संविधान के अनुच्छेद 233 की व्याख्या से जुड़े प्रश्नों पर सुनवाई कर रही है। अनुच्छेद 233 के अनुसार, किसी भी राज्य में जिला न्यायाधीशों की नियुक्ति, पदस्थापन और पदोन्नति राज्यपाल द्वारा राज्य के उच्च न्यायालय से परामर्श कर की जाएगी। इसमें यह भी कहा गया है, कोई व्यक्ति जो पहले से ही संघ या राज्य की सेवा में नहीं है, वह तभी जिला न्यायाधीश नियुक्त किए जाने के लिए पात्र होगा जब वह कम से कम सात वर्षों तक अधिवक्ता या वकील रहा हो और उच्च न्यायालय द्वारा उसकी नियुक्ति की अनुशंसा की गई हो। दिवानी न्यायाधीशों को जिला न्यायाधीश पदों के लिए प्रत्यक्ष भर्ती परीक्षाओं में भाग लेने से रोक दिया गया है। इन न्यायाधीशों की ओर से पेश वरिष्ठ

अधिवक्ता जयंत भूषण ने अपनी दलीलें रखनी शुरू कीं।

उन्होंने कहा कि अधीनस्थ न्यायपालिका में शामिल होने से पहले सात वर्ष तक वकालत करने के बावजूद कई न्यायिक अधिकारियों को बार कोटे के तहत आवेदन करने से रोक दिया गया। पूर्व में दिए गए फैसलों के आधार पर विभिन्न उच्च न्यायालयों ने उनकी याचिकाएं खारिज कर दी गई थीं। भूषण ने तर्क दिया कि यह मुद्दा अब अत्यंत महत्वपूर्ण संवैधानिक व्याख्या के प्रश्न में बदल गया है।

विचारणीय चार प्रमुख प्रश्नों का उल्लेख करते हुए, भूषण ने कहा कि पहला मुद्दा यह है कि क्या न्यायिक सेवा में आने से पहले बार में सात वर्ष तक वकालत करने वाला न्यायिक अधिकारी बार कोटे की रिक्तियों के तहत अतिरिक्त जिला न्यायाधीश के रूप में नियुक्ति का हकदार है। दूसरे मुद्दे का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा, क्या जिला न्यायाधीश की नियुक्ति के लिए पात्रता का आकलन आवेदन, नियुक्ति या दोनों के स्तर पर किया जाना चाहिए।

उन्होंने कहा कि तीसरा मुद्दा यह है कि क्या अनुच्छेद 233(2) संघ या राज्य की न्यायिक सेवाओं में पहले से ही सेवारत व्यक्तियों के लिए अलग पात्रता निर्धारित करता है। उन्होंने चौथे प्रश्न के बारे में कहा, क्या एक वकील और न्यायिक अधिकारी के रूप में सात वर्षों की संयुक्त अवधि किसी उम्मीदवार को जिला न्यायाधीश की नियुक्ति के लिए योग्य बनाती है। मामले में सुनवाई अभी जारी है।

बड़े जहाजों के निर्माण को मिला अवसंरचना क्षेत्र का दर्जा

नई दिल्ली (एसएनबी)। सरकार ने 'मेक इन इंडिया' पहल को बढ़ावा देने के लिए अब बड़े जहाजों के निर्माण एवं संचालन को अवसंरचना क्षेत्र का दर्जा दे दिया है। वित्त मंत्रालय की तरफ से एक गजट अधिसूचना के मुताबिक, अब भारतीय स्वामित्व और ध्वज वाले 10,000 टन या उससे अधिक वहन क्षमता वाले वाणिज्यिक जहाजों को अवसंरचना क्षेत्र का दर्जा मिलेगा।

इसके अलावा, भारत में निर्मित 1,500 टन या उससे अधिक क्षमता के भारतीय स्वामित्व वाले जहाजों को भी यह सुविधा दी जाएगी। वित्त मंत्रालय ने 19 सितंबर को जारी अधिसूचना में कहा कि बड़े जहाजों को 'ढांचागत उप-क्षेत्रों की मानकीकृत सूची' (एचएमएल) के तहत परिवहन एवं लॉजिस्टिक श्रेणी में नए उप-क्षेत्र के रूप में शामिल किया गया है।

सरकार का यह निर्णय वित्त वर्ष 2025-26 के लिए पेश बजट में की गई घोषणा के अनुरूप है। ढांचागत क्षेत्र का दर्जा मिलने से जहाज उद्योग को कई लाभ मिलेंगे। अब उनके लिए विदेशों से आसान वित्तपोषण, कर-मुक्त बॉन्ड के जरिये धन जुटाने की सुविधा, कर छूट और आईआईएफसीएल जैसे समर्पित ऋणदाताओं एवं ऋण कोषों तक पहुंच आसान हो जाएगी।

भारत ने 2016 में 'जहाज निर्माण स्थल' को अवसंरचना क्षेत्र की सूची में जगह दी थी। फिलहाल इस सूची में पांच मुख्य क्षेत्र और 38 उप-क्षेत्र हैं। मुख्य क्षेत्रों में परिवहन, ऊर्जा, जल एवं स्वच्छता, संचार और सामाजिक एवं वाणिज्यिक अवसंरचना शामिल हैं।

मैरिटाइम इंडिया विजन-2030 के मुताबिक, भारतीय जहाजरानी कंपनियों को जरूरी वित्त के अभाव में अपनी वहन क्षमता बढ़ाने में मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। बजट 2025-26 में 25,000 करोड़ का समुद्री-वहन विकास कोष स्थापित करने की घोषणा भी की गई थी, जो जहाज खरीद के वित्तपोषण में सीधे मदद करेगा।

सरकार का लक्ष्य है कि 2047 तक भारतीय ध्वज वाले जहाजों का वैश्विक मालढुलाई में हिस्सा 20 प्रतिशत तक बढ़ जाए। इस कोष के जरिये वर्ष 2030 तक जहाजरानी क्षेत्र में लगभग 1.5 लाख करोड़ का निवेश आने की उम्मीद है।

बेंगलुरू बस स्टैंड पर बेटी के सामने महिला की चाकू से हत्या

बेंगलुरू (भाषा)। बेंगलुरू में एक बस स्टैंड पर 32 वर्षीय महिला की उसके पति ने किशोर बेटी के सामने चाकू से गोदकर हत्या कर दी। पुलिस के एक अधिकारी ने प्रारंभिक जांच के हवाले से बताया कि इनका विवाह तीन महीने पहले ही हुआ था और यह दोनों की दूसरी शादी थी। उन्होंने बताया कि यह घटना सोमवार सुबह यहां सुनकादकट्टे बस स्टैंड पर सबके सामने हुई। पुलिस ने बताया कि राहगीरों ने लोहिताश्व (43) को रोकने की कोशिश की, लेकिन उसने रेखा के सीने और पेट में कथित तौर पर कई बार चाकू से वार किया और मौके से फरार हो गया।

उन्होंने बताया कि रेखा की मौके पर ही मौत हो गई और पूरी घटना उसकी बेटी के सामने हुई। पुलिस ने बताया कि बाद में लोहिताश्व ने कामाक्षीपाल्या पुलिस थाने में आत्मसमर्पण कर दिया और अपना अपराध स्वीकार कर लिया।

एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने प्रारंभिक जांच के हवाले से बताया कि दोनों की शादी तीन महीने पहले ही हुई थी। यह दोनों की दूसरी शादी थी। रेखा एक कॉल सेंटर में काम करती थी जबकि लोहिताश्व कैब चालक था। उनकी मुलाकात दोस्तों के जरिए हुई थी और डेढ़ साल की मित्रता के बाद उन्होंने शादी कर ली थी।

घर खरीदारों से ठगी मामले में CBI दर्ज करेगी छह और केस

नई दिल्ली (एसएनबी)। उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को मुंबई, बेंगलुरू, कोलकाता, मोहाली और प्रयागराज में रियल एस्टेट परियोजनाओं में घर खरीदारों को ठगने के लिए बैंकों और डेवलपर्स (बिल्डर) के बीच "नापाक सांठगांठ" के संबंध में छह और नियमित मामले दर्ज करने की अनुमति दे दी।

न्यायमूर्ति सूर्यकांत, न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां और न्यायमूर्ति एन. कोटिश्वर सिंह की पीठ ने सीबीआई को कानून के अनुसार आगे बढ़ने की अनुमति दे दी। इससे पहले, एजेंसी की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी ने बताया कि सीबीआई ने सुपरटेक लिमिटेड को छोड़कर दिल्ली-एनसीआर से बाहर मुंबई, बेंगलुरू, कोलकाता, मोहाली और प्रयागराज में स्थित विभिन्न बिल्डरों की परियोजनाओं में प्रारंभिक जांच पूरी कर ली है। सीबीआई ने पीठ से कहा था कि प्रारंभिक जांच के बाद उसने पाया कि इस संबंध में संज्ञेय अपराध बनता है। सीबीआई के बयान पर गौर करते हुए एजेंसी को नियमित मामले दर्ज करने और कानून के अनुसार आगे बढ़ने की अनुमति दे दी।

भाटी ने कहा कि एजेंसी शीघ्र जांच के लिए छह नियमित मामले दर्ज करने और मामले में तलाशी व जब्ती करने को तैयार है। शीर्ष अदालत ने 80वें सीलबंद लिफाफे में रिपोर्ट के कुछ अंश न्यायमित्र राजीव जैन के साथ साझा करने का निर्देश दिया। पीठ ने 22 जुलाई को दिल्ली-एनसीआर में घर खरीदारों को ठगने के लिए बैंकों और डेवलपर्स के बीच "नापाक सांठगांठ" की जांच के लिए एजेंसी को 22 मामले दर्ज करने की अनुमति देते हुए सीबीआई को राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) के बाहर की परियोजनाओं की प्रारंभिक जांच पूरी करने के लिए छह सप्ताह का समय दिया है। ये 22 मामले एनसीआर में कार्यरत बिल्डर और उत्तर प्रदेश व हरियाणा के विकास प्राधिकरणों से संबंधित हैं।

ब्याज अनुदान योजना के तहत बैंक स्वीकृत राशि सीधे बिल्डर के खातों में जमा करते हैं, जिन्हें तब तक स्वीकृत ऋण राशि पर ईएमआई का भुगतान करना होता है जब तक कि फ्लैट घर खरीदारों को नहीं सौंप दिए जाते। शीर्ष अदालत 1,200 से अधिक घर खरीदारों द्वारा दायर याचिकाओं पर सुनवाई कर रही है, जिन्होंने एनसीआर, विशेष रूप से नोएडा, ग्रेटर नोएडा और गुरुग्राम में विभिन्न आवास परियोजनाओं में ब्याज अनुदान योजनाओं के तहत फ्लैट बुक किए थे। आरोप है कि फ्लैट का कब्जा न होने के बावजूद बैंक उन्हें ईएमआई का भुगतान करने के लिए मजबूर कर रहे हैं।

हाईकोर्टों से सभी मामलों के जल्द निपटारे की उम्मीद न करें : एससी

नई दिल्ली (एसएनबी)। सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को कहा कि हाईकोर्ट उसके पर्यवेक्षी नियंत्रण में नहीं हैं और यदि वे जजों की स्वीकृत संख्या की आधी क्षमता के साथ काम कर रहे हैं, तो उनसे सभी मामलों का शीघ्रता से निस्तारण करने की उम्मीद नहीं की जा सकती।

न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने यह टिप्पणी की तथा इलाहाबाद हाईकोर्ट को मामले के शीघ्र निस्तारण का निर्देश देने की याचिका पर सुनवाई करने से इनकार कर दिया। याचिकाकर्ता की ओर से पेश हुए वकील ने बताया, यह मामला हाईकोर्ट में 13 वर्षों से अधिक समय से लंबित है। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ ने कहा, हाईकोर्ट इस अदालत के पर्यवेक्षी नियंत्रण में नहीं हैं। वकील ने कहा, याचिकाकर्ता पहले ही हाईकोर्ट में मामले के शीघ्र निस्तारण के लिए दो अर्जियां लगा चुका है।

पीठ ने कहा, 'अर्जी दायर करते रहिए', लेकिन अगर हाईकोर्ट जजों की स्वीकृत संख्या से आधी क्षमता के साथ काम कर रहा है, तो आप उनसे कैसे उम्मीद कर सकते है कि वे सभी मामलों का आपकी इच्छानुसार तेजी से निस्तारण करें? पुराने मामले भी लंबित हैं। जाइए और अनुरोध कीजिए।

याचिका पर विचार करने से मना करते हुए पीठ ने याचिकाकर्ता को हाईकोर्ट में शीघ्र सुनवाई और निस्तारण के लिए अर्जी दायर करने की अनुमति दी। पीठ ने कहा, ऐसी अर्जी दायर होने पर उस पर विचार किया जाएगा। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ ने वकील से कहा, वह अपने वकालत के दिनों में इलाहाबाद हाईकोर्ट में कई वर्षों तक वकालत कर चुके हैं और जानते हैं कि मामले को सूचीबद्ध कराने के लिए कितना प्रयास करना पड़ता है। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ ने कहा, दो अर्जियां कुछ भी नहीं हैं। मामले को सूचीबद्ध कराने के लिए आपको सैकड़ों अर्जियां दायर करनी पड़ सकती है।

फिल्म टिकट की कीमत 200 तक सीमित करने के आदेश पर रोक

बेंगलुरू (भाषा)। कर्नाटक उच्च न्यायालय ने राज्य में फिल्म के टिकट की अधिकतम कीमत 200 रुपए तय करने संबंधी आदेश के अमल पर मंगलवार को रोक लगा दी। न्यायमूर्ति रवि वी होसमानी ने मल्टीप्लेक्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया एवं अन्य हितधारकों की याचिका पर सुनवाई करते हुए कर्नाटक सिनेमा (विनियमन) (संशोधन) नियम- 2025 के क्रियान्वयन पर अंतरिम रोक लगा दी।

याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी ने दलील दी कि सरकार ने टिकट की कीमतों की अधिकतम सीमा तय करने के लिए कर्नाटक सिनेमा (विनियमन) अधिनियम के तहत मनमाने ढंग से एक प्रावधान पेश किया है। रोहतगी ने कहा, अगर ग्राहक बेहतर सुविधाओं के लिए अधिक भुगतान करना चाहते हैं, तो 200 रुपए तय करने का आधार क्या है? एक समान सीमा लागू करने को कोई औचित्य नहीं है। उन्होंने बताया कि 2017 में जारी इसी तरह के एक सरकारी आदेश को उच्च न्यायालय ने निलंबित कर दिया था और बाद में राज्य सरकार ने इसे वापस ले लिया था। रोहतगी ने दलील दी कि कानून राज्य सरकार को टिकट की दरें तय करने का कोई अधिकार नहीं देता है और इस तरह का प्रतिबंध सिनेमा मालिकों के व्यवसाय के अधिकार को सीधे तौर पर प्रभावित करता है। ऐसा निर्देश नहीं दिया जा सकता कि प्रत्येक टिकट की कीमत 200 रुपए होनी चाहिए, ठीक उसी तरह जैसे यह आदेश नहीं दिया जा सकता कि सभी विमानन कंपनियों को इकोनॉमी क्लास के साथ ही उड़ान भरनी होगी। वरिष्ठ अधिवक्ता उदय होल्ला और ध्यान चिनप्पा ने इस याचिका का समर्थन करते हुए दलील दी कि नियम 55 में एक प्रावधान जोड़कर यह संशोधन लाया गया है, जो टिकट काउंटर से संबंधित है, न कि टिकट की कीमतों से।

चिनप्पा ने कहा कि यह संशोधन अधिकार क्षेत्र का अतिक्रमण है, क्योंकि कीमतें तय करने का अधिकार स्पष्ट विधायी समर्थन से ही प्राप्त होना चाहिए। एक अन्य थिएटर संचालक की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता डीआर रविशंकर ने दलील दी कि फिल्म टिकटों की कीमतें सिनेमा मालिकों और ग्राहकों के बीच एक निजी अनुबंध का मामला है। उन्होंने कहा कि जब तक कानून में स्पष्ट रूप से इस तरह के विनियमन का प्रावधान नहीं है, सरकार इसमें हस्तक्षेप नहीं कर सकती। राज्य के निर्णय का बचाव करते हुए अतिरिक्त महाधिवक्ता इस्माइल जबीउल्ला ने दलील दी कि संशोधन जनहित में पेश किया गया था। उन्होंने सात मार्च को मुख्यमंत्री सिद्धरमैया द्वारा दिए गए बजट भाषण और उसके बाद जारी मसौदा अधिसूचना का हवाला दिया, जिस पर कुछ हितधारकों ने आपत्ति जताई थी। उन्होंने सूची-2 की प्रविष्टि 33 का हवाला देते हुए दलील दी कि सिनेमाघरों को विनियमित करने का सरकार का अधिकार संविधान से प्राप्त है, जो राज्यों को थिएटर और मनोरंजन को विनियमित करने का अधिकार देता है। कर्नाटक फिल्म चैंबर ऑफ कॉमर्स (केएफसीसी) ने भी हस्तक्षेप करने का अनुरोध किया, लेकिन अदालत ने कहा कि यह मामला जनहित याचिका नहीं है और संस्था को अपने अधिकार क्षेत्र का औचित्य सिद्ध करना होगा।

भारत से संबंध हमारे लिए अत्यंत अहम : अमेरिका

भारत के विदेश मंत्री जयशंकर से मुलाकात के बाद रुबियो ने कहा

न्यूयॉर्क (भाषा)। अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने विदेश मंत्री एस. जयशंकर से मुलाकात के दौरान कहा कि भारत के साथ संबंध अमेरिका के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने व्यापार, रक्षा और ऊर्जा सहित द्विपक्षीय मुद्दों पर नई दिल्ली की निरंतर भागीदारी की सराहना भी की। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र महासभा के उच्च स्तरीय 80वें सत्र के इतर सोमवार सुबह यहां जयशंकर से मुलाकात की।

विदेश विभाग की ओर से बैठक के विवरण में कहा गया है कि रुबियो ने दोहराया कि भारत के साथ संबंध अमेरिका के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं और उन्होंने व्यापार, रक्षा, ऊर्जा, फार्मास्यूटिकल्स, महत्वपूर्ण खनिजों तथा द्विपक्षीय संबंधों से संबंधित अन्य मुद्दों सहित अनेक मुद्दों पर भारत सरकार की निरंतर भागीदारी के लिए सराहना व्यक्त की। रुबियो और जयशंकर इस बात पर सहमत हुए कि अमेरिका और भारत 'क्वाड' के माध्यम से एक स्वतंत्र और खुले हिंद-प्रशांत क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए मिलकर काम करना जारी रखेंगे। जयशंकर ने 'एक्स' पर पोस्ट में कहा कि न्यूयॉर्क में रुबियो से मिलकर अच्छा लगा। जयशंकर ने सोशल मीडिया पर कहा, हमारी बातचीत में वर्तमान चिंता के कई द्विपक्षीय और अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर चर्चा हुई।

प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में प्रगति के लिए निरंतर जुड़ाव के महत्व पर सहमति बनी। हम संपर्क में बने रहेंगे। रुबियो ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा उन्होंने जयशंकर के साथ द्विपक्षीय संबंधों के प्रमुख क्षेत्रों पर चर्चा की, जिनमें व्यापार, ऊर्जा, दवाइयां, महत्वपूर्ण खनिज और अन्य विषय शामिल हैं, ताकि भारत और अमेरिका के लिए समृद्धि सुनिश्चित की जा सके।

चेक बाउंस मामलों के निपटान के लिए क्या किया, बताएं राज्य : सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली (एसएनबी)। सुप्रीम कोर्ट ने सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को चेक बाउंस मामलों के निपटान में तेजी लाने के लिए उठाए गए कदमों के बारे में स्थिति रिपोर्ट दाखिल करने का मंगलवार को निर्देश दिया। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने परक्राम्य लिखत (एनआई) अधिनियम 1881 की धारा 138 के तहत मामलों की शीघ्र सुनवाई से संबंधित एक मामले की सुनवाई करते हुए यह आदेश दिया। अधिनियम की धारा 138 खाते में धनराशि की कमी आदि के कारण चेक का भुगतान नहीं होने से संबंधित है।

न्याय मित्र के रूप में न्यायालय की सहायता कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता सिद्धार्थ लूथरा ने सुप्रीम कोर्ट के मई 2022 के आदेश का हवाला दिया, जिसमें एक प्रायोगिक अध्ययन के रूप में, इन मामलों के शीघ्र निपटान के लिए पांच राज्यों में सेवानिवृत्त न्यायिक अधिकारियों की सेवाएं लेते हुए 25 विशेष अदालतों के गठन का निर्देश दिया गया था।

लूथरा ने कहा, हमें देखना होगा कि प्रायोगिक परियोजना जारी है या नहीं। लूथरा ने कहा, उन्होंने इस मामले में एक आवेदन दायर किया है। उन्होंने कहा, 'हम एक स्थिति रिपोर्ट चाहते हैं जिसमें रिक्तियों व नियुक्तियों से संबंधित डेटा के निपटान के लिए उठाए गए कदमों का विवरण हो। पीठ ने सभी राज्यों, केंद्रशासित प्रदेशों और हाईकोर्टों के रजिस्ट्रार जनरल को छह सप्ताह में आवश्यक स्थिति रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। अदालत ने मामले को छह सप्ताह बाद सुनवाई के लिए सूचीबद्ध कर दिया।

अयोध्या मस्जिद योजना एनओसी न मिलने के कारण खारिज

आईटीआई के जवाब में अयोध्या विकास प्राधिकरण ने दिया जवाब

अयोध्या (एसएनबी)। अयोध्या विकास प्राधिकरण (एडीए) ने सरकारी विभागों से अनापत्ति प्रमाणपत्र न मिलने का हवाला देते हुए यहां धन्नीपुर गांव में मस्जिद निर्माण योजना को खारिज कर दिया है।

यह भूमि उच्चतम न्यायालय के फैसले के अनुरूप उत्तर प्रदेश सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड को आवंटित की गई थी। आरटीआई के जवाब में एडीए ने 16 सितंबर को लिखे एक पत्र में कहा कि मस्जिद ट्रस्ट ने 23 जून 2021 को आवेदन दिया था जिसे - लोक निर्माण, प्रदूषण नियंत्रण, नागरिक उड्डयन, सिंचाई, राजस्व, नगर निगम और अग्निशमन सेवाओं सहित अन्य विभागों से अनापत्ति प्रमाणपत्र न मिलने के कारण खारिज कर दिया गया।

उच्चतम न्यायालय ने नौ नवंबर 2019 को अयोध्या के अरसे पुराने मामले में फैसला सुनाते हुए विवादित स्थल की 2.77 एकड़ जमीन मंदिर बनाने के लिए हिंदू पक्ष को देने का आदेश दिया था। साथ ही मुसलमानों को अयोध्या में ही किसी प्रमुख स्थान पर मस्जिद निर्माण के लिए पांच एकड़ जमीन देने का हुक्म जारी किया था। न्यायालय के आदेश के अनुपालन में अयोध्या जिला प्रशासन ने सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड को अयोध्या की सोहावल तहसील स्थित धन्नीपुर गांव में मस्जिद बनाने के लिए जमीन दी थी। तीन अगस्त, 2020 को अयोध्या के तत्कालीन जिलाधिकारी अनुज कुमार झा ने जमीन का कब्जा सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड को हस्तांतरित कर दिया। यह ज़मीन अयोध्या से 25 किलोमीटर दूर स्थित है। मस्जिद ट्रस्ट ने 23 जून 2021 को अयोध्या विकास प्राधिकरण में मस्जिद और अन्य ढांचे के नक्शे की मंजूरी के लिए आवेदन किया था। एक आरटीआई के जवाब में अयोध्या विकास प्राधिकरण ने स्वीकार किया है कि सरकारी विभागों ने मस्जिद के नक्शे की मंजूरी के लिए अनापत्ति प्रमाणपत्र नहीं दिए हैं, इसलिए मस्जिद ट्रस्ट का आवेदन अस्वीकार कर दिया गया है। अयोध्या विकास प्राधिकरण ने प्रभारी टेक्निकल अधिकारी रमाकांत सिंह द्वारा दायर आरटीआई के जवाब में बताया कि विभिन्न सरकारी विभागों से अनापत्ति प्रमाणपत्र प्राप्त न होने के कारण प्राधिकरण ने मस्जिद ट्रस्ट का आवेदन खारिज कर दिया है। आरटीआई के जवाब में प्राधिकरण ने यह भी बताया है कि मस्जिद ट्रस्ट ने आवेदन और जांच शुल्क के रूप में 4,02,628 रुपये का भुगतान कर दिया है। जिस जमीन पर इस 'धन्नीपुर अयोध्या मस्जिद' का निर्माण कराया जाना है, वह राम जन्मभूमि बाबरी मस्जिद मामले में उच्चतम न्यायालय द्वारा सुनाए गए आदेश के अनुपालन में मुस्लिम पक्ष को दी गई है।

उत्तर प्रदेश सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड ने मस्जिद निर्माण के लिए 'इंडो इस्लामिक कल्चरल फाउंडेशन ट्रस्ट' का गठन किया है। एडीए द्वारा मस्जिद की योजना को खारिज किए जाने पर 'इंडो इस्लामिक कल्चरल फाउंडेशन ट्रस्ट' के सचिव अतहर हुसैन ने कहा, 'उच्चतम न्यायालय ने मस्जिद के लिए भूमि देने का आदेश दिया और उत्तर प्रदेश सरकार ने भूखंड आवंटित किया है, मैं यह नहीं समझ पा रहा हूं कि सरकारी विभागों ने अनापत्ति प्रमाणपत्र क्यों नहीं दिया और प्राधिकरण ने मस्जिद की योजना को क्यों खारिज कर दिया।

हालांकि हुसैन ने यह भी कहा कि " स्थल निरीक्षण के दौरान, अग्निशमन विभाग ने पहुंच मार्ग को लेकर चिंता जताई थी और कहा था कि प्रस्तावित मस्जिद और अस्पताल भवन के मानकों के अनुसार यह कम से कम 12 मीटर चौड़ा होना चाहिए, जबकि स्थल पर सड़क केवल छह मीटर चौड़ी है और मस्जिद के मुख्य प्रवेश द्वार पर केवल चार मीटर चौड़ी है। उन्होंने कहा, 'अग्निशमन विभाग की आपत्ति के अलावा, मुझे अन्य विभागों की आपत्तियों के बारे में कोई जानकारी नहीं है।

मानहानि कानून को अपराधमुक्त करने का समय आ गया : एससी

नई दिल्ली (एसएनबी)। सुप्रीम कोर्ट ने 'फाउंडेशन फॉर इंडिपेंडेंट जर्नलिज्म' द्वारा एक आपराधिक मानहानि मामले में उसे जारी किए गए समन को रद्द करने के अनुरोध वाली याचिका पर सुनवाई को लेकर सहमति जताते हुए कहा कि मानहानि कानून को अपराधमुक्त करने का समय आ गया है। न्यायमूर्ति एमएम सुंदरेश और सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने जेएनयू की पूर्व प्रोफेसर अमिता सिंह को नोटिस जारी किया।

शीर्ष अदालत ने यह टिप्पणी समाचार पोर्टल 'द वायर' चलाने वाले संगठन और उसके राजनीतिक मामलों के संपादक अजय आशीर्वाद महाप्रशस्त की याचिका पर सुनवाई करते हुए की। न्यायमूर्ति सुंदरेश ने कहा, मुझे लगता है कि अब समय आ गया है कि इस सब को अपराधमुक्त किया जाए...। शीर्ष अदालत डोजियर के प्रकाशन को लेकर जेएनयू की पूर्व प्रोफेसर द्वारा मानहानि के एक मामले में अधीनस्थ अदालत की ओर से उन्हें समन जारी करने के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई कर रही थी। शिकायतकर्ता ने अधीनस्थ अदालत में दलील दी थी कि आरोपियों ने उनकी प्रतिष्ठा धूमिल करने के लिए उनके खिलाफ घृणा अभियान चलाया था। पोर्टल द्वारा प्रकाशित कथित मानहानिकारक रिपोर्ट पर मुकदमे का यह दूसरा दौर है। दिल्ली हाईकोर्ट ने 2023 में उन्हें जारी समन रद्द कर दिया था। हालांकि, शीर्ष अदालत ने आदेश को पलट दिया और मामले को नए सिरे से विचार के लिए निचली अदालत के समक्ष भेज दिया। अधीनस्थ अदालत ने फिर से समन जारी किया और हाईकोर्ट ने भी उसे बरकरार रखा।

स्पेशल रेलगाड़ियों के **12000** से अधिक फेरे

दुर्गा पूजा, दीपावली एवं छठ पूजा-2025 के अवसर पर भारतीय रेल की पहल

दिनांक 21.09.2025 से 30.11.2025 तक चलाई जा रही है विशेष रेलगाड़ियाँ

रेलगाड़ी सं.	स्टेशन		तिथियाँ		आवृत्ति	चलने के दिन
	से	तक	से	तक		
08439	पुरी	पटना जं.	13.09.25	29.11.25	साप्ताहिक	शनिवार
08440	पटना जं.	पुरी	14.09.25	30.11.25	साप्ताहिक	रविवार
02811	भुवनेश्वर	यशवन्तपुर जं.	13.09.25	29.11.25	साप्ताहिक	शनिवार
02812	यशवन्तपुर जं.	भुवनेश्वर	15.09.25	01.12.25	साप्ताहिक	सोमवार
08581	विशाखापत्तनम	एसएमवीटी बेंगलुरु	14.09.25	30.11.25	साप्ताहिक	रविवार
08582	एसएमवीटी बेंगलुरु	विशाखापत्तनम	15.09.25	01.12.25	साप्ताहिक	सोमवार
08547	विशाखापत्तनम	तिरुपति	12.09.25	26.11.25	साप्ताहिक	बुधवार
08548	तिरुपति	विशाखापत्तनम	13.09.25	27.11.25	साप्ताहिक	गुरुवार
08579	विशाखापत्तनम	चर्लपल्ली	12.09.25	28.11.25	साप्ताहिक	शुक्रवार
08580	चर्लपल्ली	विशाखापत्तनम	13.09.25	29.11.25	साप्ताहिक	शनिवार
03230	पटना जं.	पुरी	25.09.25	27.11.25	साप्ताहिक	गुरुवार
03229	पुरी	पटना जं.	26.09.25	28.11.25	साप्ताहिक	शुक्रवार
03208	बक्सर	क्यूल	21.09.25	30.11.25	प्रतिदिन	प्रतिदिन
03207	क्यूल	बक्सर	21.09.25	30.11.25	प्रतिदिन	प्रतिदिन
03209	झाझा	दानापुर	21.09.25	30.11.25	प्रतिदिन	प्रतिदिन
03210	दानापुर	झाझा	21.09.25	30.11.25	प्रतिदिन	प्रतिदिन
05297	पाटलिपुत्र	बलिया	01.10.25	30.11.25	प्रतिदिन	प्रतिदिन
05298	बलिया	पाटलिपुत्र	01.10.25	30.11.25	प्रतिदिन	प्रतिदिन
03215	पटना जं.	थावे जं.	01.10.25	30.11.25	प्रतिदिन	प्रतिदिन
03216	थावे जं.	पटना जं.	01.10.25	30.11.25	प्रतिदिन	प्रतिदिन
03677	धनबाद जं	गोरखपुर जं.	21.09.25	30.11.25	साप्ताहिक	रविवार
03678	गोरखपुर जं	धनबाद जं.	22.09.25	01.12.25	साप्ताहिक	सोमवार
03043	हावड़ा जं.	रक्सौल जं.	27.09.25	15.11.25	साप्ताहिक	शनिवार
03044	रक्सौल जं.	हावड़ा जं.	28.09.25	16.11.25	साप्ताहिक	रविवार
03511	आसनसोल जं.	पटना जं	19.10.25	09.11.25	साप्ताहिक	रविवार
03512	पटना जं.	आसनसोल जं.	19.10.25	09.11.25	साप्ताहिक	रविवार
03131	सियालदह	गोरखपुर जं.	30.09.25	18.11.25	द्वि-साप्ताहिक	मंगलवार, गुरुवार
03132	गोरखपुर जं	सियालदह	01.10.25	19.11.25	द्वि-साप्ताहिक	बुधवार, शुक्रवार
03527	आसनसोल जं.	गोरखपुर जं.	26.09.25	07.11.25	साप्ताहिक	शुक्रवार
03528	गोरखपुर जं.	आसनसोल जं.	27.09.25	08.11.25	साप्ताहिक	शनिवार
03007	हावड़ा जं.	खातीपुरा	28.09.25	02.11.25	साप्ताहिक	रविवार
03008	खातीपुरा	हावड़ा जं.	30.09.25	04.11.25	साप्ताहिक	मंगलवार
03109	कोलकाता टर्मिनल	वडोदरा जं.	30.09.25	25.11.25	साप्ताहिक	मंगलवार
03110	वडोदरा जं.	कोलकाता टर्मिनल	02.10.25	27.11.25	साप्ताहिक	गुरुवार
03417	मालदा टाउन	उधना जं.	27.09.25	08.11.25	साप्ताहिक	शनिवार
03418	उधना जं.	मालदा टाउन	29.09.25	10.11.25	साप्ताहिक	सोमवार
03187	कोलकाता टर्मिनल	मधुबनी	30.09.25	25.11.25	साप्ताहिक	मंगलवार
03188	मधुबनी	कोलकाता टर्मिनल	01.10.25	26.11.25	साप्ताहिक	बुधवार
03465	मालदा टाउन	दीघा	27.09.25	29.11.25	साप्ताहिक	शनिवार
03466	दीघा	मालदा टाउन	27.09.25	29.11.25	साप्ताहिक	शनिवार
03101	सियालदह	मालतीपाटपुर	26.09.25	28.11.25	साप्ताहिक	शुक्रवार
03102	मालतीपाटपुर	सियालदह	27.09.25	29.11.25	साप्ताहिक	शनिवार
03135	सियालदह	पटना जं.	05.10.25	16.11.25	साप्ताहिक	रविवार
03136	पटना जं.	सियालदह	05.10.25	16.11.25	साप्ताहिक	रविवार
03430	मालदा टाउन	चर्लपल्ली	30.09.25	11.11.25	साप्ताहिक	मंगलवार
03429	चर्लपल्ली	मालदा टाउन	02.10.25	13.11.25	साप्ताहिक	गुरुवार
04131	कानपुर सेंट्रल	एसएमवीटी बेंगलुरु	21.09.25	09.11.25	साप्ताहिक	रविवार
04132	एसएमवीटी बेंगलुरु	कानपुर सेंट्रल	24.09.25	12.11.25	साप्ताहिक	बुधवार
07019	जयपुर जं.	हैदराबाद	28.09.25	23.11.25	साप्ताहिक	रविवार
07020	हैदराबाद	जयपुर जं.	26.09.25	28.11.25	साप्ताहिक	शुक्रवार
07029	अगरतला	चर्लपल्ली	22.09.25	28.11.25	साप्ताहिक	शुक्रवार
07030	चर्लपल्ली	अगरतला	26.09.25	24.11.25	साप्ताहिक	सोमवार
07053	काचीगुडा	बीकानेर जं.	27.09.25	29.11.25	साप्ताहिक	शनिवार
07054	बीकानेर जं.	काचीगुडा	23.09.25	25.11.25	साप्ताहिक	मंगलवार
07075	हैदराबाद	गोरखपुर जं.	22.09.25	28.11.25	साप्ताहिक	शुक्रवार
07076	गोरखपुर जं.	हैदराबाद	28.09.25	23.11.25	साप्ताहिक	रविवार
07191	काचीगुडा	मदुरै जं.	22.09.25	20.10.25	साप्ताहिक	सोमवार
07192	मदुरै जं.	काचीगुडा	24.09.25	22.10.25	साप्ताहिक	बुधवार
07193	हैदराबाद	कोल्लम जं.	27.09.25	29.11.25	साप्ताहिक	शनिवार
07194	कोल्लम जं.	हैदराबाद	22.09.25	01.12.25	साप्ताहिक	सोमवार
07230	हैदराबाद	कन्याकुमारी	24.09.25	26.11.25	साप्ताहिक	बुधवार
07229	कन्याकुमारी	हैदराबाद	26.09.25	28.11.25	साप्ताहिक	शुक्रवार
07651	जालना	छपरा	27.08.25	26.11.25	साप्ताहिक	बुधवार
07652	छपरा	जालना	29.08.25	28.11.25	साप्ताहिक	शुक्रवार
07153	नरसापुर	एसएमवीटी बेंगलुरु	03.10.25	28.11.25	साप्ताहिक	शुक्रवार
07154	एसएमवीटी बेंगलुरु	नरसापुर	04.10.25	29.11.25	साप्ताहिक	शनिवार
07005	चर्लपल्ली	रक्सौल जं.	06.10.25	24.11.25	साप्ताहिक	सोमवार
07006	रक्सौल जं.	चर्लपल्ली	09.10.25	27.11.25	साप्ताहिक	गुरुवार
07717	तिरुपति	हिसार	01.10.25	26.11.25	साप्ताहिक	बुधवार
07718	हिसार	तिरुपति	05.10.25	30.11.25	साप्ताहिक	रविवार
07017	चर्लपल्ली	तिरुपति	28.09.25	30.11.25	साप्ताहिक	रविवार
07018	तिरुपति	चर्लपल्ली	29.09.25	01.12.25	साप्ताहिक	सोमवार
07131	तिरुपति	नरसापुर	28.09.25	30.11.25	साप्ताहिक	रविवार
07132	नरसापुर	तिरुपति	29.09.25	01.12.25	साप्ताहिक	सोमवार
07233	चर्लपल्ली	नरसापुर	27.09.25	29.11.25	साप्ताहिक	शनिवार
07234	नरसापुर	चर्लपल्ली	28.09.25	30.11.25	साप्ताहिक	रविवार

रेलगाड़ी सं.	स्टेशन		तिथियाँ		आवृत्ति	चलने के दिन
	से	तक	से	तक		
07445	काकीनाडा टाउन	लिंगमपल्ली	22.09.25	24.11.25	त्रि-साप्ताहिक	सोम, बुध, शुक्र
07446	लिंगमपल्ली	काकीनाडा टाउन	27.09.25	29.11.25	त्रि-साप्ताहिक	मंगल, गुरु, शनि
07447	काकीनाडा टाउन	चर्लपल्ली	27.09.25	29.11.25	साप्ताहिक	शनिवार
07448	चर्लपल्ली	काकीनाडा टाउन	28.09.25	30.11.25	साप्ताहिक	रविवार
07605	तिरुपति	अकोला जं.	26.09.25	28.11.25	साप्ताहिक	शुक्रवार
07606	अकोला जं.	तिरुपति	28.09.25	23.11.25	साप्ताहिक	रविवार
07609	जालना	तिरुपति	23.09.25	24.11.25	साप्ताहिक	सोमवार
07610	तिरुपति	जालना	24.09.25	25.11.25	साप्ताहिक	मंगलवार
07521	कड़पा	गुंतकल जं.	22.09.25	30.11.25	प्रतिदिन	प्रतिदिन
07522	गुंतकल जं.	कड़पा	22.09.25	30.11.25	प्रतिदिन	प्रतिदिन
07057	पूर्णा जं.	जालना	28.09.25	30.11.25	साप्ताहिक	रविवार
07058	जालना	पूर्णा जं.	25.09.25	27.11.25	साप्ताहिक	गुरुवार
07281	पूर्णा जं.	जालना	22.09.25	30.11.25	प्रतिदिन	प्रतिदिन
07282	जालना	नांदेड़	22.09.25	30.11.25	प्रतिदिन	प्रतिदिन
07012	तिरुपति	चर्लपल्ली		27.09.25	साप्ताहिक	शुक्रवार
07011	चर्लपल्ली	तिरुपति		26.09.25	साप्ताहिक	शनिवार
07055	काचीगुडा	नागरसोल		25.09.25	एक फेरा	गुरुवार
07056	नागरसोल	काचीगुडा		26.09.25	एक फेरा	शुक्रवार
07046	चर्लपल्ली	नाहरलगुन	27.09.25	29.11.25	साप्ताहिक	शनिवार
07047	नाहरलगुन	चर्लपल्ली	23.09.25	02.12.25	साप्ताहिक	मंगलवार
08611	संतरागाछी जं.	अजमेर जं.	22.09.25	24.11.25	साप्ताहिक	सोमवार
08612	अजमेर जं.	संतरागाछी जं.	25.09.25	27.11.25	साप्ताहिक	गुरुवार
02863	संतरागाछी जं.	यशवन्तपुर जं.	25.09.25	27.11.25	साप्ताहिक	गुरुवार
02864	यशवन्तपुर जं.	संतरागाछी जं.	27.09.25	29.11.25	साप्ताहिक	शनिवार
08845	संतरागाछी जं.	सिकंदराबाद जं.	19.09.25	03.10.25	साप्ताहिक	शुक्रवार
08846	सिकंदराबाद जं.	संतरागाछी जं.	20.09.25	04.10.25	साप्ताहिक	शनिवार
08109	संतरागाछी जं.	पटना जं.	18.10.25	01.11.25	साप्ताहिक	शनिवार
08110	पटना जं.	संतरागाछी जं.	19.10.25	02.11.25	साप्ताहिक	रविवार
08629	रांची	गोरखपुर जं.	18.10.25	01.11.25	साप्ताहिक	शनिवार
08630	गोरखपुर जं	रांची	19.10.25	02.11.25	साप्ताहिक	रविवार
08865	नेताजी एस.सी. बोस इतवारी जं.	शालीमार	27.09.25	01.10.25	प्रतिदिन	शनि, रवि, सोम, मंगल, बुध
08866	शालीमार	नेताजी एस.सी. बोस इतवारी जं.	28.09.25	02.10.25	प्रतिदिन	शनि, रवि, सोम, मंगल, बुध
06085	एर्नाकुलम जं.	पटना जं.	26.09.25	28.11.25	साप्ताहिक	शुक्रवार
06086	पटना जं.	एर्नाकुलम जं.	22.09.25	01.12.25	साप्ताहिक	सोमवार
06055	पोत्तनूर जं.	बरौनी जं.	27.09.25	29.11.25	साप्ताहिक	शनिवार
06056	बरौनी जं.	पोत्तनूर जं.	09.09.25	02.12.25	साप्ताहिक	मंगलवार
06063	कोयंबटूर जं.	धनबाद जं.	26.09.25	28.11.25	साप्ताहिक	शुक्रवार
06064	धनबाद जं.	कोयंबटूर जं.	22.09.25	01.12.25	साप्ताहिक	सोमवार
01667	रानी कमलापति	दानापुर	27.09.25	01.11.25	द्वि-साप्ताहिक	शनिवार, मंगल
01668	दानापुर	रानी कमलापति	28.09.25	02.11.25	द्वि-साप्ताहिक	रवि, बुध
01701	जबलपुर	दानापुर	26.09.25	05.11.25	द्वि-साप्ताहिक	बुध, शुक्र
01702	दानापुर	जबलपुर	27.09.25	06.11.25	द्वि-साप्ताहिक	गुरु, शनिवार
09821	सोगरिया	दानापुर	27.09.25	01.11.25	साप्ताहिक	शनिवार
09822	दानापुर	सोगरिया	29.09.25	03.11.25	साप्ताहिक	रविवार
02192	रीवा	रानी कमलापति	27.09.25	01.11.25	साप्ताहिक	शनिवार
02191	रानी कमलापति	रीवा	27.09.25	01.11.25	साप्ताहिक	शनिवार
01704	रीवा	डॉ. अम्बेडकर नगर	27.09.25	25.10.25	साप्ताहिक	शनिवार
01703	डॉ. अम्बेडकर नगर	रीवा	28.09.25	26.10.25	साप्ताहिक	रविवार
09059	उधना जं.	खोरधा रोड जं.	01.10.25	26.11.25	साप्ताहिक	बुधवार
09060	खोरधा रोड जं.	उधना जं.	03.10.25	28.11.25	साप्ताहिक	शुक्रवार
09025	वलसाड	दानापुर	06.10.25	24.11.25	साप्ताहिक	सोमवार
09026	दानापुर	वलसाड	07.10.25	25.11.25	साप्ताहिक	मंगलवार
09045	उधना जं.	पटना जं.	03.10.25	28.11.25	साप्ताहिक	शुक्रवार
09046	पटना जं.	उधना जं.	04.10.25	29.11.25	साप्ताहिक	शनिवार
09007	वलसाड	खातीपुरा	02.10.25	30.10.25	साप्ताहिक	गुरुवार
09008	खातीपुरा	वलसाड	03.10.25	31.10.25	साप्ताहिक	शुक्रवार
09031	उधना जं.	जयनगर	05.10.25	30.11.25	साप्ताहिक	रविवार
09032	जयनगर	उधना जं.	06.10.25	01.12.25	साप्ताहिक	सोमवार
09343	डॉ. अम्बेडकर नगर	पटना जं.	02.10.25	27.11.25	साप्ताहिक	गुरुवार
09344	पटना जं.	डॉ. अम्बेडकर नगर	03.10.25	28.11.25	साप्ताहिक	शुक्रवार
09195	वडोदरा जं.	मऊ	06.10.25	24.11.25	साप्ताहिक	सोमवार
09196	मऊ	वडोदरा जं.	07.10.25	25.11.25	साप्ताहिक	मंगलवार
09043	बांद्रा टर्मिनस	बढ़नी	05.10.25	30.11.25	साप्ताहिक	रविवार
09044	बढ़नी	बांद्रा टर्मिनस	06.10.25	01.12.25	साप्ताहिक	सोमवार
09117	उधना जं.	सूबेदारगंज	03.10.25	28.11.25	साप्ताहिक	शुक्रवार
09118	सूबेदारगंज	उधना जं.	04.10.25	29.11.25	साप्ताहिक	शनिवार
09075	मुंबई सेंट्रल	काठगोदाम	01.10.25	26.11.25	साप्ताहिक	बुधवार
09076	काठगोदाम	मुंबई सेंट्रल	02.10.25	27.11.25	साप्ताहिक	गुरुवार
09185	मुंबई सेंट्रल	कानपुर अनवरगंज	05.10.25	30.11.25	साप्ताहिक	रविवार
09186	कानपुर अनवरगंज	मुंबई सेंट्रल	06.10.25	01.12.25	साप्ताहिक	सोमवार
09039	उधना जं.	धनबाद जं.	03.10.25	28.11.25	साप्ताहिक	शुक्रवार
09040	धनबाद जं.	उधना जं.	05.10.25	30.11.25	साप्ताहिक	रविवार

भारतीय रेल
www.indianrailways.gov.in
हमें फॉलो करें /RailMinIndia

यह वाकई एक दुखद खबर है। प्रथम श्रेणी स्तर पर खेलने के कारण डिकी खिलाड़ियों के तनाव और दबाव को समझते थे और इसलिए अगर उनके फैसले खिलाड़ियों के पक्ष में नहीं जाते थे तो वह उनकी निराशा के प्रति सहानुभूति रखते थे। खिलाड़ी उन्हें बहुत पसंद करते थे क्योंकि वह ओवरों के बीच और कभी-कभी गेंदों के बीच भी बातचीत के लिए हमेशा तैयार रहते थे। क्रिकेट ने एक अद्वितीय व्यक्तित्व और एक बेहतरीन अंपायर खो दिया है। ईश्वर उनकी आत्मा को शांति दे।

- सुनील गावस्कर, भारतीय पूर्व क्रिकेट कप्तान

संक्षिप्त खबरें

तीसरे वनडे में धीमी ओवरगति के लिए भारतीय महिला टीम पर जुर्माना

नई दिल्ली। आस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे वनडे में धीमी ओवरगति के लिए भारतीय महिला क्रिकेट टीम पर मंगलवार को मैच फीस का दस प्रतिशत जुर्माना लगाया गया। मेजबान भारत को स्मृति मंधाना के 125 रन के बावजूद 43 रन से पराजय का सामना करना पड़ा। आस्ट्रेलिया ने यह सीरीज 2-1 से जीती। आईसीसी अंतरराष्ट्रीय पैनल की मैच रैफरी जीएस लक्ष्मी ने भारतीय टीम पर जुर्माना लगाया जो निर्धारित समय पर लक्ष्य से दो ओवर पीछे थी। आईसीसी ने कहा, 'धीमी ओवर के अपराध के संबंध में खिलाड़ियों और सहयोगी स्टाफ के लिए आईसीसी आचार संहिता की धारा 2.22 के तहत खिलाड़ियों पर हर ओवर के लिए मैच फीस का पांच प्रतिशत जुर्माना लगाया जाएगा।'

राहुल चाहर हैंपशर के खिलाफ आखिरी मैच के लिए सर्रे टीम में

लंदन। भारतीय लेग स्पिनर राहुल चाहर को हैंपशर के खिलाफ इंग्लिश काउंटी सत्र के आखिरी मैच के लिए सर्रे टीम में शामिल किया गया है। यह मैच 24 से 27 सितम्बर तक यूटिलिटा बाउल में खेला जाएगा। सफेद गेंद के क्रिकेट में सात बार भारत के लिए खेल चुके 26 वर्ष के चाहर ने सितम्बर की शुरुआत में काउंटी चैंपियनशिप सत्र के लिए रजिस्टर कराया था लेकिन वार्विकशर और नॉटिंघमशर के खिलाफ उनकी जरूरत नहीं पड़ी। सर्रे काउंटी ने एक्स पर लिखा, 'लेग स्पिनर राहुल चाहर काउंटी चैंपियनशिप के आखिरी मैच के लिए टीम में हैं। वह रणजी ट्रॉफी में राजस्थान के लिए खेलते हैं और भारत के लिए सीमित ओवरों के क्रिकेट में सात मैच खेल चुके हैं।' चाहर ने सर्रे की वेबसाइट पर कहा, 'इस सप्ताह के मैच के लिए सर्रे से जुड़कर खुश हूं। मैं टीम की जीत में योगदान देना और अपना प्रभाव छोड़ना चाहता हूं।'

मेघना ने कोरिया ओपन के मुख्य ड्रॉ में किया प्रवेश

सुवोन, कोरिया। भारतीय खिलाड़ी मेघना रेड्डी ने मंगलवार को क्वालीफायर में सीधे गेम में जीत दर्ज कर कोरिया ओपन सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट के मुख्य ड्रॉ में प्रवेश किया। इस 21 वर्षीय खिलाड़ी ने पहले दौर में चीनी ताइपे की पेई यू चेन को 21-6, 21-18 से हराने के बाद जापान की रिरिना हिरामोटो को रोमांचक मुकाबले में 21-19, 22-20 से पछाड़कर मुख्य ड्रॉ में अपनी जगह पक्की की। शिवांश को पुरुष एकल में चीनी ताइपे के लू वेई हुआन से 12-21, 21-17, 12-21 से हार का सामना करना पड़ा। नितिन कुमार और हर्ष राणा की जोड़ी को चीनी ताइपे के चाओ शिन दा गु ला और यू हसांग चौ ने 11-21, 17-21 से हराया, जबकि पुरुष युगल क्वालीफायर में शिवांश और प्रणव चंदेल की जोड़ी हंग बिंग फु और फु सुआन लियू से 15-21, 6-21 से हार गयी।

अश्विन सबसे ज्यादा बेस प्राइस से नीलामी में शामिल

दुबई। संन्यास ले चुके भारतीय क्रिकेटर आर. अश्विन ने पहली आईएल टी-20 नीलामी में अपना बेस प्राइस 1 लाख 20 हजार अमेरिकी डॉलर (लगभग एक करोड़ छह लाख रुपए) रखा है, जो किसी भी खिलाड़ी के लिए सबसे ज्यादा है। यह नीलामी 1 अक्टूबर को दुबई में होगी। अश्विन, आईएल टी-20 नीलामी की लंबी सूची में एकमात्र ऐसे खिलाड़ी हैं जिनका बेस प्राइस सात अंकों में है। अगर उन्हें चुना जाता है, तो आईएल टी-20 उनकी पहली विदेशी टी-20 लीग होगी। 39 वर्षीय अश्विन उन 24 भारतीयों में शामिल हैं जो नीलामी की सूची में हैं।

आस्ट्रेलिया की ग्रेस हैरिस चोट के कारण विश्व कप से बाहर, हीथर ग्राहम टीम में

बेंगलुरू। आस्ट्रेलिया की हरफनमौला ग्रेस हैरिस पिंडली में खिंचाव के कारण आगामी वनडे विश्व कप से बाहर हो गई जिससे मौजूदा चैंपियन टीम की आठवीं बार खिताब जीतने की उम्मीदों को झटका लगा है। मीडिया रपटों के अनुसार वेस्टर्न आस्ट्रेलिया की हरफनमौला हीथर ग्राहम को हैरिस की जगह टीम में शामिल किया गया है। टूर्नामेंट भारत और श्रीलंका में 30 सितम्बर से खेला जाएगा। हैरिस को दिल्ली में भारत के खिलाफ तीन मैचों की सीरीज के आखिरी मैच में फील्डिंग करते समय चोट लगी थी। अनाबेल सदरलैंड के फिट नहीं होने से उन्हें इस मैच में मौका मिला था। आस्ट्रेलिया को विश्व कप में पहला मैच एक अक्टूबर को न्यूजीलैंड से खेलना है।

महान अंपायर डिकी बर्ड का 92 साल की उम्र में निधन

लंदन (भाषा)। बेहद लोकप्रिय और महान अंपायर हेरोल्ड 'डिकी' बर्ड का 92 वर्ष की आयु में निधन हो गया। बर्ड ने 1973 और 1996 के बीच अपने लंबे कॅरियर में 66 टेस्ट और 69 वनडे मैचों में अंपायरिंग की थी। अंपायर के तौर पर बर्ड का आखिरी टेस्ट 1996 में लॉर्ड्स में भारत और इंग्लैंड के बीच खेला गया था। इसी मैच में पूर्व कप्तान राहुल द्रविड़ और सौरव गांगुली ने टेस्ट प्रारूप में पदार्पण किया था।

यॉर्कशर काउंटी क्लब ने यहां जारी बयान में कहा, 'यॉर्कशर काउंटी क्रिकेट क्लब को बड़े दुख के साथ यह घोषणा करनी पड़ रही है कि क्रिकेट के सबसे चहेते लोगों में से एक हेरोल्ड डेनिस 'डिकी' बर्ड एमबीई ओबीई का 92 वर्ष की आयु में अपने घर पर निधन हो गया।' उन्होंने कहा, 'वह अपने पीछे खेल भावना, विनम्रता और खुशी की विरासत के साथ कई पीढ़ियों के प्रशंसकों की एक फौज छोड़ गए हैं।'

बर्ड का यॉर्कशर के साथ लंबे समय तक जुड़ाव रहा। उन्होंने 1956 में इस काउंटी के साथ अपने प्रथम श्रेणी कॅरियर की शुरुआत की और 1964 में कॅरियर समाप्त होने तक 93 मैचों में 3,314 रन बनाए। इसमें दो शतक भी शामिल हैं। क्लब ने कहा, 'इस समय यॉर्कशर काउंटी क्रिकेट क्लब में हर किसी की संवेदनाएं डिकी के परिवार और दोस्तों के साथ हैं।' क्लब ने कहा कि सभी लोग उन्हें बहुत याद करेंगे क्योंकि उन्होंने यहां सभी के समर्थन में अविस्मरणीय रूप से बहुत समय बिताया। उन्हें यॉर्कशर के इतिहास के सबसे महान इंसान में से एक के रूप में याद किया जाएगा।'

बर्ड को 1986 में क्रिकेट में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए एमबीई और 2012 में ओबीई से सम्मानित किया गया था। उन्होंने हमवतन दिवंगत डेविड शेफर्ड (2009 में निधन) के साथ मैदान पर अंपायरिंग की खास जोड़ी बनाई। बर्ड अपने फैसलों की सटीकता और अपनी खास आदतों के कारण दर्शकों और खिलाड़ियों दोनों के बीच काफी लोकप्रिय थे। वह अक्सर मैच स्थल पर सुबह छह बजे ही पहुंच जाते थे।

भारत और इंग्लैंड के बीच 1974 में ओल्ड ट्रैफर्ड में खेले गए टेस्ट मैच के दौरान भारतीय दिग्गज सुनील गावस्कर ने बर्ड से अपने बाल कटवाए क्योंकि उनके बाल बार-बार उनकी आंखों में आ रहे थे। बर्ड ने इसके लिए गेंद की सीम के धागे को काटने वाली कैंची का इस्तेमाल किया था। बर्ड ने बाद में कहा, 'यह वही है जो सभी अंपायरों को अपने पास रखना चाहिए।' बर्ड को उस समय के खिलाड़ियों से भी काफी सम्मान मिलता था। उन्होंने एक बार कहा था, '(गैरी) सोबर्स, (रिची) रिचर्ड्स, (डेनिस) लिली और (इयान) बॉथम जैसे महान खिलाड़ियों ने मुझे अच्छा अंपायर बताया था। यह मेरे लिए बहुत मायने रखता है।'

बर्ड अविवाहित रहे लेकिन उन्होंने कुछ बेहतरीन दोस्त बनाए, जिनमें दिवंगत महारानी एलिजाबेथ भी शामिल थीं। वह महारानी एलिजाबेथ के यहां अक्सर चाय पार्टियों में जाते थे। लेखक स्टीफन किंग और जॉन मेजर जैसे ब्रिटिश प्रधानमंत्री उनके अच्छे दोस्त रहे। बर्ड ने दो बेस्ट-सेलर किताबें 'माई ऑटोबायोग्राफी विद कीथ लॉज' और 'द व्हाइट कैप एंड बेल्स' नामक किताबें भी लिखीं। बर्ड ने अंपायरिंग से संन्यास लेने के बाद खुद को क्विज सेशन, और चैट शो के माध्यम से सक्रिय रखा। यह सत्र बहुत मनोरंजक होते थे।

केएल राहुल, प्रसिद्ध, करुण कर्नाटक के रणजी संभावितों में

बेंगलुरू (भाषा)। भारतीय खिलाड़ी केएल राहुल, प्रसिद्ध कृष्णा और करुण नायर कर्नाटक की आगामी रणजी ट्रॉफी सत्र के लिए घोषित 37 संभावित खिलाड़ियों की सूची में शामिल हैं। राहुल और प्रसिद्ध लखनऊ में ऑस्ट्रेलिया 'ए' के खिलाफ भारत 'ए' के लिए अनौपचारिक चार दिवसीय मैच खेल रहे हैं। पंद्रह अक्टूबर से शुरू होने वाले रणजी सत्र में कर्नाटक की टीम एलीट ग्रुप बी में है और टीम राजकोट में सौराष्ट्र के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगी। इस ग्रुप में गोवा, पिछले साल की उपविजेता केरल, महाराष्ट्र, चंडीगढ़, मध्य प्रदेश और पंजाब भी शामिल हैं।

पूर्व खिलाड़ी येरे गौड़ टीम के कोच बने रहेंगे। वह भारतीय अंडर-19 टीम की आस्ट्रेलिया दौरे के बाद राज्य की टीम से जुड़ेंगे। इस सूची में देवदत्त पडिक्कल, मयंक अग्रवाल, श्रेयस गोपाल, विशाक विजयकुमार और विद्वथ कावेरप्पा के साथ उभरते हुए खिलाड़ी आर. स्मरण और मुंबई इंडियंस के विकेटकीपर-बल्लेबाज केएल श्रीजीत भी शामिल हैं। कर्नाटक के पूर्व स्पिनर आनंद कट्टी को राज्य की वरिष्ठ चयन समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। उनके साथ पूर्व खिलाड़ी सी. रघु, अमित वर्मा और तेजपाल कोठारी भी समिति के सदस्य होंगे। पूर्व भारतीय क्रिकेटर और केएससीए के सचिव बृजेश के बेटे उदित पटेल को अंडर-19, 16 और 14 टीमों की चयन समिति में जगह मिली है।

भारत और बांग्लादेश के मुकाबले में स्पिनरों पर रहेंगी नजरें

दुबई (भाषा)। पाकिस्तान को एक तनावपूर्ण मैच में हराने के बाद भारतीय टीम एशिया कप सुपर-4 चरण के अगले मैच में बुधवार को बांग्लादेश से खेलेगी तो भी तनाव कम नहीं रहेगा और इस मुकाबले में नजरें दोनों टीमों के स्पिनरों पर रहने वाली हैं। आंकड़ों के आधार पर देखा जाएगा तो यह मुकाबला भी एकतरफा रहने की उम्मीद है क्योंकि दोनों टीमों के बीच 17 टी-20 मैचों में से बांग्लादेश एक ही जीत सका है।

वनडे विश्व कप 2015 में मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड पर रोहित शर्मा को संदेह का लाभ देते हुए 'नॉट आउट' करार दिए जाने के बाद से दोनों टीमों के मुकाबले तनाव से भरे रहे हैं। बीसीसीआई ने इस साल अगस्त में बांग्लादेश में होने वाली सफेद गेंद की सीरीज को 2026 तक स्थगित कर दी बशर्ते वहां

एशिया कप | क्रिकेट

■ सुपर-4 मुकाबला रात 8.00 बजे से

लोकतांत्रिक तरीके से चुनी गई सरकार सत्तारूढ़ हो। कागजों पर बांग्लादेशी टीम भारत के सामने कहीं नहीं ठहरती।

सूर्यकुमार यादव की टीम एक और शानदार जीत की प्रबल दावेदार है। लेकिन इस प्रारूप में कुछ भी कयास लगाना संभव नहीं है और बांग्लादेश के स्पिनर बेहतर प्रदर्शन करके पासा पलट भी सकते हैं।

बल्लेबाजी में हालांकि बांग्लादेश का भारत से कोई मुकाबला नहीं है। भारत के सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा शानदार फॉर्म में हैं और 210 की औसत से रन बना रहे हैं। वहीं शुभमन गिल का पाकिस्तान के खिलाफ मैच के बाद स्ट्राइक रेट 158 के आसपास है।

बांग्लादेश के दो सर्वश्रेष्ठ टी-20 बल्लेबाज कप्तान लिटन दास (129 प्लस) और तौहीद हृदय (124 प्लस) के आंकड़े भी दमदार नहीं हैं। बांग्लादेश चाहेगा कि भारत पहले बल्लेबाजी करे और तेज गेंदबाज मुस्ताफिजूर रहमान के साथ उसके स्पिनर रिशाद हुसैन और आफ स्पिनर मेहदी हसन जल्दी विकेट निकालें। भारत को 150-160 रन पर रोकने की दशा में ही बांग्लादेश के लिए उम्मीद बनेगी।

भारत के लिए चिंता की मामूली बात तिलक वर्मा का स्पिनरों को अच्छे से नहीं खेल पाना है। तिलक का स्ट्राइक रेट 2025 में स्पिन के खिलाफ कम रहा है। उन्होंने 2024 में स्पिनरों की 61 गेंद खेलकर 116 रन बनाए जबकि डॉट गेंद का प्रतिशत 21.3 रहा है। इस साल उन्होंने सात पारियों में स्पिनरों की 80 गेंद खेलकर 92 रन बनाए और डॉट गेंदों का प्रतिशत 38 रहा है। तिलक और संजू सैमसन दोनों चौथे या पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी करते हैं और ऐसे में स्पिनरों को बखूबी खेलना जरूरी है। तिलक की तुलना में रिंकू सिंह स्पिनरों को बेहतर खेल पाते हैं लेकिन भारतीय टीम प्रबंधन संयोजन में ज्यादा छेड़छाड़ नहीं करना चाहता।

स्मृति शीर्ष पर बरकरार, दीप्ति शर्मा पांचवें स्थान पर पहुंची

दुबई (भाषा)। भारतीय ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की महिला वनडे रैंकिंग में गेंदबाजों की सूची में दो स्थान के फायदे से पांचवें स्थान पर पहुंच गई जबकि स्मृति मंधाना ने हाल ही में आस्ट्रेलिया के खिलाफ संपन्न सीरीज में शानदार प्रदर्शन के बाद कॅरियर की सर्वश्रेष्ठ रेटिंग के साथ बल्लेबाजों की सूची में शीर्ष स्थान बरकरार रखा है। स्मृति ने आस्ट्रेलिया के खिलाफ घरेलू मैदान पर तीन मैच की सीरीज में दो शानदार शतक जड़े।

आईसीसी | वनडे रैंकिंग

गुवाहाटी में 30 सितंबर से शुरू हो रहे विश्व कप से पूर्व हुई इस सीरीज को हालांकि मेहमान टीम ने 2-1 से जीता। स्मृति कॅरियर के सर्वश्रेष्ठ 818 रेटिंग अंक पर पहुंच गई हैं। दीप्ति ने आस्ट्रेलिया के खिलाफ दो विकेट लिए जिससे भारतीय ऑफ स्पिनर 651 अंक के साथ दो स्थान ऊपर पांचवें स्थान पर पहुंच गई हैं। दक्षिण अफ्रीका की तेज गेंदबाज अयाबोंगा खाका प्रतिकूल परिस्थितियों के बावजूद लाहौर में पाकिस्तान के खिलाफ 36 रन देकर दो विकेट लेने के बाद तीन स्थान ऊपर चढ़कर 15वें पायदान पर पहुंच गईं।

भारत की क्रांति गौड़ (23 स्थान के फायदे से 39वें स्थान पर) ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अपनी शानदार शुरुआत जारी रखी है जबकि इंग्लैंड की सोफी एक्लेस्टोन (795 रेटिंग अंक) ने विश्व कप से पहले शीर्ष रैंकिंग की वनडे गेंदबाज के रूप में 85 अंक की बढ़त बना रखी है। जहां स्मृति ने अपना नंबर एक स्थान बरकरार रखा है तो वहीं ताजमिन ब्रिट्स ने बल्लेबाजी रैंकिंग में उल्लेखनीय सुधार किया है।

लाहौर में दक्षिण अफ्रीका के सीरीज जीतने के दौरान ब्रिट्स ने लगातार दो नाबाद शतक जड़े और 15 स्थान के फायदे से छठे पायदान पर पहुंच गईं। ब्रिट्स का 2025 में औसत 91.85 है और उन्होंने इस दौरान वनडे मुकाबलों में 94.14 के स्ट्राइक रेट से 643 रन बनाए हैं। सितम्बर 2023 की शुरुआत में 73वें स्थान पर रहने वाली दक्षिण अफ्रीका की इस बल्लेबाज ने शानदार सुधार किया है।

इस बीच पाकिस्तान की सिदरा अमीन ने भी 10 स्थान की छलांग लगाई है। उन्होंने तीन मैच में नाबाद 121, 122 और नाबाद 50 रन बनाए। अमीन के 636 अंक हो गए हैं जो दाएं हाथ की इस बल्लेबाज के कॅरियर के सर्वोच्च रेटिंग अंक हैं। वह अब 13वें स्थान पर हैं और शीर्ष 10 में जगह बनाने से सिर्फ 19 अंक पीछे हैं। बेथ मूनी (727 अंक) ने भी बल्लेबाजी रैंकिंग में दो स्थान ऊपर चढ़कर शीर्ष दो में जगह बनाई लेकिन स्मृति शीर्ष पर उनसे काफी आगे हैं।

खेल मंत्री मांडविया ने विश्व पैरा एथलेटिक्स की अंतिम तैयारियों की समीक्षा की

नई दिल्ली (भाषा)। खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने मंगलवार को 26 सितम्बर से पांच अक्टूबर तक यहां होने वाली पहली विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप की अंतिम तैयारियों का जायजा लेने के लिए जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम का दौरा किया। इस प्रतियोगिता का आयोजन भारत की वैश्विक टूर्नामेंटों को इतने बड़े पैमाने पर आयोजित करने की क्षमता में एक नया अध्याय जोड़ेगा। इससे अंतरराष्ट्रीय खेलों के केंद्र के रूप में देश की स्थिति और मजबूत होगी।

खेल एवं युवा मामलों की राज्य मंत्री रक्षा खडसे भी मांडविया के साथ थीं और उन्होंने यहां अभ्यास के लिए मौजूद खिलाड़ियों से मुलाकात और बातचीत की। स्थानीय आयोजन समिति, भारतीय पैरालंपिक समिति (पीसीआई) और खेल मंत्रालय के कई वरिष्ठ अधिकारी भी निरीक्षण के दौरान उपस्थित थे। मांडविया ने स्टेडियम का विस्तृत दौरा किया, जिसमें एक्रिडेशन केंद्र, चिकित्सा केंद्र, नया बनाया गया वार्मअप और मुख्य मॉन्डो ट्रैक जैसे क्षेत्र शामिल थे।

उन्होंने मॉन्डो ट्रैक का उद्घाटन 29 अगस्त को किया था। यह ट्रैक चैंपियनशिप के दौरान 100 से अधिक देशों के कुछ बेहतरीन पैरा-एथलीटों की मेजबानी करेगा। इसमें भारत के 73 पैरा खिलाड़ी शीर्ष स्थान के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे। मांडविया ने निरीक्षण के दौरान कहा, 'माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के दूरदर्शी नेतृत्व में भारत प्रमुख अंतरराष्ट्रीय खेल आयोजनों की मेजबानी के लिए एक विश्वसनीय गंतव्य के रूप में उभरा है। वह 'वसुधैव कुटुंबकम (दुनिया एक परिवार है)' पर विश्वास करते हैं। यह हमें दुनिया भर के खिलाड़ियों को भारतीय धरती पर एक साथ लाने के लिए प्रेरित करता है।'

उन्होंने कहा, '100 से अधिक देशों के भाग लेने के साथ, यह न केवल भारत द्वारा आयोजित अब तक का सबसे बड़ा पैरा-एथलेटिक्स आयोजन है, बल्कि यह हमारी क्षमता, समृद्ध संस्कृति और खेल को एक एकजुट करने वाली शक्ति के रूप में हमारी प्रतिबद्धता का भी प्रतिबिंब है। हमारा प्रयास यह सुनिश्चित करना है कि हर पैरा-खिलाड़ी विश्व स्तरीय बुनियादी ढांचे का अनुभव करे और विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में पूरी तरह से समर्थित महसूस करे।' पेरिस पैरालंपिक के पदक विजेता शरद कुमार भी यहां सिमरन शर्मा और प्रीति पाल के साथ मौजूद थे। ये खिलाड़ी मॉन्डो ट्रैक पर अभ्यास कर रहे हैं। पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप का उद्घाटन 25 सितम्बर से होगा।

मानव सुथार का पंजा, आस्ट्रेलिया ने नौ विकेट पर बनाए 350 रन

लखनऊ (वार्ता)। आस्ट्रेलिया ए ने भारत ए के खिलाफ दूसरे अनधिकृत टेस्ट के पहले दिन मंगलवार को अपनी पहली पारी में नौ विकेट पर 350 रन बना लिए। भारत ए की तरफ से मानव सुथार ने पांच विकेट झटके। भारत ए ने टॉस जीतकर पहले फील्डिंग करने का फैसला किया।

आस्ट्रेलिया ए की तरफ से कप्तान नेथन मैकस्वीनी ने 74 और जेक एडवर्ड्स ने 88 रन की अर्धशतकीय पारियां खेलीं। सैम कॉन्स्टस ने 49, जॉश फिलिपे ने 39 और ऑलिवर पिक ने 29 रन की पारियां खेलीं। स्टंप्स के समय टॉड मर्फी 29 और हेनरी थॉर्नटन 10 रन बनाकर क्रीज पर थे। भारत ए की तरफ से मानव सुथार ने 93 रन देकर पांच विकेट लिए जबकि गुरनूर बरार को 71 रन पर दो विकेट मिले। सिराज और प्रसिद्ध कृष्णा के हिस्से में एक-एक विकेट आया।

श्रीजेश की नजरें अगले पांच साल में सीनियर टीम का मुख्य कोच बनने पर

नई दिल्ली (भाषा)। दिग्गज गोलकीपर पीआर श्रीजेश का कहना है कि उन्हें उम्मीद है कि अगले पांच वर्ष में वह सीनियर राष्ट्रीय टीम के मुख्य कोच बनने के अपने सपना साकार कर लेंगे और उस समय तक वह जूनियर खिलाड़ियों के साथ काम करते हुए आवश्यक परिपक्वता हासिल कर लेंगे। श्रीजेश जूनियर पुरुष हॉकी टीम के मुख्य कोच हैं और सीनियर टीम की जिम्मेदारी लेने की इच्छा पहले ही व्यक्त कर चुके हैं।

श्रीजेश ने कहा, 'कोचिंग मेरे लिए नई है। मैं 25 साल हॉकी खेला हूं इसलिए जूनियर स्तर मेरे लिए सीखने का सही स्थान है। मेरे पास सब जूनियर स्तर के लिए धैर्य नहीं है जहां आपको बुनियादी बातें सिखाने की जरूरत होती है।' उन्होंने कहा, 'एक खिलाड़ी से कोच बनना एक बदलाव है। मुझे लगता है कि जूनियर स्तर सबसे अच्छा मंच है जहां मैं बहुत कुछ सीख सकता हूं इसलिए अभी मैं इसी प्रक्रिया से गुजर रहा हूं।'

श्रीजेश ने कहा, 'मुझे सीनियर कोच बनने के लिए उस परिपक्वता की जरूरत है। मैं अचानक इसमें नहीं कूद सकता लेकिन निश्चित रूप से यह भविष्य का लक्ष्य है। मैं अपना काम कर रहा हूं। मैंने एफआईएच लेवल तीन कोचिंग कोर्स किया है।' हॉकी इंडिया लीग की टीम एसजी पाइपर्स के हॉकी निदेशक श्रीजेश ने कहा, 'मुझे लगता है कि पांच से छह साल बाद मेरे पास कोच के रूप में भारतीय पुरुष टीम का नेतृत्व करने का अनुभव होगा।'

दो बार के ओलंपिक कांस्य पदक विजेता श्रीजेश का मानना है कि भारतीय टीम में 28 नवम्बर से 10 दिसम्बर तक चेन्नई और मदुरै में होने वाले आगामी जूनियर विश्व कप में पोडियम पर जगह बनाने की क्षमता है।

उदय भान की पूसा यंगस्टर्स क्लब पर शानदार जीत

नई दिल्ली (एसएनबी)। स्पोर्ट्स सन मैन ऑफ द मैच इर्शांत शर्मा (7/28) की घातक गेंदबाजी और नमन (66 रन ना.) की अर्धशतकीय पारी से उदय भान क्रिकेट क्लब ने पहले ऑल इंडिया श्रीवास्तव मेमोरियल अंडर-19 क्रिकेट टूर्नामेंट में पूसा यंगस्टर्स क्रिकेट क्लब को आठ विकेट से पराजित कर दिया। पूसा यंगस्टर्स की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 35.1 ओवर में 128 बनाकर आउट हो गयी। उसके लिए दक्ष गुप्ता ने 35 रन, राघेय ने 27 रन बनाए। उदय भान क्लब के लिए इर्शांत शर्मा ने 28 रन देकर सात विकेट लिए जबकि पीयूष ने एक विकेट लिया। जवाब में उदय भान क्रिकेट क्लब ने नमन की 66 रन की नाबाद पारी व वीर सिंह 33 रन की पारी से 17.2 ओवर में जीत हासिल कर लिया।

दिल्ली क्रिकेट हब की टीएनएम को हराया

एक अन्य मैच में दिल्ली क्रिकेट हब ने टीएनएम क्रिकेट अकादमी को आसानी से आठ विकेट से हरा दिया। टीएनएम अकादमी पहले बल्लेबाजी करते हुए अविजीत त्यागी (51 रन), तेजिंदर लुबना (45 रन) की पारियों से 35.4 ओवर में महज 197 रन बनाकर आउट हो गयी। दिल्ली क्रिकेट हब के लिए सुभाष यादव (3/22), आयुष देव (2/23) और अवनीत मलिक (2/31) ने शानदार गेंदबाजी की। जवाब में दिल्ली क्रिकेट हब ने स्वर्णिम बंसल (102 रन) की शानदार शतकीय पारी और लक्ष्य नारंग (42 रन) व साईंअंश वोरा (34 रन ना.) की पारियों से 33 ओवर में दो विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया।

श्याम लाल कॉलेज ने जीता बिट्स पिलानी हॉकी टूर्नामेंट

पिलानी (एसएनबी)। दिल्ली यूनिवर्सिटी के श्याम लाल कॉलेज ने फाइनल में श्रीराम कॉलेज ऑफ कॉमर्स को 5-0 से हराकर बिट्स पिलानी हॉकी टूर्नामेंट का खिताब जीत लिया। विजेता बनने पर श्याम लाल कॉलेज टीम को 25000/- का ईनाम भी मिला। उप विजेता श्रीराम कॉलेज ऑफ कॉमर्स को 10000/- रुपए का ईनाम मिला। राजस्थान स्थित बिट्स पिलानी के मैदान पर खेले गए फाइनल में श्याम लाल कॉलेज की तरफ से नंदकिशोर ने दो और प्रत्यूष सिंह जग्गी, अभिषेक और हर्ष शर्मा ने एक- एक गोल किया।

इसी टूर्नामेंट में हाई लाइन मैच में हंसराज कॉलेज ने मेजबान बिट्स पिलानी को 6-5 से ट्राइब्रेकर में हराकर तीसरा स्थान प्राप्त किया। निर्धारित समय में हंसराज कॉलेज और बिट्स पिलानी टीम के बीच मैच एक-एक गोल से बराबर रहा। हंसराज कॉलेज की तरफ से रविराज और बिट्स पिलानी की तरफ से अंकित ने एक-एक गोल किया।

श्याम लाल कॉलेज की टीम बिट्स पिलानी हॉकी टूर्नामेंट का खिताब जीतने के बाद ट्रॉफी के साथ।

एमेनिटी पब्लिक स्कूल और फारूक हायर सेकेंड्री स्कूल फाइनल में

नई दिल्ली (एसएनबी)। एमेनिटी पब्लिक स्कूल (सीआईएसई) और फारूक हायर सेकेंड्री स्कूल ने सुब्रतो कप इंटरनेशनल अंडर-17 फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल में जगह पक्की कर ली। पहले सेमीफाइनल में फारूक हायर सेकेंड्री पब्लिक स्कूल केरल ने आर्मी बॉयज कंपनी को 1-0 से हराया। दोनों टीमों के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला। 67वें मिनट में रजीओ के निर्णायक गोल ने एमेनिटी को फाइनल में पहुंचा दिया। आर्मी बॉयज ने आखिरी मिनट तक जोर लगाया, लेकिन जीत का मौका हाथ से निकल गया। दूसरे सेमीफाइनल में फारूक हायर सेकेंड्री स्कूल (केरल) ने आरएमएसएस (मिजोरम) को 1-0 से मात दी। 61वें मिनट में असमिल का गोल केरल को फाइनल का टिकट दिलाने के लिए काफी साबित हुआ। फाइनल 25 सितम्बर को खेला जाएगा।

मेरे लिये माइक्रोसाफ्ट 365 को-पायलट में हमारा विश्लेषक एजेंट हर समय एक कुशल डेटा विश्लेषक की तरह काम करता है। यह जटिल डेटा को विज़ुअलाइज़ करने में आपकी मदद करता है। एक त्वरित डेमो से यह जान सकते हैं कि मार्केटिंग अभियान डेटा को कैसे समझ सकता है और आपको अधिक काम करने में कैसे मदद कर सकता है
सत्य नडेला@satyanadella

आजकल खाने संबंधी विकार बढ़ रहे हैं, खासकर किशोरों में। मैं वर्षों से तनाव और बढ़ते वज़न से जूझ रही हूं। पिछले 5 वर्षों से मैं इसे नियंत्रित करने में सक्षम हूं क्योंकि मैंने इस पर काबू पाने के लिए गति, संबंध और जुनून की तकनीकों का इस्तेमाल करना सीखा है
नमिता@namitathapar

संक्षिप्त खबरें

फ्लिपकार्ट पर मिलेंगे दुपहिया

नई दिल्ली। ई-कॉमर्स मार्केटप्लेस फ्लिपकार्ट ने पेट्रोल एवं इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर्स की बड़ी रेंज उपलब्ध कराते हुए वाहन खरीद के अनुभव को पूरी तरह बदलने की तैयारी कर ली है। त्योहारी सीजन की शुरुआत हो चुकी है और ऐसे में वैरायटी, किफायत, भरोसा एवं 24 घंटे सपोर्ट के साथ फ्लिपकार्ट टू-व्हीलर्स के लिए पसंदीदा डेस्टिनेशन के रूप में अपनी स्थिति को मजबूत कर रहा है। फ्लिपकार्ट के वाइस प्रेसिडेंट इलेक्ट्रॉनिक्स सुजीत अगाशे ने कहा, 'इस त्योहारी सीजन में प्रोडक्ट डिस्कवरी से लेकर फाइनेंसिंग तक हम सब देंगे।

मॉन्डेलीज की नई पहल

नई दिल्ली। मॉन्डेलीज़ इंडिया ने सेंट जूड इंडिया चाइल्डकेयर सेंटर के साथ साझेदारी करते हुए नवी मुंबई स्थित एडवांस्ड सेंटर फॉर ट्रीटमेंट, रिसर्च एंड एजुकेशन इन कैंसर, टाटा मेमोरियल सेंटर में दो नए रेज़िडेंशियल यूनिट्स का उद्घाटन किया है। ये यूनिट्स एक साथ 24 परिवारों को सुरक्षित और निःशुल्क आवास के साथ सम्पूर्ण सहयोग प्रदान करेंगे। इस अवसर पर मॉन्डेलीज़ इंडिया के प्रेसीडेंट समीर जैन, वाइस प्रेसिडेंट ओफीरा भाटिया, वाइस प्रेसीडेंट नितिन के अलावा सेंट जूड्स की चेयरपर्सन मनीषा व सीईओ अनिल नायर भी मौजूद थे

बजाज फिनसर्व की नई उपलब्धि

नई दिल्ली। बजाज फिनसर्व ने अपने प्रमुख इक्विटी फंड, बजाज फिनसर्व फ्लेक्सी कैप की दूसरी वर्षगांठ मनाई। इस फंड ने केवल दो वर्षों में अपनी एयूएम को 5,410.04 करोड़ रुपये तक पहुंचाकर एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। इस मौके पर कंपनी के प्रबंध निदेशक गणेश मोहन ने कहा हमारा फ्लेक्सी कैप फंड एक बहुत खास इक्विटी फंड था, जिसे हमने एक अनोखी 'मेगाट्रेंड' थीम के साथ शुरू किया था।

कोटक लाइफ का नया प्लान

नई दिल्ली। कोटक महिंद्रा लाइफ इंश्योरेंस ने अपने 25 साल पूरे होने पर एक नया प्लान कोटक एज प्लान लांच करने की घोषणा की है। यह एक ऐसा बीमा प्लान है जो ग्राहकों की बदलती जरूरतों को ध्यान में रखकर बनाया गया है। कोटक महिंद्रा लाइफ के एमडी महेश बालासुब्रमण्यन ने कहा कि हमारी 25 साल की यात्रा हमेशा इस सोच से जुड़ी रही है कि ग्राहकों के जीवन में बदलाव आता रहता है, इसलिए वित्तीय समाधान भी बदलने चाहिए।

वार्नर-बानिजे करार को विस्तार

नई दिल्ली। वार्नर ब्रदर्स डिस्कवरी और बानिजे एशिया ने पार्टनरशिप आगे बढ़ाई है। इस बार, गोवा के समुद्री तटों पर चुनौतियों के बीच घिरी 12 कंटेस्टेंट्स इसमें हिस्सा लेंगी। विजेता को 'रिएलिटी रानी ऑफ़ द जंगल' का ताज जीतने का मौका होगा। सीरीज़ का प्रीमियर डिस्कवरी चैनल और डिस्कवरी+ पर प्रसारित होगा। वार्नर के एमडी (साउथ एशिया), अर्जुन नोहर ने कहा रिएलिटी-एडवेंचर आज के दौर का सबसे डायनेमिक जॉनर बन गया है। यह असल ज़िन्दगी के भाव को दर्शकों के सामने लाता है व जुड़ जाता है।

IDBI रिटेल लोन उत्सव शुरू

नई दिल्ली। आगामी त्योहारों की खुशी में आईडीबीआई बैंक ने 22 सितंबर से 4 अक्टूबर, 2025 तक एक विशेष 'रिटेल लोन उत्सव' शुरू किया है। आईडीबीआई बैंक के डीएमडी, श्री सुमित फक्का ने कहा कि बैंक के ग्राहक-केंद्रित दृष्टिकोण के साथ 'बैंक ऐसा दोस्त जैसा' की ब्रांड फ़िलॉसफ़ी के अंतर्गत आईडीबीआई बैंक ने हाउसिंग लोन, ऑटो लोन, एजुकेशन लोन, प्रॉपर्टी पर लोन और पर्सनल लोन आदि पर विशेष ऑफर पेश किए हैं। 'रिटेल लोन उत्सव' को भारतीय परिवारों की बढ़ती जरूरतों के अनुरूप तैयार किया गया है, ताकि वो त्योहारों के शुभ अवसर पर अपनी जीवनशैली और वित्त से संबंधित जरूरतों को पूरा कर सकें। आईडीबीआई बैंक का 'रिटेल लोन उत्सव' भारत के 29 राज्यों के 156 जिलों में बैंक की 310 शाखाओं पर चल रहा है।

क्राम्पटन के नए पंप्स

नई दिल्ली। क्रॉम्पटन ग्रीव्स कंज्यूमर इलेक्ट्रिकल्स ने सबमर्सिबल पंप्स की नई ड्यूरा सीरीज़ लांच की है। कंपनी के बिज़नेस हेड, होम इलेक्ट्रिकल्स और पंप्स, रजत चोपड़ा ने कहा कि 80 साल से अधिक के अनुभव के साथ तैयार की गई यह रेंज घरों, खेती और उद्योग सभी के लिए उपयुक्त है। इस सीरीज को खास तौर पर टूट-फूट, जंग और रखरखाव की चुनौतियों से निपटने के लिए डिज़ाइन किया गया है। इसकी मोटर, जो लगातार चलने पर भी ठंडी रहती है। सैंड फाइटर डिज़ाइन ऐसा सिस्टम जो रेत और मिट्टी को अंदर जाने से रोकता है।

जीएसटी कटौती के बाद नवरात्र के पहले दिन वाहनों की बंपर बिक्री

■ टाटा मोटर्स ने बेचे 10 हजार से ज्यादा यात्री वाहन ■ मारुति ने 30 हजार व हुंडई ने बेचे 11 हजार वाहन

नई दिल्ली (एजेंसियां)।

वाहन विनिर्माता टाटा मोटर्स ने मंगलवार को कहा कि उसके डीलरों ने नवरात्रि पर्व के पहले दिन करीब 10 हजार यात्री वाहनों की खुदरा बिक्री की।

नई जीएसटी व्यवस्था लागू होने के बाद वाहनों की कीमतों में आई कमी से ग्राहकों की मांग में यह तेजी देखने को मिली है। टाटा मोटर्स ने बयान में कहा कि उसके यात्री वाहनों के शोरूम पर देशभर में 25 हजार से अधिक ग्राहक पूछताछ दर्ज की गई।

टाटा मोटर्स यात्री वाहन खंड के मुख्य वाणिज्य अधिकारी अमित कामत ने कहा, 'हम ग्राहकों की बेहद उत्साहजनक प्रतिक्रिया देख रहे हैं। नई जीएसटी दरों की घोषणा का हम अपने ग्राहकों को पूरा लाभ दे रहे हैं और आकर्षक त्योहारी पेशकश भी दे रहे हैं।'

उन्होंने बताया कि इस पेशकश से पूछताछ और बुकिंग में तेज उछाल आया है। शोरूम पर आने वाले ग्राहकों की संख्या बढ़ी है और आर्डर बुक भी लगातार मजबूत हो रही है। डीलरशिप ने त्योहारी भीड़ को देखते हुए कामकाज की अवधि भी बढ़ा दी है।

कामत ने कहा कि कंपनी के लोकप्रिय मॉडल नेक्सन और पंच की मांग सबसे ज्यादा है। उन्होंने कहा, 'बुकिंग आंकड़ा और निर्धारित आपूर्ति के साथ हम त्योहारी मांग पूरी तरह तैयार हैं और नए रिकॉर्ड बनाने को लेकर आशान्वित हैं।'

मारुति सुजुकी और हुंदै मोटर इंडिया ने भी नई जीएसटी व्यवस्था के बाद सोमवार को ग्राहकों की बढ़ी मांग से जोरदार बिक्री दर्ज की।

मारुति सुजुकी की बिक्री नवरात्रि के पहले दिन 30 हजार इकाई के स्तर पर रही जबकि हुंडई ने 11 हजार वाहनों की बिक्री की।

6जी संगोष्ठी 9 व 10 अक्टूबर को

नई दिल्ली (भाषा)।

इंडिया मोबाइल कांग्रेस (आईएमसी) यहां भारत 6जी अलायंस के साथ साझेदारी में नौ और 10 अक्टूबर को दूसरे अंतरराष्ट्रीय भारत 6जी संगोष्ठी की मेजबानी करने के लिए पूरी तरह तैयार है।

आधिकारिक बयान में कहा गया है कि आईएमसी में इस संगोष्ठी में इस बात पर चर्चा होगी कि कैसे 6जी प्रौद्योगिकी भारत और उसके बाहर डिजिटल संप्रभुता, आर्थिक विकास और तकनीकी नवोन्मेष को बढ़ावा देगी। इस कार्यक्रम का उद्घाटन संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया करेंगे। उनके साथ संचार और ग्रामीण विकास राज्यमंत्री पेम्मासानी चंद्रशेखर भी होंगे।

सोना नए शिखर पर

■ कीमतें 2700 रुपये बढ़कर 1.19 लाख प्रति दस ग्राम पर

नई दिल्ली (भाषा)।

सुरक्षित निवेश के लिए वैश्विक मांग बढने के बीच राष्ट्रीय राजधानी में मंगलवार को सोने की कीमतें 2,700 रुपये बढ़कर 1,18,900 रुपये प्रति 10 ग्राम के नए शिखर पर पहुंच गईं। वहीं अमेरिकी एच-1बी वीजा शुल्क वृद्धि के कारण रुपया नए निचले स्तर पर पहुंच गया।

अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना पिछले बाजार सत्र में 1,16,200 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था।

स्थानीय सर्राफा बाजार में, 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 2,650 रुपये बढ़कर 1,18,300 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) के रिकॉर्ड उच्चस्तर पर पहुंच गया। सोमवार को यह 1,15,650 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। कारोबारियों ने कहा कि डॉलर के मुकाबले रुपये में भारी गिरावट ने कीमती धातु की कीमतों में तेजी को और बढ़ा दिया। चांदी की कीमतें भी मंगलवार को 3,220 रुपये की तेजी के साथ 1,39,600 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) के सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गईं। पिछले सत्र में यह 1,36,380 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। अमेरिकी एच-1बी वीजा शुल्क में भारी बढोतरी के कारण विदेशी कोषों की निरंतर निकासी के बीच मंगलवार को रुपया, अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले 47 पैसे की गिरावट के साथ 88.75 (अस्थायी) के सर्वकालिक निचले स्तर पर पहुंच गया, जिससे भारतीय आईटी सेवा निर्यात को बड़ा झटका लगने की आशंका है।

रुपये में 47 पैसे की बड़ी गिरावट

मुंबई (भाषा)। रुपया मंगलवार को 47 पैसे टूटकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 88.75 (अस्थायी) के अपने सर्वकालिक निचले स्तर पर बंद हुआ। अमेरिका के एच-1बी वीजा शुल्क में भारी वृद्धि और विदेशी पूंजी की निरंतर निकासी के बीच घरेलू मुद्रा पर दबाव है।

अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 88.41 प्रति डॉलर पर खुला। बाद में फिसलकर यह दिन के सर्वकालिक निचले स्तर 88.76 प्रति डॉलर पर आ गया। अंत में यह 88.75 (अस्थायी) प्रति डॉलर के अबतक के सबसे निचले स्तर पर बंद हुआ जो पिछले बंद भाव से 47 पैसे की गिरावट है। रुपया सोमवार को 12 पैसे की गिरावट के साथ 88.28 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था।

मिराए एसेट शेयरखान के मुद्रा एवं जिंस के शोध विश्लेषक अनुज चौधरी ने कहा, 'हमारा अनुमान है कि रुपया कमजोर बना रहेगा।

प्रधानमंत्री करेंगे 'वर्ल्ड फूड इंडिया' का उद्घाटन

नई दिल्ली (भाषा)।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 25 सितंबर को 'वर्ल्ड फूड इंडिया' के चौथे संस्करण का उद्घाटन करेंगे। इस कार्यक्रम का उद्देश्य घरेलू खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में अधिक निवेश आकर्षित करना और भारत को खाद्य क्षेत्र में नवोन्मेष के वैश्विक केंद्र के रूप में स्थापित करना है।

राष्ट्रीय राजधानी के भारत मंडपम में आयोजित होने वाले इस आयोजन में रूस के उप-प्रधानमंत्री दिमित्री पत्रिशेव के साथ-साथ केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी (सड़क परिवहन), चिराग पासवान (खाद्य प्रसंस्करण उद्योग) और राज्यमंत्री (खाद्य प्रसंस्करण उद्योग) रवनीत सिंह बिट्टू भी भाग लेंगे। पासवान ने इस आयोजन के बारे में संवाददाताओं को जानकारी देते हुए कहा, 'वर्ल्ड फूड इंडिया केवल एक व्यापार प्रदर्शनी नहीं है, बल्कि भारत को खाद्य नवोन्मेष, निवेश और पर्यावरण अनुकूल उपायों के वैश्विक केंद्र के रूप में स्थापित करने का एक परिवर्तनकारी मंच है।'

उन्होंने कहा कि सरकार को पिछले संस्करणों की सफलता को देखते हुए इस वर्ष निवेश प्रतिबद्धताओं में उल्लेखनीय वृद्धि की उम्मीद है। उल्लेखनीय है कि 2023 में हुए इस कार्यक्रम के दौरान, 33,000 करोड़ रुपये के समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।

जीएसटी नोटिस के लिए तय होगी मौद्रिक सीमा

■ सरकार के इस कदम से कारोबारियों को मिलेगी राहत

नई दिल्ली (भाषा)। केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा-शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) करदाताओं पर अनावश्यक दबाव कम करने और नोटिस जारी करने में पारदर्शिता बढ़ाने के लिए जीएसटी मांग के नोटिस पर मौद्रिक सीमा लागू करने की योजना बना रहा है। बोर्ड के सदस्य शशांक प्रिय ने मंगलवार को यह जानकारी दी। शशांक प्रिय ने उद्योग मंडल एसोचैम के एक कार्यक्रम में कहा कि सीबीआईसी जल्द ही अपने क्षेत्रीय कार्यालयों को इस संबंध में निर्देश जारी करेगा।

उन्होंने स्पष्ट किया कि कर मांग के नोटिस केवल इसलिए जारी नहीं होंगे कि मांग की पुष्टि हो जाए। इसके लिए एक मौद्रिक सीमा तय करने की योजना है। उन्होंने कहा, 'हम तुच्छ आधार पर नोटिस जारी करने के पक्ष में नहीं हैं। अब क्षेत्रीय कार्यालयों में न्यायसंगत फैसले सुनिश्चित किए जाएंगे और अनुचित मांग को हटाने में कोई हिचक नहीं होगी।

सीबीआईसी करदाताओं की सुविधा के लिए जीएसटी रिटर्न प्रक्रिया को सरल बनाने पर भी काम कर रहा है। पांच करोड़ रुपये से अधिक कारोबार वाले व्यवसायों को अब केवल ई-इनवॉइस दर्ज करना होगा और बाकी डेटा अपने-आप ही दर्ज हो जाएगा। उन्होंने कहा कि क्यूआर कोड और ई-वे बिल के माध्यम से आपूर्ति चेन की पारदर्शिता भी सुनिश्चित होगी।

जीएसटी कटौती मामले में केंद्र की नजर ई-कॉमर्स मंचों पर

नई दिल्ली (भाषा) केंद्र सरकार दैनिक उपयोग की घरेलू वस्तुओं पर जीएसटी दर में कटौती का लाभ ई-कॉमर्स मंचों पर उपलब्ध कराए जाने को लेकर सतर्क है और इस पर लगातार नजर बनाए है। सरकारी सूत्रों ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

कुछ ई-कॉमर्स मंच पर बेची जा रही रोजमर्रा की जरूरी वस्तुओं की कीमतों में उचित कटौती न होने की शिकायतों के बीच सूत्रों ने बताया कि क्षेत्रीय अधिकारी कीमतों में बदलाव पर नजर रख रहे हैं। एक सूत्र ने कहा, 'हम कीमतों में बदलाव पर नजर रख रहे हैं। क्षेत्रीय अधिकारी निगरानी कर रहे हैं और हमें 30 सितंबर तक उनसे पहली रिपोर्ट मिल जाएगी।'

ईपीएफओ ने जुलाई में जोड़े 21.04 लाख सदस्य

नई दिल्ली (भाषा)।

कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने जुलाई महीने में शुद्ध रूप से सालाना आधार पर 5.55 प्रतिशत अधिक 21.04 लाख सदस्य जोड़ें। श्रम मंत्रालय ने बुधवार को यह जानकारी दी। मंत्रालय की ओर से जारी आंकड़ों के मुताबिक, ईपीएफओ ने जुलाई 2025 में शुद्ध रूप से 9.79 लाख नए सदस्य जोड़े।

आधिकारिक बयान के मुताबिक, इनमें 18-25 आयु वर्ग के 5.98 लाख युवा शामिल हैं जो कुल नए ग्राहकों का 61.06 प्रतिशत हैं।

इस वर्ग में शुद्ध पेरोल वृद्धि 9.13 लाख रही। पहले नौकरी छोड़ चुके करीब 16.43 लाख पुराने सदस्य जुलाई में दोबारा ईपीएफओ के साथ जुड़े। इसमें सालाना आधार पर 12.12 प्रतिशत की दर्ज की गई।

इस आंकड़े से पता चलता है कि ईपीएफओ सदस्य अंतिम निपटान के बजाय ईपीएफ खाते में जमा राशि स्थानांतरित कर अपनी सामाजिक सुरक्षा बनाए रखने को प्राथमिकता दे रहे हैं। जुलाई 2025 में 2.80 लाख नई महिला सदस्य जुड़ीं, जिससे कुल महिला शुद्ध पेरोल वृद्धि करीब 4.42 लाख रही। इसमें सालाना आधार पर 0.17 प्रतिशत वृद्धि दर्ज हुई जो कार्यबल में बढ़ती विविधता को दर्शाती है।

ईपीएफओ का यह पेरोल आंकड़ा अस्थायी है क्योंकि कर्मचारियों का रिकॉर्ड अद्यतन करने की प्रक्रिया निरंतर चलती रहती है। संगठन सितंबर 2017 से ही मासिक आधार पर यह आंकड़े जारी कर रहा है।

एसएंडपी ने जीडीपी वृद्धि अनुमान 6.5% कायम रखा

नई दिल्ली (भाषा)।

एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स ने चालू वित्त वर्ष 2025-26 में भारत की जीडीपी वृद्धि दर का अनुमान 6.5 प्रतिशत पर मंगलवार को बरकरार रखा। रेटिंग एजेंसी ने मोटे तौर पर अनुकूल मानसून के बीच मजबूत घरेलू मांग का हवाला देते हुए इसे 6.5 प्रतिशत पर कायम रखा है।

एसएंडपी ने साथ ही कहा कि उसे चालू वित्त वर्ष में भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा रेपो दर में 0.25 प्रतिशत की कटौती की उम्मीद है क्योंकि उसने चालू वित्त वर्ष के लिए अपने मुद्रास्फीति पूर्वानुमान को घटाकर 3.2 प्रतिशत कर दिया है। अप्रैल-जून तिमाही में भारत की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर 7.8 प्रतिशत रही थी।

दुपहिया की बिक्री 9% बढ़ने का अनुमान

नई दिल्ली (भाषा)।

देश में दोपहिया वाहनों की बिक्री चालू वित्त वर्ष में पिछले वित्त वर्ष की तुलना में छह से नौ प्रतिशत बढ़ने का अनुमान है। वृद्धि का यह अनुमान हाल ही में जीएसटी दर में की गई कटौती पर आधारित है। रेटिंग एजेंसी इक्रा ने मंगलवार को यह बात कही। जीएसटी दर में कटौती से खरीद क्षमता और मांग को बढावा मिलने के साथ-साथ पुराने वाहनों की जगह नये वाहन की मांग, शहरी क्षेत्र में पुनरूद्धार और सामान्य मानसून से ग्रामीण आय में वृद्धि होने की उम्मीद है।

इक्रा ने बयान में कहा कि अगस्त, 2025 में घरेलू थोक बिक्री सालाना आधार पर 7.2 प्रतिशत बढ़कर 18 लाख इकाई हो गई। इसका कारण मूल उपकरण विनिर्माताओं (ओईएम) ने त्योहारों से पहले अच्छी बिक्री जारी रखी। हालांकि, खुदरा बिक्री में सालाना आधार पर मामूली 2.2 प्रतिशत की वृद्धि हुई। अत्यधिक बारिश और जीएसटी दर में कटौती से जुड़ी कुछ खरीद टाले जाने के कारण वृद्धि बाधित रही। आगामी त्योहारों के दौरान इसमें तेजी आने की उम्मीद है। इक्रा के अनुसार, उसका अनुमान है कि वित्त वर्ष 2025-26 में दोपहिया वाहनों की घरेलू बिक्री सालाना आधार पर छह से नौ प्रतिशत बढ़ेगी।

रिपोर्ट में कहा गया, 'यह अनुमान पुराने की जगह नए वाहनों की मांग, शहरी मांग में सुधार, सामान्य मानसून से बेहतर ग्रामीण आय और हाल ही में जीएसटी दर में कमी पर आधारित है। जीएसटी दर में कटौती से खरीद को समर्थन और मांग को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है।'

रेटिंग एजेंसी ने इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहन खंड के संदर्भ में कहा कि अगस्त, 2025 में खुदरा बिक्री 1,04,725 इकाई रही, जो 1.8 प्रतिशत की मामूली वृद्धि है और इसकी पैठ छह से सात प्रतिशत के दायरे में बनी हुई है। इक्रा ने ट्रैक्टर खंड के बारे में कहा कि ट्रैक्टर पर हाल ही में जीएसटी दर घटाकर पांच प्रतिशत करने से खासकर आगामी त्योहारों के दौरान मांग को और बढावा मिलने की उम्मीद है।

नवाचार इंडेक्स में जल्द ही टॉप-10 में शामिल होगा भारत

गांधीनगर (भाषा)।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को कहा कि पिछले दशक में वैश्विक नवोन्मेषण सूचकांक में भारत की रैंकिंग 91 से बढकर 38 हो गई है। देश अगले तीन साल में शीर्ष 10 में जगह बना लेगा।

मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में शुरू किए गए 'स्टार्टअप इंडिया' अभियान के परिणाम दिखने लगे हैं और देश अब वैश्विक स्तर पर तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र है। इसने देश के युवाओं को नौकरी चाहने वालों से नौकरी देने वाला बना दिया है। शाह ने यहां गुजरात सरकार के 'स्टार्टअप कॉन्क्लेव' के उद्घाटन के अवसर पर यह बात कही। उन्होंने कहा, 'हाल ही में वैश्विक नवाचार सूचकांक की घोषणा की गई। 2015 में इस सूचकांक में हमारी रैंकिंग 91 थी लेकिन 2025 में हम 38वें स्थान पर पहुंच गए हैं। यह हमारे लोगों की क्षमता को दर्शाता है। मेरा दृढ विश्वास है कि हमारे युवाओं के प्रदर्शन एवं क्षमताओं को देखते हुए देश अगले तीन वर्ष में शीर्ष 10 देशों में शामिल होगा और दुनिया में नवोन्मेषण के क्षेत्र में अग्रणी होगा।'

'स्टार्टअप इंडिया' योजना भारत सरकार की प्रमुख पहल है, जिसे 2016 में नवाचार को बढावा देने और एक मजबूत स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र बनाने के लिए शुरू किया गया था। इसका मकसद भारत को नौकरी चाहने वाले देश से नौकरियों का सृजन करने वाले देश में बदलना है।

शाह ने कहा, '2014 में हमारे पास सिर्फ 500 स्टार्टअप थे। आज हमारे पास डीपीआईआईटी (उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग) के साथ पंजीकृत 1.92 लाख स्टार्टअप हैं। 2014 में हमारे पास चार यूनिकॉर्न थे और अब हमारे पास 120 ऐसे प्रतिष्ठान हैं जिनका संयुक्त बाजार मूल्य 35 करोड़ अमेरिकी डॉलर से अधिक है।'

उन्होंने कहा कि आज कुल स्टार्टअप में से 52 प्रतिशत छोटे व मझोले शहरों में स्थित हैं। कुल स्टार्टअप में से 48 प्रतिशत महिलाओं ने शुरू किए हैं। स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र ने 17.90 लाख लोगों को रोजगार दिया है।

50 हजार रुपये में मिलेगी ओला की एस1 स्कूटर

नई दिल्ली (एजेंसी)। ओला इलेक्ट्रिक ने 'ओला मुहूर्त महोत्सव' की मंगलवार को घोषणा की। इसके तहत 23 सितंबर से नौ दिन के लिए उसके एस1 स्कूटर और रोडस्टर एक्स मोटरसाइकिल की कीमतें 49,999 रुपये से शुरू होंगी। कंपनी ने बयान में कहा कि 'ओला मुहूर्त महोत्सव' के तहत ग्राहकों को अब पहले कभी न देखी गई कीमतों पर ओला के स्कूटर और मोटरसाइकिल खरीदने का मौका मिलेगा। इसमें कहा गया, इस महोत्सव के तहत एस1 एक्स 2 किलोवाट घंटा और रोडस्टर एक्स 2.5 किलोवाट की कीमत 49,999 रुपये होगी। एस1 प्रोअ 5.2 किलोवाट घंटा और रोडस्टर एक्सअ 9.1 किलोवाट घंटा की कीमत 99,999 रुपये होगी।

नवी मुंबई एयरपोर्ट पर इस माह शुरू हो सकता है परिचालन

मुंबई (भाषा)।

एयर इंडिया समूह ने मंगलवार को कहा कि वह नवी मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से अपनी किफायती विमानन कंपनी एयर इंडिया एक्सप्रेस के साथ वाणिज्यिक उड़ानें शुरू करेगा। पहले चरण में 15 से अधिक शहरों के लिए प्रतिदिन 20 उड़ानों का परिचालन किया जाएगा।

एयर इंडिया ने बयान में कहा कि 2026 के मध्य तक इसे बढ़ाकर 55 किया जाएगा, जिसमें पांच अंतरराष्ट्रीय उड़ानें शामिल होंगी। अडाणी समूह और महाराष्ट्र के नगर विकास प्राधिकरण सिडको के संयुक्त स्वामित्व वाले नवी मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (एनएमआईए) का इस महीने के अंत में संचालन शुरू हो सकता है।

एयर इंडिया के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) एवं प्रबंध निदेशक कैंपबेल विल्सन ने कहा, 'हम नवी मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर परिचालन शुरू करने को उत्सुक हैं। हम अडाणी एयरपोर्ट्स के साथ मिलकर एनएमआईए को देश के बाकी हिस्सों से जोड़ने वाले एक केंद्र के रूप में विकसित कर खुश हैं। साथ ही अपनी रणनीतिक भौगोलिक स्थिति को देखते हुए यात्रियों एवं माल ढुलाई दोनों के लिए देश के प्रमुख वैश्विक पारगमन केंद्रों में से एक के रूप में भी इसे विकसित कर प्रसन्न हैं।'

■ एयरपोर्ट से 15 से ज्यादा शहरों के लिए अपनी नई उड़ानें शुरू करेगी एयर इंडिया एक्सप्रेस

अडाणी एयरपोर्ट होल्डिंग्स लिमिटेड के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) अरुण बंसल ने कहा, 'यह साझेदारी मुंबई के संपर्क परिदृश्य को नए सिरे से परिभाषित करेगी। यात्रियों के लिए दक्षता एवं सर्वोत्तम अनुभव बढाने के लिए एनएमआईए द्वारा अपनाई गई प्रौद्योगिकी आने वाले दशकों में यात्रियों के लिए निर्बाध एवं बेहतर यात्राएं प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।'

नवी मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का निर्माण पांच चरणों में किया जा रहा है। इसके प्रारंभिक चरण में प्रति वर्ष दो करोड़ यात्रियों (एमपीपीए) और पांच लाख टन (एमएमटी) कार्गो संभालने की उम्मीद है। एयर इंडिया ने कहा कि निर्माण पूरा होने पर एनएमआईए में प्रति वर्ष नौ करोड़ यात्रियों को सेवा प्रदान किए जाने और यहां सालाना 32 लाख टन माल ढुलाई होने की संभावना है।

एसबीआई कार्ड का नया कैंपेन 'खुशियां अनलिमिटेड' शुरू

नई दिल्ली (एजेंसी)।

एसबीआई कार्ड ने अपने नए कैंपेन 'खुशियां अनलिमिटेड' शुरु किया है। साथ ही पूरे देश में 2025 के फेस्टिव सीज़न के लिए कई तरह के रोमांचक ऑफर्स भी पेश किए हैं। ग्राहक देश के टियर 2 और टियर 3 श्रेणी के शहरों सहित 2900 से ज़्यादा शहरों में ऑनलाइन एवं ऑफलाइन प्लेटफॉर्म पर मर्चेंट की ओर से दिए जाने वाले 1,250 से ज़्यादा ऑफर्स, कैशबैक और तत्काल छूट का लाभ उठा सकते हैं।

ये फेस्टिव ऑफर्स घरेलू सामानों, मोबाइल, लैपटॉप, फैशन, फर्नीचर, गहने, ई-कॉमर्स और किराना जैसे सभी प्रमुख श्रेणियों पर लागू हैं। इससे ज़्यादा कीमत वाली खरीदारी कार्डधारकों के लिए आसान होगी।

'बेहतर जीवन जीने के लिए यह स्वीकार करना आवश्यक है कि हर किसी को सब कुछ नहीं मिलता।'
-अरुण गोविल @arungovil12

'केबीसी में 'हेलमेट मैन' से मिलकर सम्मानित महसूस कर रहा हूँ,जो सुरक्षा के लिए बाइक सवारों को स्वेच्छा से हेलमेट देते हैं!'
-अमिताभ बच्चन@SrBachchan

डायबिटीज के मरीज
भी रख सकते हैं नवरात्रि का व्रत

नई दिल्ली (आईएएनएस)। नवरात्रि का पावन समय चल रहा है। इस मौके पर भक्तगण नौ दिनों तक व्रत रखकर मां के नौ रूपों की पूजा करते हैं। ऐसे समय में डायबिटीज से पीड़ित लोगों के मन में व्रत रखने को लेकर दुविधा बनी होती है। वे व्रत रखना तो चाहते हैं, लेकिन कहीं उनकी सेहत पर कोई बुरा असर न पड़े, इसलिए अपने कदम पीछे खींच लेते हैं। आयुर्वेद और आधुनिक विज्ञान दोनों डायबिटीज मरीजों के लिए कुछ जरूरी सावधानियों के साथ व्रत रखने को सुरक्षित मानते हैं।

आयुष मंत्रालय और आयुर्वेदाचार्यों की मानें, तो शरीर का पंच तत्वों से संतुलन बनाए रखना ही असली स्वास्थ्य है और व्रत अगर सही तरीके से किया जाए, तो वह शरीर के विषैले तत्वों को बाहर निकालने और पाचन तंत्र को आराम देने का काम करता है। डायबिटीज में व्रत रखना तभी संभव है, जब इसे 'भूखा रहने' की बजाय 'सही ढंग से खाने' की प्रक्रिया माना जाए। व्रत के दौरान लंबे समय तक खाली पेट न रहें। जब शरीर में ग्लूकोज की कमी होती है तो कमजोरी, चक्कर आना, और यहां तक कि बेहोशी तक की नौबत आ सकती है। इसलिए जरूरी है कि हर दो से तीन घंटे में कुछ न कुछ पौष्टिक और कम ग्लाइसेमिक इंडेक्स वाले खाद्य पदार्थ खाते रहें। समा के चावल, कुट्टू या राजगिरा का आटा, उबली हुई शकरकंद, मखाने और पनीर जैसे विकल्प बेहतरीन माने जाते हैं क्योंकि ये धीरे-धीरे पचते हैं और ब्लड शुगर को अचानक नहीं बढने देते। इसके साथ-साथ पानी पीना भी उतना ही जरूरी है। व्रत में डिहाइड्रेशन जल्दी हो सकता है, जो डायबिटीज मरीजों के लिए खतरे की घंटी है। पानी के अलावा नारियल पानी, बिना शक्कर वाला नींबू पानी, या छाछ जैसे पेय शरीर को तरोताजा रखने के साथ-साथ इलेक्ट्रोलाइट्स की कमी भी पूरी करते हैं।

डायबिटीज में व्रत रखना तभी संभव है, जब इसे 'भूखा रहने' की बजाय 'सही ढंग से खाने' की प्रक्रिया माना जाए। जब शरीर में ग्लूकोज की कमी होती है तो कमजोरी, चक्कर आना, और यहां तक कि बेहोशी तक की नौबत आ सकती है। इसलिए जरूरी है कि हर दो से तीन घंटे में कुछ न कुछ पौष्टिक और कम ग्लाइसेमिक इंडेक्स वाले खाद्य पदार्थ खाते रहें।

आजकल व्रत में तले-भुने और मिठाइयों का सेवन खूब किया जाता है, लेकिन विज्ञान कहता है कि इनसे दूर रहना ही बेहतर है। फ्राई की बजाय उबली, भुनी या हल्की सी सिकी हुई चीजें खाना न केवल शुगर को नियंत्रित रखेगा बल्कि पेट पर भी ज्यादा भार नहीं डालेगा। चीनी की जगह स्टीविया या गुड़ जैसे प्राकृतिक विकल्पों को चुनें। आयुर्वेद में व्रत को शरीर और आत्मा को शुद्ध करने का एक तरीका माना गया है, इसलिए इस दौरान अपनी दवाओं को समय पर लेना बिल्कुल न भूलें।

कटरीना कैफ बनने वाली हैं मां, विक्की कौशल की पोस्ट ने किया कंफर्म

मुंबई (आईएएनएस)। अभिनेत्री कटरीना कैफ और अभिनेता विक्की कौशल फिल्म इंडस्ट्री के सबसे पसंदीदा स्टार कपल्स में से एक हैं। कुछ दिनों से खबरें आ रही थीं कि बहुत जल्द दोनों पैरेंट्स बनने वाले हैं। मंगलवार को फाइनली कटरीना कैफ ने इस खबर की पुष्टि कर दी। उन्होंने अपनी प्रेग्नेंसी की अनाउंसमेंट करते हुए एक प्यारी सी तस्वीर भी पोस्ट की। इसमें कटरीना का बेबी बंप दिखाई दे रहा है।

कटरीना कैफ ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक तस्वीर पोस्ट करते हुए लिखा, हम अपने जीवन के नए और सबसे सुनहरे अध्याय की शुरुआत खुशी और कृतज्ञता से भरे दिलों के साथ करने जा रहे हैं। यही तस्वीर विक्की कौशल ने भी सोशल मीडिया पर साझा की है। इसमें कटरीना और विक्की कौशल दोनों साथ खड़े दिखाई दे रहे हैं। फोटो में आने वाले बच्चे को लेकर उनके चेहरे पर खुशी साफ झलक रही है। कटरीना की पोस्ट आते ही वायरल हो गई है। इस पर आम लोगों से लेकर सेलेब्रिटी तक सभी कपल को बधाई देते दिखाई दिए।

इंदिरा कृष्णन ने कहा
मैं भूमिकाओं को लेकर बेहद सेलेक्टिव हूं

मुंबई (आईएएनएस)। जी टीवी पर एक नया शो शुरू हो गया है, इसका नाम 'गंगा माई की बेटियां' है। शो में बनारस, वहां की संस्कृति और घाटों को दिखाया जा रहा है। इस सीरियल में अभिनेत्री इंदिरा कृष्णन अहम किरदार में हैं। वह लंबे अंतराल के बाद टीवी, खासकर जी टीवी, पर वापसी कर रही हैं। इंदिरा ने बताया कि अब वो अपने किरदारों को बड़ा ही सोच-समझकर चुनती हैं। इंदिरा ने कहा, जी टीवी ने हमेशा मेरे दिल में एक खास जगह बनाई है। चैनल के साथ मेरा सफर 'मंजिलें अपनी-अपनी' से शुरू हुआ और बाद में 'अफसर बिटिया' के साथ जारी रहा। इतने लंबे अंतराल के बाद वापसी करना वाकई घर वापसी जैसा लगता है। उन्होंने आगे कहा, पिछले कुछ वर्षों में मैं अपनी भूमिकाओं को लेकर बेहद सेलेक्टिव रही हूं, क्योंकि मेरा मानना है कि हर किरदार को दर्शकों पर एक अमिट छाप छोड़नी चाहिए।

इस सीरियल में इंदिरा सिद्धांत की मां, दुर्गावती की भूमिका निभा रही हैं। वह सीरियल में एक दमदार महिला साहूकार के रोल में दिखाई दे रही हैं। वह अपने फैसलों पर अडिग रहती है। वह गलत को स्वीकार करने के लिए तैयार नहीं होती है। भले ही इसके चलते उनके बच्चों की खुशियां ही दांव पर क्यों न लगी हों। इंदिरा ने बताया, 'गंगा माई की बेटियां' में दुर्गावती की जिस बात ने मुझे आकर्षित किया, वह है उनकी शक्ति, जटिलता और उनके कई रूप। एक ओर, वह पुरुष-प्रधान दुनिया में दमदार, निडर और धार्मिक हैं। दूसरी ओर, वह एक ममतामयी है। वह बच्चों के पालन-पोषण करने के साथ ही परिवार की जिम्मेदारियों को पूरी तरह निभाती है।

'मां ब्रह्मचारिणी' की भक्ति में लीन दिखीं पाखी हेगड़े

मुंबई (आईएएनएस)। भोजपुरी अभिनेत्री पाखी हेगड़े ने सोशल मीडिया पर पोस्ट के जरिए मां ब्रह्मचारिणी की महिमा का बखान किया और भक्तों को शुभकामनाएं दीं। अभिनेत्री ने इंस्टाग्राम स्टोरीज सेक्शन पर मां की तस्वीर साझा करते हुए उनके महत्व और पूजा के फायदों के बारे में बताया।

पाखी ने माता की तस्वीर पोस्ट कर लिखा, त्नवरात्रि के दूसरे दिन मां ब्रह्मचारिणी की पूजा की जाती है। मां ब्रह्मचारिणी को तप और भक्ति की देवी माना जाता है। उनका नाम 'ब्रह्मचारिणी' इसलिए पड़ा क्योंकि उन्होंने भगवान शिव को अपने पति के रूप में पाने के लिए कठिन तपस्या की थी। तप के अंतिम चरण में भगवान शिव ब्रह्मचारी के रूप में उनकी परीक्षा लेने आए थे।

सलमा हायेक ने दिखाई बेटी वेलेंटीना
के 18वें बर्थडे सेलिब्रेशन की झलक

मुंबई (आईएएनएस)। हॉलीवुड की मशहूर अभिनेत्री सलमा हायेक ने अपनी बेटी वेलेंटीना पालोमा पिनॉल्ट का 18वां जन्मदिन बेहद खास अंदाज में सेलिब्रेट किया। उन्होंने मंगलवार को इन खूबसूरत पलों की झलक अपने इंस्टाग्राम पर साझा की, जहां तस्वीरों और वीडियो में परिवार और दोस्तों के साथ जश्न का माहौल नजर आया। सलमा ने लिखा, त्हमने खाया, नाचा, हंसे, प्यार किया और पूरा वीकेंड पार्टी करते रहे। हैप्पी बर्थडे, मेरी जान। आपको सेलिब्रेट करना कभी पूरा नहीं लगता। 22 सितम्बर 2007 को जन्मीं वेलेंटीना अब बालिग हो गई हैं। इस खास मौके पर सलमा ने एक भावुक पोस्ट किया था। उन्होंने लिखा, मेरी खूबसूरत डांसिंग क्वीन, आज तुम 18 साल की हो गई हो! तुम्हारी जिंदगी में बहुत कुछ बदला है, लेकिन तुम हमेशा अपनी असली पहचान में रही हो।

एक दयालु और जोशीले दिल वाली, समझदार और जादू से भरी लड़की, जो कभी हार न मानने वाली है। सलमा ने लिखा, कुछ चीजें कभी नहीं बदलेंगी। हम तुमसे हमेशा प्यार करेंगे। तुम हमेशा अपनी उम्र से आगे की सोच रखने वाली रही हो, लेकिन मेरे लिए हमेशा मेरी प्यारी बेटी रहोगी। जन्मदिन की ढेरों बधाई। सलमा हायेक और फ्रांस्वा-हेनरी पिनॉल्ट ने 2007 में सगाई की थी। कुछ महीनों बाद सलमा ने प्रेग्नेंसी की खबर फैंस के साथ साझा की। उसी साल वेलेंटीना का जन्म हुआ। इसके बाद इस कपल ने 14 फरवरी 2009 को पेरिस में शादी की और फिर अप्रैल 2009 में इटली के वेनिस में दोबारा शादी की रस्में निभाई। सलमा हायेक ने अपने करियर की शुरुआत मेक्सिको में की थी, जहां उन्होंने टीवी सीरियल 'टेरेसा' और फिल्म 'मिडाक एले' में काम किया।

जैकलीन
ने लंदन फैशन वीक में बिखेरा जलवा

मुंबई (वार्ता)। लंदन फैशन वीक के मंच पर उस समय सबकी निगाहें ठहर गई जब बॉलीवुड अभिनत्री जैकलीन फर्नांडीस ने मशहूर डिजाइनर अनामिका खन्ना के लिए रैम्प वॉक किया। अपनी बेहतरीन स्टाइल और रेड कार्पेट लुक्स के लिए पहचानी जाने वाली जैकलीन ने एक बार फिर यह साबित कर दिया कि वह फैशन की दुनिया में किसी अंतरराष्ट्रीय आइकन से कम नहीं हैं।

इस खास मौके पर जैकलीन ने एक स्टेटमेंट ब्लेर पहना था, जिसमें बारीकी से बने ज्योमेट्रिक पैटर्न ने सबका ध्यान खींचा। यह टेलर्ड ब्लेर न सिर्फ उनके फिगर को खूबसूरती से उभार रहा था, बल्कि इसके मॉदगीपूर्ण स्टाइलिंग के साथ जैकलीन ने इस शानदार पोशाक की खूबसूरती को पूरी तरह उभरने दिया, डर्न डिाइन ने क्लासिक स्टाइल को हाई-फैशन लुक में बदल दिया। बेहद मिनिमल एक्सेसरीज और साजिससे उनका आत्मविश्वास और एलीगेंस दोनों साफ झलक रहा था।इस लुक की हर बारीकी कट्स से लेकर पैटर्न तक डिजाइनर अनामिका खन्ना के कारीगरी और रचनात्मकता का प्रतीक रही।

खोसला का घोसला के 19 साल पर तारा शर्मा ने शेयर की खास यादें

मुंबई(आईएएनएस)। मशहूर फिल्मकार दिबाकर बनर्जी की कल्ट कॉमेडी फिल्म खोसला का घोसला को रिलीज हुए 19 साल पूरे हो गए हैं। इस अवसर पर फिल्म की अभिनेत्री तारा शर्मा ने पुरानी यादों में खोकर अनुपम

खेर, बोमन ईरानी और कलाकारों के साथ सेट पर बिताए मजेदार पलों और दोस्ती को याद किया। इसकी कुछ तस्वीरें उन्होंने इंस्टाग्राम पर शेयर की हैं। इन्हें शेयर करते हुए अभिनेत्री तारा शर्मा ने लिखा, मुझे हमेशा से तस्वीरें कैद करना और उनके बारे में छोटे-छोटे नोट्स लिखना पसंद रहा है।

भोजपुरी फिल्म छठ में पार्श्वगायन करेंगे कैलाश खेर

मुंबई (वार्ता)। पार्श्वगायक कैलाश खेर भोजपुरी फिल्म छठ में पार्श्वगायन करेंगे। राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता निर्देशक नितिन चंद्रा निर्देशित फिल्म 'छठ' अक्टूबर में रिलीज होने जा रही है। खास बात यह है कि पूरी फिल्म की शूटिंग बिहार में ही की गई है। नीतू चंद्रा पिछले 15 वर्षों से लगातार बिहार में फिल्में बनाती आ रही हैं और भोजपुरी, मैथिली सहित बिहार की अन्य भाषाओं में वर्ल्ड क्लास सिनेमा का निर्माण कर लोगों को रोगार भी उपलब्ध करा रही है।

मस्ती-4 का टीजर रिलीज

मुंबई (आईएएनएस)। 'मस्ती' फ्रेंचाइजी की चौथी किस्त का दर्शकों को लंबे अरसे से इंतजार था। मंगलवार को मेकर्स ने इसका टीजर जारी कर दिया। इसी के साथ ही यह भी पता चल गया है कि यह फिल्म कब रिलीज होगी। मस्ती 4 के लेखक और निर्देशक मिलाप जावेरी हैं। इसके टीजर को अपने इंस्टाग्राम पर शेयर करते हुए उन्होंने लिखा, पहली की थी मस्ती, फिर हुई ग्रैंड मस्ती, फिर ग्रेट ग्रैंड मस्ती, अब होगी मस्ती 4। इस बार शैतानी, दोस्ती और कॉमेडी सब 4 गुना होगी।

अक्षय कुमार ने किया खुलासा
महर्षि वाल्मीकि रोल वाले वीडियोज फेक



मुंबई, (आईएएनएस)। बॉलीवुड सुपरस्टार अक्षय कुमार ने हाल ही में सोशल मीडिया पर वायरल हुए फेक वीडियोज को लेकर अपनी बातें रखीं। इन वीडियोज में अक्षय को महर्षि वाल्मीकि का किरदार निभाते दिखाया गया था, लेकिन उन्होंने साफ कर दिया कि ये पूरी तरह से एआई की मदद से बनाए गए नकली वीडियो हैं। अक्षय कुमार ने मंगलवार सुबह अपने इंस्टाग्राम स्टोरीज में इस बात की जानकारी दी और लोगों से इस तरह की फजी खबरों से सावधान रहने की अपील की। अक्षय ने लिखा, मुझे कुछ एआई-जनरेटेड वीडियो मिले हैं, जिनमें मुझे वाल्मीकि के रोल में दिखाया गया है। ये सारे वीडियो फजी हैं। उन्होंने चिंता जताते हुए आगे लिखा, इससे भी बुरी बात यह है कि कुछ समाचार चैनल बिना यह पुष्टि किए कि ये असली हैं या नकली, इन्हें 'समाचार' के तौर पर पेश कर देते हैं।

जुबिन गर्ग का वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हुआ अंतिम संस्कार

गुवाहाटी (भाषा)। गायक जुबिन गर्ग का असम के गुवाहाटी के बाहरी इलाके कमरकुची वन क्षेत्र में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ अंतिम संस्कार किया गया। गर्ग की बहन पाल्मे बोरठाकुर और संगीतकार राहुल गौतम ने तोपों की सलामी के बीच चिता को अग्नि दी। राहुल गौतम, जुबिन के शिष्य हैं। अंतिम संस्कार की प्रक्रिया के दौरान पुजारियों के मार्गदर्शन में गर्ग की बहन और उनके शिष्य ने चिता की सात बार परिक्रमा की और इस दौरान वहां मौजूद सभी लोग खड़े हो गए। जुबिन की पत्नी गरिमा सैकिया गर्ग अंतिम संस्कार स्थल में बने चबूतरे के किनारे बैठी थीं।

दीपिका ने बता दी
कल्कि एडी 2898 के सीक्वल से बाहर होने की 'सच्चाई'

मुंबई,(आईएएनएस)। एक्ट्रेस दीपिका पादुकोण अब 'कल्कि एडी 2898' के सीक्वल का हिस्सा नहीं होंगी। यह फिल्म पहले भाग की सफलता के बाद दर्शकों के बीच काफी चर्चा में है, लेकिन अब इसके दूसरे भाग में दीपिका नजर नहीं आएंगी। इस खबर की पुष्टि खुद फिल्म के निर्माताओं ने की। इसको लेकर फिल्म का निर्माण कर रही कंपनी वैजयंती मूवीज ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट के जरिए आधिकारिक बयान जारी किया था। वैजयंती मूवीज ने पोस्ट में लिखा, 'कल्कि एडी 2898' जैसी फिल्म को पूरे समर्पण की जरूरत होती है। लंबे समय तक साथ काम करने के बावजूद, इस बार हमारे और दीपिका के बीच साझेदारी नहीं बन पाई। इसलिए यह फैसला लेना पड़ा।

मेकर्स के इस फैसले के बाद दीपिका ने इंस्टाग्राम पर एक रहस्यमय पोस्ट साझा किया। उन्होंने अपने पोस्ट में लिखा, फिल्म की सफलता से ज्यादा जरूरी यह होता है कि आप किन लोगों के साथ काम कर रहे हैं।उन्होंने आगे बताया कि वह इस वक्त शाहरुख खान की फिल्म 'किंग' की शूटिंग में व्यस्त हैं। दीपिका ने लिखा, 18 साल पहले 'ओम शांति ओम' की शूटिंग के दौरान शाहरुख ने मुझे सिखाया था कि फिल्म बनाते वक्त का अनुभव और आपकी टीम सबसे ज्यादा मायने रखती है। गौरतलब है कि 'कल्कि एडी 2898' में दीपिका ने सुमति नाम की महिला का अहम किरदार निभाया था। उनका किरदार एक प्रेग्नेंट महिला का था, जो एक वैज्ञानिक प्रोजेक्ट का हिस्सा थी और जिसे भविष्य में कल्कि नामक महायोद्धा की मां बनने की भविष्यवाणी से जोड़ा गया था। उनकी भूमिका को दर्शकों ने काफी सराहा था। वहीं, दीपिका की नई फिल्म 'किंग' का निर्देशन सिद्धार्थ आनंद कर रहे हैं और इसमें शाहरुख खान एक डॉन की भूमिका में हैं, जो अपनी बेटी को खतरनाक दुनिया में जीना सिखाते हैं।